प्रकाशक—

मंत्री, माणिकचन्द्र-जैनग्रन्थमाला

हीराबाग, बम्बई ४

मार्च १९५७

मुद्रक—

शारदा मुद्रण

ठठेरी बाजार, वाराणसी

# विषय-सूची

श्री हंसराज बच्छराज नाहटा
सरदारशहर निवासी
द्वारा
जैन विश्व भारती, लाडनूं
को सप्रेम भेंट –

# प्राक्-कथन

जैन-शिलालेखसंग्रह, भाग १, का जब मैंने आज से कोई बत्तीस वर्ष पूर्व सम्पादन किया था, तब मुझे यह आशा थी कि शेष प्राप्य जैन शिलालेखों के संग्रह भी शीघ्र ही क्रमशः प्रस्तुत किये जा सकेंगे। किन्तु वह कार्य शीघ्र सम्पन्न न हो सका। तथापि इस योजना की चिन्ता माणिकचन्द्र ग्रंथमाला के कर्णधार श्रद्धेय पं० नाथूराम जी प्रेमी को बनी ही रही। उसी के फलस्वरूप गेरीनो की शिलालेख सूची के अनुसार अब यह संग्रह कार्य भाग दूसरे और तीसरे में पूरा हो गया है। गेरीनो की सूची बनने के पश्चात् जो जैन लेख प्रकाश में आये हैं, तथा जो महत्त्वपूर्ण लेख उस सूची में उल्लिखित होने से छूट गये हैं उनका संकलन करना अब भी शेष रहा है।

यह तो मानी हुई बात है कि देश, धर्म और समाज के इतिहास में पाषाण, ताम्रपट आदि लेख सर्वोपरि प्रामाणिक होते हैं। भारत का प्राचीन इतिहास तभी से विधिवत् प्रस्तुत किया जा सका है जब से कि इन शिला आदि लेखों के अध्ययन अनुशीलन की ओर ध्यान दिया गया है। जितने शिलालेख प्रस्तुत संग्रह में समाविष्ट हैं वे सभी गत सौ वर्षों में समय समय पर यथास्थान पत्रिकाओं आदि में प्रकाशित हो चुके हैं और उनसे प्राप्य राजनीतिक वृत्तान्त का उपयोग भी प्रायः किया जा चुका है। किंतु जैन इतिहास के निर्माण में उनका पूर्णतः उपयोग करना अभी भी शेष है। इस संग्रह में जो मौर्य सम्राट् अशोक से लेकर कुषाण, गुप्त, चालुक्य, गंग, कदम्ब, राष्ट्रकूट आदि राजवंशों के काल के जैन लेख संकलित हैं उनमें भारतीय इतिहास और विशेषतः जैन धर्म के प्राचीन इतिहास की बड़ी बहुमूल्य सामग्री बिखरी हुई पड़ी है जिसका अध्ययन कर जैन इतिहास को परिष्कृत करना आवश्यक है।

शिलालेखसंग्रह के प्रथम भाग की भूमिका में मैंने वहाँ संकलित लेखों का विभिन्न दृष्टियों से एक अध्ययन प्रस्तुत किया था। अब इस भाग के साथ

तब से आगे प्रकाशित दोनों भागों का सुविस्तृत और सूक्ष्म अध्ययन डॉ० गुलाब चन्द्र चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया है जो बहुत महत्त्वपूर्ण है। मुझे भरोसा है कि डॉ० चौधरी के इस परिश्रम से जैन इतिहास का बड़ा उपकार होगा। इनकी प्रस्तावना से प्रकाश में आने वाली कुछ विशेष बातें निम्न प्रकार हैं:—

( १ ) मथुरा की खुदाई से प्रकाश में आई मूर्तियों मे प्रमाणित हुआ कि आज से लगभग दो हजार वर्ष पूर्व जैन प्रतिमाये नग्न ही बनाई जाती थीं। मूर्तियों में वस्त्रों का प्रदर्शन लगभग पाँचवीं शती से पूर्व नहीं पाया जाता।

( २ ) प्राचीन काल की प्रतिमाओं में तीर्थंकरों के बैल आदि विशेष चिह्न बनाने की प्रथा नहीं थी। केवल आदिनाथ के केश ( जटा ) तथा पार्श्व और सुपार्श्व के सर्पफण मूर्तियों मे दिखलाये जाते थे।

( ३ ) तीर्थंकरों के साथ साथ यक्ष यक्षिणियों की पूजा का भी प्राचीन काल से ही प्रचार था और उनकी भी मूर्तियाँ स्थापित की जाती थीं।

( ४ ) मथुरा से जो जैन मूर्तियों की प्रतिष्ठा संबंधी लेख मिले हैं उनमे गणिकायें, गणिकापुत्रियाँ, नर्तकियाँ और लुहार, सुनार, गंधीगिर आदि जातियो के लोग भी पूजा प्रतिष्ठादि धार्मिक कार्यों में भाग लेते हुए पाये जाते हैं।

( ५ ) मथुरा के लेखों से सिद्ध होता है कि उत्तर भारत मे भी मातृपरम्परा के उल्लेख की प्रथा थी। वात्सीपुत्र, गोतिमीपुत्र, मोगलिपुत्र, कौशिकीपुत्र आदि जैसे नाम पाये जाते हैं।

( ६ ) मथुरा के लेखों मे जो जैन मुनियों के गणों, कुलों और शाखाओं के उल्लेख मिलते हैं उनसे कल्पसूत्र की स्थविरावली की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

( ७ ) कदम्ब वंशी लेखों के अनुसार ४-५ वी शती के लगभग दक्षिण भारत में निर्ग्रन्थ महाश्रमण, श्वेतपट महाश्रमण तथा यापनीय और कूर्चक संघों का अस्तित्व पाया जाता है। ये सब सम्प्रदाय प्रायः मिल जुल कर रहते थे।

( ८ ) मूलसंघ का सर्व प्रथम उल्लेख गंग वंश के माधव वर्मा द्वितीय और उसके पुत्र अविनीत ( सन् ४००-४२५ के लगभग ) के लेखों मे पाया जाता है। किन्तु इन लेखों से किसी गण, गच्छ, अन्वय आदि का कोई उल्लेख

नहीं है। गण गच्छादि के उल्लेख सन् ६८७ और उसके पश्चात्कालीन लेखों में उत्तरोत्तर बढ़ते हुए पाये जाते हैं।

( ९ ) पाँचवीं छठी शती के लेखों में नन्दिसंघ और नन्दिगच्छ तथा श्री मूलमूलगण और पुन्नागवृक्षमूलगण के उल्लेख यापनीय संघ के अन्तर्गत मिलते हैं। ग्यारहवीं शती से नन्दि संघ का उल्लेख द्रविड संघ के साथ तथा बारहवीं शती से मूलसंघ के साथ दिखाई पड़ता है।

( १० ) यापनीय संघ के अन्तर्गत वलहारि या वलगार गण के उल्लेख दशवीं शती तक पाये जाते हैं। ग्यारहवीं शती से बलात्कार गण मूलसघ से सम्बद्ध प्रकट होता है।

( ११ ) मर्करा के जिस ताम्रपत्र लेख के आधार पर कोण्डकुन्दान्वय का अस्तित्व पाँचवीं शती में माना जाता है वह लेख परीक्षण करने पर बनावटी सिद्ध होता है, तथा देशीय गण की जो परम्परा उस लेख में दी गई है वह लेख नं० १५० ( सन् ९३१ ) के बाद की मालूम होती है।

( १२ ) कोण्डकुन्दान्वय का स्वतंत्र प्रयोग आठवीं नौवीं शती के लेख में देखा गया है तथा मूलसंघ कोण्डकुन्दान्वय का एक साथ सर्व प्रथम प्रयोग लेख नं० १८० ( लगभग १०४४ ई० ) में हुआ पाया जाता है।

डॉ० चौधरी की प्रस्तावना में प्रकट होने वाले ये तथ्य हमारी अनेक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मान्यताओं को चुनौती देने वाले हैं। अतएव उनपर गंभीर विचार करने तथा उनसे फलित होने वाली बातों को अपने इतिहास में यथोचित रूप से समाविष्ट करने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से इन शिलालेखों तथा डॉ० चौधरी की प्रस्तावना का यह प्रकाशन बड़ा महत्त्वपूर्ण है।

मुजफ्फरपुर,
१४-३-१९५७

हीरालाल जैन
डायरेक्टर, प्राकृत जैन विद्यापीठ,
मुजफ्फरपुर ( विहार )

# प्रकाशकीय निवेदन

जैन-शिलालेख संग्रह का पहला भाग सन् १६२८ में निकला था। दूसरा भाग उसके चौबीस वर्ष बाद सन् १६५२ मे और यह तीसरा भाग उसके लगभग पाँच वर्ष बाद प्रकाशित हो रहा है। अर्थात् सब मिलाकर इन तीन भागों के प्रकाशन में कोई तीस वर्ष लग गये।

पहले भाग के साथ मे सुहृद्वर डा० हीरालाल जी ने उसके लेखो का १६२ पृष्ठों का एक सुविस्तृत अध्ययन लिखा था। दूसरे भाग के साथ उसके लेखों का परिचय देने का कोई प्रबन्ध न हो सका, इसलिए अब इस तीसरे भाग मे दोनों भागों के लेखों का अध्ययन करके डा० गुलाबचन्द्र जी चौधरी, एम० ए०, पी-एच० डी०, आचार्य ने १७५ पृष्ठों की भूमिका लिख दी है जिसमे जैन सम्प्रदाय के संघों, गणों, गच्छों, राजवंशो, सामन्तों, श्रेष्ठियों, जैन-तीर्थों आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला है।

डा० चौधरी स्याद्वाद विद्यालय काशी के स्नातक हैं और इस समय नालन्दा के पाली बौद्ध विद्यापीठ में पुस्तकाध्यक्ष एवं प्राध्यापक हैं। दो वर्ष पहले इन्हें हिन्दूविश्वविद्यालय से "पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज्" से (जैन स्रोतों से प्राप्त किया गया उत्तर भारत का राजनीतिक इतिहास) महानिबन्ध पर 'डाक्टरेट' की उपाधि मिली थी। चूँकि जैन साधनों से उक्त महानिबन्ध तैयार किया गया था, और इसके लिए इन्हें अनेक शिलालेखों की भी छान-बीन करनी पड़ी थी, इस लिए इस ग्रंथ की यह भूमिका लिखने के लिए वही उपयुक्त समझे गये और उन्होंने भी मेरे आग्रह को स्वीकार कर लिया। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि उन्होंने यह काम एक इतिहास-संशोधक की दृष्टि से बड़ी लगन के साथ परिश्रमपूर्वक किया है। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

इसमें ऐसी अनेक बातों पर प्रकाश डाला गया है जो अभी तक अन्धकार में थी और जिनकी ओर ध्यान देना इतिहासज्ञो के लिए परम आवश्यक है। इनमें से कुछ बातों की तरफ डा० हीरालाल जी ने 'प्राक्कथन' में हमारा ध्यान आकर्षित किया है।

इन तीन भागों मे वे सब लेख आ गए हैं जिनकी सूची डा० गेरिनो ने संकलित की थी और जिसका नाम Repertoire de Epigraphie Jaina है।

उक्त सूची के प्रकाशित होने के बाद और भी सैकड़ों लेख प्रकाश में आये हैं और उनका प्रकाशित होना भी आवश्यक है। परन्तु माणिक्यचन्द्र ग्रन्थमाला का फण्ड समाप्त हो गया है और इधर दीर्घकालव्यापिनी अस्वस्थता के कारण मेरी शक्तियों ने भी जवाब दे दिया है, इसलिए अब यह आशा तो नहीं है कि उक्त लेख-संग्रह भी चौथे भाग के रूप मे प्रकाशित कर सकूँगा। फिर भी विश्वास तो रखना ही चाहिए कि किसी न किसी इतिहास प्रेमी के द्वारा यह आवश्यक कार्य अविलम्ब पूरा होगा। मुझे सन्तोष है कि मेरी एक बहुत बड़ी आशा इन तीस वर्षों में किसी तरह पूरी हो गयी।

दूसरे भाग के समान इस भाग का संकलन भी श्री विजयमूर्ति जी एम० ए०, शास्त्राचार्य ने किया है। इसमें उन्हें भी बहुत परिश्रम करना पड़ा है। विभिन्न लाइब्रेरियों मे जाकर 'इण्डियन एण्टीक्वेरी', 'एपीग्राफिया इंडिका' आदि की पुरानी फाइलों में से प्रत्येक लेख को ढूँढना, उन्हें रोमन लिपि से नागरी में उतारना और फिर उनका सारांश लिखना समयसाध्य और श्रमसाध्य तो है हीं। इसके लिए वे भी धन्यवाद के पात्र हैं।

बम्बई
२४-३-५७

नाथूराम प्रेमी
मंत्री

# प्रस्तावना

## १. जैनों का अभिलेख साहित्य: एक परिचय

भारतीय इतिहास के विविध अंगों के ज्ञान के लिए अभिलेख साहित्य बड़ा ही प्रामाणिक साधन है। यह साधन भारतवर्ष में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी है और विशेष कर दक्षिण भारत मे। जैनों का अभिलेख साहित्य बड़ा ही विशाल है। वैसे तो जैनों के ये लेख भारतवर्ष के प्रत्येक कोने से प्राप्त हुए हैं। पर इनका प्राचुर्य दक्षिण और पश्चिम भारत मे विशेषत देखा जाता है।

ये लेख जल्दी न नष्ट होने वाले पाषाण एवं धातु द्रव्यों पर उत्कीर्ण पाये जाते हैं। इसलिए इनमें कालान्तर में सम्भावित संशोधन और परिवर्तन की वैसी कम गुंजाइश होती है जैसी कि अन्य साहित्यिक कृतियों मे देखी जाती है। इसलिए इनसे प्राप्त होने वाले तथ्यो को प्रथम श्रेणी का महत्व दिया जाता है।

पाषाणनिर्मित द्रव्यों पर पाये जाने वाले जैनों के लेख कई प्रकार के हैं, जैसे चट्टानों एवं गुफाओं मे मिलने वाले लेख, उदाहरण के रूप मे लेख नं० २,७,६१ एवं एलोरा, पञ्चपाण्डवमलै, वल्लीमलै और तिरुमलै से प्राप्त लेख; मंदिरों से प्राप्त लेख,जैसे श्रवण वेल्गोल,हुम्मच एवं अन्य तीर्थ स्थानो के कई लेख; मूर्तियों के पादुका पट्ट पर उत्कीर्ण लेख जैसे श्रवण वेल्गोल, आबू, गिरनार, शत्रुंजय, महोवा, खजुराहो, ग्वालियर से प्राप्त होने वाले कतिपय प्रतिमा-लेख; स्तम्भों पर उत्कीर्ण लेख, जैसे मथुरा से प्राप्त लेख नं० ४३,४४ एवं कहाऊं का लेख तथा दक्षिण भारत से प्राप्त मानस्तम्भों एवं सल्लेखना मरण के स्मारक स्वरूप निर्मित निषिधिकलसों पर के लेख; मथुरा से प्राप्त कतिपय लेख स्तूपों पर तथा शिलापट्टों पर, मथुरा के आयागपटों के लेख और शासन पत्र के रूप मे लेख नं० २२८,२३२,३७४ आदि प्राप्त हुए हैं।

ताम्रादि धातुओं पर भी उत्कीर्ण अनेकों जैन लेख पाये जाते हैं, उदाहरण के रूप मे मर्करा का ताम्रपत्र एवं कदम्ब वंश के कतिपय लेख समझने चाहिये।

इन लेखों में अधिकाश पर काल निर्देश देखा गया है, चाहे वह शासन करने वाले राजा का संवत् हो, चाहे वह शक संवत्, विक्रम संवत् या ज्योतिष् शास्त्रप्रणीत प्लङ्ग, खर आदि संवत् हो। ये संवत् राजनीतिक, धार्मिक, एवं सास्कृतिक इतिहास की दृष्टि से वड़े महत्त्व के हैं।

जैन लेखों की प्रकृति समझने के लिये, हम उन्हे अनेक दृष्टियों से विभक्त कर सकते हैं, जैसे उत्तर भारत के लेख, दक्षिण भारत के लेख, दिगम्बर सम्प्रदाय के, श्वेताम्बर सम्प्रदाय के, राजनीतिक, धार्मिक तथा भाषावार सस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, तामिल आदि, इसी तरह लिपि के अनुसार भी। पर वास्तव में इनके दो ही भेद करना ठीक है, एक तो राजनीतिक शासन पत्रो के रूप में या अधिकारिवर्ग द्वारा उत्कीर्ण और दूसरे सास्कृतिक, जनवर्ग से सम्बधित। राजनीतिक एव अधिकारिवर्ग से सम्बधित लेख प्रायः प्रशस्तियों के रूप मे होते हैं। इनमे राजाओं की अनेक विरुदावली, सामरिक विजय, वंश परिचय आदि के साथ मंदिर, मूर्ति या पुरोहित आदि के लिए भूमिदान, ग्रामदानादि का वर्णन होता है। सास्कृतिक एवं जनवर्ग से सम्बधित लेखों का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। ये लेख अपनी धार्मिक मान्यता के लिए भक्त एवं श्रद्धालु पुरुष या स्त्रीवर्ग द्वारा लिखाये जाते थे। ऐसे लेख १-२ पंक्ति के रूप में मूर्ति के पादुकापट्टो पर तथा कुटुम्ब एवं व्यक्ति की प्रशंसा मे उच्च कोटि के काव्य रूप मे भी पाये जाते हैं। इनसे अनेक जातियो के सामाजिक इतिहास और जैनाचार्यों के सघ, गण, गच्छ, पट्टावली के रूप मे धार्मिक इतिहास के अतिरिक्त सास्कृतिक एवं राजनीतिक इतिहास का परिचय मिलता है। इन लेखो मे प्रायः मूर्तियों, धर्मस्थानो, और मंदिरो के निर्माण का काल अङ्कित रहता है। जिससे कला और धर्म के विकास-क्रम को समझने मे वड़ी सहायता मिलती है, और सामाजिक स्थिति का परिज्ञान—एक देश से दूसरे देश मे जैन कब फैले और वहाँ जैन धर्म का प्रसार अधिकाधिक कब हुआ—भी हो जाता है। अनेक जैन भक्त पुरुषो और महिलाओं के नाम भी इन लेखो से

ज्ञात होते हैं जो कि भाषाशास्त्र की दृष्टि से बड़े महत्व के हैं। अधिकांश नाम अपभ्रंश और तत्कालीन लोक भाषा के रूप को प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत लेख संग्रह से ज्ञात सांस्कृतिक इतिहास का एक छोटा चित्र यहाँ दिया जाता है। लोग अपने कल्याण के लिए, माता, पिता, भाई, वहिन आदि के कल्याण के लिए, गुरु के स्मृत्यर्थ, राजा, महामण्डलेश्वर आदि के सम्मानार्थ मंदिर या मूर्ति का निर्माण कराते थे और उनकी मरम्मत, पूजा, ऋषियों के आहार, पुजारी की आजीविका, नये कार्यों के लिये तथा शास्त्र लिखने वालों के भोजन के लिए दान देते थे। दातव्य वस्तुओं में ग्राम, भूमि, खेत, तालाब, कुँआ, दुकान, भवन, कोल्हू, हाथ के तेल की चक्की, चावल, सुपारी का बगीचा, साधारण बगीचे, चुंगी से प्राप्त आमदनी, तथा निष्क,पण, गद्याण,होन्नु (ये सब एक प्रकार के सिक्के हैं) घी एवं मुफ्त श्रम आदि हैं। एक लेख (१६८) में ब्राह्मण को कुमारिकाओं की भेंट का उल्लेख है जो देवदासी प्रथा की याद दिलाता है। ग्राम या भूमि के दान में प्रायः यह ध्यान रखा जाता था कि वे दान सर्व करों से मुक्त कराकर दिये जाँय (२२६,४०४ आदि)। उत्सवों पर ही दान देने की प्रथा थी। बहुत से लेखों से ज्ञात होता है कि दानादि द्रव्य, चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण, उत्तरायण-संक्रांति या पूर्णिमा आदि के दिन दान दिये जाते थे (१०२ १२७,३०१,६४६ आदि)। मूर्तियों के निर्माण में हम देखते हैं कि लोग प्रायः तीर्थंकरों की मूर्तियाँ बनवाते थे—उनमें विशेषतः आदिनाथ, शान्तिनाथ, चंद्रप्रभ, कुंथुनाथ, पार्श्वनाथ एवं वर्धमान की मूर्तियाँ होती थीं। तीर्थंकरों के अतिरिक्त हम दक्षिण भारत में बाहुबली की मूर्ति भी देखते हैं। भक्त या शिष्यगण अपने आचार्यों की मूर्तियाँ या पादुका (चरण) भी बनवाते थे। यक्ष-यक्षिणियों की पूजा भी प्रचलित थी। हुम्मच पद्मावती की पूजा का प्रमुख केन्द्र था। लेखों में अम्बिका देवी (३४६) और ज्वालामालिनी (७५८) की मूर्तियों का भी उल्लेख मिलता है। प्रतिमाएँ प्रायः पाषाण और धातु की बनती थीं, पर एक लेख (१६७) में पंच धातु की प्रतिमा का उल्लेख है। मंदिर प्रायः पाषाण या ईंट के बनते थे, पर कुछ लेखों (२७७,२०४) में लकड़ी

के मंदिर का भी उल्लेख है। पूजा के अनेक प्रकार होते थे ( ३३८ )।

धर्मप्राण महिलावर्ग एवं पुरुषवर्ग सारे जीवन को धर्म की आराधना में व्यतीत कर अन्तिम क्षणों में समाधिमरण पूर्वक देहोत्सर्ग करता था। चौदहवी शताब्दी के लगभग दक्षिण प्रांत में जैन महिलावर्ग के बीच सतीप्रथा का भी प्रवेश हो गया था ( ५५६,५७४,६०५ )। राजघराने की महिलाएँ अपने पति के शासन में हाथ बटाती थीं।

जमीन प्रायः नापकर दान में दी जाती थी। लेखों में विविध प्रकार की नापों का उल्लेख है जैसे निवर्तन ( लेख नं० १०१,१६०२ ) भेरुण्ड दण्ड ( १८१ ) मत्तर ( २१० ) कम्म ( २४१ ) कुण्डिदेश दण्ड ( ३३४ ) हाथ (३२०) तथा स्तम्भ (३३४) आदि। चावल आदि की नाप के लिए मत्त (१८१) तथा तेल की नाप के लिए करघटिका ( २२८ ) का भी उल्लेख मिलता है।

विविध प्रकार के आय करों के नाम भी लेखों से ज्ञात होते हैं। जैसे अन्निआय वावदण्ड विरै ( १६७, तामिल देश में, सिद्धाय कर ( ३१२ ) नमस्य (२१०) हालदारे ( ६७३ )। तत्कालीन अनेकों सिक्कों के नाम भी लेखों में मिलते हैं, जैसे गुप्त कालीन कार्षापण ( ६४ ) निष्क ( ४६४ ) सुवर्ण गद्याण ( १६७ ) लोक्कि गद्याण ( २५३ ) गद्याण ( १६७,६७३ ) होन्नु ( ४११,६७३ ) विंशोपक ( २२८ ) आदि।

गाँव के अधिकारी के रूप में सेनबोव ( पटवारी, २१०,२२६,२५१ ) महामहत्तु, ( ७१० ) एवं हेर्गडे या पेर्गडे ( २०८ ) के नाम पाते हैं। पटवारी लोग अच्छे पढे लिखे होते थे। एक लेख ( २५१ ) में एक पटवारी को लेख रचने वाला लिखा है।

यह एक छोटा सा चित्र है। विस्तृत के लिए भूमिका के विविध प्रकरणों को देखना चाहिये।

लेख पद्धतिः—प्रत्येक पाषाण लेख या ताम्र लेख, यदि वह बहुत हीं छोटा केवल नाम मात्र का या छोटा-सा दानपत्र नही हुआ तो, प्रायः देखा गया

है कि उसमें एक निश्चत शैली का अनुसरण किया जाता है। प्रारम्भ में बहुधा मंगलाचरण होता है। वह छोटे वाक्य के रूप में 'सर्वज्ञाय नमः,ॐ नमः सिद्धेभ्यः' आदि या पद्य के रूप मे जिनशासन को नमस्कार या किसी देवता या अनेक देवताओं को नमस्कार आदि। इसके बाद प्रशस्ति प्रारम्भ होती है जिसमें राजा के नाम युद्ध में विजय आदि तथा वंशपरम्परा का वर्णन होता है। यह वर्णन कभी कभी ऐसे साचे मे ढले हुए के समान होता है कि एक राजा के शासनकाल के सभी लेखों में एकसा विवरण मिलता है। लेख का यही हिस्सा राजनीतिक इतिहास के विद्यार्थी के लिए बड़े महत्त्व का होता है। इस अंश के बाद राजा से भिन्न अगर कोई दाता है तो उसका, उसके वंश एवं वैभव आदि का वर्णन आता है। साथ में देय पात्र का वर्णन आता है। यदि वह मुनि व आचार्य हुआ तो उसकी गुरुपरम्परा संघ, कुल, गण, गच्छ, अन्वय आदि का वर्णन होता है। यदि वह मंदिर आदि धर्मस्थान हुआ तो उसका भी वर्णन होता है। इसके बाद देय वस्तु– धन, जमीन, कर, शुल्क, तेल आदि जो होता है उसका भी खुलासा वर्णन मिलता है। जमीन के दान मे उसकी सभी परिधियों का वर्णन होता है। इसके बाद दान की रक्षा के लिए विशेष अनुरोध किया जाता है। इसमे दान को जो क्षति पहुचाते हैं उनकी भर्त्सना और जो रक्षा करते हैं उनके प्रशंसावाक्य दिये जाते हैं। अंत में लेख को उत्कीर्ण करने वाले का या निर्माता का नाम होता है।

जैन लेख संग्रह –जैन शिला लेखो की सख्या इतनी अधिक है कि उनका सग्रह एक जगह करना कठिन है। इधर माणिकचंद्र दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला से दिगम्बर सम्प्रदाय से सम्बंधित लेखों का संग्रह तीन भागो मे निकला है। बाबू कामताप्रसाद ने एक छोटा प्रतिमालेख संग्रह निकाला है। वैसे ही श्वेताम्बर जैन शिलालेखों के संग्रह स्वर्गीय बाबू पूरणचंद्र नाहर ने जैन लेख संग्रह नाम से तीन भाग में, मुनि जयंतविजय जी ने अर्बुद प्राचीन लेख सग्रह पाच भाग में, विजयधर्म सूरि के प्राचीन लेख संग्रह और जैन धातु प्रतिमा लेख संग्रह एवं मुनि कांतिसागर जी का जैन प्रतिमा लेख दो भाग तथा उपाध्याय विनयसागर जी का प्रतिष्ठा लेख संग्रह आदि प्रकाशित हो चुके हैं।

जैन धर्म और जैन समाज के इतिहास निर्माण में इन लेखों का जितना महत्व है वैसा ही भारतीय इतिहास के लिखने में भी है। भारतीय इतिहास के अनेक परिच्छेदों के निर्माण करने में, उन्हें संशोधित एवं प्राप्त तथ्यों को दृढ़ करने में इन लेखों का बड़ा उपयोग है। भारतीय इतिहास के निर्माण में जैन साहित्यिक उपादानों की भले ही अब तक उपेक्षा हुई हो पर वर्षा, सर्दी एवं गर्मी के आघातों से सुरक्षित इन लेखों से प्राप्त अटल तथ्यों को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

प्रस्तुत लेख संग्रह:—प्रस्तुत लेखों का संग्रह श्रद्धेय पं० नाथूराम जी प्रेमी की सत्कृपा एवं प्रेरणा का फल है। इसके प्रथम भाग का संकलन एवं सम्पादन डा० हीरालाल जी जैन ने २८-२९ वर्ष पहले किया था। उक्त भाग में ५००लेख श्रवण वेल्गोल और उसके आस पास के कुछ स्थानों के हैं। इसके बहुत वर्षों बाद श्रद्धेय प्रेमी जी ने पं०विजयमूर्ति जी एम० ए० शास्त्राचार्य से द्वितीय एव तृतीय भाग का संकलन कराया। इन दो भागो मे ८४६लेख संगृहीत है। इसके संकलन में प्रसिद्ध फ्रेन्च विद्वान् स्व० ए० गेरोनो द्वारा प्रकाशित जैन शिलालेखो की एक विस्तृत तालिका Repertoire Epigraphie Jaina की सहायता ली गई है। वह तालिका सन् १९०८ मे प्रकाशित हुई थी, इसलिए इस सग्रह में उक्त सन् या उससे पहले तक के प्रकाशित लेख ही आ सके हैं, बाद का एक भी लेख नहीं। सभी लेखों का संग्रह तिथिक्रम से किया गया है। उनमें प्रथम भाग में प्रकाशित लेखों का एवं श्वेताम्बर लेखो का यथास्थान निर्देश मात्र कर दिया गया है इससे ग्रन्थ का कलेवर बढ़ नहीं सका।

सन् १९०८ से अब तक अनेक जैन लेख प्रकाश में आ चुके हैं। उनका भी तिथिक्रम से संकलन आवश्यक है। ग्रन्थमाला को चाहिये कि उन लेखों को भी संग्रह कराकर प्रकाशित करे।

## २ मथुरा के लेखः एक अध्ययन

प्रस्तुत संग्रह में मथुरा से प्राप्त ८५ लेख संगृहीत हैं। इनमें नं० ४ से लेकर १६ तक के लेखों को अक्षरों की बनावट की दृष्टि से डा० बूल्हर ने ईसा

पूर्व १५० से लेकर ईसा की प्रथम शताब्दी के बीच का सिद्ध किया है। नं० १७ से ८६ तक के लेख कुषाणकालीन हैं जिनमें कुछेक पर सम्राट् कनिष्क, हुविष्क एवं वासुदेव के राज्यसंवत्सर दिये गये हैं और कुछेक बिना संवत्सर के हैं। शेष लेख गुप्तकाल से लेकर ११वीं शताब्दी तक के हैं।

इनमें से ८ लेख तो आयागपटों[1] पर, २ लेख ध्वज[2] स्तम्भों पर, ३ लेख तोरणों[3] पर, १ लेख नैगमेय[4] ( यक्षप्रतिमा ) पर, १ लेख सरस्वती[5] की मूर्ति पर, ५ लेख सर्वतोभद्र[6] प्रतिमाओं पर, और शेष लेख प्रतिमापट्ट या मूर्तियो की चौकियों पर उत्कीर्ण मिले हैं।

उक्त तथा अन्य मथुरा के कंकाली टीले से प्राप्त हुई थी। इस टीले पर कंकाली देवी का एक मन्दिर है। मन्दिर भी एक छोटी-सी झोपड़ी के रूप में है, जिसमे नक्काशीदार एक स्तम्भ का टुकड़ा रखा गया है, जिसे लोग कंकाली देवी मानकर पूजते हैं। इस तरह देवी के नाम से इस टीले का नाम कंकाली पड़ गया।

इसकी सर्व प्रथम खुदाई सन् १८७१ में जनरल कनिंघम ने की थी जिसमें उन्हें तीर्थंकरों की अनेक मूर्तियाँ मिलीं जिनमे कुछ पर कुषाण वंशी प्रतापी सम्राट् कनिष्क के ५ वें वर्ष से लेकर वासुदेव के राज्य के कुषाण संवत् ९८ तक के लेख खुदे। दूसरी खुदाई सन् १८८८-९१ मे डा० फ्यूरर ने विस्तृत रूप से की जिससे ७३७ मूर्तियाँ तथा अन्य शिल्पसामग्री प्राप्त हुई। उसके पश्चात् पं० राधाकृष्ण ने भी यहाँ की खुदाई की और अनेक महत्वपूर्ण सामग्री प्राप्त की। इस तरह कंकाली टीला जैन सामग्री के लिए एक निधान सिद्ध हुआ। यहाँ से अनेक

---

१—नं० ५,८,९,१५,१७,७१,७३,८१
२—नं० ४३,४४
३—नं० ४,१४,६८
४—नं० १३
५—नं० ५५
६—नं० २२,२६,२७,४१,१७३

प्रकार की हिन्दू और बौद्ध सामग्री भी प्राप्त हुई है जिससे ज्ञात होता है कि जैन धर्म की बढ़ती देखकर, हिन्दुओं और बौद्धों ने भी मथुरा को अपना केन्द्र बना लिया था। यह स्थान प्राचीन काल में जैनियों का अतिशय क्षेत्र था।

डा० फ्यूरर को इसी टीले से एक जैन स्तूप भी मिला था। स्तूप की एक ओर विशाल मन्दिर दिगम्बर सम्प्रदाय का और दूसरा श्वेताम्बर सम्प्रदाय का मिला, पर वे खनन कार्य की असावधानी से छिन्न भिन्न हो गये। खोदने के समय के फोटुओं में ये तथ्य अब भी मौजूद हैं। लेख नं० ५६ से ज्ञात होता है कि इस स्तूप का नाम 'देवनिर्मित बोद्व स्तूप' था। लेख एक प्रतिमा की चोकी पर पाया गया है जो उक्त स्तूप पर प्रतिष्ठित की गई थी। लेख मे कुषाण संवत् ७६ दिया गया है। इस संवत् में कुषाण नरेश वासुदेव का राज्य था। ईस्वी सन् की गणना में इस मूर्ति की प्रतिष्ठा ७६ + ७८=१५७ ईस्वी मे हुई थी। उस समय भी यह स्तूप इतना पुराना हो गया था कि लोग इसके वास्तविक बनाने वाले को एकदम भूल गये थे और उसे देवों का बनाया ( देवनिर्मित ) हुआ मानते थे। इससे प्रतीत होता है कि 'बोद्व स्तूप' बहुत ही प्राचीन स्तूप था जिसका कि निर्माण कम से कम ईसा पूर्व ५-६ वीं शताब्दी मे हुआ होगा। इस अनुमान की पुष्टि का दूसरा प्रमाण यह भी है कि तिब्बतीय विद्वान् तारनाथ ने लिखा है कि मौर्य-काल की कला यक्ष-कला कहलाती थी और उससे पूर्व की कला देवनिर्मित-कला। अतः सिद्ध है कि कंकाली टीले का स्तूप कम से कम मौर्य-काल से पहले अवश्य बना था। जिनप्रभ सूरि ( १३ वी १४ वां १ नं० ) ने विविधतीर्थकल्प मे लिखा है कि पहले यह स्तूप स्वर्ण का बना था, इसमे रत्न जड़े थे, इसे मुनि धर्मरुचि और धर्मघोष की इच्छा से कुवेरा देवी ने सातवे तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ की पुण्यस्मृति मे बनवाया था। तत्पश्चात् २३ वें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ के समय में इसका निर्माण ईटों से हुआ था और पाषाण का एक मन्दिर इसके बाहर बनाया गया था। पुनः वीर भगवान् के केवलज्ञान प्राप्त करने के १३०० वर्ष बाद बप्पभट्टि सूरि ने इस स्तूप को भग० पार्श्वनाथ के नाम पर अर्पण करने के लिए इसकी मरम्मत कराई थी। भग० महावीर को केवलज्ञान की

प्राप्ति ईसा से लगभग ५५० वर्ष पहले हुई थी,अतः इस स्तूप की मरम्मत १३०० वर्ष बाद अर्थात् सन् ७५० के लगभग मे हुई होगी। और पार्श्वनाथ के समय मे इसके ईटों से बनाये जाने का काल ईसा से ६०० वर्ष से भी पूर्व निश्चित होता है। संभव है देवनिर्मित शब्द यही द्योतित करता है। यदि यह संभावना ठीक है तो भारत वर्ष के जितने स्तूप एवं इमारते हैं उनमे यह स्तूप सबसे प्राचीन समझना चाहिये।

स्तूप का मूल अभी तक विद्वानों के विवाद का विषय है। किन्हीं का मत है कि यह प्राचीन यज्ञशालाओं का अनुकरण है जब कि दूसरे इसे भग० बुद्ध के उलटकर रखे गये भिक्षापात्र के आधार पर निर्मित मानते हैं। कभी कभी विशिष्ट पुरुषों के स्मारक रूप में भी स्तूप बनते थे और उसमे उनके अस्थिफूल रखे जाते थे। पर यह आवश्यक नहीं कि सभी स्तूप ऐसे हों। सारनाथ के धमेख स्तूप और चौखण्डी स्तूप में कनिंघम को कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ।

स्तूप का तलभाग गोल होता है। नीचे एक गोल चबूतरा, उसके ऊपर ढोल या कुएं के आकार की इमारत और उसके भी ऊपर एक अर्ध गोलाकार गुबज ( छतरी ) होती है। चबूतरे पर स्तूप के चारों ओर एक प्रदक्षिणा पथ छोड़कर पत्थर को लम्बी खड़ी और आड़ी पटरियो का एक घेरा ( Railing ) बना रहता है। इस घेरे मे अधिकतर चारों दिशाओ मे तोरण ( gate way ) बने होते हैं। ये तोरण बड़े ही सुन्दर बनाये जाते हैं। पत्थर के दो स्तम्भ खड़े करके उनके ऊपर के शिरो पर तीन आड़ी पटरियाँ लगा देते हैं। उन्हीं के नीचे से आने जाने क रास्ता रहता है। तोरण तक जाने के लिए सीढियाँ रहती हैं। ये स्तूप पोले और ठोस दोनों तरह के मिले हैं।

मथुरा के जैन स्तूप का वर्णन इस प्रकार है:—इस स्तूप के तले का व्यास ४७ फीट था। यह ईंटो का बना था, ईंटे आपस में बराबर न थी किन्तु छोटी बड़ी थी। इसकी भूमि का ढाँचा इक्के गाड़ी के आकार का था। केन्द्र से बाहर की दीवार तक आठ व्यासार्ध, जिनपर आठ दीवारे स्तूप के भीतर-भीतर ऊपर तक बनी थीं। इन दीवारो के बीच में मिट्टी भरी हुई मिली है। कदाचित् यह स्तूप

ठोस था और गृहनिर्माण की मितव्ययिता के कारण भीतर की ओर केवल ये दीवारें ही बना दी गई थीं। इस कारण भीतर के कुछ हिस्से में ईंट चिनने की जरूरत न रहीं। स्तूप के बाहर की ओर तीर्थंकरों की प्रतिमाएँ बनी थीं।

यहाँ एक और जैन स्तूप था, उस पर का बहुत छोटा सा लेख मिला हैं। वह ईसा की तीसरी या चौथी शताब्दी का मालूम होता है।

इन स्तूपों के अतिरिक्त यहाँ कई आयागपट्ट मिले हैं। जिनसे ८ लेख प्रस्तुत संग्रह में संकलित हुए हैं। ये आयागपट्ट पत्थर के वे चौकोर पटिये होते हैं जो अनेकों प्रकार के माङ्गलिक चिन्हों से अंकित करके किसी तीर्थंकर को चढ़ाये जाते थे। मथुरा के इन आयाग पट्टों का जैन कला में विशेष स्थान है। एक आयाग-पट्ट ( जिस पर लेख नं० ७१ उत्कीर्ण है ) पर १ मीन मिथुन, २ देव विमान गृह, ३ श्रीवत्स, ४ वर्धमानक, ५ त्रिरत्न, ६ पुष्पमाला, ७ वैजयन्ती और ८ पूर्णघट ये अष्ट मांगालिक चिह्न मिले हैं। दूसरे अन्य आयागपट्टों पर नंद्यावर्त स्वस्तिक, कमल आदि चिह्न अङ्कित हैं।

इन पर उत्कीर्ण लेखों से ज्ञात होता है कि ये मन्दिरों में अर्हन्तों की पूजा के लिए रखे जाते थे। अधिकाश ने अर्हन्तों की प्रतिमाएे हैं, कुछ में चरणचिह्न हैं। तीन आयागपट्टों पर स्तूपों के चित्र अङ्कित मिले हैं। लेख नं० ८ और १५ वाले आयागपट्ट इनमें से ही हैं। लेख नं० ८ वाला आयागपट्ट ( मथुरा संग्रहालय २ ) अधिक महत्व का है। अनुमान किया जाता है कि उक्त आयाग-पट्ट पर उत्कीर्ण तोरण और वेदिका मण्डित स्तूप मथुरा के विशाल जैन स्तूप की प्रतिकृति है। लेख के अनुसार श्रमणों की श्राविका गणिका लोणशोभिका की पुत्री गणिका वासु ने अपनी माता, पुत्री, पुत्र और अपने समस्त कुटुम्ब के साथ अर्हत् का एक मन्दिर एक आयागसभा, पानीगृह और एक पाषाणासन बनवाये।

इसके अतिरिक्त कंकाली टीले से स्तूप को प्रतिकृति और पूजन आदि के महोत्सव को चित्रित करनेवाले कुछ इमारतों के अंश भी मिले हैं। लेख नं०

६८ ऐसे ही एक तोरण के अंशपर से लिया गया है। इस तोरण पर एक नग्न साधु चित्रित है जिसकी कलाई पर एक खण्ड वस्त्र लटका हुआ[1] है।

यहाँ से सैकड़ों जैन तीर्थंकरों एवं यक्ष-यक्षिणियों की मूर्तियाँ मिली हैं। ये मूर्तियाँ बड़े सादे ढंग से बनाई गई हैं। तीर्थंकरों की मूर्तियाँ खड्गासन एवं पद्मासन दोनों प्रकार की मिली हैं। प्रारम्भिक शताब्दियों की मूर्तियाँ नग्न हैं। इनमें अधिकाश मूर्तियाँ आदिनाथ, अजितनाथ, सुपार्श्वनाथ, शान्तिनाथ, अरिष्टनेमि और वर्धमान की मिली हैं। उस काल में तीर्थंकर के चिन्हों–लाञ्छनों–का आविष्कार न होने के कारण मूर्तियों में प्रायः एक दूसरे से भेद नहीं है। हाँ, आदिनाथ के केश (जटाएं) तथा पार्श्व और सुपार्श्व के सर्पफण इनको पहचानने में सहायता देते हैं। जैन तीर्थंकरों की मूर्तियाँ नग्न होने के कारण, वक्षस्थल पर श्रीवत्स चिन्ह होने से और शिर पर उष्णीष न होने कारण इस काल की बौद्ध मूर्तियों से अलग आसानी से पहचानी जा सकती हैं।

मथुरा से इसी समय की चौमुखी मूर्तियाँ मिली हैं जो सर्वतोभद्रिका प्रतिमा अर्थात् वह शुभ मूर्ति जो चारों ओर से देखी जा सके, कहलाती थीं। इन प्रतिमाओं में चारों ओर एक तीर्थंकर की मूर्ति बनी होती है। चौमुखी मूर्तियों में आदिनाथ, महावीर और सुपार्श्वनाथ अवश्य होते हैं। ऐसी मूर्तियाँ कुषाण और गुप्त काल में बहुतायत से बनती थीं। ईस्वी सन् ४७५ के लगभग उत्तर भारत पर हूणों के भयानक आक्रमणों से मथुरा के स्थापत्य को बड़ा धक्का लगा। अतः ईस्वी ६वीं के पश्चात् मथुरा से जो नमूने हमें मिले हैं वे भोड़े और भद्दे हैं। उनमें पहले की सी सजीवता नहीं है। इसी काल के लगभग बिना कपड़ेवाली मूर्तियों में कपड़े दिखाये जाने लगे, और सर्वप्रथम राजसिंहासन यक्ष यक्षिणी, त्रिछत्र एवं गजेन्द्र आदि प्रदर्शित होने लगे जो उत्तर गुप्तकाल और उसके बाद की जैन मूर्तियों के विशेष लक्षण हैं। इन्हीं के साथ मध्यकाल में मथुरा के शिल्पियों ने यक्ष यक्षिणियों और जैन मातृकाओं की भी पृथक

---

१—बाबू कामताप्रसाद जैन इसे जैनों के अर्धफालकसम्प्रदाय से संबधित बताते हैं, देखो जैन सि० भास्कर भाग ८ अंक २ पृष्ठ ६३-६६

मूर्तियाँ बनाना प्रारम्भ कीं। जैन मातृकाओं में आदिनाथ की यक्षिणी चक्रेश्वरी, तथा नेमिनाथ की अम्बिका देवी की मूर्तियाँ यहाँ मिली हैं। यक्ष धरणेन्द्र की मूर्ति भी मिली है।

इन मूर्तियों के सिवाय यहाँ नैगमेष नामक एक यक्ष की भी मूर्ति मिली है। नैगमेष या हरि नैगमेष जैन मान्यता के अनुसार सन्तानोत्पत्ति के प्रमुख देवता थे। इनकी पुरुष और स्त्री दोनों विग्रहों में मूर्तियाँ मिली हैं। संभवतः पुरुषशरीर की मूर्तियाँ पुरुषों के पूजने के लिए और स्त्रीशरीर की मूर्तियाँ स्त्रियों के लिए थीं। इनका मुख बकरी के आकार का होता है। इनके हाथों या कन्धों पर खेलते हुए बच्चे चिन्हित किये गये हैं। गले में लम्बी मोती की माला भी है जो कि इनका विशेष चिह्न है। कुषाणकाल में इन मूर्तियों की विशेष पूजा होती थी। लेख नं० १३ ऐसी ही एक मूर्ति पर से लिया गया है।

मथुरा से प्राप्त ये लेख ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से बड़े महत्त्व के हैं। इनमें उल्लिखित शक एवं कुषाण राजाओं के नाम तथा तिथियों से हमें उनके क्रमिक इतिहास तथा राज्य काल की अवधि का पता चलता है।

लेख नं ५ में स्वामी महाक्षत्रप शोडास का संवत्सर ४२ तथा मास दिन दिये हुए हैं। शोडास, महाक्षत्रप रंजुवुल का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था। रंजुवुल शक नरेश मोअ के अधीन मथुरा का महाशासक था। यह मोअ ईसा पूर्व ६० के लगभग अफगानिस्तान एवं पंजाब का शासक था। उसके अधीन मथुरा का शासक रंजुवुल पीछे स्वतंत्र हो गया था जैसा कि उसकी शाही उपाधियों से मालूम होता है। लेख में शोडास की स्वामी एवं महाक्षत्रप उपाधियाँ दी गई हैं जो कि उसके स्वतन्त्र शासक होने की परिचायक हैं। यदि उक्त लेख का सवत्सर ४२ विक्रम-संवत् माना जाय जैसा कि स्टीन कोनो सा० का मत है, तो शोडास ईसा पूर्व १७-१६ में राज्य करता था।

शकों के राज्य पर अधिकार करनेवाले थे कुषाणवंशी राजा। इनका राज्य भारत वर्ष पर ईसा की प्रथम शताब्दी के मध्य से स्थापित हुआ था। इस वंश का सबसे बड़ा प्रतापी राजा कनिष्क हुआ, जिसने अपने राज्याभिषेक के समय

से एक संवत् चलाया था जो कि विद्वानों के मत से सन् ७८ ई० से प्रारम्भ होता है। इतिहासज्ञों के अनुसार कनिष्क ने सन् १०० ई० तक अर्थात् २२ वर्ष राज्य किया। इसके बाद उसके उत्तराधिकारी वासिष्क ने सन् १०८ तक, तत्पश्चात् उसके उत्तराधिकारी हुविष्क ने सन् १३८ तक तथा उसके उत्तराधिकारी वासुदेव ने सन् १७६ तक राज्य किया।

प्रस्तुत संग्रह में लेख नं० १९ मे देवपुत्र कनिष्क लिखा है और राज्य सं० ५ दिया है। इसी तरह लेख नं०२४ मे महाराज राजातिराज देवपुत्र षाहि कनिष्क तथा राज्य सं० ७ दिया है और लेख न० २५ मे महाराज कनिष्क तथा सं० ९ दिया गया है। इन लेखों के सिवाय लेख नं० १७,१८,१९,२०,२१,२६,२८, २९,३०,३३ और ३४ मे राजा का नाम तो अंकित नहीं है पर राज्य संवत्सर से मालूम होता है कि ये कनिष्क के ४थे वर्ष से लेकर २२वे तक के लेख हैं। लेख नं ३५-३८ तक कुषाण सं० २५ से २९ तक के हैं जो कि वासिष्क के के राज्य काल के होते हैं। यद्यपि इनमे राजा का नाम या तो दिया ही नहीं गया या स्पष्ट उत्कीर्ण नहीं हो पाया है। लेख नं० ४० से ५६ तक के लेख कुषाण सं० ३१ से ६० के भीतर के हैं जो कि हुविष्क के शासनकाल के हैं। इनमें लेख नं० ४३,४५,४८,५० और ५६ मे तो हुविष्क का नाम दिया हुआ है। लेख नं० ५८ से ७० तक कुषाण सं० ६२ से ९८ के अन्तर्गत हैं जो कि वासुदेव के राज्यकाल में पड़ते हैं उनमें से ६२,६५ और ६९ मे तो वासुदेव का नाम भी दिया हुआ है। इतिहासज्ञों के मत से लेख नं० ६९ वासुदेव के राज्य की अन्तिम अवधि का द्योतक है।

यहाँ लेखों के सम्बन्ध में यह सब विस्तार पूर्वक इस लिए लिखना पड़ा कि इस संग्रह मे भूल से कतिपय लेखों पर दूसरे राजाओं का नाम दिया गया है जो कि इतिहासज्ञों के लिये भ्रम उत्पन्न कर सकता है। इन राजाओं मे कनिष्क, वासिष्क एवं हुविष्क तो बौद्ध धर्म प्रतिपालक थे और वासुदेव शैव मत का, पर अपने शासन में वे लोग अन्य धर्मों के प्रति बड़े उदार थे। इनके राज्यकाल में जैन धर्म का हित सुरक्षित था और वह खूब समृद्ध स्थिति मे था।

सामजिक इतिहास की दृष्टि से भी ये लेख बड़े महत्व के हैं। इन लेखों में गणिका ( ८ ) नर्तकी ( १५ ) लुहार ( ३१,५४ ) गन्धिक ( ४१,४२,६२,६६ ) सुनार ( ६७ ), ग्रामिक ( ४४ ) तथा श्रेष्ठी ( १६,२६,४३ ) आदि जातियों या वर्ग के लोगों के नाम मिलते हैं जिन्होंने मूर्ति आदि का निर्माण, प्रतिष्ठा एवं दान कार्य किये थे। इनसे विदित होता है कि २ हजार वर्ष पहले जैन संघ में सभी व्यवसाय के लोग बराबरी से धर्माराधन करते थे। अधिकाश लेखों में दातावर्ग के रूप में स्त्रियों की प्रधानता है जो बड़े गर्व के साथ अपने पुण्य का भागधेय अपने माता-पिता सास-ससुर पुत्र-पुत्री, भाई आदि आत्मीयों को बनाती थीं (१४)। इन स्त्रियों में बहुतसी विधवाएं थीं जो वैधव्य के शोक से घर गृहस्थी छोड़कर विरक्त हो जैन संघ मे आर्यिका हो गयी थीं। लेख नं० ४२ में ऐसी ही स्त्री कुमारमित्रा थी जिसे लेख में आर्या कुमारमित्रा लिखा है तथा उसे संशित, मखित एवं बोधित कहा गया है।

इन लेखों से एक और महत्व की बात सूचित होती है कि उस समय लोग अपने व्यक्तिवाचक नाम के साथ माता का नाम जोड़ते थे जैसे वात्सीपुत्र, तेवणीपुत्र, वैहिदरीपुत्र, गोतिपुत्र, मोगलिपुत्र एवं कौशिकिपुत्र आदि। ऐसे नाम सांस्कृतिक-इतिहास निर्माण की दृष्टि से मूल्यवान् हैं।

जैन धर्म के प्राचीन इतिहास की दृष्टि से मथुरा के ये लेख और भी बड़े महत्त्व के हैं। इन लेखों में मूर्ति के संस्थापक ने न केवल अपना ही नाम उत्कीर्ण कराया है बल्कि अपने धर्मगुरुओं का नाम भी, जिनके कि सम्प्रदाय का वह था। इनमें आचार्यों की उपाधियाँ—आर्य, गणी, वाचक, महावाचक, आतपिक आदि जो कि उस समय प्रचलित थीं, दी गई हैं। लेखों में अनेक गणों, कुलों और शाखाओं के नाम भी दिये गये हैं। ठीक इस प्रकार के गण, कुल एवं शाखा, श्वेताम्बर आगम 'कल्पसूत्र' की स्थावरावली में तथा कुछ वाचक आचार्यों के नाम नन्दिसूत्र की पट्टावली में मिलते हैं। महत्त्व की बात तो यह है कि लेखों का कुछ हिस्सा घिस जाने या पत्थर के कारीगर द्वारा गलत ढंग से उत्कीर्ण

किये जाने या लेखों का गलत छापा लेने तथा नकल को गलत पढ़े जाने पर भी उक्त दोनों पट्टावलियों के कई नामों के साथ साम्य स्थापित किया जा सकता है।

सभव है सम्प्रदाय का नाम गण, उसके विभाग का नाम कुल तथा उसके उपविभाग का नाम शाखा था। ये नाम जैन श्रमणों के उन विभिन्न संघों की ओर संकेत करते हैं जो कि ईसा पूर्व की कुछ शताब्दियों मे जैन श्रमणों में अपनी अपनी आचार्य परम्परा और पर्यटन भूमि की विभिन्नता के कारण पैदा होना शुरु हुए थे।

कल्पसूत्र स्थविरावली के अनुसार वर्धमान स्वामी की परम्परा में ९ वीं पीढ़ी में आर्य सुहस्ति हुए जो कि आर्य स्थूलभद्र के अन्तेवासी थे। इन आर्य सुहस्ति के १२ अन्तेवासी थे। इनमें से आर्य रोहण,आर्य कामर्धि,आर्य सुस्थित तथा सुप्रतिबुद्ध एवं आर्य श्रीगुप्त से निकलने वाले गण, कुल एवं शाखाओं के कई एक नाम लेखों में पहिचाने जा सके हैं।

तदनुसार आर्य रोहण गणी से 'उद्देह' गण निकला जो कि हमारे लेख २४ एवं ६६ का 'उद्देकिय' गण समझना चाहिये। उक्त गणके ६ कुल थे जिनमे से केवल दो की पहिचान हो सकी है। 'नागभूय' कुल हमारे लेख नं० २४ का 'नागभूतिय' होना चाहिये। 'परिहासक' गलत रूप से लिखा या पढ़ा जाकर लेख नं० ६६ मे पुरिध के रूप में प्रतीत होता है। उक्त गण की चार शाखायें थी जिनमे एक शाखा 'पुरण पत्तिका' लेख न० ६६ की पेतपुत्रिका होना चाहिये।

आर्य कामर्धि गणी से वेसवाडिय गण निकला। यद्यपि यह नाम लेखों में स्पष्ट रूपसे उत्कीर्ण नहीं मिला लेकिन उक्त गणके चारकुलों में से एक 'मेहियकुल' मेहिक के रूप मे २६ और ६३ वें लेख मे प्राप्त हुआ है।

आर्य सुस्थित एवं सुप्रतिबुद्ध गणी से 'कोडिय' गण निकला जो कि अनेकों लेखों में कोट्टिय के रूप में मिलता है। इस गण के चार कुलों में पहले कुल 'बंभलिज्ज' को तो अनेको लेखों का ब्रह्मदासिक कुल ही समझना चाहिये। दूसरा 'वत्थलिज्ज' भी लेख नं० २७ कावच्छलिय प्रतीत होता है। तृतीय 'वाणिज्ज' कुल

अनेक लेखो से प्राप्त ठानिय कुल के रूप में प्राप्त हुआ है। इसी तरह चतुर्थ 'पराहवाहरा' तो पराहवराय कुल ( ६६ ) मालुम होता है। उक्त गरा की चार शाखाये थीं। प्रथम 'उच्चानगरि' तो अनेक लेखों की उच्छेनगरी ही है। द्वितीय 'विज्जाहरी' शाखा लेख नं० ६२ की विद्याधरी शाखा मालूम होती है। तृतीय 'वइरी' शाखा को हम अनेक लेखो मे वेरिय, वेर, वेर, वइर के रूप में देख सकते हैं। चतुर्थ 'मज्झिमिल्ला' शाखा लेख नं० ६६ की मज्झम शाखा ही समझना चाहिये

आर्य श्रीगुप्त गणी से 'चारण' गरा निकला था जो कि मथुरा के अनेक लेखों में वारण गण के रूप में पढ़ा गया है। उससे सम्बन्धित ७ कुलों में से 'पीइ-धम्मिअ' लेख नं० ३४ एवं ४७ का पेतवमिक मालुम होता है। 'हालिज्ज' कुल लेख नं० १७,४४ एवं ८० का आर्य हाटिकिय प्रतीत होता है। 'पूसमित्तिज्ज' लेख नं० ३७ का पुश्यमित्रीय तथा 'अज्जवेडय' कुल लेख नं० ४५ का आर्यचेटिय एवं नं० ५२ का अय्यमिस्त ( ? ) और 'कराहसय' लेख नं० ७६ का कनियसिक विदित होते हैं। इसी तरह उक्त गरा की चार शाखाओं में 'हारियमालागारी' लेख नं० ४५ की 'हरीतमालकाधी,' 'वज्जनागरी' लेख नं० ११,४४ एव ८० की वाज-नगरी, 'संकासीआ' लेख नं० ५२ की सं ( कासिया ) तथा 'गवेधुका' लेख नं० ७६ में ओद ( संभव गोदुक ) के रूप में पढी गयी है।

इस तरह ३ गरा, १२ कुल एवं १० शाखाओं के नाम लेखो और कल्पसूत्र स्थविरावली में बराबर मिल जाते हैं। केवल लेख नं० ८२ के वारण गरा के नाडिक कुल का मिलान नहीं हो सका है। संभव है यह नाम अन्य नामों के समान लिखने की अशुद्धियो के कारण अज्ञात सा प्रतीत होता है।

कल्पसूत्र स्थविरावली के अनुसार काल की दृष्टि से इन गणों, कुलों और शाखाओं का आविर्भाव वीर स० २४५-२६१ अर्थात् ई० पूर्व २८२-२३६ के बीच हुआ था और मथुरा के लेखो से मालूम होता है कि ये गुप्त सवत् ११३ अर्थात् सन् ४३४ तक बराबर चलते रहे।

मथुरा के इन लेखों में उक्त गणों, कुलों एवं शाखाओं के सिवाय अनेको आचार्यों के नाम आते हैं जो कि वाचक आदि पद से विभूषित थे। श्वेताम्बर आगम नन्दिसूत्र में एक वाचक वंश की पट्टावली दी हुई है, जिसके अनेकों नामों का मिलान शिलालेखों के नामों से किया जा सकता है। उक्त पट्टावली मे सुधर्म गणधर की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए ७वें आर्य स्थूलभद्र के शिष्य सुहस्ति से चलने वाले वाचक वंश का वर्णन है जो कि वीर निर्वाण सं० २४५ से लेकर ६६४ तक अर्थात् ई० पूर्व २८२ से लेकर सन् ४६७ तक चलता रहा। उक्त वंश में ही आर्य देवर्धि क्षमाश्रमण हुए थे जिन्होने वर्तमान श्वेताम्बर आगमों को अन्तिम रूप दिया था। उक्त पट्टावली में गण, कुल एवं शाखाओं का नाम बिल्कुल नहीं दिया। संभव है वहाँ गण, कुल शाखादि को महत्त्व न दे वाचक पदधारी आचार्यों का नाम ही गिनाया गया है। जो भी हो, यहाँ उक्त पट्टावली और लेखों के कुछ नामों में काल दृष्टि से साम्य प्रकट किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १३—आर्य समुद्र, | वीर नि० स०... | महावाचक, गणि समदि | ( ले० नं० ५२ ) |
| १४—आर्य मंगु[1], | ,, ४६७[2] | गणि मंगुहस्ति | ( ,, ५४ ) |
| १५—आर्य नन्दिल क्षमण | | आर्य नन्दिक | ( ,, ४१ ) |
| | | गणी नन्दी | ( ,, ६७ ) |
| १६—आर्य नागहस्ति | ( ,, ६२०[3]-६८९) | वाचक आर्य घस्तुहस्ति | ( ,, ५४ ) |

---

१—मुनि दर्शनविजय, पट्टावली समुच्चय, भा० १ पृष्ठ १३ पर आर्य मगुकी गाथा के अनन्तर दो प्रक्षिप्त गाथाएं आती हैं, जिनमें अज्जधम्म, भद्रगुप्त, अज्जवयर, अज्जरक्खित के नाम आते हैं।

२—वही, पृष्ठ ४७, तपागच्छपट्टावली। इस पट्टावली का रचना काल विक्रम सं० १६४६ है।

३—वही, पृष्ठ १६, 'सिरि दुषमाकाल समणसंत्रथयं' नामक पट्टावली का

एवं हस्तहस्ति[1] (ले० नं० ५५)

२२—भूतदिन्न (वी० नि० ६०४–६८३[2]) दत्तिल (,, ६२)

लेख नं० ५२ पर जिसमें कि महावाचक गणि समदि का नाम आता है, कुषाण संवत् ५० अंकित है जो कि गणना में वीर निर्वाण सं० ६५५ आता है[3]। नन्दिसूत्र पट्टावली मे आर्य समुद्र का नाम आर्य मंगु से पहले आता है। आर्य मंगु का समय पट्टावली के अनुसार वीर नि० सं० ४६७ है। यदि यह ठीक है तब तो आर्य समुद्र का समय भी आर्य मंगु से पहले होना चाहिये। लेख में दिया गया कुषाण सं० ५० (वी०नि० सं० ६५५) यदि आर्य समदि का समय है तो इस हिसाब से पट्टावली के समय और लेख के समय में लगभग १८८ वर्ष का अन्तर आता है। पर वास्तव में लेख नं० ५२ में आर्य समदि का समय नहीं दिया गया बल्कि वह आर्य दिनर (?) आदि की एक शिष्या द्वारा मूर्ति स्थापना का समय है। उक्त लेख में समदि शब्द के बाद कई अक्षर घिस गये हैं। यदि

---

रचना काल वि० सं० १३२७ है।

१. शुद्ध नाम हस्ति-हस्ति प्रतीत होता है। हस्ति का पर्यायवाची नाग होता है। यह संभव है कि नागहस्ति को लेख म हस्ति-हस्ति लिखा गया है। संभव है लेख को उत्कीर्ण करने वाले की भूल से हस्ति शब्द घस्तु हो गया हो, और दूसरे लेख में हस्ति का हस्त हो गया हो।

२. वही, पृष्ठ १८, दिन्न और दत्तिल दोनों शब्द दत्त शब्द के प्राकृत रूप होते हैं।

३. जैन परम्परा के अनुसार वीर निर्वाण का समय विक्रम सं० से ४७० वर्ष पूर्व है, अतः ई० सन् पूर्व ५२७ होगा। कुषाण संवत् ईस्वी सन् ७८ से प्रारंभ होता है अतः कुषाण संवत् के प्रारंभ में ५२७+७८= ६०५ वीर निर्वाण सं० समझना चाहिये। डा० याकोबी के मतानुसार वीर निर्वाण ई० सन् पूर्व ४६७ में होता है।

अक्षरों की पूर्ति श्राद्धचर या श्राद्धचरी[1] शब्द से की जाय तो यह कहा जा सकता है कि वह शिष्या या उसके गुरु, महावाचक समदि के श्राद्धचरी या श्राद्धचर थे। श्राद्धचर शब्द का यदि यह अर्थ मान लिया जाय कि उक्त आचार्य की परम्परा में विश्वास करने वाला तो यह संभावना करनी पड़ेगी कि महावाचक समदि की परम्परा १८८ वर्ष या उसके कुछ अधिक वर्षों तक चलती रही[2]। इसी हालत में लेख और पट्टावली के आर्य समदि और आर्य समुद्र का समीकरण संभव है।

इसी तरह गणि आर्य मंगुहस्ति का उल्लेख करने वाले लेख नं० ५४ का समय कुषाण सं० ५२ दिया गया है जो कि वी० नि० सं० ६५७ होता है। इस लेख में जो समय दिया गया है वह है वाचक आर्य घस्तुहस्ति के शिष्य एवं गणी आर्य मंगुहस्ति के श्राद्धचर वाचक आर्य दिवित का। पट्टावली में आर्य मंगु का समय वी० नि० सं० ४६७ दिया गया है। लेखगत समय वी० नि० सं० ६५७ (कुषाण सं० ५२) से संगति बैठाने के लिए यहाँ यह समझना चाहिए कि आर्य मंगु की परम्परा कम से कम १९० वर्ष तक चलती रही।

---

१. मथुरा के लेख नं० १७ में सढचरी, ४३ में सढचरिय, ५४ में षढचरो तथा ५५ में श्रद्धचरो शब्द आते हैं।

२. यह संभावना इसलिए करना पड़ी कि उस काल में एक समय में ही आचार्यों की कई परम्परायें चलती थीं। श्वेताम्बर जैन पट्टावलियों के देखने से यह बात भली भाँति विदित होती है कि आर्य सुहस्ति के बाद ऐसी अनेक परम्पराओं का उद्गम हुआ था। कोई वाचक परम्परा थी, कोई युगप्रधान परम्परा थी तथा कोई गुरु परम्परा थी आदि, तथा उन आचार्यों से कई गण, कुल और शाखा निकले थे। जिन परम्पराओं की स्मृति रही उनका अंकन तो हो गया, शेष कालदोष से लुप्त हो गई।

लेख नं० ४१ एवं ६७ के आर्य नन्दिक या गणी नन्दिय, नन्दिसूत्र पट्टावली के १५ वें आर्य नन्दिल खमण प्रतीत होते हैं। लेखों में उनका समय कुषाण सं० ३२ तथा ९३ दिया हुआ है जो कि गणना मे वीर नि० ६३७ तथा ६९८ होता है। इस तरह उनका समय ६१ वर्ष आता है। पर पट्टावली की गणना में उक्त समय आर्य नागहस्ति को दिया गया है तथा नन्दिल के समय का कोई उल्लेख नहीं। यद्यपि यहाँ लेख और पट्टावली के समय को देखते हुए एक समय में दो वाचकआचार्य—नन्दिल और नागहस्ति-के होने का आपत्ति दोष आता है पर मथुराके लेखों में तो एक एक, दो दो वर्ष के बीच या एक ही समय में अनेक वाचक आचार्यों को होता देख उक्त दोनों आचार्यों की एक समय में संभावना कोई बाधक सो प्रतीत नहीं होती।

लेख नं० ५४ एवं ५५ के आर्य घस्तुहस्ति तथा हस्तहस्ति तो काल की दृष्टिसे भी पट्टावली के १६ वें पट्टधर नागहस्ति मालूम होते हैं। लेखों से ज्ञात समय और पट्टावली में दिये गये उन के समय में कोई गड़बड़ी पैदा नहीं होती। लेखों के कुषाण संवत् ५२ और ५४ अर्थात् वीर नि०सं० ६५७ और ६५९, पट्टावली में दिये गये नागहस्ति के समय वीर नि० ६२०-६८९ के अन्तर्गत आ जाते हैं। इस तरह लेखगत यह समकालीन उल्लेख अद्‌भुत है।

लेख नं० ५४ और ५५ की एक और बात विशेष उल्लेखनीय है। लेख नं० ५४ में आर्य नागहस्ति ( घस्तुहस्ति ) और मंगुहस्ति का तथा लेख नं० ५५ में नागहस्ति ( हस्तहस्ति ) और माघहस्ति का एक साथ उल्लेख है। माघहस्ति संभव है मंगु,मंखु या मंक्षु का नामान्तर या शब्दान्तर हो या शिल्पी की असावधानी से ऐसा उत्कीर्ण होगया हो। यदि यह अनुमान सही है तो दोनों लेखों में इन दोनों आचार्यों का एक साथ उल्लेख कुछ विशेष अर्थ रखता है। दिगम्बर परम्परा के धवलादि ग्रन्थों में आर्य मंखु और नागहस्ति को सहपाठी कहा गया है [1]। मंगु और मंखु एकार्थक हैं। धवला और जयधवला इन दोनों में इन

---

१— षट्खंण्डागम की भूमिका,पुस्तक २ पृष्ठ३८

दोनों आचार्यों को क्षमाश्रमण और महावाचक भी लिखा है[1]। इन्हें उक्त ग्रन्थों में यतिवृषभ का गुरु कहा है[2]।

इसी तरह लेख नं० ६२ के आर्य दत्तिल, नन्दिसूत्र पट्टा० के २२ वें वाचक आर्य भूतदिन्न मालूम होते हैं। दन्तिल का समय गुप्त संवत् ११३ अर्थात् सन् ४३४ ई० होता है जो कि वीर नि० सं० ६६१ है। पट्टावली में भूतदिन्न का समय भी वीर नि० सं० ६०४से ६८३ दिया गया है। इस समय के अन्तर्गत लेख का समय आ जाता है।

यद्यपि लेखों के तथा नन्दिसूत्र पट्टावली के एवं कल्पसूत्र थेरावली के अन्य कुछ नामों में साम्य सा प्रतीत होता है—जैसे न० पट्टा० के स्कन्दिल या षंडिल्ल का लेख नं० २४, ३२ एवं ३६ के आर्य संधिक या संधि से तथा सिंहसूरि का लेख नं० ३१, ३२ के सिंह या सीह से और कल्पसूत्र थे० के २७ वे पट्टधर वृद्ध का नाम लेख नं० ५६ एवं ५८ के वृद्धहस्ति से तथा २३ वें पट्टधर गोहिल या ज्येष्ठ का लेख न०, २३ के गाढक व ज्येष्ठ हस्ति से— पर कालक्रम के विचार से यह समीकरण व्यर्थ सा है। यहाँ पट्टावली और लेखों के इन नामों से इतना तो अवश्य ज्ञात होता है कि ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में जैन मुनियों के प्रायः ऐसे नाम होते थे।

जो भी हो, पर मथुरा के शिलालेखों के आचार्यों और उनके गणों, कुलों और शाखाओं के नाम जैनधर्म के इतिहास की दृष्टि से बड़े महत्त्व के हैं। हम इन गणों आदि के अस्तित्व से उस महान् युग का, उसके जीवन की गति विधि

---

१—पुरातन जैन वाक्य सूची, भूमिका, पृष्ठ ३०.

२—यतिवृषभ का समय अभी तक ठीक रूप से निश्चित नहीं हुआ। विद्वान् लोग इन्हें सन् ४७८ के लगभग का मानते हैं, पर श्रद्धेय प्रेमी जी की संभावना कि वे और पहले के आचार्य हैं ( जैन सा० और इति० द्वि० सं०, पृष्ठ २१ )। विद्वानों का ध्यान मैं अपनी संभावना की ओर खींचता हूँ।

का तथा साथ ही सम्प्रदायों की परम्परा को रखने में विशेष सावधानी का अनुमान कर सकते है[1] ।

## ३. जैन संघ का परिचय

मथुरा के प्राचीन लेखों की चर्चा के प्रसंग मे हम देख चुके हैं कि कल्पसूत्र स्थविरावली और नन्दिसूत्र पट्टावली में अंकित कुछ गण, कुल और शाखाओं का अस्तित्व गुप्तकाल ( ले० नं० ६२ ) तक अवश्य था। इसके बाद हमें ऐसे लेख नहीं मिले जिनसे कहा जाय कि उक्त परम्परा चलती रही हो। गुप्तकाल

---

१. इस अध्याय के लिखने में सहायक ग्रन्थों का निर्देश—

जी० बूलर, इण्डियन सेक्ट आफ जैन्स, लन्दन, १६०३.

जे० इ० लोजेन्डे, सीथियन पीरियड, लीडन, १६४६.

इ० जे० रेप्सन, केम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इंडिया, भाग १, दिल्ली, १६५५.

ह० याकोबी, कल्पसूत्र, अंग्रेजी अनुवाद ( से० बु० ई० भाग २२ ) आक्सफोर्ड, १८८४.

जे० फर्ग्युसन एण्ड जे० बर्जेस, हिस्ट्री आफ इंडियन एण्ड ईस्टर्न आर्किटेक्चर, भाग २, १६१०.

उमाकान्त प्रेमचन्द शाह, स्टडीज इन जैन आर्ट, बनारस, १६५५.

पं० नाथूराम प्रेमी, जैन साहित्य और इतिहास, बम्बई, १६४२, १६५६.

डा० हीरालाल जैन, षट्खण्डागम, प्रथम, द्वितीय पुस्तक।

मजूमदार और पुसलकर, एज आफ इम्पीरियल यूनिटी, बम्बई।

मुनि दर्शनविजय जी, पट्टावली समुच्चय, प्रथम भाग, वीरमगाम १६२३.

त्रिपुटी महाराज, जैन परम्परानो इतिहास अहमदाबाद १६५२.

प्रेमी अभिनन्दन ग्रन्थ।

जैन हितैषी भाग, १०, १३.

जैन सिद्धान्त भास्कर।

अनेकान्त।

के ही कुछ लेखों से तथा बाद के सैकड़ो लेखो पर सरसरी दृष्टि डालने से हमें दक्षिण भारत मे कुछ नये सघों और उनकी नई शाखाओं — गण, गच्छ, अन्वय एवं वलियों के नाम दिखाई पड़ते हैं। ऐसा मालूम होता है कि दक्षिण भारत में उत्तर भारत की परम्परा शायद उसी रूप मे चालू न रही थी। हम श्रवण वेल्गोल के एक लेख ( प्र० भा० नं० १ ) से जानते हैं कि दक्षिण भारत में सर्व प्रथम भद्रबाहु द्वितीय आये थे और वहाँ जैन धर्म की प्रतिष्ठा इनसे ही हुई थी, पर कदम्ब वशी नरेशों के एक लेख ( ६८ ) से मालूम होता है कि ईसा की ४-५ वी शताब्दी में जैन सघ के वहाँ विशाल दो सम्प्रदाय—श्वेतपट महाश्रमण संघ और निर्गन्थ महाश्रमण सघ—का अस्तित्व था। इसी तरह इस वंश के कई लेखों मे जैनों के यापनीय[१] और कूर्चक[२] नामक संघों का उल्लेख मिलता है जो कि एक प्रकार से उक्त दोनों से भिन्न थे।

दक्षिण भारत में निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय एवं यापनीय तथा कूर्चक तथा सम्प्रदायों की स्थापना किसने की यह बात स्पष्ट रूप से हमें लेखों से विदित नहीं होती, पर यह कहने मे शायद आपत्ति न होगी कि निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय वहा भद्रबाहु ( द्वितीय ) द्वारा स्थापित हुआ था। लेख नं० ९८ और ९९ ( सन् ४७०-४९० के लगभग ) मे इस सम्प्रदाय का उल्लेख है पर इसके बाद इस नाम से नहीं। वैसे तो प्राचीन काल में निर्ग्रन्थ या निगण्ठ ( लेख नं० १ ) शब्द भग० महावीर और उनके अनुयायी सम्प्रदाय मात्र के लिए प्रयुक्त होता था पर इन लेखों

---

१. यह सम्प्रदाय सिद्धात दृष्टि से श्वेताम्बर सम्प्रदाय से अधिक मिलता जुलता था, परन्तु संघ के साधु नग्न रहते एवं अनुयायी नग्न मुर्तियों की स्थापना करते एवं पूजते थे। इसका अस्तित्व १५-१६ वीं शताब्दी तक दक्षिण भारत में था। परिचय आगे दिया गया है।

२. कूर्चक सम्प्रदाय का परिचय आगे दिया गया है।

में श्वेताम्बर और यापनीय सम्प्रदाय से भिन्न अर्थ में प्रयुक्त होने के कारण इसे दिगम्बर सम्प्रदाय अर्थ में ही लेना सयुक्तिक होगा। । इस संघ का प्रारंभिक रूप क्या था यह तो ईसा से पूर्व तथा ईसा के बाद ४-५ वीं शताब्दियों के लेखों से विदित नहीं होता पर कदम्ब नरेश मृगेशवर्मा के उपर्युक्त लेख नं० ६८-६६ से ज्ञात होता है कि इस सम्प्रदाय के मुनियों के नाम पर दान में ग्राम और भूमि आदि दी जाती थी।

लेख नं० ६८ से ज्ञात होता है कि देवगिरि नामक स्थान में श्वेताम्बर और दिगम्बर सम्प्रदाय मिल जुल कर रहते थे और शायद उनका एक ही मन्दिर था। इसके बाद हम निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय का नाम तो लेखों में नही पाते पर गंग-वंश के नरेश माधववर्म द्वितीय ( सन् ४०० के लगभग ) और उसके पुत्र अविनीत ( सन् ४२५ या उसके बाद ) के लेखों ( ६० और ६४ ) में सर्व प्रथम मूल संघ का उल्लेख पाते हैं जो कि ६-१० वीं शताब्दी के लेखों में और उसके बाद के लेखों में प्रचुर मात्रा में निर्दिष्ट है। विद्वानों की धारणा है कि दक्षिण भारत में श्वेता० सम्प्रदाय से दिगम्बर सम्प्रदाय को पृथक् बतलाने के लिए ही संभवतः मूलसंघ का प्रयोग किया गया है। यदि यह बात ठीक है तो कहना होगा कि निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय ही उस समय से मूलसंघ कहलाने लगा हो[1]। प्रस्तुत

---

१. श्रद्धेय पं० नाथूराम जी प्रेमी मूलसंघ के नाम को तीसरी चौथी शताब्दि के लेखों में न देख संभावना करते हैं कि मूलसंघ यह नामकरण अपने से अतिरिक्त दूसरों को अमूल—जिनका कोई मूल आधार नहीं—बतलाने के लिए ही किया गया है। और यह तो वह स्वयं ही उद्घोषित कर रहा है कि उस समय उसके प्रतिपक्षी दूसरे दलों का अस्तित्व था। ( जैन साहित्य और इति० द्वि० संस्करण, पृष्ठ ४८५ )

संग्रह में मूलसत्र के प्रथम दो लेखों मे हमे आचार्य वीरदेव[1] और चन्द्रनन्दि आचार्य का नाम मिलता है। उक्त आचार्यों ने जैन मन्दिरों की प्रतिष्ठा करायी थी और गङ्ग नरेश माधव द्वितीय और अविनीत ने कुछ भूमि और ग्रामादि दान में दिये थे।

उपर्युक्त लेखों में मूलसंघ के पश्चात्कालीन लेखों मे दिखने वाले किसी गण, गच्छ एवं अन्वय तथा वलि का निर्देश नहीं है। उनका उल्लेख सातवीं के उत्तरार्ध ( लेख नं० १११ सन् ६८७ ई० ) से ही मिलता है। लेखों से प्राप्त होने वाले इस संघ के प्रमुख गणों का नाम इस प्रकार है:— देवगण, सेनगण, देशिय गण, सूरस्थगण, क्राणूरगण और वलात्कार गण। इन गणो का नामकरण प्रायः मुनियों के नामान्त शब्दों को लेकर या प्रान्त विशेष अथवा स्थान विशेष को लेकर किया गया है। इनमे लेखों के क्रमानुसार देवगण प्राचीन ( ७ वीं शता० ) है। इसके वाद सेन, देशिय और सूरस्थ गण हैं। शेष का उल्लेख ११ वीं १२ वीं शताब्दी से ही मिलता है, इसके पहले नहीं। इन गणों और उनके अवान्तर भेदों का परिचय देने के पहले इनके समकालीन दूसरे जैन संघों—विशेष कर यापनीय,कूर्चक और द्रविड संघ—का परिचय देना आवश्यक है।

## यापनीय संघ

यह सघ दक्षिण भारत की अपनी देन है। वहाँ के जलवायु और कठोर जीवन विताने के प्रति आग्रह ने इस संघ को भग० महावीर द्वारा उपदिष्ट यथावत् जैनधर्म पालन करने में प्रेरणा दी। इस संघ के साधु एक ओर दिगम्बर साधुओं के समान उग्र चर्या के रूप मे नग्न रहते, मोर की पिच्छी रखते तथा पाणितल भोजी थे एवं नग्न मूर्तियाँ पूजते थे और वन्दना करने वालों को धर्म-

---

१—संभव है ये वीरदेव राजगृह ( विहार ) के सोन भण्डार से प्राप्त एक लेख ( नं० ८७ ३री४थी श० ) के आचार्य वैरदेव ही हों। देखो 'प्रसिद्ध जैन केन्द्र' प्रकरण।

लाभ देते थे, तो दूसरी ओर सैद्धान्तिक मान्यता में श्वेताम्बरों के समान स्त्रीमुक्ति, केवलीकवलाहार और सग्रन्थावस्था आदि भी मानते थे। वे प्राचीन जैनागम ग्रन्थों का पठन-पाठन करते थे पर उनके आगम शायद श्वेताम्बरों के वर्तमान आगमों से पाठभेद को लिए हुए कुछ भिन्न थे। संभव है यह सम्प्रदाय श्वेताम्बर दिगम्बरों के बीच की एक कड़ी था। इस सम्प्रदाय में अनेकों प्रतिभाशाली विद्वान्, आचार्य एवं कवि हुए हैं जिन्होंने संस्कृत प्राकृत और कन्नड भाषा में सैकड़ों प्रतिष्ठित ग्रन्थ लिखे हैं। श्रद्धेय पण्डित नाथूराम जी प्रेमी ने खोजकर बतलाया है कि इन विद्वानों मे शिवार्य, अपराजित, पाल्यकीर्ति शाकटायन, महावीर और स्वयम्भू कवि थे। वे संभावना करते हैं कि उमास्वाति, वट्टकेरि, यतिवृषभ आदि भी शायद यापनीय हों[1]।

प्रस्तुत संग्रह में इन संघ का प्रकट या अप्रकट रूप से उल्लेख करने वाले अनेकों लेख हैं जिनसे इनके गणों एवं गच्छों का परिचय मिलता है। इस संघ के कतिपय गणों के सम्बन्ध में, लेखों के तिथिक्रम से, अध्ययन करने पर मालूम होता है कि वे पीछे दिगम्बर सम्प्रदाय के अन्य दूसरे सघो द्वारा आत्मसात् कर लिये गये, या उनका पुनः सस्कार किया गया, या वे काल के थपेड़े में लुप्त हो गये। लेखों के विश्लेषण से यह बात स्पष्ट हो जाती है। यह सम्प्रदाय बड़ा ही राज्य-मान्य था। लेखों से विदित होता है कि कदम्ब, चालुक्य, गंग, राष्ट्रकूट और रट्ट वश के राजाओं ने इस संघ को और इसके साधुओं को अनेकों भूमिदानादि किये थे।

कदम्ब वंश के लेख नं० ९९, १०० तथा १०५ से ज्ञात होता है कि उस वंश के प्रारम्भिक राजाओं के काल में यह संघ बड़ा ही प्रभावक था। कदम्ब नरेश मृगेशवर्मा ( सन् ४७०-४९० ) ने पलासिका स्थान में इस सघ को अन्य दूसरे संघों—निर्ग्रन्थ एवं कूर्च्चकों-के साथ भूमिदान द्वारा सत्कृत किया था (९९)। उक्त नरेश के पुत्र रविवर्मा ने इस संघ के प्रमुख आचार्य कुमारदत्त को पुरुखेटक

---

१—देखिए, जैन साहित्य और इतिहास, द्वितीय संस्करण के अनेक स्थल।

ग्राम दान में दिया था ( १०० )। इसी तरह कदम्ब वंश की दूसरी शाखा के युवराज देववर्मा ने भी यापनीय संघ को कुछ क्षेत्रों का दान देकर सत्कृत किया था ( १०५ )। लेख नं० १०५ में 'यापनीयसंघेभ्यः' यह बहुवचन प्रयोग द्योतित करता है कि यापनीय संघ के कई अवान्तर भेद थे।

यद्यपि इन लेखों से इस सम्प्रदाय पर विशेष प्रकाश नहीं मिलता पर लेख नं० १०६,१२१, १२४, १४३ आदि से इसके गणों और गच्छों का साधारण परिचय मिलता है। इन लेखों से ज्ञात होता है कि इस सम्प्रदाय में नन्दिसंघ ( नन्दि गच्छ ) प्राचीन तथा प्रमुख था। इस संघ के आचार्यों का नाम विशेषतः नन्द्यन्त और कीर्त्यन्त ( १२४ ) होता था। नन्दिसंघ कई गणों मे विभक्त था या संघ की व्यवस्था की दृष्टि से कल्पित भेदो में बाट दिया गया था। उनमे कनकोपलसम्भूत वृक्षमूलगण[1] ( १०६ ) श्रीमूलमूलगण ( १२१ ) तथा पुन्नागवृक्षमूलगण प्रमुख ( १२४ ) थे। हम देखते हैं कि गणो के ये नाम कतिपय वृक्षो के नामों से सम्बन्धित हैं। वृक्षों के ये नाम भी या तो विभिन्न साधु समुदाय का चिह्न रहे होंगे जैसे विभिन्न राजवंशो के सिंह, बन्दर आदि चिह्न होते हैं या वे लोग अमुक अमुक वृक्ष विशेष वाले स्थान से शुरू शुरू में सम्बन्धित रहे होंगे और

---

१—लेख मे मूलगुण लिखा है जो कि अशुद्ध प्रतीत होता है। पं० नाथूराम जी प्रेमी लेख नं० १०६ के मूल गण को मूलसंघ समझ बैठे हैं ( जै०सा०इति० द्वि० सं० पृ० ४८५-) पर मूलसंघ को मूलगण कहीं नहीं लिखा गया और न वह उस अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है। मूलगण उक्त लेखो में तीन जगह आया है जो कि कुछ वृक्षान्त नामों से विशेषित है। चूँकि ले० नं० १२१ और १२४वे वृक्षमूलपरक गण नन्दिसघ से सम्बन्धित हैं इसलिए ले० नं० १०६ के कनकोपल सम्भूत मूलगण की भी नन्दि संघ से सम्बन्धित होने की संभावना है। लेखों से ज्ञात होता है कि नन्दिसंघ आठवीं और नवीं शता० में सर्वप्रथम यापनीय सम्प्रदाय के अन्तर्गत था तो नन्दिसंघ से सम्बद्ध उस काल के गणों को उस सम्प्रदाय से ही सम्बद्ध समझना चाहिए।

तत्कालीन सुविधा की दृष्टि से नामकरण किया गया होगा पर पीछे वही नाम रूढ़िगत हो गया। इनमें पुन्नाग=नागकेशर के समीप से आने वाले साधु पुन्नागवृक्षमूलगण, श्रीमूल=शाल्मलि=सेमर के वृक्ष के पास से आने से श्रीमूल, मूलगण तथा कनक=चम्पा, पलाश या धतूरा, उपल=पाषाण या रत्न अर्थात् उक्त वृक्षों से घिरे पाषाणों के पास से आने या वहीं बैठने आदि के कारण कनकोपलसंम्भूत मूलगण[1] नाम पड़ा होगा, ऐसा प्रतीत होता है।

उक्त लेखों में लेख नं० १०६ (सन् ४८८ ई०) से कनकोपलसम्भूतवृक्ष मूलगण के आचार्यों की गुरुपंक्ति इस प्रकार है—सिद्धनन्दि,[2] चितकाचार्य (जिनके पाँच सौ शिष्य थे), नागदेव और जिननन्दि। जिननन्दि के लिए चालुक्य नरेश जयसिंह के एक सामन्त सेन्द्रक वंशी सामियार ने एक जैन मन्दिर बनवा कर, एक गाँव और कुछ जमीन दान में दी थी। इसी तरह ले० नं० १२१ में चन्द्रनन्दि, कुमारनन्दि, कीर्तिनन्दि और विमलचन्द्राचार्य के उल्लेख के सिवाय उसका संक्षिप्त वर्णन है। लेख में श्रीमूल मूलगण के अन्तर्गत एरेगित्तूर गण और पुलिकल गच्छ का उल्लेख है जो प्रतीत होता है कि कोई स्थानीय भेद रहा होगा। उक्त गणों के विमलचन्द्राचार्य के उपदेश से गङ्ग नरेश श्रीपुरुष के ५०वें वर्ष में उसके एक सामन्त निगुन्दराज परमगूल ने जैन मन्दिर बनवाकर सर्व करों से मुक्त करा कर एक गाँव दान में दिया था। इसी प्रकार पुन्नाग वृक्ष मूलगण के आचार्यों की परम्परा लेख नं० १२४ में इस प्रकार दी गई—श्री कित्याचार्य (चितकाचार्य?), इनके बाद अनेकों आचार्य होने पर कूविलाचार्य, विजयकीर्ति और अर्ककीर्ति। अर्ककीर्ति के लिए राष्ट्रकूट नरेश प्रभूतवर्ष गोविन्द तृतीय ने अपने सामन्त चाकिराज की प्रार्थना पर सन् ८१२

---

१. लेख नं० १०६ में उसे काकोपलाम्नाय भी लिखा है। संभव है यह उसका दूसरा नाम हो या उसकी अवान्तर शाखा हो।

२. ये बड़े वैयाकरण थे, इनके मत का उल्लेख शाकटायन व्याकरण में किया गया है।

ई० में शिला ग्राम के जैन मन्दिर के प्रबन्ध के लिए जालमङ्गल नाम का गाँव दान में दिया था। उक्त मुनि ने चाकिराज के भानजे विमलादित्य की शनिबाधा को दूर किया था। यह लेख गोविन्द तृतीय के पुत्र अमोघवर्ष प्रथम के राजपद पाने के केवल एक वर्ष पहले का है। अमोघवर्ष के समय ही यापनीय संघ में शाकटायन व्याकरण के कर्ता आचार्य पाल्यकीर्ति ( शाकटायन ) हुए हैं। श्रद्धेय प्रेमी जी सम्भावना करते हैं कि पाल्यकीर्ति इस लेख के अर्ककीर्ति के या तो शिष्य थे या सधर्मा थे।[1]

यापनीय नन्दिसंघ के कनकोपलादि गणों का अस्तित्व बाद के लेखों से नहीं मालूम होता इसलिए यह कहना कठिन है कि उनका क्या हुआ। पर लेख न० २५० ( सन् ११०८ ) मे पुन्नागवृक्ष मूलगण को हम मूल संघ के अन्तर्गत जीवित पाते हैं। संभव है पीछे वह मूलसंघ द्वारा आत्मसात् कर लिया गया हो।

उपर्युक्त लेखों से कर्नाटक प्रान्त मे यापनीय सम्प्रदाय का परिचय मिलता है। कर्नाटक के समान ही तामिल प्रान्त में भी यापनीय सम्प्रदाय का अच्छा प्रचार था, यह बात हमें लेख न० १४३-१४४ से विदित होती है। लेख नं० १४३ में यापनीय सम्प्रदाय के नन्दिगच्छ ( संघ ) के कोटिमडुवगण का उल्लेख है और उसके आचार्यों—जिननन्दि, दिवाकर, श्रीमान्दिर देव (धीरदेव)—का नाम दिया गया है। धीरदेव कटकाभरण जिनालय के अधिष्ठाता थे। उस जिनालय के लिए पूर्वीय चालुक्यवंश के अम्मराज द्वितीय ने सेनापति ( कटकराज ) दुर्गराज की प्रार्थना पर उक्त संघ के लिए एक गाव दान में दिया था। उसी राजा के दूसरे एक लेख नं० १४४ में अड्डकलिगच्छ वलहारिगण के आचार्यों की गुरु पंक्ति इस प्रकार दी गई है—'सकलचन्द्र, अय्यपोटि और अर्हनन्दि। अर्हनन्दि मुनि को अम्मराज द्वितीय ने सर्वलोकाश्रय जिनालय की भोजनशाला की मरम्मत कराने के लिए अत्तिलिनाण्डु प्रान्त के कलुचुम्बरु नामक ग्राम को दान में दिया था। यद्यपि उक्त लेख मे स्पष्ट रूप से यापनीय या नन्दिसंघ का उल्लेख नहीं है पर अड्डकलिगच्छ वलहारि गण का अन्य संघों के साथ निर्देश न देख तथा एक

[1] जैन साहित्य और इतिहास ( द्वि० सं० ) पृष्ठ १६७.

ही नरेश से उक्त दोनों लेखों को सम्बद्ध देख ऐसा प्रतीत होता है कि बलहारि गण और अड्डकलिगच्छ भी यापनीय सम्प्रदाय के थे। इस सम्बन्ध में हमें इसलिए और विश्वास करना पड़ता है कि लेख नं० १८१ ( सन् ९४८ ई० ) में केवल वलगार गण[1] ( बलहारि गण ) का उल्लेख है और नन्द्यन्त नाम वाले मेघनन्दि और केशवनन्दि ( अष्टोपवासी ) मुनियों का नाम दिया गया है। इस तरह किसी और संघ के साथ उल्लेख न देख तथा नन्द्यन्त नाम के कारण, उक्त गण को यापनीय मानने मे हमें कोई आपत्ति नहीं दिखती।

इस सम्प्रदाय के नन्दिसघ और बलहारि या वलगार गण का पीछे क्या हुआ सो तो मालूम नहीं क्योंकि इससे सम्बन्धित पीछे की शताब्दियों के कोई लेख नहीं मिले। हाँ, ११ वीं शताब्दी के ( लेखों १८८ सन् १०५८ आदि ) से नन्दि संघ को द्रविड गण या द्रविड संघ के साथ विशेष रूप से तथा १२ वीं शताब्दी के लेखों ( २५५ प्रथम भाग ४७ सन् १११५ ई० आदि ) से मूल संघ के साथ कतिपय लेखों में उल्लेख देख हम यह अनुमान करते हैं कि प्रारम्भ में द्रविड संघ को चलाने वाले या तो इस सघ के साधु थे या ११ वीं शताब्दी में नव संगठित द्रविड सघ ने इस संघ को अपना आधार बनाया था। पीछे मूल संघ का पुनर्गठन करने वाले साधु समूह ने इस संघ को अपने अन्तर्गत भी मान्यता प्रदान की। इसी तरह बलहारि या वलगार गण का उल्लेख ११वीं शताब्दी के उत्तरार्ध ( २०८ ) से बलात्कार गण के रूप में मूल संघ से सम्बद्ध मिलता है। यह सम्भव है कि बलिहारि एवं वलगार शब्द का ही परिवर्तित एवं सुसंस्कृत रूप (बलात्कार[2] ) हो और यापनीय संघ के उक्त गण को मूल संघ के संघटन कर्ताओं ने पीछे अधीन कर लिया हो।

---

१. वलगार शब्द स्थान विशेष का द्योतक है। उस स्थान से निकले साधु समुदाय का नाम वलगार गण पड़ा। वलगार नामक एक ग्राम भी था ( मेडीवल जैनिज्म, पृ० ३२७ )।

२. बलात्कार शब्द स्थानविशेष का घोतक नहीं प्रतीत होता। स्थान-विशेष के अर्थ मे संभव है, वह शब्दानुकरण मात्र हो।

रट्ट वंशी नरेशों के लेखों से इस संप्रदाय के दो और नये गणों पता चलता है। वे हैं कारेय गण और कण्डूर गण। लेख नं० १३० से ज्ञात होता है कि रट्टवंश के प्रथम नरेश पृथ्वीराम के गुरु इन्द्रकीर्ति ( गुणकीर्ति के शिष्य ) मैलाप तीर्थ कारेय गण के थे। कारेय गण निश्चित रूप से यापनीय था यह बात हमें जैन एन्टीक्वेरी भाग ६, अंक २, पृष्ठ ६८, ६६ मे अङ्कित दो लेखों ( ५३-५५ ) से मालूम होती है। लेख नं० १३० के सिवाय लेख नं० १८२ में भी कारेय गण का उल्लेख है और वहाँ मैलापतीर्थ के स्थान मे मैलापान्वय लिखा हे तथा गुरुपरम्परा लेख नं० १३० के गुणकीर्ति से प्रारम्भ की गई है। दोनों लेखों को मिलाकर कारेय गण मैलाप अन्वय की परम्परा इस प्रकार बनती है—मूल भट्टारक, गुणकीर्ति,, इन्द्रकीर्ति, नागचन्द्र ( गुणकीर्ति के शिष्य) जिनचन्द्र, शुभकीर्ति, देवकीर्ति। देवकीर्ति मुनि को किसी अमोघवर्ष नरेश के गंग सामन्त ने जैन मन्दिर बनवा कर एक गाँव दान मे दिया था। लेख मे शक संवत् २३१ दिया गया है जो कि अशुद्ध प्रतीत होता है। कारेयगण का इस संग्रह के अन्य लेखों में और कोई उल्लेख नहीं है।

इस सम्प्रदाय के कण्डूर गण का अस्तित्व रट्ट नरेशों के दो लेखों नं० १६० और २०५ से विदित होता है। लेख नं० १६० ( सन् ६८० ई० ) में यापनीय कण्डूर गण की गुरुपरम्परा इस प्रकार है—देवचन्द्र, देवसिंह, रविचन्द्र अर्हणन्दि, शुभचन्द्र, मौनि देव और प्रभाचन्द्र देव। लेख नं० २०५ में कण्डूर गण के रविचन्द्र और अर्हणन्दि ( १६० ) का उल्लेख है। इस गण का ११ वीं शताब्दी में क्या हुआ सो तो मालूम नहीं पर मूल संघ के ११ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से मिलने वाले लेखों ( २०७, २०६ आदि ) में क्राणूर गण[1] के रूप में उल्लेख देख ऐसा लगता है कि यापनीय कण्डूर गण ही मूल संघ द्वारा आत्मसात् कर लिया गया है।

इस तरह लेखगत प्रमाणों से हम देखते हैं कि यह संघ ४ थीं से १० वीं

---

१. कण्डूर से काडूर और बाद में क्राणूर का प्रचलन हुआ, ऐसा प्रतीत होता है।

शताब्दी या उसके कुछ बाद तक अच्छा संगठित था इसमें कई प्रभावशाली गण थे जिन मे से पुन्नागवृक्ष मूलगण, वलहारि गण और कण्डूर गण मूलसंघ में शामिल कर लिए गये और नन्दिसंघ को द्रविड संघ और पीछे मूलसंघ ने अपना लिया।

## कूर्चकसंघ

कर्नाटक प्रान्त में ईस्वी पांचवी शताब्दी या उसके पहले जैनों का एक सम्प्रदाय कूर्चक नाम से था और कदम्बवशी राजाओं के लेखों ( ६८, ६६ ) से ज्ञात होता है कि वह निर्ग्रन्थ संघ, श्वेतपट ( श्वेताम्बर ) सत्र एव यापनीय संघ से पृथक् था। श्रद्धेय प्रेमी जी का अनुमान है कि यह कूर्चक जैन साधुओं का ऐसा सम्प्रदाय होना चाहिये जो दाढ़ी-मूंछ रखता हो। प्राचीनकाल में जटाधारी, शिखाधारी, मुड़िया, कूर्चक, वस्त्रधारी और नग्न आदि अनेक प्रकार के अजैन साधु थे। जान पड़ता है कि इसी तरह जैनो में भी साधुओं का ऐसा सम्प्रदाय था जो दाढ़ी-मूंछ ( कूर्चक ) रखने के कारण कूर्चक[1] कहलाता होगा। वरागचरित्र के कर्ता जटाचार्य सिंहनन्दि सम्भव है ऐसे ही साधुओं में थे जिनकी जटाओं का वर्णन ( जटा: प्रचलवृत्तयः ) आचार्य जिनसेन ने अपने आदिपुराण में किया है।

कदम्बवंशी राजाओं के एक लेख ( ६६ ) में इस सम्प्रदाय का यापनीय और निर्ग्रन्थों के साथ उल्लेख है। लेख मे 'यापनीयनिर्ग्रन्थकूर्चकानां' बहुवचनान्त पद सूचित करता है कि यापनीय, निर्ग्रन्थ और कूर्चक तीन पृथक् सम्प्रदाय थे। कूर्चक सम्प्रदाय के भी कई संघ थे इससे उक्त सम्प्रदाय का लेख नं १०३ में बहुवचन (कूर्चकानाम्) प्रयोग किया है। यदि लेख नं० ६६ के कूर्चक पद को बहुवचनान्त मान निर्ग्रन्थ पद को उसका विशेषण मान लें, तो कहना होगा कि वह संघ निर्ग्रन्थ अर्थात् दिगम्बर सम्प्रदाय का ही एक भेद था। कदम्ब मृगेशवर्मा ने अन्य दो जैन सम्प्रदायों के समय इसे भी भूमिदान देकर सत्कृत किया था। दूसरे एक लेख ( १०३ ) में इस संघ के अवान्तर वारिषेणाचार्य संघ का उल्लेख

है। साथ में लिखा है कि उक्तसंघ के प्रधान मुनि चन्द्रक्षान्त को कदम्ब नरेश हरिवर्मा ने अपने पितृव्य शिवरथ के उपदेशसे सिंह सेनापति के पुत्र मृगेश द्वारा निर्मापित जैन मन्दिर की अष्टाह्निका पूजा के लिए तथा सर्व संघ के भोजन के लिए वसुन्तवाटक नामक ग्राम दान में दिया था। लेख नं० १०४ मे अहरिष्टि नामक एक और श्रमण सघ का उल्लेख है जिसे सेन्द्रक सामन्त भानुशक्ति की प्रार्थना पर कदम्ब नरेश हरिवर्मा ने मरदे नामक ग्राम दान में दिया था। उक्त संघ के आचार्य धर्मनन्दि को यह दान मे भेट किया गया था ताकि वे अपने अधीन चैत्यालय की पूजा आदि का प्रबन्ध कर सके और उस दान का उपयोग साधुओं के लिए भी कर सके। यद्यपि इस लेख मे कूर्चक सम्प्रदाय का उलेख नहीं है तथापि जान पड़ता है कि वारिषेणाचार्य संघ के समान ही अहरिष्टि श्रमण संघ भी कूर्चकों का एक भेद था।

## द्राविड़ संघ

द्रविड़ देश में रहने वाले जैन साधु समुदाय का नाम द्राविड़ सघ है। इस सघ के अनेकों लेख प्रस्तुत संग्रह मे हैं। इन लेखों मे इसे द्रमिड़, द्रविड़, द्रविण, द्रविड, द्राविड, दविल, दरविल या तिवुल नाम से उल्लिखित किया गया है। नामगत ये सब भेद लेखक या उत्कीर्णक के कारण हुए प्रतीत होते हैं। द्रविड़ देश वास्तव मे वर्तमान आन्ध्र और मद्रास प्रान्त का कुछ हिस्सा है जिसे सुविधा की दृष्टि से तामिल देश भी कह सकते हैं। इस देश मे जैनधर्म पहुँचने का समय बहुत प्राचीन है। उस देश के प्राचीन साधु समुदाय का कोई संघ रहा होगा। उसका क्या नाम था यह हमे मालुम नहीं पर देवसेनाचार्य ने अपने दर्शनसार में अन्य संघों के उत्पत्ति के वर्णन मे द्राविड़ संघ के सम्बन्ध मे लिखा है कि पूज्यपाद के शिष्य वज्रनन्दि ने वि० सं० ५२६ मे दक्षिण मथुरा ( मदुरा ) मे द्राविड़सघ की स्थापना की। इस संघ को वहाँ जैनाभासों मे गिनाया गया है और वज्रनन्दि के

---

१. जैन साहित्य और इतिहास ( द्वितीय संस्करण ) पृष्ठ ५५६-५६३

विषय में लिखा है कि उस दुष्ट ने कच्छार, खेत, वसदि और वाणिज्य से जीविका निर्वाह करते हुए शीतल जल से स्नान करते हुए प्रचुर पाप अर्जित किया।[1] इस कथन में सच्चाई कहा तक है यह तो हम नहीं कह सकते पर इन लेखों में इस संघ के अनेक प्रतिष्ठित और विद्वान् आचार्यों को देखते हुए ऐसा लगता है कि शायद संघीय विद्वेष के कारण मूलसंघ के उक्त आचार्य ने एक प्राचीन आचार्य के सम्बन्ध मे ऐसी कटूक्ति कह दी हो।

इस संघ से सम्बन्धित इस संग्रह के सभी लेख ईस्वी १०-११वीं शताब्दी या उसके ही बाद के हैं। इससे पहले इसकी प्राचीनता का द्योतक शायद ही कोई लेख मिला हो, तथा दसवीं शताब्दी से पहले का ऐसा कोई ग्रन्थ भी नहीं जो इस संघ के इतिहास पर प्रकाश डाले।

इस संघ के प्रायः सभी लेख कोङ्गाल्ववंशी, शान्तरवंशी तथा होय्सल-वंशी राजाओं के राज्यकाल के हैं जिससे ज्ञात होता है कि उन वंशों के नरेशो का इस संघ को संरक्षण प्राप्त था। अधिकांश लेख होय्सल नरेशों के हैं। इन लेखों से यह भी ज्ञात होता है कि इस संघ के आचार्यों ने पद्मावती देवी की पूजा एवं प्रतिष्ठा के प्रसार मे बड़ा योग दिया था। इस संघ के कई लेखों में शान्तर और होय्सलवंश के आदि राजाओं द्वारा राज्य सत्ता पाने में पद्मावती के चमत्कार या प्रभाव की सहायता दिखायी गई है। लेखों से यह भी ज्ञात होता है कि इस संघ के साधु वसदि या जैन मन्दिरों में रहते थे। उनका जीर्णोद्धार और ऋषियों को आहार दान, तथा भूमि, जागीर आदि का प्रबन्ध करते थे।

---

१. सिरिपुज्जपादसीसो दाविडसंघस्स कारगो दुट्ठो।
णामेण वज्जणंदी पाहुडवेदी महासत्थो ॥ २५ ॥
पञ्चसए छव्वीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
दक्खिणमहुरा जादो दाविडसंघो महामोहो ॥ २६ ॥
कच्छं खेत्तं वसहिं वाणिज्जं कारिऊण जीवन्तो।
ण्हंतो सीयलनीरे पावं पउरं च संचेदि ॥ २७ ॥

इस संघ के आदि एवं प्राचीन कुछ लेख होय्सलों के उत्पत्ति स्थान अङ्गदि ( सोसेवूर ) से ही प्राप्त हुए हैं। इस स्थान के एक लेख नं० १६६ ( सन् ६६० के लगभग ) में इस संघ को द्रविड संघ कोण्डकुन्दान्वय, तथा दूसरे लेख नं० १७८ ( सन् १०४० ई० ? ) में मूलसंघ द्रविडान्वय लिखा है। पर ई० ११ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के लेख नं० १८८,१८६,१६०,१६२,२०२, २१४,२१५,२१६ और २२६ में इसका द्रविड़ गण के रूप में नन्दिसंघ इरुङ्गला-न्वय या अरुङ्गलान्वय के साथ उल्लेख किया गया है। इन निर्देशों से यह अनुमान होता है कि प्रारम्भ में नव संगठित द्रविड़ संघ ने अपना आधार या तो मूलसंघ को या कुन्दकुन्दान्वय को बनाया होगा पर पीछे यापनीय सम्प्रदाय के विशेष प्रभावशाली नन्दिसंघ मे इस सम्प्रदाय ने अपना व्यावहारिक रूप पाने के लिए उससे विशेष सम्बन्ध रखा या द्रविड़ गण के रूप मे उक्त संघ के अन्त-र्गत हो गया। पीछे यह द्रविड़ गण इतना प्रभावशाली हुआ कि उसे ही संघ का रूप दे दिया गया और साथ मे कुछ लेखों ( २१३-२१५ ) मे नन्दिसंघ को नन्दिगण के रूप मे निर्दिष्ट किया गया पर पीछे उसको उसी रूप ( नन्दिसंघ ) से उल्लेख किया गया है। दर्शनसार ( १० वीं शता० ) में द्रविड़ संघ को यापनीयों के साथ जो जैनाभास कहा गया है, वह संभव है, इस ओर ही संकेत कर रहा है।

होय्सलों के उत्पत्तिस्थान अङ्गदि ( सोसेवूर ) से इस संघ के आदि एवं प्राचीन लेखों की प्राप्ति से हम अनुमान करते हैं कि इस संघ के प्रारम्भिक आचार्यों ने जैन धर्म संरक्षक होय्सल नरेशों को ऊपर उठाने में अवश्य सहायता की होगी, अथवा प्रगतिशील दोनों—राज्य एवं संघ—ने एक दूसरे को बढाने की कोशिश की होगी[1]। होय्सल वंश के अनेकों नरेश और सेनापति इस संघ के

---

१. बहुल संभव है कि होय्सल वंश के समुद्धारक सुदत्तमुनि ( ४५७ ) या वर्धमान मुनि ( ६६७ ) लेख नं० १६६ में आये त्रिकाल मौनि देव हों या विमलचन्द्राचार्य के सधर्मा कोई और मुनि हों।

भक्त थे हालां कि उन्होंने अपनी भक्ति एवं आदर दूसरे जैन संघों के प्रति भी प्रदर्शित किया है। धार्मिक उदारता सचमुच में उस युग की देन थी।

इसके बाद इस नवीन संघ के एक प्रमुख आचार्य के रूप में वज्रपाणि पण्डित का नाम आता है। लेख नं० १७८ में इन्हें द्रविड़ान्वय मूलसंघ का तथा नं० १८५ में सूरस्थ गण का लिखा है। पिछले लेख में उनकी एक गृहस्थ शिष्या के दान का उल्लेख है। लेख नं० १७८ की शुरू की पंक्तियां भग्न हैं पर 'तर्कोच्चालित' आदि विशेषणों से प्रतीत होता है कि ये बड़े तार्किक थे। ये होय्सल नरेश राचमल्ल भूपाल ( नृपकाम ) के गुरु थे और इन्होंने होय्सलों के उत्पत्तिस्थान सोसेवूर में अपना जीवन बिता कर संन्यास मरण किया था। लेख में यद्यपि काल निर्देश नहीं है फिर भी उनका समय द्रविड़ संघ का प्रथम साहित्यिक उल्लेख करने वाले ग्रन्थ दर्शनसार और होय्सल नृपकाल के समय के आसपास होना चाहिये। देवसेनाचार्य के दर्शनसार में जिस वज्रनन्दि का वर्णन किया गया है और उनके द्वारा प्रवृत्त जिस शिथिलाचार की ओर संकेत किया गया है, उससे प्रतीत होता है कि इस संघ की स्थापना देवसेन के समय ( १० वीं शता० ) या उससे कुछ पूर्व हुई है। वि० सं० ५२६ के जिस वज्रनन्दि को ग्रन्थकर्ता ने शिथिलाचार फैलाने का दोषी ठहराया है, उसका उल्लेख किसी लेख या उनसे पूर्व किसी ग्रन्थ में नहीं मिलता। फिर जिन कटुशब्दों द्वारा एक संघ के अनुयायी द्वारा दूसरे संघ के प्रतिष्ठापक आचार्य की भर्त्सना की गई उससे प्रतीत होता है कि वे समकालीन या कुछ ही समय पूर्ववर्ती रहे होंगे। संभव है इस लेख के वज्रपाणि ही वज्रनन्दि हो, पर इस अनुमान की पुष्टि के लिए अभी और प्रमाणों की आवश्यकता है।

वज्रपाणि पण्डित की आगे पीछे की गुरुपरम्परा का वर्णन हमें किसी लेख से प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद इस संघ के लेखों में नन्दिसंघ के आचार्यों की परम्परा चलने लगती है। इस संघ के अनेकों ऐसे लेख हैं जो कि पट्टावली कहे जा सकते हैं पर उनमें गुरुपरम्परा का क्रम व्यवस्थित न होने से कम से कम प्राचीन आचार्यों के क्रम पर विश्वास नहीं किया जा सकता। अनेकों लेखों

(२१३-२१४ आदि) में वर्धमान, एवं गौतमस्वामी के उल्लेख पूर्वक कतिपय प्रसिद्ध जैनाचार्यों का निर्देश किया गया है—जैसे कोण्डकुन्दाचार्य, भद्रबाहु, समन्तभद्र-स्वामी, सिंहनन्दि, अकलंक देव, वज्रनन्दि, पूज्यपाद स्वामी आदि। इन लेखों में यह दिखाने का प्रयत्न किया गया है कि प्रायः सभी प्रतिष्ठित प्राचीन आचार्य द्रविड़ संघ के नन्दिसंघ के अन्तर्गत थे। हम पहले संभावना कर चुके हैं कि नन्दि संघ द्रविड़ संघ में यापनीय संघ से आया है। नन्दिसंघ की एक प्राचीन प्राकृत पट्टावली भी है[1] जिसमें भगवान् महावीर के बाद ६८३ वर्षों तक की परम्परा दी गई है। उसके बाद के क्रम का उल्लेख करने वाली कोई प्रामाणिक पट्टावली उपलब्ध नहीं होती। संभव है द्रविड़ संघ में आकर नन्दिसंघ के पश्चात्कालीन आचार्यों ने अपनी स्मृति से कुछ परम्परा को सुरक्षित रखने के लिए लेखों में उक्त आचार्यों का निर्देश किया हो। यह निर्देश सूचित करता है कि उक्त आचार्य उस नन्दिसंघ के अन्तर्गत थे जो कि प्रारम्भिक शताब्दियों में याप-नीय था।

इस संघ के अन्तर्गत नन्दिसंघ के साथ प्रत्येक लेख में अरुङ्गलान्वय का उल्लेख मिलता है। अरुङ्गलान्वय किसी स्थानविशेष की अपेक्षा सूचित करता है। अरुङ्गल नाम का स्थान भी तामिल प्रान्त के गुडियपत्तन तालुका में है जो कि एक प्राचीन जैन स्थान था। हम यापनीय संघ के वर्णन में देख चुके हैं कि तामिल प्रान्त में यापनीय नन्दिसंघ का अस्तित्व पूर्वीय चालुक्यों के राज्य में था। द्रविड़ संघ, नन्दिसंघ, अरुङ्गलान्वय इन तीनों शब्दों का एकत्र प्रयोग हमें निःसन्देह सूचित करता है कि वह तामिल प्रान्त का नन्दिसंघ था जो कि अरुङ्गल स्थान से उद्भूत हुआ था। इससे अब हमें यह कहने में संकोच न होना चाहिये कि तामिल प्रान्त के यापनीयों के नन्दिसंघ से ही द्रविड़ संघ के नन्दि-संघ को उत्तराधिकार मिला था।

---

१. षट्खंडागम, पुस्तक १, पृ० २४-२७। संभव है यह पट्टावली प्राचीन याप-नीय नन्दिसंघ की हो।

११-१२ वीं शताब्दी में इस सघ के मुनियों की गद्दियाँ कोङ्गाल्व राज्य के मुल्लूर तथा शान्तर राजाओ की राजधानी हुम्मच में थीं। हुम्मच से प्राप्त लेख नं० २१३-२१६ में इस संघ के अनेकों आचार्यों का परिचय मिलता है। इनमें श्रेयांस पण्डित, उनके सधर्मा कमलभद्र और वादीभसिंह अजितसेन पण्डित के पूर्ववर्ती और समकालीन आचार्यों की परम्परा दी गई है। जो इस प्रकार है:—

इनमें मौनिदेव और विमलचन्द्र भट्टारक वे ही मालुम होते हैं जिनका उल्लेख अंगदि से प्राप्त लेख नं० १६६ ( लगभग ६६० ई० ) में द्रविड़ संघ कुन्दकुन्दान्वय के आचार्य के रूप में किया गया गया है। शायद ये ही द्रविड़ संघ के आदि प्रवर्तक आचार्य रहे हों। कनकसेन वादिराज का दूसरा नाम लेख नं० २१३ और २१५ में हेमसेन दिया गया है। संस्कृत में कनक और हेम का अर्थ भी एक होता है। इन्हें श्रीविजय, वादिराज, दयापाल आदि के गुरु के रूप मे कहा गया है। वादिराज की उपाधियाँ षट्तर्कषण्मुख और

जगदेकमल्लवादी थीं। वादिराज भी हमे एक उपाधि मालुम होती है, क्योंकि लेख नं० ३४७ में इनका असली नाम श्री वर्धमान जगदेकमल्ल वादिराज दिया गया है। इनके सधर्मा रूपसिद्धि नामक व्याकरण ग्रन्थ के कर्ता दयापाल थे। मल्लिषेण प्रशस्ति ( २६०, प्रथम भाग ५४ ) में उपर्युक्त पट्टावली के अनेकों आचार्यों का उल्लेख तथा प्रशंसावाक्य दिये गये हैं। उसमें वादिराज के गुरु का नाम मतिसागर दिया गया है और दयापाल को उनका सधर्मा माना गया है। उसी प्रशस्ति के ३५ वें पद्य में मतिसागर की प्रशंसा के बाद ३६-३७वें पद्य में हेमसेन मुनि की प्रशंसा की गई है, पर दोनों आचार्यों का कोई सम्बन्ध नहीं बतलाया गया। हेमसेन तो निःसन्देह हुम्मच के उक्त दोनों लेखों के कनकसेन वादिराज ( हेमसेन ) ही हैं। पर वादिराज के गुरु मतिसागर भी थे, यह बात हमें उनकी षट्तर्कषण्मुख प्रतिभा के परिचायक उनके न्यायशास्त्र के ग्रन्थ न्यायविनिश्चयविवरण की प्रशस्ति से मालुम होती है। लेखों से यह सिद्ध होता है कि मतिसागर और हेमसेन ( कनकसेन ) दो व्यक्ति थे। संभव है एक तो वादिराज के दीक्षागुरु और दूसरे विद्यागुरु रहे हों। हमारे इस आशय का समर्थन न्यायविनिश्चयविवरण की प्रशस्ति के दूसरे पद्य से भी होता है जहाँ श्लेषात्मक ढंग से जिनेन्द्र की स्तुति करते हुए वादिराज ने 'सन्मतिसागरकनकसेनाराध्यम्' लिखा है। वादिराज बड़े ही विद्वान्, लेखक एवं वादी आचार्य थे। इन्हें चालुक्य नरेश जयसिंह तृतीय जगदेकमल्ल ( सन् १०१६-१०४४ ) ने जगदेकमल्लवादि नामक उपाधि दी थी ( २६० पद्य ४२, प्रथम भाग ५४ )। लेख न० २१५ मे इन्हें अकलक, धर्मकीर्ति और अक्षपाद के प्रतिनिधिरूप माना गया है।

वादिराज के अन्य सधर्माओ में पुष्पसेन और श्रीविजय पण्डित थे। पुष्पसेन हमे वे ही प्रतीत होते हैं जिनकी पादुकाओ की स्थापना का स्मारक लेख नं० १७७ ( सन् १०३० के लगभग ) में है। इनके शिष्य का नाम गुणसेन था जिनके कई लेख मुल्लूर से प्राप्त हुए हैं। ये कोङ्गाल्व नरेश राजेन्द्र चोल के कुलगुरु थे ( १८८-१६२ )। लेख नं० २०१ में इन्हें पोय्सलाचारि लिखा

है जिससे ज्ञात होता है कि इनका प्रभाव होय्सल राजाओं पर भी था। लेख नं० २०२ ( सन् १०६४ ई० ) इनके समाधिमरण का स्मारक है और उन्हें द्रविल-गण, नन्दिसंघ, अरुङ्गलान्वय का नाथ तथा अनेक शास्त्रों का वेत्ता लिखा है। लेख नं० १७७ और लेख नं० २०२ में अंकित वर्षों से ज्ञात होता है कि वे ३४ वर्षों ( १०३० ई०–१०६४ ई० ) तक बराबर जिनशासन की प्रभावना करते रहे। हुम्मच के लेख नं० २१३ में इनका नाम वादिराज के बाद की पीढी के आचार्यों में दिया गया है और मल्लिषेण प्रशस्ति के पद्य ५३ में इनकी प्रशंसा की गयी है।

श्रीविजय पण्डित के सम्बन्ध में लेख नं० २१३ से विदित होता है कि वे अनेक प्रतिष्ठित आचार्यों के गुरु थे। उनका दूसरा नाम वोडेयदेव या ओडेयदेव था जो कि तियगुडि के निडुम्बरे तीर्थ, अरुङ्गलान्वय, नन्दिगण के अधीश्वर थे। इन्हें तामिल प्रान्त ( तामेल्लरु ) से सम्बन्धित बताया गया है ( २१४ ) पर इनका अधिक समय हुम्मच मे बीता था ऐसा उक्त स्थान से प्राप्त लेखों से मालुम होता है। इनके गृहस्थ शिष्यों में नन्नि शान्तर एवं प्रसिद्ध जैन महिला चट्टलदेवी प्रमुख थे।

श्रीविजय के शिष्यों में श्रेयासदेव को लेख नं० २१३ में उर्वीतिलक जिना-लय का प्रतिष्ठापक लिखा है। दूसरे शिष्य कमलभद्र लेख न० २१४ और २१६ के अनुसार भुजबल शान्तर आदि तथा चट्टल देवी द्वारा सम्मानित थे। तीसरे शिष्य अजितसेन[1] बड़े ही विद्वान् थे। उनकी कई उपाधियाँ थीं—जैसे शब्द-

---

१. कुछ विद्वान् इन अजितसेन वादीभसिंह का गद्यचिन्तामणि और क्षत्रचूडामणि के कर्ता वादीभसिंह अजितसेन से साम्य स्थापित करते हैं, पर यह ठीक नहीं क्योंकि ग्रन्थकर्ता अजितसेन के गुरु का नाम पुष्पसेन था। इस लेख के अजितसेन के गुरु सधर्मा एक पुष्पसेन अवश्य थे पर वे ग्रन्थकर्ता अजितसेन के गुरु थे यह लेखो से नहीं ज्ञात होता।

चतुर्मुख, तार्किकचक्रवर्ती एवं वादीभसिंह ( २१४ )। लेख नं० २४८ में इन्हें वादिघरट्ट, तार्किक चक्रवर्ती एवं वादीभपञ्चानन कहा गया है। ये विक्रम शान्तर द्वारा पूजित थे। उसने पञ्चवसदि जिनालय के लिए इन्हें ग्रामादि भेंट में दिये थे ( २२६ )। पीछे विक्रम शान्तर के पुत्र त्रिभुवनमल्ल शान्तर ने अपनी दादी की स्मृति में इन्हीं गुरु का स्मरण कर एक मन्दिर का शिलान्यास किया था ( २४८ )। इन मुनि के अन्तिम समय का स्मारक लेख नं० १३२ है जिसका समय लगभग १०६० ई० दिया गया है। लेख नं० २१४ में इनके सधर्मा मुनि कुमारसेन का नाम दिया गया है जो कि वैद्यगजकेशरी थे। लेख नं० २१३ में इनके समकालीन शान्तिदेव और दयापाल नामक दो मुनियों का उल्लेख है। शान्तिदेव के सम्बन्ध में मल्लिषेण प्रशस्ति में लिखा है कि इनके पवित्र पादकमलों की पूजा होय्सल विनयादित्य द्वितीय ( सन् १०४७ से, ११०० ई० ) करता था। लेख नं० २०० से भी यह बात समर्थित होती है। इस लेख के अनुसार सन् १०६२ में इनकी मृत्यु के उपलक्ष्य में एक स्मारक खड़ा किया गया था। दयापाल के सम्बन्ध में मल्लिषेण प्रशस्ति में केवल प्रशंसा पद दिये गये हैं।

हुम्मच के लेखों से प्राप्त इतिवृत्त के बाद इस संग्रह के अनेकों लेखों से[1] जो संघ की आचार्यपरम्परा ज्ञात होती है वह इस प्रकार है—

---

१—इस संग्रह के अन्य लेख हैं—२६४, २६५, २७४, २८७, २८८, २९० ३०५, ३१६, ३२६, ३२७, ३४७, ३५१, ३७३, ३७५, ३७६, ३८०, ४१०, ४२५ और ४६६.

## मूलसंघ के गण, गच्छ एवं अन्वय

हम पहले लिख चुके हैं कि यापनीय और द्रविड संघ के वर्णन के वाद मूलसघ के गण गच्छादि का लेखों से प्राप्त होने वाले वाला परिचय देंगे। इसके सम्बन्ध में ११ वीं शताब्दी के आचार्य इन्द्रनन्दि के श्रुतावतार में और उसके

अनुकरण पर पीछे १४ वीं शताब्दी मे लिखे गये लेखो (५६६ प्रथम भा० १०५ और ६२५ प्रथम भाग० १०८ ) मे लिखा है कि अर्हद्‌वलि आचार्य ने आपसी द्वेप को घटाने के लिए सेन, नन्दि, देव और सिंह नाम से चार सघों की रचना की थी अथवा अकलंक देव के स्वर्गवास के वाद संघ, देश भेद से उक्त चार भेदो मे विभाजित हो गया, इनमें कोई चरित्रभेद नही है आदि. पर ऊपर जैन संघ के विकासक्रम को दिखाते हुए हमें यह लगता है कि यह वहुत कुछ मूलसंघ कुन्दकुन्दान्वय को नव संगठित करने वाले आचार्यो की कल्पना थी इसके पीछे ऐतिहासिक आधार कम है ।

देवगण—लेखो के निर्देशानुसार मूलसंघ के अन्य गणों से देवगण कुछ प्राचीन है यह हम कह आये हैं । इस गण का अस्तित्व लक्ष्मेश्वर से प्राप्त चार लेखो ( १११,११३,११४ और १४९ ) से तथा कडवन्ति से प्राप्त ११ वीं शताब्दी के एक लेख ( १९३ ) से मालुम होता है । इसके पश्चात् और लेखों मे इसका उल्लेख नहीं मिलता । देवगण यह नाम कैसे पड़ा यह तो तत्कालीन लेखों से ज्ञात नहीं होता पर उक्त गण के सभी आचार्यों के नाम देवान्त देख यह लगता है कि इससे ही देवगण नाम पड़ा हो । आचार्यों के नाम इस प्रकार हैं—पूज्यपाद, उदयदेव, ( ११३ ) रामदेव, जयदेव, विजयदेव ( ११४ ) एकदेव, जयदेव (१४९) अङ्कदेव, महीदेव ( १९३ )। इनमें पूज्यपाद को कुछ इतिहासज्ञ अकलंकदेव पूज्यपाद मानते हैं । यदि यह सत्य है तो कहना होगा कि अकलंकदेव ही इस गण के प्रतिष्ठापक थे ।

सेनगण—देवगण के समान सेनगण भी प्राचीन है । एक दृष्टि से तो उससे भी प्राचीन है । यद्यपि लेखों मे इसका सर्वप्रथम उल्लेख मूलगुण्ड से प्राप्त लेख नं० १३७ ( सन् ९०३ ) मे हुआ है पर इसके पहले नवमी शताब्दी के उत्तरार्ध ( सन् ८९८ के पहले ) में उत्तरपुराण के रचयिता गुणभद्र ने अपने गुरु जिनसेन और दादागुरु वीरसेन को सेनान्वय का कहा है । पर जिनसेन

और वीरसेन ने जयधवला और धवला टीका में अपने वंश को पञ्चस्तूपान्वय[1] लिखा है। यह पञ्चस्तूपान्वय ईसा की पाचवीं शताब्दी मे निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय के साधुओं का एक संघ था यह बात पहाड़पुर ( जिला राजशाही, बंगाल ) से प्राप्त एक लेख से मालूम होती है[2]। पञ्चस्तूपान्वय का सेनान्वय के रूप में सर्वप्रथम उल्लेख गुणभद्र ने, संभव है अपने गुरुओं के सेनान्त नाम को देखते हुए किया है। इससे हम कह सकते हैं कि गुणभद्र के गुरु जिनसेनाचार्य इस गण के आदि आचार्य थे।

मूलगुण्ड के लेख नं० १३७ में सेनगण को सेनान्वय लिखा है और किसी आसार्य नाम के व्यक्ति द्वारा उक्त वंश के कनकसेन मुनि को एक खेत दान देने का उल्लेख है। लेख मे कनकसेन को वीरसेन का शिष्य लिखा है और वीरसेन के आगे दो नाम—पूज्यपाद और कुमारसेन–दिये हैं पर उनसे वीरसेन का संबन्ध नहीं बतलाया। हमारी समझ में पूज्यपाद देवगण के अकलंक देव पूज्यपाद थे जिनकी कृतियों का मर्म वीरसेन स्वामी ने अच्छी तरह समझा था और काल की दृष्टि से भी वीरसेन (सातवी का उत्तरार्ध और आठवीं का पूर्वार्ध ) अकलंकदेव ( सातवीं शताब्दी ) से दूर नहीं है। कुमारसेन का उल्लेख द्वितीय जिनसेन ( पुन्नाटसघीय ) ने अपने हरिवशपुराण मे वीरसेन गुरु से पहले किया है और उनके शिष्य के रूप मे प्रभाचन्द्राचार्य को लिखा है।

इसके बाद इस गण के लेखों में सेनगण के साथ पोगरि गच्छ का उल्लेख हैं जो कि १३ वी शताब्दी तक के लेखों में मिलता है। इन लेखों मे जिस तरह आचार्यों का निर्देश है। उससे इस वंश की कोई गुरुपरम्परा नहीं निर्मित की जा सकती। लेख नं० १८६ ( सन् १०५४ ई० ) २१७ ( १०७७ई० ) तथा ५११ ( सन् १२७१ ई० ) मे एक महासेन नामक मुनि का नाम आता है।

---

१. पञ्चस्तूपान्वय का मूल कुछ विद्वान् पूर्वीय बंगाल से और कुछ मथुरा के पञ्चस्तूपों से, जिनका उल्लेख हरिषेण के कथाकोष में हैं, मानते हैं।

२. जैन सिद्धान्तभास्कर भाग १६, किरण १, पृष्ठ १–६।

उन्हें ब्रह्मसेन का प्रशिष्य और आर्यसेन का शिष्य लिखा है तथा लेख नं० २१७ में गुणभद्र के सहधर्मी के रूप में लिखा है और उनके किसी विद्वान् शिष्य रामसेन का नाम दिया है पर लेख न० ५११ में वीरसेन,जिनसेन और गुणभद्र का उल्लेख कर बिना कोई सम्बन्ध बताये महासेन और उसके बाद उनके शिष्य पद्मसेन का नाम है। इस सबसे यह मालुम होता है कि तीनों लेखों के महासेन जुदे २ व्यक्ति थे। हिरे आवलि से इस गण के पाँच लेख प्राप्त हुए हैं जो कि १२ वीं से १५ वीं शताब्दी के बीच के हैं। जिनसे प्रतीत होता है कि यह स्थान इस गण के साधुओं का प्रमुख केन्द्र रहा है। लेख नं० ५३८ (१३ वीं शताब्दी का उत्तरार्ध) में सेनगण के साथ कुन्दकुन्दान्वय जुड़ा है और किन्हीं कत्तरसेन का उल्लेख है, तथा लेख न० ६१४ (सन् १४२१ ई०) में इस गण के मुनिभद्र स्वामी का नाम दिया गया है। संभव है १५ वीं शताब्दी से इस गण का प्रभाव क्षीण होने लगा था।

देशिय गण और कोण्डकुन्दान्वयः—देशिय गण इस संग्रह के अनेकों लेखों में देशिय, देशिक, देशिग, देसिय, देसिग एवं महादेशिगण नाम से कहा गया है। इन नामों से ऐसा लगता है कि देशिय शब्द देश शब्द से निकला है। देश का साधारण अर्थ प्रान्त होता है। दक्षिण भारत में कन्नड प्रान्त के उस हिस्से को, जो कि पश्चिमी घाट के उच्चभूमि भाग (बालाघाट) और गोदावरी नदी के बीच में है, एक समय देश नाम से कहते थे। वहाँ के ब्राह्मण अब भी देशस्थ ब्राह्मण कहलाते हैं। सभव है कि देश नामक प्रान्त में में रहने वाले साधु समुदाय को शुरू में देशिय कहा जाता हो और पीछे वही एक प्रमुख गण के रूप में परिणत हुआ हो[१]।

प्रचलित कुन्दकुन्दान्वय का लेखगत प्राचीन नाम कोण्डकुन्दान्वय है। जिसका अर्थ होता है कोण्डकुन्दपुर से निकला मुनि वंश जैसे अरुङ्गलान्वय, श्रीपुरान्वय कित्तूरान्वय आदि। पर जहाँ वह किसी गण या संघ के विशेषण रूप में

---

१—देशीगण, जैन एन्टीक्वेरी, भाग १ अं० ३, पृष्ठ ६३-६६.

प्रयुक्त हुआ है वहाँ उस परम्परा से सम्बद्ध गण या संघ समझना चाहिये। कुछ विद्वान् साहित्यिक आधारों के बल पर सिद्ध करते हैं कि मूलसंघ और कोण्ड-कुन्दान्वय पर्यायवाची हैं, आचार्य कुन्दकुन्द ही मूलसंघ के आदि प्रवर्तक हैं आदि, पर यह बात ११ वीं शताब्दी के पहले किसी लेख से सिद्ध नहीं होती। मूलसंघ कोण्डकुन्दान्वय का एक साथ सर्व प्रथम प्रयोग लेख नं० १८० ( लगभग सन् १०४४ ई० ) में हुआ है। हाँ, कोण्डकुन्दान्वय का स्वतन्त्र प्रयोग ८-९ वीं शताब्दी के लेख नं० १२२, १२३ और १३२ में देखा गया है। लेख नं० १२३ ( सन् ८०२ ई० ) में कोण्डकुन्दान्वय को गण भी माना गया है। लेख नं० १३२ में इस अन्वय के एक आचार्य मौनि सिद्धान्तदेव भटार का नाम दिया गया है। लेख न० १२२-१२३ में इस वंश के तीन आचार्यो–तोरणाचार्य, पुष्पनन्दि और प्रभाचन्द्र-के नाम दिये गये हैं। लेख नं० १२२ से ज्ञात होता है कि गङ्गनरेश मारसिंह प्रथम के प्रभावक सेनापति श्रीविजय ने मण्णे में एक विशाल जिनालय बनाकर प्रभाचन्द्र मुनि को बसदि के लिये एक गाँव और कुछ भूमियाँ दान में दीं। इसी तरह लेख नं० १२३ से ज्ञात होता है कि उक्त श्रीविजय द्वारा निर्मापित जिनभवन के लिए प्रभाचन्द्र मुनि के शिष्य वप्पय्य ने एक गाँव दान में दिया। पुष्पनन्दि के शिष्य प्रभाचन्द्र कौन थे, यह अन्य आधारों से पता नही लगता। लेख में इन्हें चन्द्रमा के समान निर्मल चारित्र वाला लिखा है। पुष्पनन्दि को गणाग्रणी ( १२२ ) और उपशम भावना से कल्मष हीन ( १२३ ) तथा उनके गुरु तोरणाचार्य को कोण्डकुन्दान्वय में उत्पन्न तथा शाल्मलि ग्राम का निवासी बतलाया गया है। लेख नं० १२२ में इनके सम्बन्ध में लिखा है कि उन्होंने अज्ञान अन्धकार को नष्ट कर सत्पथ में लोगों को स्थापित किया था तथा अपने तेज से पृथ्वी को प्रकाशित करते हुए वे सूर्य के समान सुशोभित थे।

कोण्डकुन्दान्वय के साथ देशीय गण का सर्वप्रथम प्रयोग लेख नं० १५० ( सन् ९३१ ई० ) में हुआ है। कुछ विद्वान् मर्करा के ताम्रपत्रों ( ९५ ) को प्राचीन ( सन् ४६६ ई० ) मानकर देशीयगण कोण्डकुन्दान्वय का अस्तित्व एवं

उल्लेख वहुत प्राचीन मानते हैं पर परीक्षण करने पर उक्त लेख वनावटी सिद्ध होता है[1], तथा देशीयगण की जो परंपरा वहाँ दी गई है वह लेख नं० १५० के वाद की मालुम होती है।

---

१. मर्करा के ताम्रपत्र सन् १८७२ में इण्डियन एण्टीक्वेरी भाग १, पृष्ठ ३६३–३६५ में स्व० वी० एल० राइस महोदय ने मूल तथा अनुवाद के साथ प्रकाशित करवाये थे। ये ताम्रपत्र ८ इञ्च लंवे तथा ३.२ इञ्च चौड़े हैं पर मोटाई में एक से नहीं। इनमें गङ्गवंशी नरेश कोंगुणि प्रथम से लेकर अविनीत तक की वंशावली दी गई है और लिखा है कि अकालवर्ष पृथुवीवल्लभ के मंत्री (जिसका नाम नहीं दिया गया) ने (किसी) सवत् ३८८ के माघ महीने की शुक्ल ५, सोमवार, स्वातिनक्षत्र मे वदणेगुप्पे नामक ग्राम तलवन नगर के श्रीविजय जिनालय के लिए, देशिगण, कोण्डकुन्द अन्वय के चन्द्रणन्दि भट्टार (जिनकी गुरुपरम्परा लेख में दी गई है) को भेंट में दिया।

लेख का परिचय देते हुए वर्जेस महोदय ने लेख के सवत् को विल्सन सा० के 'मेकेन्जी कलेक्शन' के आधार पर शक संवत् माना है पर ज्योतिष शास्त्र के आधार पर उक्त संवत् के दिन और नक्षत्र को ठीक नहीं वतलाया। तदनुसार सोमवार, स्वाति नक्षत्र के स्थान मे वहाँ वुधवार उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र होना चाहिए था।

दूसरी एक और वात कि, लेख मे आगे 'अविनीत महाधिराजेन दत्तेन' आदि शब्द लिखकर अविनीत और अकालवर्ष के मंत्री के वीच क्या संवन्ध था यह स्पष्ट नहीं किया गया।

लेख की आगे की पंक्तियो से द्योतित होता है कि 'उसने (मंत्री ने) आस पास के ६ गाँवों पर आतङ्क फैलाकर उन पर अधिकार करके सन्धि द्वारा उयम्वलि एवं तलवनपुर को लेकर तथा पिरिकेरे में राजकीय अधिकारों को संचालित कर (राजमान अनुमोदन) एक मनोहर ग्राम 'वदणेगुप्पे' दान मे दिया था' (अनुवाद इ० ए० भाग, पृष्ठ ३६५)। उपर्युक्त

वर्णन हमे बलात् राष्ट्रकूट वंश के इतिहास की ओर ले जाता है। इस वंश में अकाल वर्ष उपाधिधारी तीन नरेश हुए हैं। उन सभी का नाम कृष्ण था। कृष्ण प्रथम का समय सन् ७५८ से ७७८ ई० के लगभग, द्वितीय का सन् ७७६ से ६१४ के लगभग, तथा तृतीय का सन् ६३७ से ६६८ ई० के लगभग बतलाया जाता है।

लेख का तलवनपुर वर्तमान तलकाड नामक ग्राम ही है जो कि मैसूर से २८ मील दूर कावेरी के बायें किनारे पर स्थित है। गङ्ग वंश की राजधानी यहीं थी। बदरोगुप्पे, तलकाड से ५-६ मील दक्षिण में नदी के दूसरे किनारे 'वदनकूपम्' नामक ग्राम के रूप मे पहिचाना गया है ( दि० च० सरकार—सक्शेसर आफ सातवाहनाज, पृष्ठ २६८ )। गंग राज्य के एक प्रान्त गङ्गवाडी पर, जिसमें कि तलवनपुर, मरणे ( मान्यपुर ) आदि अवस्थित हैं, राष्ट्रकूट कृष्ण प्रथम ( अकालवर्ष ) ने आधिपत्य स्थापित किया था यह हमे मन्ने से प्राप्त तलेगाव-ताम्रपत्रों से विदित होता है ( अल्तेकर-राष्ट्रकूटाज, पृ० ४४ )। इसके बाद राष्ट्रकूट साम्राज्य के अन्त होने तक गङ्ग-प्रान्त राष्ट्रकूट नरेशों के अधीन था। अतएव मर्करा के ताम्रपत्रों के अकाल वर्ष पृथुवीवल्लभ को उक्त वश के तीन अकालवर्ष उपाधिधारी नरेशों मे से एक होना चाहिए।

यह कौन नरेश था इस बात का पता हमें यदि लेख में मंत्री का नाम दिया होता तो कुछ हद तक लग सकता था पर दुर्भाग्य से वह नहीं दिया गया। फिर भी श्रीविजय जिनालय का नाम (जिसके लिए दान दिया गया था) हमे इस सम्बन्ध मे कुछ सहायता देता दिखाई देता है। इस संग्रह के मन्ने से प्राप्त दो लेखों ( १२२-१२३ ) में एक श्रीविजय का उल्लेख है जो कि सन् ७६७ ई० में गङ्ग नरेश मारसिंह के प्रभावक सेनापति के रूप में और सन् ८०२ मे राष्ट्रकूट गोविन्द तृतीय ( सन् ७८३-८१४ ई० ) के ज्येष्ठ भ्राता एवं गङ्गवाडी प्रान्त के उपशासक ( Viceroy) कम्म ( 'स्तम्भ-रणावलोक ) के अधीन तथा मन्ने के आसपास के क्षेत्र का महासामन्त एवं

शासक के रूप मे बतलाया गया है। यह श्रीविजय बड़ा ही जिनभक्त था। 'इसने मण्णे में एक विशाल जिनालय' बनवाया था ( १२२, १२३ )। इस संग्रह के बाहर के एक जैन लेख ( मै० आ० रि० १६२१, पृष्ठ ३१ ) से ज्ञात होता है कि राष्ट्रकूट कम्भ ने सन् ८०७ ई० में अपने पुत्र की प्रार्थना पर तलवनपुर के श्रीविजय जिनालय के लिए कोण्डकुन्दान्वय के कुमारनन्दि भटार के प्रशिष्य एवं एलवाचार्य के शिष्य वर्धमान गुरु को वदणेगुप्पे ग्राम दान में दिया। यह श्रीविजय जिनालय बहुत कर जिनभक्त महासामन्त श्रीविजय द्वारा ही निर्मापित हुआ था ( सालेतोरे-'मेडीवल जैनिज्म' पृष्ठ ३८ )।

उपर्युक्त विवेचन से ऐसा प्रतीत होता है कि तलवननगर में श्रीविजय जिनालय का निर्माण राष्ट्रकूट नरेश गोविन्द तृतीय के शासनकाल में हुआ था इसलिए उक्त ताम्रपत्रों का अकालवर्ष राष्ट्रकूट कृष्ण प्रथम तो हो नहीं सकता, क्योंकि वह गोविन्द तृतीय का पितामह था। तब उसे कृष्ण द्वितीय या तृतीय में से कोई होना चाहिए।

अब हम मर्करा के ताम्रपत्रों के उस वक्तव्य की ओर ध्यान देते हैं जिसमें अकालवर्ष के मन्त्री द्वारा आसपास के गावों पर आतंक या आक्रमण आदि की चर्चा है। तलवनपुर पर आक्रमण का संकेत हमें कृष्ण तृतीय के राज्यकाल मे मिलता है। उक्त नरेश ने अपने बहनोई एवं सामन्त गङ्ग नृप बुतुग द्वितीय का पक्ष लेकर तलवनपुर पर चढ़ाई की ( संभव है मन्त्री द्वारा की ) और उसके ज्येष्ठ भ्राता राचमल्ल तृतीय का वध कर गङ्गवंश की राजगद्दी पर उसे बैठाया (अल्तेकर, राष्ट्रकूटाज, पृ० ११२-११३)। यह एक घरेलू झगड़ा रहा होगा, इसीलिए मर्करा के ताम्रपत्रों में इसका संक्षिप्त में आभास दिया गया है। कृष्ण तृतीय को 'अकालवर्ष पृथुवीवल्लभ' इस समूचे नाम से कहा जाता था, यह बात हरसोल ताम्रपत्रों से भी समर्थित होती है ( अल्तेकर, राष्ट्रकूटाज, पृ० १२० )।

यदि किन्हीं कारणों से मर्करा के ताम्रपत्रों को प्राचीन भी मान लिया जाय तो उस लेख के सन् ४६६ के बाद और लेख नं० १५० के सन् ६३१ के पहले ४-५ सौ वर्षों तक बीच के समय में कोण्डकुन्दान्वय और देशिय गण का एक साथ लेखगत कोई प्रयोग न मिलना आश्चर्य की बात है और इतने पहले उस लेख में उक्त दोनों का एकाकी प्रयोग मर्करा के ताम्रपत्रों की स्थिति को अजीब सी बना देता है।

कोण्डकुन्दान्वय के साथ प्रयुक्त होने के पहले देशिय गण का मूलसंघ के साथ प्रयोग एक लेख[१] (१२७ सन् ८६० ई०) में देखा गया है, पर उस लेख की अपनी कहानी है। वह बहुत समय तक ताम्रपत्र के रूप में था पर पीछे (लगभग १२ वीं शता०) मुनि मेघचन्द्र त्रैविद्य के शिष्य वीरनन्दि मुनि ने कुछ लोगों के आग्रह पर उसे पाषाण पर उत्कीर्ण कराया था। इन मेघचन्द्र और वीरनन्दि की शिष्यपरम्परा लेख नं० ५५२ (प्र० भा० ४१=सन् १३१३) में दी गई है जहां उन्हें मूलसंघ देशीगण पुस्तक गच्छ कोण्डकुन्दान्वय का लिखा गया है। देशियगण की एक शाखा पुस्तक गच्छ थी यह बात हमें ई० ११वीं शताब्दी के प्रारम्भ के लेखों से ज्ञात होती है। मूलसंघ के साथ उसका प्रयोग भी ११ वीं शता० (लेख १८०) से होने लगता था पर इसके पहले और लेख नं० १२७ (सन् ८६० ई०) के बाद के करीब १५० वर्षों से ऊपर के समय में एक भी लेख में मूलसंघ के साथ देशियगण, पुस्तक गच्छ के प्रयोग को न देख, और

---

इस सबसे हमें लगता है कि मर्करा के प्राचीन ताम्रपत्रों को उक्त राजा के काल में पुनः नये रूप में उत्कीर्ण किया गया है तभी इन नामों एवं घटना आदि के साथ दान से सम्बन्धित देशीय गण, कोण्डकुन्दान्वय के आचार्यों के नाम लिखे गये हैं।

१—लेख में राष्ट्रकूट वंशावली दी गई है जो अन्य लेखों से भिन्न है, पर इसमें अमोघवर्ष के सम्बन्ध में जो घटनाये वर्णित हैं उनको इतिहासज्ञ महत्त्व देते हैं।

केवल उक्त लेख ( १२७ ) में देख सन्देह सा होने लगता है। ऐसा प्रतीत होता है कि पीछे उत्कीर्ण करते समय उस लेख में संशोधन कर मूलसंघ ला दिया गया है और वह भी, संभव है, यह समझ कर लाया गया है कि लेख के उत्कीर्णन काल १२ वीं शता० में कोण्डकुन्दान्वय और मूलसंघ पर्यायवाची या एक हो गये थे।

इस संवन्ध में लेखीय आधारों से ऐसा प्रतीत होता है कि कोण्डकुन्दान्वय का प्रचलन ई० ७ वीं के उत्तरार्ध से प्रारम्भ हुआ था और उसने ८-९ वीं शताब्दी में प्रभावशाली बनने के प्रयत्न किये थे। उसका प्रथम प्रभाव कर्नाटक प्रान्त के देशस्थ साधुओं पर पड़ा जिसके सम्पर्क से वे कोण्डकुन्दान्वय देशियगण के कहलाने लगे। कोण्डकुन्दान्वय का कुछ प्रभाव द्रविड संघ पर भी पड़ा था ऐसा लेख नं० १६६ से ज्ञात होता है पर संभव है वह प्रभाव स्थायी न था क्योंकि और किसी लेख में द्रविड संघ कोण्डकुन्दान्वय नहीं दिया गया।

हम पहले देख चुके हैं कि मूलसंघ ४-५ वीं शताब्दी में दक्षिण भारत मे विद्यमान था। उसकी धारा देवान्त और सेनान्त मुनियों के बीच देवगण और सेनगण के रूप में चल रही थी पर पिछली शताब्दियों जैसा उसका न तो संघटन था और न प्रभाव। ई० सन् ११ वीं शताब्दो के प्रारम्भ से ही उसके पुनर्गठन एवं प्रभाव का क्रम चला ऐसा लेखों से ज्ञात होता है ( १८० आदि )। द्रविड संघ के कुछ साधु भी एक वार उसके प्रभाव में थे ( १७८ )। मूलसघ के बढ़ते हुए प्रभाव के भीतर यापनीय संघ के कतिपय गण भी इन्हीं शताब्दियों में आये थे, इस ओर हम संकेत कर चुके हैं। संभवत: उस समय नवोदित इतर जैन संघों—द्रविड संघ, काष्ठा संघ—के संघटनों (गण, गच्छ आदि) ने जैन जनता पर विशेष प्रभाव डालना शुरू किया था इसलिए मूलानुगामी मूलसघ के साधु समूह ने मूल जैनत्व की रक्षा के लिये शायद आन्दोलन कर अपने पुनर्गठन के प्रयत्न में इतर संघों के तत्कालीन अनुकूल गणों को अपने में मिलाने की चेष्टा की हो। यह प्रयत्न पिछली शताब्दियों तक जारी रहा और हम देखते हैं कि १२वीं शताब्दी में द्रविड संघ का एक मात्र आधार नन्दिसंघ भी मूलसंघ कोण्ड-

कुन्दान्वय के संरक्षण में आने लगा ( २५५, प्रथम भाग ४७ आदि ) और इस तरह १३वीं शताब्दी के बाद द्रविड सघ का नाम शेष रह गया। काष्ठासंघ उत्तर भारत में आकर अपने अस्तित्व को ईसा की १६वीं शताब्दी तक बनाये रखा यह लेखों से मालूम होता है।

इस चर्चा को हम आगे के अनुसंधान कर्ताओं पर छोड़ अपने प्रकृत विषय देशिय गण पर आते हैं। यह बात पहले कही गयी है कि इस गण के इतिहास की दृष्टि से लेख नं० १५० प्रथम है और मर्करा के ताम्रपत्र द्वितीय हैं। लेख नं० १२७ को हमने सन्देह की दृष्टि से देखा है पर उक्त लेख में दिए गण-देशिय गण के आदि आचार्य के रूप मे देवेन्द्र मुनि का नाम लेख नं० १५० और बाद के कई लेखों—२०४, २३३ (प्र० भा० ४६२) २५६ ( प्र० भा० ५५ )—से भी ज्ञात होता है। इसलिए गण की आचार्यपरम्परा की दृष्टि से और उसमें अंकित समय की दृष्टि से भी यदि हम उसे ही देशिय गण का प्रथम लेख मानकर लेख नं० १५० और मर्करा के ताम्रपत्रो को दूसरा एवं तीसरा नम्बर दें तो कोई आपत्ति न होगी। उक्त लेखों से निम्न लिखित गुरुपरम्परा बनती है :—

त्रैकाल योगीश ( १२७ )
|
देवेन्द्र मुनि ( सिद्धान्त भट्टार ) ( १२७, १५० )
|
चान्द्रायणद भट्टार ( १५० )
|
गुणचन्द्र ,, ( १५०, ६५ )
|
अभयणन्दि ,, ( १५०–६५ )
|
शीलभद्र भटार ( ६५ )
|
जयणन्दि ,, ( ६५ )
|
गुणणन्दि ,, ( ६५ )
चन्दणन्दि ,, ( ६५ )

इस परम्परा में आदि मुनि त्रैकाल योगीश हैं जिनके सम्बन्ध में विशेष मालुम नहीं। देवेन्द्र सिद्धान्त के सम्बन्ध में कई लेखों को सूचित कर चुके हैं। इनका समय लेख नं० १२७ का ही समय सन् ८६० दिया गया है। १२वीं शताब्दी के द्वितीय, तृतीय और बाद के दशकों के लेखों—नं० २५५ ( प्र० भा० ४७ ) २८५ ( प्र० भा० ४३ ) ३२३ ( प्र० भा० ५० ) एवं ३८८ ( प्र० भा० ४२ ) आदि—में देवेन्द्र मुनि का नाम तो अवश्य है पर उन्हें एक बड़े विद्वान् मुनि गुणनन्दि के तीन सौ शिष्यों में उत्कृष्टतम ७२ शिष्यों में से एक बताया गया है पर इस बात का उक्त लेखों से पहले के लेखों से समर्थन नहीं होता।

उक्त गुरुवंश में देवेन्द्र मुनि के बाद चान्द्रायणद भट्टार का नाम आता है जो कि आचार्य का नाम न मालुम होकर उपाधि मालुम होती है। लेख नं० २५६ में देवेन्द्र मुनि के शिष्य का नाम चतुर्मुखदेव दिया है और लिखा है कि वे चारों दिशाओं की ओर प्रस्तुत मुख होकर अष्टोपवास व्रत करते थे इससे चतुर्मुख कहलाये। चान्द्रायणद उपाधि भी चान्द्रायण व्रत को सूचित करती है जो कि अष्टोपवास ही जैसा है। शेष दूसरे मुनियों के सम्बन्ध में हमें विशेष मालुम नहीं। लेख नं० १२७ के अनुसार देवेन्द्र मुनि को अमोघवर्ष प्रथम ने तलेयूर ग्राम तथा दूसरे गाँवों की जमीनें दान में दी थीं। लेख नं० १५० में अभयणन्दि की व्रतपरायणा शिष्या नाणब्बे कन्ति का उल्लेख है तथा लेख नं० ६५ ( मर्करा ताम्रपत्र ) में चन्दणन्दि भटार को श्रीविजय जिनालय के लिए अकालवर्ष नृप ( कृष्ण तृतीय ) के मंत्री द्वारा वदणेगुप्पे नामक गांव के दान का उल्लेख है।

इस गण के आदिम आचार्यों के नाम के साथ भट्टार पद जुड़ा है। यह हमें उपर्युक्त केवल तीन लेखों से ही नहीं मालूम होता बल्कि लेख नं० १५८ और २०४ से भी ज्ञात होता है। यथार्थ में ९ वीं-१० वीं शताब्दी के अनेकों लेखों ( १३१, १३२, १३४, १३५, १३६, १४४, १४९ आदि ) में मुनियों की उपाधि भट्टार दी गई है। पीछे के लेखों में इस गण के आचार्यों की उपाधि सिद्धान्तदेव, सैद्धान्तिक तथा त्रैविद्य दी गई है।

प्रस्तुत संग्रह में देशियगरण से संबन्धित ६५-७० लेख हैं पर कुछ ऐसे लेख हैं जिनसे ७-८ आचार्यों का एक गुरुवंश बन सकता है और कुछ से गण की विभिन्न पट्टावलिया। लेखों के पर्यालोडन से विदित होता है कि कर्नाटक प्रान्त के कई स्थानों में इस गण के केन्द्र थे। उन स्थानों में हनसोगे ( चिक हनसोगे ) प्रमुख था। यहाँ के आचार्यों से ही पीछे इस गण की हनसोगे वलि या गच्छ निकले हैं। गच्छ का साधारण अर्थ होता है शाखा और वलि ( कन्नड शब्द वलय या वलग ) का अर्थ होता है परिवार = आध्यात्मिक परिवार या समुदाय।

चिक हनसोगे से प्राप्त लेख नं० १७५, १९५, १९६ और २२३ से विदित होता है कि यहाँ इस गण की अनेक वसदियाँ (मन्दिर) थीं, जिन्हें चङ्गाल्व नरेशों द्वारा संरक्षण प्राप्त था। हनसोगे ( पनसोगे ) वलि या गच्छ के आचार्यों की लेख नं० २२३, २३२, २३९, २४१, २५३, २६९, २८४ एवं २८५ कीसहायता से प्राप्त एक परम्परा अगले पृष्ठ पर दी गई है। इसका बहुत कुछ समर्थन धवला के अन्त में दी गई आचार्य शुभचन्द्र सिद्धान्तदेव की ग्रन्थप्रशस्ति से भी होता है[1]।

लेखों से प्राप्त इस गुरुपरम्परा में और प्रशस्ति में दी गई परम्परा में कुछ अन्तर है। प्रशस्ति में गुरुवंश कुन्दकुन्द, गृद्धपिच्छ और वलाकपिच्छ से चला है और इस परम्परा के पूर्णचन्द्र को देशिय गण के प्रतिष्ठापक देवेन्द्र सिद्धान्त से जोड़ने का प्रयत्न हुआ है। उनके बीच मे वसुनन्दि और रविचन्द्र सिद्धान्तदेव नामक दो आचार्यों का नाम दिया गया है। देवेन्द्र सिद्धान्त के पहले गुणनन्दि पण्डित का नाम भी रखा गया है। मालुम होता है कि प्रशस्ति के आधार १२वीं शताब्दी के द्वितीय, तृतीय दशकों के लेख ( २५५, २८५ आदि ) रहे होंगे। प्रशस्ति के तथा अन्य लेखों के द्वितीय शुभचन्द्र सिद्धान्त देव प्रसिद्ध सेनापति गंगराज के गुरु थे।

---

१. षटखण्डागम, पुस्तक पृष्ठ ७–१०।

इस गण की एक और शाखा का नाम इंगुलेश्वर बलि है जिसके आचार्य गण प्रायः कोल्हापुर के आस पास रहते थे ( ४११ एवं ५७१ आदि )। इस से सम्बन्धित अनेकों लेख ( ४११,४६५, ५१४, ५२१, ५२४, ५२८, ५७१, ५८४, ५६६, ६००, ६२५ और ६७३ ) हैं पर इन लेखों से इस गण की ठीक गुरुपरम्परा नहीं दी जा सकती। १२-१३ वीं शताब्दीं के लेखों में माघनन्दि आचार्य का नाम प्रथम दिया गया है ( ४११, ४६५, ५१४ आदि )। १४ वीं-१५ वीं शताब्दी लेखों मे अभयचन्द्र और उसके शिष्य श्रुतमुनि का नाम आगे आता है तथा १६ वीं शताब्दी के लेखों में चारुकीर्ति का नाम।

लेख ४७८ में इस गण की एक वाणद बलिय का नाम दिया गया है।

इस गण का प्रसिद्ध एवं प्रमुख गच्छ पुस्तक गच्छ है। जिसका कि उल्लेख अधिकांश लेखों में है। इसी गच्छ का दूसरा नाम वक्रगच्छ है ( २५६, प्रथम भा० ५५ और ४२६ )।

नन्दिगणः—मूलसंघ, कोण्डकुन्दावय, देशियगण, पुस्तक गच्छ से सम्बन्धित तथा सन् १११५ से ११७६ ई० के बीच के श्रवणबेल्गोल से प्राप्त लेख नं० २५५ ( ४७ ) २८५ ( ४३ ) ३३२ ( ५० ) ३६२ ( ४० ) और ३८८ ( ४२ ) में आचार्यों की कई पट्टावलिया दी गई हैं। इनमें बीच या अन्त में आचार्यों के साथ मूलसंघ देशियगण आदि लिखा है पर आदि में दो चार *मंगलाचरण के श्लोकों के बाद केवल नन्दिगण का उल्लेख कर एक सामान्य* परम्परा दी गई है जो इस प्रकार है:—

लेख नं० ३६२ की थोड़ी विशेषता यह है कि बलाकपिच्छ के बाद समन्तभद्र, देवनन्दि ( पूज्यपाद ) और अकलंक का नाम दिया गया है। इनमें गुणनन्दि,

देवेन्द्र सिद्धान्त आदि देशियगण की परम्परा से सम्बन्धित हैं यह हम पहले देख चुके हैं पर उनके पहले के कोण्डकुन्दाचार्य, उमास्वाति, समन्तभद्र आदि आचार्यों के नाम द्रविड संघ से सम्बन्धित नन्दिगण के ११ वीं शताब्दी के लेखों (२१३, २१४, २८७ आदि) मे भी दिखाई देते हैं। इस तरह मूलसंघ और द्रविडसंघ के लेखों मे नन्दिगण के प्राचीन आचार्यों के प्रायः एक से नामों को देखकर ऐसा लगता है कि इन दोनों संघों मे 'कोई प्राचीन नन्दिगण (संघ) बाहर से शामिल किया गया होगा; तथा ये सब आचार्य उसी गण के रहे होंगे और इस विषय में हम संकेत भी कर आये हैं कि यापनीय संघ के नन्दिसघ को ही द्रविड संघ और मूलसंघ ने अपनाया था। यापनीय संघ के साथ नन्दिसघ के प्रगट या अप्रगट रूप से किये गये कतिपय उल्लेखों से यह ज्ञात होता है कि यापनीयों मे नन्दिसंघ महत्त्वपूर्ण था (१०६, १२१, १२४, १४३)। प्राकृत भाषा में नन्दिसंघ की जो प्राचीन पट्टावली उपलब्ध है वह संभव है इसी संघ की थी[1]। उसमे वीर निर्वाण स० ६८३ तक की वंशपरम्परा दी गई है। संस्कृत मे नन्दिसंघ की एक और पट्टावली उपलब्ध है[2] पर वह मूलसंघ के पश्चात्कालीन आचार्यों की है उसका प्राकृत पट्टावलि से कोई सम्बन्ध नहीं।

इस सम्भावना के बाद उपर्युक्त मूलसंघ के लेखों मे जो पट्टावलियाँ दी गई हैं उन पर हम संक्षिप्त में कह देना चाहते हैं कि लेख नं० २५५ (४७) और ३२२ (५०) मे प्रायः एकसी गुरुपरम्परा दी गई है पर वह कलधौतनन्दि के बाद देशिय गण के उपर्युक्त निर्दिष्ट अन्य लेखों से नहीं मिलती। लेख नं० ३६२ (४०) में देशिय गण को नन्दि गण का प्रभेद कहा गया है और उसमें जो पट्टावली दी गई है वह जैन शिलालेखसंग्रह के प्रथम भाग की भूमिका के पृष्ठ सं० १३२ में अङ्कित है। लेख नं० २८५ (४३) मे कलधौतनन्दि एवं रविचन्द्र के बाद जो गुरुपरम्परा मिलती है वह देशिय गण हनसोगे बलि की पट्टा-

---

१. षट्खण्डागम, पुस्तक १, पृष्ठ २४-२७

२. जैन सिद्धान्त भास्कर, भाग १, किरण ४ पृष्ठ ७१, ८१.

वली में हमने जो दी है वही है। लेख-नं० ३८८ (४२) में हनसोगे बलि के मलधारि देव के बाद एक दूसरी गुरुपरम्परा दी गई है जो उक्त लेख से जान लेना चाहिये।

इसके बाद लेख नं० ५८६ (१०५, १४वीं शताब्दी) और ६२५ (१०८, १५ वीं शताब्दी) में नन्दिगण को नन्दिसंघ कहा गया है और उसे मूलसंघ के अर्थ में प्रयुक्त किया है। इन दोनों लेखों में सेन, नन्दि, देव और सिंह संघों का एक काल्पनिक इतिहास दिया गया है। लेख नं० १०५ के ऐतिहासिक महत्त्व के लिए प्रथम भाग की भूमिका के पृष्ठ १२४-१२७ देखें। ये दोनों लेख एक सुन्दर काव्य कहे जा सकते हैं।

**सूरस्थगण:**—मूलसंघ का एक गण सूरस्थ गण नाम से प्रसिद्ध था यह लेख नं० १८५ २३४, २६६, ३१८, ४६० और ५४१ से ज्ञात होता है। लेखों में इसका सूरस्त, सुराष्ट्र एवं सूरस्थ नाम से उल्लेख है। इन लेखों में इसके अन्वय गच्छ आदि का निर्देश नहीं है पर इस संग्रह के बाहर के कुछ लेखों से ज्ञात होता है कि इसमें चित्रकूट अन्वय या गच्छ था[१]। सूरस्थ एवं सूरस्त नाम कैसे पड़े यह कहना कठिन है। सुराष्ट्र नाम से प्रतीत होता है कि इस गण के साधु शुरू में सुराष्ट्र देश में रहते रहे होंगे, पर सुराष्ट्र का प्राकृत या अपभ्रंश रूप तो सुरट्ठ होता है सूरस्थ नहीं। संभव है उत्कीर्णक ने सुरट्ठ का पुनः संस्कृत रूप देने के प्रयत्न में सूरस्थ कर दिया हो पर यह भी एक दो लेख में सम्भव था सब में नहीं। इस तरह सूरस्थ गण की व्युत्पत्ति अब भी भ्रान्त है। हो सकता है कि कोई सूरस्त नाम का दक्षिण भारत में क्षेत्र हो जहाँ से इस गण के मुनियों ने अपना नाम ग्रहण किया हो।

सूरस्थ गण का सर्वप्रथम उल्लेख सन् ९६४ के एक जैन लेख में मिलता है। कहा जाता है कि सूरस्थ गण प्रारम्भ में मूल संघ के सेनगण से सम्बन्धित था[२]।

---

१. जैन एन्टीक्वेरी, भाग ११, अंक २, पृष्ठ ६३, ६५

२. जैनिज्म इन साउथ इण्डिया, लेख नं० ४६ पृष्ठ ३६७–३७४ (जीवराज ग्रन्थमाला सोलापुर)

इसके बाद प्रस्तुत संग्रह के ११ वीं शताब्दी के पूर्वार्ध के लेख नं० १८५ में इसका उल्लेख है जहाँ यह मूलसंघ के साथ द्रविड़ान्वय से युक्त है। इस पर हम अनुमान करते हैं कि द्रविड़ संघ के आदि गठन काल में, संभव है, इस गण के साधुओं ने भाग लिया हो या उस संघ के साधुगण मूलसंघ सूरस्थ गण में सम्मिलित रहे हों। इस गण के लेख, ११ वीं के पूर्वार्ध से लेकर १३ वीं शता० के अन्त तक के मिलते हैं। सभी लेख छोटे हैं केवल लेख नं २६६ को छोड़कर। इसमें सौभाग्य से इस गण की एक छोटी पट्टावली दी गई है जो इस प्रकार है:-अनन्तवीर्य, बालचन्द्र, प्रभाचन्द्र, कल्नेलेय देव (रामचन्द्र), अष्टोपवासि, हेमनन्दि, विनयनन्दि, एकवीर और उनके सधर्मा पल्लपण्डित (अभिमानदानिक)। लेख मे पल्ल पण्डित की बड़ी प्रशंसा है। इनका समय सन् १११८ ई० (२६६) दिया गया है। इस गण के किसी भी लेख मे कुन्दकुन्दान्वय का उल्लेख नहीं है। संभव है यह गण मूलसंघ की प्रभावशालिनी कुन्दकुन्दान्वय धारा मे स्थान न पाने के कारण पिछली शताब्दियों में अपनी स्थिति को न सम्हाल सका हो।

क्राणूर गण:—क्राणूर गण के सम्बन्ध मे यापनीय संघ के विवेचन में हम संभावना प्रकट कर आये हैं कि क्राणूर गण यापनीयो के कण्डूर गण के नाम का शब्दानुकरण है। कण्डूर या क्राणूर दोनों किसी स्थान विशेष को सूचित करते हैं जहाँ से कि उक्त गण के साधु समुदाय ने नाम ग्रहण किया है। इस गण के ११ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध (२०७, सन् १०७४ ई० ) से लेकर १४ वीं शताब्दी के अन्त तक लेख मिलते हैं। इस संग्रह में १७-१८ लेख इस गण से सम्बन्धित हैं जिनसे मालुम होता है कि इसमें प्रसिद्ध दो गच्छ थे—मेषपाषाण गच्छ (२१६, २६७, २७७, २६६, ३५३) तथा तिन्त्रिणीक गच्छ (२०६, २६३, ३१३, ३७७, ३८६, ४०८, ४३१, ४५६, ५८२)। मेषपाषाण का अर्थ है मेषों के बैठने का पाषाण। यह कोई स्थल विशेष होना चाहिए जहाँ से इस गण के के साधुओ का शुरू शुरू में सम्बन्ध रहा होगा। तिन्त्रिणीक एक वृक्ष का नाम है। ये पाषाणान्त और वृक्ष परक नाम इस गण के यापनीय संघ के साथ पूर्व सम्बन्ध

की स्मृति दिलाते हैं[1]।

लेख नं० २६७, २७७ और २६६ से मेषपाषाणगच्छ की इस प्रकार गुरु-परम्परा प्राप्त होती है ( तिथिक्रम के अनुसार लेख नं० २६६ ( पुरले ) को सबसे पहले होना चाहिए )।

१. यापनीयों में श्रीमूलमूलगण पुन्नागवृक्षमूलगण तथा कनकोपल (कनकपाषाण) आदि गण थे। गण एवं गच्छ पीछे एकार्थ में भी प्रयुक्त हुए हैं।

इन लेखों में मूलसंघ कुन्दकुन्दान्वय के नाथ स्वरूप सिंहनन्दि आचार्य का उल्लेख है जिन्हें गंग महीमण्डलिककुलसंधरण या समुद्धरण कहा गया है। लेख नं २७७ मे अर्हद्बलि, बेट्टद-दामनन्दि भट्टारक, बालचन्द्र भट्टारक, मेघचन्द्र त्रैविद्य आदि आचार्यों के नाम बिना किसी सम्बन्ध बताये दिए गये हैं।

इन लेखों से ज्ञात होता है कि ११-१२ वीं शताब्दी के गंगनरेश भुजबल गंग वर्मदेव उसकी रानी गंग महादेवी तथा चार पुत्र मारसिंग, नन्नियगंग, रक्कस गंग और भुजबल गंग चौथी और पाचवी पीढ़ी के आचार्यों के भक्त थे और उन्हें दानादि से सम्मानित किया था।

क्राणूर गण के तिन्त्रिणीक गच्छ की आचार्य परम्परा लेख नं० ३१३, ३७७ ३८६, ४०८ और ४३१ से इस प्रकार मालुम होती है।

इनमें मुनिचन्द्र और उनके शिष्य की लेखों में बड़ी प्रशंसा है। वे कल्याणी के चालुक्यों के अधीन सामन्तों के गुरु थे। भानुकीर्ति यंत्र, तंत्र, मंत्र मे प्रवीण थे। वे बन्दणिकापुर के अधिपति थे ( ३७७ ) तथा मण्डलाचार्य कहलाते थे और इस पद पर करीब ४० वर्ष तक रहे ( ३१३, ४०८ )।

मूलसंघ के देशिय गण और क्राणूर गण की अपनी बसदियाँ होती थीं और उन दोनों में वास्तविक भेद था यह बात हमें दडिग से प्राप्त एक लेख से मालुम होती है जिसमें लिखा है कि होय्सल सेनापति मरियाने और भरत ने दडिगण-केरे स्थान में पाँच बसदियाँ बनवायी थीं उनमें चार तो देशिय गण के लिए और एक क्राणूर गण के लिए[1]।

१४ वीं शताब्दी के बाद क्राणूर गण का प्रभाव बलात्कार गण के प्रभाव-शाली भट्टारकों के आगे क्षीण हो गया। इसके बाद इसके विरले ही उल्लेख मिलते हैं।

बलात्कार गणः—इस गण के सम्बन्ध में हम कह चुके हैं कि नामसाम्य को देखते हुए यह यापनीयो के बलिहारि या बलगार गण से निकला है। बलिहारि और बलगार, सम्भव है, स्थान विशेष के सूचक हैं[2] पर उससे निकले बलात्कार शब्द से ऐसा सूचित नहीं होता। बलात्कार शब्द का अर्थ पीछे १६ वीं शताब्दी के विद्वानों ने बतलाया है कि : चूंकि इस गण के आदि नायक पद्म-नन्दि आचार्य ने सरस्वती को बलात्कार से बुलाया था इसलिए बलात्कार गण और सरस्वती गच्छ नाम प्रसिद्ध हुआ[3]। जो हो, लेखों से बलात्कार के इस अर्थ की कोई सूचना नहीं मिलती।

बलात्कार गण का सर्व प्रथम नाम ले० नं० २०८ ( सन् १०७५ ई० के लगभग ) में मिलता है जिसमें इस गण के चित्रकूटाम्नाय के मुनि मुनिचन्द्र और उनके शिष्य अनन्तकीर्ति का उल्लेख है। लेख २२७ ( सन् १०८७ ई० ) में इस गण के कुछ मुनियों की परम्परा दी गई है जो निम्न प्रकार है:—

---

१. जैन एण्टीक्वेरी भाग ६, अंक २, पृष्ठ ६६, नं० ५८

२. दक्षिण भारत में बलगार नामक एक गाव था (मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ३२७)

३. जैन साहित्य और इतिहास (प्र० सं०) पृष्ठ ३४३।

लेख के अन्त में गण का नाम बलात्कार गण दिया गया है। इसके बाद लेख नं० २४६ और ४४४ में इस गण के मुनि कुमुदचन्द्र भट्टारक व कुमुदेन्दु का नाम तथा उन्हें कुछ सेट्टियों द्वारा दान का उल्लेख है। लेखों में कोई समय नहीं दिया गया। इसके बाद चौदहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक इस गण के कोई लेख नहीं हैं। चौदहवीं शता० के उत्तरार्ध के लेखों से इस गण का विशेष प्रभाव द्योतित होता है। विजयनगर साम्राज्य के नरेश इनका सम्मान करते थे। लेख नं० ५६६ में वीर बुक्कराय के राज्यकाल में इस गण के एक अग्रणी आचार्य सिंहनन्दि का उल्लेख है। उनकी उपाधियाँ–राय, राजगुरु तथा मण्डलाचार्य थीं। उक्त लेख उनकी गृहस्थ शिष्या का समाधिमरण स्मारक है।

लेख नं० ५७२ ( प्रथम भाग १११ ) और ५८५ में इस गण की निम्न प्रकार की परम्परा मिलती है :—

लेख नं० ५८५ बड़े महत्त्व का है। इसमें मूलसंघ के साथ नन्दिसंघ का तथा बलात्कार गण के सारस्वत गच्छ का उल्लेख है। साथ ही इस गण के आदि आचार्य के रूप में पद्मनन्दि को लिखा है और उनके कुन्दकुन्द, वक्रग्रीव, एलाचार्य, गृध्रपिच्छ नाम दिए हैं। हमे लेखों से इस परम्परा के आचार्य अमरकीर्ति तक केवल प्रशंसा के अतिरिक्त विशेष कुछ नहीं मालुम होता है। लेख नं० ५७२ ( सन् १३७२ ) से धर्मभूषण द्वितीय की। उनके शिष्य वर्धमान मुनि द्वारा निषद्या निर्माण का उल्लेख है। लेख नं० ५८५ में सिंहनन्दि आचार्य को सेनापति इरुगप का गुरु लिखा है। ये सिंहनन्दि वे ही प्रतीत होते हैं जिनका उल्लेख हमें लेख नं० ५६६ में मिला है। धर्मभूषण तृतीय का कुछ विद्वान् वर्तमान न्यायदीपिका ग्रंथ के कर्ता से साम्य स्थापित करते हैं[1]। ये विजयनगर सम्राट् देवराय के गुरु थे, यह बात हमें लेख नं० ६६७ के एक श्लोक से विदित होती है। देवराय प्रथम का समय सन् १४०६ ई० से १४२२ तक है। लेख में धर्मभूषण तृतीय का समय सन् १३८६ दिया गया है जो संभव है उनके पट्टारोहण के आस पास का समय हो।

लेख नं० ६६७ ( सन् १५५४ के लगभग ) और ६६१ (सन् १६०८ ई०) में इस गण की एक गुरुपरम्परा इस प्रकार दी गई :—

सिंहकीर्ति
|
मेरुनन्दि, वर्धमान आदि अ
⋮
विशालकीर्ति ( सन् १४६७–१५५४ ई० )
|
विद्यानन्द ( सन् १५०२–१५३० ई० )
|
देवेन्द्रकीर्ति ( सन् १५३०–१५५० ई )
|
विशालकीर्ति द्वितीय ( सन् १५५०–१६०८ ई० )

---

१. पं० दरबारीलाल न्यायाचार्य, न्यायदीपिका, प्रस्तावना, पृष्ट ६२–६६।

लेख नं० ६६७ में जैनधर्म की प्रभावना करने वाले अनेकों आचार्यों का नाम शुरू में दिया गया है जो कि विभिन्न संघों एवं गणों से सम्बन्धित हैं। सिंहकीर्ति से पहले धर्मभूषण तृतीय का भी उल्लेख है पर उन दोनो के बीच कोई सम्बन्ध का निर्देश नहीं है। हो सकता है कि ये सिंहकीर्ति, धर्मभूषण तृतीय से जुदी किसी और गुरुपरम्परा के हों। उन्होंने दिल्ली के बादशाह मुहम्मद सुरित्राण की सभा में बौद्धादि वादियों को जीता था। इस बादशाह का समय सन् १३२६ से १३३७ तक था। मेरुनन्दि आदि के विषय में हमें कुछ नहीं मालुम। विशाल कीर्ति ने विजयनगर नरेश विरूपाक्ष के दरबार में विजय पत्र प्राप्त किया था तथा सिकन्दर सुरित्राण ( सुल्तान सिकन्दर सूर सन् १५५४ ई० ) के दरबार में विरोधियो को जीता था। इससे विशालकीर्ति का ८०-९० वर्ष का दीर्घ जीवन मालुम होता है। विद्यानद की उपाधि वादी थी इन्होंने अनेकों दरबारों में विरोधियों को वाद मे परास्त किया था। इनकी अनेक यशस्वी विजयों का वर्णन लेख में दिया गया[1] है। इसी तरह उनके शिष्य देवेन्द्रकीति थे। लेख में तिथिका निर्देश नहीं है तथा वर्णन व्यतिक्रम से आचार्यपरम्परा ठीक नहीं मालुम हो पाती।

लेख नं० ६१७ में उत्तर भारत में बलात्कार गण के मदसारद गच्छ की गुरुपरम्परा दी गई है वह निम्न प्रकार है—

धर्म चन्द्र
|
रत्न कीर्ति
|
प्रभा चन्द्र
|
पद्मनन्दि
|
शुभचन्द्र

---

१. जैन एन्टीक्वेरी भाग ४ पृ०१-२१ तथा मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ३७१-३७५।

इसी तरह लेख नं० ७०२ में पश्चिम भारत के बलात्कार गण सरस्वती गच्छ कुन्दकुन्दान्वय की भट्टारक परम्परा दी गई है जो इस प्रकार है—सकलकीर्ति, भुवनकीर्ति, तानभूषण, विजयकीर्ति, शुभचंद्र, सुमतिकीर्ति, गुणकीर्ति, वादिभूषण, रामकीर्ति तथा पद्मनन्दि।

## काष्ठासंघ

काष्ठासंघ की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे अनेक विवाद हैं। दसवीं शताब्दी में देवसेनाचार्यकृत दर्शनसार ग्रन्थ में लिखा है कि दक्षिण प्रात में आचार्य जिनसेन के सतीर्थ्य विनयसेन के शिष्य कुमारसेन ने उत्तर पुराण के रचयिता गुणभद्र के दिवंगत ( संवत् ६५३ ) होने के पश्चात् काष्ठासंघ की स्थापना की थी, पर यह उल्लेख कालक्रम आदि अनेक दृष्टियों से युक्तियुक्त नहीं प्रतीत होता है[1]। १७ वीं शताब्दी के एक ग्रन्थ वचनकोश मे इस संघ की उत्पत्ति के सम्बन्ध में लिखा है कि उमास्वामी के पट्टाधिकारी लोहाचार्य ने इस संघ की स्थापना उत्तर भारत के अमरोहा नगर में की थी। इस कथन में सचाई जो हो पर १६-२० वीं शताब्दी के लेखो में काष्ठासंघ के अन्तर्गत लोहाचार्य अन्वय का उल्लेख मिलता है। प्रस्तुत संग्रह के एक लेख नं० ७५६ ( सं० १८८१ ) मे यही बात हम पाते हैं।

इस संग्रह में इस संघ से सम्बन्धित सभी लेख उत्तर और पश्चिम भारत से ही प्राप्त हुए हैं। लेख नं० ६३३ और ६४० में इसका नाम काञ्चीसंघ लिखा है, जो कि माथुरान्वय ( मयूरान्वय ) एवं पुष्करगण के साथ होने से लगता है कि यह काष्ठासंघ का ही अपर नाम होना चाहिए। इस संघ के प्रमुख गच्छ या शाखायें चार थीं:— नन्दितट, माथुर, बागड़ और लाटबागड़। ये चारों नाम बहुतकर स्थानों और प्रदेशों के नामों पर रखे गये हैं। नन्दितट से संबन्धित एक ले० नं० ११६ इस संग्रह के प्रथम भाग मे है जिसमे कि नन्दितट को भूलकर मण्डित-तट लिखा गया है। संभव है इस गच्छ का संबन्ध दक्षिण से था। माथुर गच्छ

---

१. जैन साहित्य और इतिहास, पृष्ठ २७७ ( द्वि० सं० )।

या अन्वय से संबन्धित ६ लेख प्रस्तुत संग्रह में हैं। अथूणा से प्राप्त लेख नं० ३०५ क में यद्यपि काष्ठासंघ का उल्लेख नहीं है फिर भी उसके प्रसिद्ध अन्वय माथुरान्वय का निर्देश है और लेख से इस संघ के एक आचार्य छत्रसेन का नया नाम मालूम होता है। लेख नं० ५८६ में मसार से प्राप्त तीन प्रतिमालेखों में इस संघ के आचार्य कमलकीर्ति का नाम देकर एक लेख में उन्हें माथुरान्वय का लिखा है। ग्वालियर से प्राप्त दो लेख नं० ६३३ और ६४० में तोमरवंशीय नरेश डूंगरसिंह और उसके पुत्र कीर्तिसिंह ( १५ वीं शता० ) के समय इस संघ के कतिपय प्रतिष्ठित भट्टारकों के नाम मिलते हैं। लेख नं० ६३३ में भट्टा० गुणकीर्ति और उनके शिष्य यशःकीर्ति का उल्लेख है, साथ में प्रतिष्ठाचार्य श्री पण्डित रइधू का भी। भट्टा० यशःकीर्ति वे ही हैं जिन्होंने अपभ्रंश भाषा में पाण्डवपुराण ( वि० सं० १४९७ ) और हरिवंशपुराण ( वि० सं० १५०० ) की रचना की थी। अपभ्रंश चन्दप्पहचरिउ भी इनकी रचना है। इन्होंने प्रसिद्ध कवि स्वयम्भू के हरिवंशपुराण की जीर्ण-शीर्ण खण्डित प्रति का समुद्धार भी किया था। ये गुणकीर्ति भट्टारक के अनुज तथा शिष्य भी थे। प्रतिष्ठाचार्य रइधू, प्रसिद्ध कवि रइधू ही हैं जिन्होंने बीसों ग्रन्थों की रचना की थी। ये महान् कवि होने के साथ साथ भट्टारकीय पण्डित थे, प्रतिष्ठा आदि में भाग लेते थे इसलिए प्रतिष्ठाचार्य कहलाते थे। ग्वालियर से प्राप्त ले० नं० ६४० में और बाबा गंज से प्राप्त लेख नं० ६४३ में इस संघ के कुछ दूसरे भट्टारकों के नाम गुरुपरम्परा पूर्वक मिलते हैं, वे हैं— क्षेमकीर्ति, हेमकीर्ति, विमलकीर्ति ( ६४० ) तथा क्षेमकीर्ति, हेमकीर्ति, कमलकीर्ति एवं रत्नकीर्ति ( ६४३ )। संभव है इन दोनों लेखों के भट्टारक एक परम्परा से सम्बन्धित थे और लेख नं० ६३३ की परम्परा से जुदे थे, क्योंकि ज्ञानार्णव की लेखक-प्रशस्ति से मालुम होता है कि उक्त लेख के भट्टारक यशःकीर्ति के बाद उनकी गद्दी पर उनके शिष्य मलयकीर्ति और प्रशिष्य गुणभद्र भट्टारक हुए थे[1]। ले० नं० ६४३ में भट्टारक रत्नकीर्ति को मण्डलाचार्य लिखा

---

१. जैन साहित्य और इतिहास, पृष्ठ ५३५ ( प्रथम संस्करण )।

है। माथुर गच्छ ( अन्वय ) पुष्कर गण का उल्लेख करने वाला सं० १८८१ का एक लेख पभोसा ( कौशाम्बी ) से प्राप्त हुआ है जिसमें भट्टारक जगत्कीर्ति और उनके शिष्य ललितकीर्ति का निर्देश है।

माथुर गच्छ या संघ का इतना प्रभाव था कि आचार्य देवसेन को अपने ग्रन्थ दर्शनसार मे इसकी गणना अलग करना पड़ी। माथुर संघ नाम भी स्थान के कारण पड़ा है—मथुरा नगर या प्रान्त का जो मुनिसंघ है वह माथुर संघ। मथुरा प्राचीन काल से जैन धर्म का प्रमुख स्थान रहा है यह हम मथुरा से प्राप्त बहुसंख्यक लेखों से जान चुके है। स्थान सापेक्षिकता के कारण सघो, गणो एवं गच्छों के नाम को लेकर बाबू कामताप्रसाद जी जैन ने काष्ठासघ की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कल्पना की है कि यह संघ मथुरा के निकट जमुना तट पर स्थित काष्ठा ग्राम से निकला[1] है, या हो सकता है कि काष्ठासंघ जैन मुनियो के उस साधुसमुदाय का नाम पड़ा जिसका मुख्य स्थान काष्ठा नामक स्थान[2] था।

काष्ठासंघ माथुरान्वय के प्रसिद्ध आचार्यों मे सुभाषितरत्नसन्दोह आदि अनेक ग्रन्थों के रचयिता आ० अमितगति हो गये हैं जो परमार नरेश मुंज और भोज के समकालीन थे ( वि० स० १०२० से १०७३ )।

काष्ठासंघ, की दूसरी शाखा लाट बागट से भी सम्बन्धित दो लेख प्रस्तुत संग्रह में हैं और वे है दूबकुण्ड से प्राप्त ले० नं० २२८ और २३५ । सन् १०८८ ई० के लेख नं० २२८ मे इस शाखा ( गण ) के देवसेन, कुलभूषण, दुर्ल्लभसेन, शान्तिषेण एवं विजयकीर्ति नामक आचार्यों के नाम गुरु-शिष्यपरम्परा के रूप मे दिये गये हैं। अन्तिम आचार्य विजयकीति उक्त प्रशस्ति के रचयिता थे। यदि पूर्ववर्ती चार आचार्यों का समय १०० वर्ष मान लिया जाय

---

१. जैन सिद्धान्त भास्कर भा० २, किरण ४, पृष्ठ २८-२६ ।

२. पं० नाथूराम जी प्रेमी ने बतलाया है कि दिल्ली के उत्तर में जमुना के किनारे काष्ठा नगरी थी जिस पर नागवंशियों की एक शाखा का राज्य था। १४वी शताब्दी में 'मदनपारिजात' निबन्ध यहीं लिखा गया था।

तो उसे सन् १०८८ में से घटाने पर देवसेन का समय सन् ६८८ ई० के करीब आ जाता है। देवसेन अपने गण के उन्नत रोहणाद्रि थे। कुलभूषण, दुर्लभसेन निर्मल चरित्रवान् आचार्य थे। शान्तिषेण ने राजा भोज की सभा में अम्बरसेन आदि सैकड़ों वादियों को हराया था। लेख नं० २३५ में काष्ठासंघ के महाचार्य श्री देवसेन की पादुकाओं की स्थापना का उल्लेख है। यह लेख प्रथम लेख के ठीक सात वर्ष बाद का है। संभव है इस संघ के प्रमुख आचार्य देवसेन की स्मृति को बनाये रखने के लिए उनकी परम्परा के शिष्यों ने स्थापना की हो।

लाट बागड संघ में प्रद्युम्नचरित्र काव्य के कर्ता आचार्य महासेन हो गये हैं जो कि परमार राजा मुंज के समय वि० स० १०५० के लगभग हुए हैं।

इस संघ के अन्य गणों गच्छों के विषय में इन लेखों से विशेष कुछ ज्ञात नहीं होता है।

---

## ४. राज वंश और जैन धर्म

जैन संघ का विस्तृत परिचय जानने के बाद अब हम इन लेखों से प्राप्त होने वाले उत्तर भारत और दक्षिण भारत के राज वंशों का परिचय तथा उनके समय में जैन धर्म की स्थितिका यथाशक्य वर्णन करते हैं।

### अ. उत्तर भारत के राज वंश

यद्यपि इस संग्रह में दक्षिण भारत के लेख अधिक हैं फिर भी उत्तर भारत के जो भी लेख हैं उनसे प्राप्त राज वंशों का परिचय उन वंशों के इतिहास के लिए पूरक का काम देता है। इतना ही नहीं कुछ लेख तो ऐसे हैं जो कि कतिपय वंशों का परिचय देने में एक मात्र साधन समझे जाते हैं। उदाहरण के लिए उदयगिरि ( उड़ीसा ) से प्राप्त ले० नं० २ कलिंग सम्राट खारवेल के इतिहास पर, दूबकुण्ड से प्राप्त ले० न० २८८ दूबकुण्ड के कच्छपघातों पर तथा ले० नं० ३०५ क अर्थूणा की परमार शाखा पर प्रकाश डालते हैं।

प्रस्तुत संग्रह का सर्वप्रथम लेख मौर्य सम्राट् अशोक का है जो कि उसके धर्म

शासनों में सातवाँ माना जाता है । इसका समय लगभग २४२ ई० पूर्व है । यह एक स्तम्भ पर खुदा हुआ है । शिलालेखो में जैनियों का सर्व प्रथम उल्लेख इसी लेख मे निगण्ठ नाम से हुआ है। पाली भाषा मे, जिससे कि इस लेख की भाषा बहुत कुछ मिलती है भगवान् महावीर का निगण्ठ नाटपुत्त शब्द से और जैनियों का निगण्ठ ( निर्ग्रन्थ ) नाम से वीसों जगह उल्लेख किया गया है। उक्त लेख से प्रगट होता है कि बौद्ध सम्राट् अशोक की धार्मिक नीति वड़ी उदार थी । उसने अन्य सम्प्रदायो के समान जैनो का भी अनेकविध उपकार करने के लिए धर्म महामात्य नियुक्त किये थे ।

इस संग्रह का दूसरा लेख एक महत्त्वपूर्ण एवं प्रनिविधि लेख है । इसमें कलिंग के जैन सम्राट् खारवेल का इतिहास दिया गया है जो कि तत्कालीन राजनीतिक एवं धार्मिक इतिहास की दृष्टि से वड़े महत्त्व का है। यह लेख सन् १८२७ या उसके पूर्व स्टर्लिंग महोदय को मिला था। इसके वाद उसकी पाण्डुलिपि बनाने और उसे पढ़ने मे उच्चकोटि के अनेको विद्वानों ने अथक परिश्रम किया । उनमे जेम्स प्रिन्सेप, जनरल कर्निंघम, राजेन्द्रलाल मित्र, भगवानलाल इन्द्र जी, राखालदास बनर्जी, और काशीप्रसाद जायसवाल के नाम प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है । डा० वेणीमाधव वरुआ ने इस लेख का महत्त्व आंकते हुए करीब ३०० पृष्ठो का एक ग्रन्थ ओल्ड ब्राह्मी इन्स्क्रिप्सन्स, नाम से लिखा है और अनेक तथ्यों के आधार से यह नया पाठ प्रस्तुत किया है । उन्होंने उक्त लेख का अध्ययन, खारवेल वंश से सम्बन्धित अन्य १४ जैन लेखो के साथ करके उक्त वंश का एक अच्छा परिचय दिया है। इस तरह इस महत्त्वपूर्ण लेख के अध्ययन मे विद्वानों ने १०० से अधिक वर्ष लगाये । अशोक के लेखों के सिवाय, शायद ही अन्य किसी लेख का इस प्रकार अध्ययन किया गया हो । प्रस्तुत संग्रह मे जो पाठ दिया है वह सन् १९२१ तक निर्धारित पाठो मे से एक है। इस पर से जो निष्कर्ष निकले थे वे अब बहुत कुछ पुराने एवं भ्रामक कहे जा सकते हैं ।

जो हो, खारवेल चेदि (महा मेघवाहन) वंश का तृतीय नरेश था। उदयगिरि से प्राप्त एक लेख से उसके पिता का नाम वक्रदेव ज्ञात होता है। उसने

अपने प्रारम्भिक जीवन के १५ वर्ष कुमारावस्था में और ९ वर्ष युवराज के रूप में बिताये। २४ वे वर्ष मे उसका राज्याभिषेक हुआ। उसने लालाक वंश के हस्तिसिंह के प्रपौत्र की पुत्री से विवाह किया था। वह जैनधर्म का परम भक्त था इसलिए वह भिक्षुराजा एव धर्मराजा कहलाता था। पर वह अन्धभक्त न था। अशोक के समान ही अन्य धर्म वालों ( पाषण्ड ) का भी आदर करता था। राजगद्दी सम्हालते ही उसने दिग्विजय प्रारम्भ की। अपने राज्य के दूसरे वर्ष मे उसने दक्षिण भारत पर चढ़ाई की। उस समय उस देश का राजा सातवाहन वंश का सातकर्णि प्रथम था। राज्य के चतुर्थ वर्ष में उसने किसी विद्याधर नरेश की राजधानी पर अधिकार कर लिया तथा उसी वर्ष बरार प्रान्त के राष्ट्रिक और भोजकों को भी परास्त किया। आठवें वर्ष में उसने गोरथगिरि नामक पहाड़ी किले ( गया जिले की 'बराबर' की पहाड़ियों ) को नष्ट कर राजगृह पर चढ़ाई की, इस समाचार से मथुरा के यवन राजा के मन मे भय का संचार हो गया। ग्यारहवें वर्ष मे उसने मसुलीपट्टम् प्रदेश ( मद्रास प्रान्त ) के राजा की राजधानी पिथुड को नष्ट कर दिया और बारहवे वर्ष मे मगधनरेश बहसतिमित्र[1] पर चढाई कर नन्दराजा द्वारा कलिंग से लायी गयी एक जिनमूर्ति को छीन कर ले गया। उसी वर्ष उसने सुदूर दक्षिण के पाण्ड्य नरेश को भी हराया था।

लेख मे उसके १४ वर्षों के कार्यों का वर्णन है जिससे ज्ञात होता है कि वह बड़ा ही प्रजाहितैषी था, अनेकों कलाओं मे प्रवीण था तथा उसने अनेकों निर्माण कार्य कराये थे। अन्त मे लिखा है कि जिनधर्म भक्त उस राजा ने जैन साधुओं के लिए कुमारी पर्वत ( खण्डगिरि ) पर ११७ गुफाये बनवायी थीं और पाभार स्थान मे एक जैन मठ का निर्माण कराया तथा अनेक स्तम्भ, चैत्यादि भी बनवाये थे।

अनेक प्रमाणों के आधार से इस राजा का समय इतिहासज्ञ ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी के लगभग मानते हैं।

---

१. इस नरेश का मामा आषाढसेन जैनधर्म भक्त था यह बात प्रभोसा से प्राप्त ले० नं० ६ से ज्ञात होती है।

इस संग्रह में उदयगिरि खंडगिरि की गुफाओं से प्राप्त केवल तीन लेख दिए गये हैं। दो ( २,३ ) तो खारवेल के वंश से सम्बन्धित हैं। तीसरा लेख ( २४५, लग० ११ वीं शताब्दी ) केसरीवंश के नरेश उद्योतकेसरी के समय का है।

इसके बाद कालक्रम से मथुरा के लेख आते हैं जिनसे हमें शकों के क्षत्रप तथा कुषाणवंशी राजाओं का परिचय मिलता है। उनका वर्णन पहले किया जा चुका है।

कुषाणों के बाद गुप्तवंश का राज्य आता है। इस वंश के केवल तीन लेख ( ६१,६२ एवं ६३ ) दिये गये हैं। लेख ६१ के प्रथम श्लोक में गुप्त संवत्सर १०६ दिया गया है। लेख ६२ में कुमारगुप्त का नाम एवं गुप्त संवत् ११३ दिया गया है। इस लेख की विशेषता यह है कि वह सूचित करता है कि उस समय में भी कल्पसूत्र की पट्टावली में निर्दिष्ट प्राचीन गण एवं शाखादि विद्यमान थे। लेख नं० ६३ स्कन्दगुप्त के राज्यकाल का है उसमें आदिकर्ता पंच तीर्थंकरों की प्रतिमा के स्थापन का उल्लेख है।

उत्तर भारत में गुप्तवंश के बाद ४०० वर्षों में होने वाले किसी राजवंश से संबंधित जैन लेख इस संग्रह में नहीं हैं। हाँ, हर्षवर्धन (सन् ६०६-६४७ ई०) का उल्लेख हमें एहोले से प्राप्त चालुक्य पुलकेशि के एक लेख ( १०८ ) में मिलता है जिसमें लिखा है कि वह पुलकेशिद्वारा विगलितहर्ष किया गया था ( हार गया था )। इसी तरह उसी लेख में कलचूरि वंश का उल्लेख है जिसे पुलकेशि के चाचा मंगलीश ने हराया था।

इसके बाद ६ वीं शताब्दी के गुर्जर प्रतिहार वंश के प्रतापी राजा मिहिर-भोज के समय का एक लेख ( १२८ ) देवगढ़ से प्राप्त होता है जिसमें ६१६ विक्रम सं० अङ्कित है। वहाँ उक्त नरेश को सम्राट् की उपाधि से भूषित पाते हैं। उसके महासामन्त विष्णुराम के शासन में आचार्य कमलदेव के शिष्य श्रीदेव ने शान्तिनाथ का एक मन्दिर बनवाया था। लेख से मालुम होता है कि उस समय देवगढ़ या उस क्षेत्र का नाम लुअच्छगिरि था।

गुर्जर प्रतिहार साम्राज्य के पतन के बाद उत्तर भारत में अनेक छोटे छोटे राज्य उदित होते हैं। उनमें चन्देल, परमार, कच्छपघात उल्लेखनीय है। इस सग्रह में दुबकुण्ड से प्राप्त लेख ( न० २२८ ) में दुबकुण्ड शाखा के कच्छवाहों की वंशावली एवं प्रत्येक राजा का महत्व बतलाया गया है। इस वंश का द्वितीय नरेश अर्जुन, चन्देल नरेश विद्याधर के अधीन था तथा उसने गुर्जर प्रतिहार नरेश राज्यपाल को युद्ध में मार डाला था तृतीय नरेश अभिमन्यु के शस्त्र प्रयोग से परमार नरेश भोज भी डरता था। यह लेख इस वंश के पाँचवें नरेश विक्रमसिंह के समय का है। उक्त नरेश के नगर चन्दोभ ( दुबकुण्ड ) मे कुछ जैन व्यापारियों ने काष्ठासघ के मुनि विजयकीर्ति की प्रेरणा से एक मन्दिर का निर्माण कराया था। विक्रमसिंह ने उस मन्दिर के लिए कई प्रकार के दान भी दिये। उक्त लेख मे काष्ठासघ के महाचार्य देवसेन से लेकर विजयकीर्ति तक की पट्टावली दी गयी है।

कच्छपघातों की एक शाखा ग्वालियर से भी राज्य करती थी। उसके एक नरेश वज्रदाम के नाम एवं समय को सूचित करने वाला सुहानियाँ से प्राप्त एक लेख नं० १५३ है।

महोवे और खजुराहो से प्राप्त कतिपय लेखो मे चन्देल नरेशो के नाम एवं संवत् दिये गये हैं। उनसे उनके राजनीतिक इतिहास पर कोई विशेष प्रकाश नही पड़ता, पर जैन धर्म की अच्छी स्थिति का पता अवश्य लगता है।

परमार वंश की मुख्य शाखा के जैन लेख इस संग्रह मे नहीं है पर उसकी वासवाड़ा एवं चन्द्रावती शाखा को बतलाने वाले लेख इस सग्रह मे आ सके हैं। लेख न० ३०५ क से वासवाड़ा शाखा के मण्डलीक, चामुण्डराज एव विजयराज का पता चलता है। इस लेख मे काष्ठासघ माथुरान्वय के एक नये आचार्य छत्र-सेन का नाम दिया गया है जो कि अच्छे वक्ता थे। लेख मे उल्लेख है कि विजय-राज के राज्य में भूषण नामक एक जैन ने एक मूर्ति की स्थापना की थी।

चन्द्रावती के परमारों पर प्रकाश डालने वाले आबू से प्राप्त दो लेख

( ४७१-७२ ) हैं। चूँकि उन लेखों का मूल उद्धृत नहीं हो सका इसलिए उनका महत्व बतलाने में कठिनाई है।

गुजरात के चौलुक्य वंश के प्रसिद्ध जैन सम्राट् कुमारपाल के राज्य का केवल एक लेख नं० ३३२ इस संग्रहमें लिया गया है। यद्यपि यह लेख किसी जैन घटना या दानादि से सम्बन्धित नहीं है पर चूँकि यह दिगम्बराचार्य रामकीर्ति की रचना है इसलिए सग्रह में आ सका है। यह लेख कुमारपाल के चित्तौड़ आगमन पर लिखाया गया था तथा उसमें उक्त नरेश द्वारा शाकम्भरीश की पराजय और सपादलक्ष देश को मर्दन करने का उल्लेख है। उस समय शाकम्भरी का पति अर्णोराज चौहान था जिसे कुमारपाल ने हराया था और पीछे उसकी बेटी से विवाह किया था। उक्त लेख से वह भी ज्ञात होता है कि उस समय तक कुमारपाल शिवभक्त था। उसने वहाँ समिधेश्वर के मन्दिर के लिए एक गाँव प्रदान किया था।

राजस्थान के चाहमानों ( चोहानों ) की विविध शाखाओं को द्योतन करने वाले भी कुछ लेख इस संग्रह में निर्दिष्ट हैं पर खेद है कि उनका मूल पाठ नहीं दिया गया जिससे उनका महत्त्व वतलाना कठिन है। बिजौली से प्राप्त सन् ११७० ई० का लेख नं० ३७४ शाकम्भरी के चोहानो ने इतिहास के लिए प्रमुख लेख है। यद्यपि यह सोमेश्वर चौहान के राज्यकाल का है पर इस विशाल लेख में उसके पूर्व के २६ नरेशो की वशावली एवं प्रत्येक का वर्णन दिया गया है।

इसी तरह लेख नं० ३५७-५५८ नडोले के चोहान अल्हणदेव के समय के हैं जिससे उक्त शाखा के चौहानो का परिचय मिलता है। सुन्ध पर्वत से प्राप्त लेख न० ५०७ में जालौर की चौहान शाखा के कई नरेशों का वर्णन है। गुजरात के अन्तिम हिन्दू शासक वंश—बघेल वंश के लवणप्रसाद वीरधवल तथा उनके प्रसिद्ध मंत्री वस्तुपाल, तेजपाल की गतिविधियों एव धार्मिक कार्यों का वर्णन भी हमारे संग्रह के एक लेख नं ४७६ से मिलता है।

१५ वीं शताब्दी में ग्वालियर स्थान से राज्य करने वाले तोमरवंशी डूङ्गरेन्द्र देव के समय दो लेख ( ६३३ और ६४० ) मिले हैं। ये लेख ग्वालियर के

किले मे जैन मूर्तियों के निर्माण कराने वाले जैन हितैषी नरेश डूंगरसिंह और कीर्तिसिंह के राज्य मे जैन धर्म की स्थिति के सूचक हैं। नं० ६३६ ( सन् १४५३ ई० ) टोंक से प्राप्त एक लेख मे लूगरेन्द्र नरेश का उल्लेख है। लेख उक्त तोमरवंशी राजाओ के समकालोन है। लूगरेन्द्र सभव है डूगरेन्द्र ( तोमरवंशो ) का ही नाम है जो अशुद्ध रूप से उत्कीर्ण हो गया या पढ़ा गया है।

लेख नं० ६१७ ( सन् १४२४ ) मे मुस्लिम सरदार अलपखा के शासन-काल में देवगढ़ तीर्थ मे जैन प्रवृत्तियो का निर्देश है।

## आ. दक्षिण भारत के राजवंश

१. गङ्गवंश—दक्षिण भारत के प्राचीन राजवंशो में से एक गग वंश माना जाता है। इस वंश का जैन धर्म से ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों से ही सम्बंध रहा है। ले० न० २७७ ( सन् ११२१ ई० ) में इस वंश की दक्षिण भारत मे स्थापना को कहानी दी गई जिससे ज्ञात होता कि उत्तर भारतवासी इक्ष्वाकुवंशीय किसी गगदत्त से चलने वाले गंगवंश के दो राजकुमार दडिग और माधव ने इस को स्थापना क्राणूर गण ( ? ) के जैनाचार्य सिंहनन्दि की सहायता से गंगवाडि ९६००० प्रान्त मे की थी। उक्त लेख मे सिंह नन्दि को 'गगराज्य-समुद्धरणम्' कहा गया है। यद्यपि यह बहुत पश्चात्कालीन निर्देश है इसलिए इस लेख का वक्तव्य कहाँ तक सत्य है हम नहीं कह सकते। हाँ, इस वंश के शुरू के लेखों मे ऐसा कोई कथन नहीं हैं। पर जैन गुरु ने इस वश के आदि राजाओं की सहायता की थी यह बात ईस्वी सातवीं शताब्दी और उसके बाद के गग वशी तथा अन्य वंशों के लेखों से पुष्ट होती है[१]। इस वंश के प्रारम्भिक लेखों मे गंगनरेशों को जाह्नवेय कुल एव काण्वायन सगोत्र का कहा गया है ( ९०,९४ ) तथा प्रथम नरेश का नाम कोङ्गुणि महाधिराज दिया गया है। लु० राइस महोदय इस

१. भास्कर आनन्द सालेतोरे, मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ९-१०

नरेश का नाम, दडिग कोङ्गुणि देते हैं और उसका समय सन् १८८-२०० के लगभग मानते हैं[१]।

प्रस्तुत संग्रह में इस वंश का सबसे प्राचीन ले० नं० ९० है, जिसे गुप्त काल के प्रारंभ का होना चाहिये। इसमें कोङ्गुणिवर्मा प्रथम से माधववर्मा द्वितीय तक पाँच नरेशों की वंशावली दी गई है यदि प्रथम राजा के राज्य का प्रारंभ समय ई० सन् २०० के लगभग मान लिया जाय और प्रत्येक नरेश को ३५-४० वर्ष या उससे कुछ अधिक वर्ष का राज्यकाल दिया जाय ( जो कि संभव है ) तो लेख के अन्तिम राजा माधव द्वितीय का समय ई० सन् ३७५-४०० के लगभग या कुछ बाद आता है। उक्त लेख में इस बात का उल्लेख नहीं है कि कोङ्गुणि-वर्मा और उसके बाद के दो नरेश किस धर्म के प्रतिपालक थे। पर इस बात का वहां स्पष्ट निर्देश है कि तृतीय नरेश हरिवर्मा महाधिराज का उत्तराधिकारी विष्णु-गोप नारायण भक्त था और उसका उत्तराधिकारी माधववर्मा त्र्यम्बकभक्त था[२]। माधववर्मा द्वितीय ने चिर प्रनष्ट देवभोग, ब्रह्मदेय आदि को फिर से संचालित किया था और कलियुग में धर्मोद्धार किया था ( ९४ )। इसका विवाह कदम्बवंशी नरेश काकुस्थवर्मा की बेटी से हुआ था क्योंकि गंगवंश के अनेक लेखों में इसके बेटे अविनीत को कदम्बनरेश कृष्णवर्मा ( संभव है प्रथम ) का प्रिय भागिनेय लिखा है[३] ( ९५, १२१, १२२ )। कृष्णवर्मा काकुस्थवर्मा का द्वितीय पुत्र था। त्र्यम्बकभक्त होते हुए भी माधववर्मा द्वितीय की धार्मिक नीति बड़ी उदार थी।

---

१. मैसूर एण्ड कुर्ग इन्स्क्रिप्सन्स पृष्ठ,३२, ४९.

२. लुइस राइस महोदय सन्देह करते हैं कि इन ताम्रपत्रों में प्रत्येक राजा के साथ पूर्व निर्धारित या साचे में ढले हुए के समान जो विवरणात्मक वाक्य दिये हैं, वे संभव है, तथ्य नहीं हैं। वे मानते हैं कि ब्राह्मण प्रभाव के कारण ताम्रपत्र उत्कीर्ण करने वाले ने स्वेच्छा पूर्वक तथ्यों को विकृत कर उनके जैन होने पर पर्दा डाला है।

३. पीछे कदम्बों का परिचय भी देखिये।

ले० नं० ६० के अनुसार उसने अपने राज्य के १३ वे वर्ष मे आचार्य वीरदेव[1] की सम्मति से मूलसंघ द्वारा प्रतिष्ठापित जिनालय के लिए कुछ भूमि और कुमारपुर गाँव दान मे दिया था।

माधव द्वितीय का पुत्र एवं उत्तराधिकारी कोङ्गुणिवर्म धर्ममहाधिराज अविनीत था। ले० नं० ६४ मे इसके प्रतापी होने का वर्णन है। लेख से ज्ञात होता है कि यह जैनधर्मानुयायी था। इसने अपने गुरु परमार्हत विजयकीर्ति के उपदेश से अपने राज्य के प्रथम वर्ष में ही मूलसंघ के चन्द्रनन्दि आदि द्वारा प्रतिष्ठापित उरनूर के जैन मन्दिर के लिए एक गाँव प्रदान किया था तथा एक दूसरे जिनमन्दिर के लिए चुंगी से प्राप्त धन का चतुर्थ भाग दान मे दिया था। लु० राइस महोदय उक्त लेख का समय सन् ४२५ के लगभग मानते हैं। यदि उनका यह अनुमान सत्य है तो कहना होगा कि अविनीत सन् ४२५ के लगभग राजगद्दी पर बैठा था। अविनीत ने बहुत समय तक शासन किया था क्योंकि उसके बेटा दुर्विनीत का समय अनेक प्रमाणों के आधार पर लगभग सन् ४८० और ५२० ई० के बीच बैठता है[2]। अविनीत जैनधर्मानुयायी था यह बात मर्करा से प्राप्त ताम्रपत्रों (६५) से भी सिद्ध होती है[3]।

---

१. जैन धर्म के केन्द्र प्रकरण मे हमने इन वीरदेव और सोनभण्डार के वैरदेव मुनि में साम्य स्थापित किया है।

२. प्रो० ज्योतिप्रसाद जैन, 'गङ्गनरेश' दुर्विनीत का समय', जैन एन्टीक्वेरी, भाग १८, अंक २, पृष्ठ १–११।

३. मर्करा से प्राप्त ताम्रपत्र असली नहीं है क्योंकि उनमें पश्चात्कालीन अकालवर्ष पृथ्वीवल्लभ (राष्ट्रकूट नरेश) का निर्देश है तथा जो आचार्यपरम्परा दी गई है वह ई० ९–१० वी शताब्दी की मालुम होती है। लेख में समयोल्लेख के साथ यह निर्देश नहीं है कि वह किस (शक या विक्रम) संवत् का है।

अविनीत का उत्तराधिकारी एवं पुत्र दुर्विनीत संस्कृत और कन्नड भाषा का बड़ा विद्वान् था। उसे एक ताम्रपत्र में 'शब्दावतारकार, देवभारतीनिबद्ध बृहत्कथा' आदि कहा गया है। राइस महोदय एवं डा० सालेतोरे आदि विद्वान् इस पद की व्याख्या कर यह सूचित करते हैं दुर्विनीत जैन वैय्याकरण पूज्यपाद का शिष्य था और उसने पूज्यपाद द्वारा लिखे शब्दावतार को कन्नड भाषा में परिवर्तित किया था[१]। उसने भारवि के किरातार्जुनीय काव्य के १५ सर्गों पर संस्कृत टीका भी लिखी थी ( १२१-१२२ )। इसके समय का उल्लेख किया जा चुका है। हा, इसके समकालीन कोई जैन लेख हमारे सग्रह में नहीं हैं।

इसके बाद इस वंश के राजाओं का वर्णन ई० सन् ७५० के लेख नं० ११६ तथा बाद के लेखों ( १२०-१२२ ) मे मिलता है। इससे ज्ञात होता है कि गङ्ग वंश एक स्वतन्त्र राज्य था, उसने किसी की पराधीनता स्वीकार न की थी। इन लेखों से दुर्विनीत के बाद के नरेशों—मुष्कर, श्रीविक्रम, भूविक्रम, शिवमार प्रथम ( नवकाम ) श्रीपुरुष, शिवमार द्वितीय एवं मारसिंह प्रथम तक वर्णन मिलता है। लेख नं० १२१ और १२२ में इन राजाओं को राजनीतिक सफलताओं और सामरिक विजयों का उल्लेख है।

शिवमार द्वितीय के पुत्र मारसिंह प्रथम के सम्बन्ध में उसके समकालीन लेख न० १२२ से ज्ञात होता है कि ई० सन् ७६७ में वह युवराज ही था। उसके राज्यकाल का ऐसा कोई लेख नहीं मिला जिससे कहा जाय कि वह राजा हो सका हो।

इसके बाद ईस्वी सन् ७६७ से ८८६ तक इस वंश का कोई लेख इस संग्रह में नहीं आ सका।

मण्णे से प्राप्त सन् ८०२ ई० के एक लेख ( १२३ ) से ज्ञात होता है कि राष्ट्रकूट गोविन्द तृतीय के समय में राष्ट्रकूट वंश दूसरे वश की प्रतियोगिता मे

---

१. मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ १६—२३।

ऊपर उठ गया था। उसने गङ्गों को बहुत समय से पराधीन देख उन्हें मुक्त किया पर उनके उद्धत स्वभाव के कारण पुनः बाँध दिया। गङ्ग वंश के पराधीन होने की बात सन् ८६० के कोन्नूर से प्राप्त एक लेख ( १२७ ) से भी ज्ञात होती है। इतिहासज्ञों का अनुमान है कि गङ्ग वंश के इन बुरे दिनों मे शिवमार द्वितीय उक्त वंश की गद्दी पर था। उसने राष्ट्रकूट वंश की अधीनता मान ली थी। इस राजा के सम्बन्ध में लेख नं० १८२ मे लिखा है कि यह राष्ट्रकूट नरेश अमोघ-वर्ष प्रथम ( ८१४-८७७ ई० ) का पञ्चमहाशब्दधारी महामण्डलेश्वर था। इसने कल्भावी में एक जैन मन्दिर बनवाकर उसके लिए एक गाँव दान मे दिया था।

इसके बाद भी जैनधर्म की परम्परा इस वंश के नरेशों में बराबर चलती रही। लेख नं० १३१ से ज्ञात होता है कि सन् ८८७ मे सत्यवाक्य कोंगुणिवर्मा ने अपने राज्याभिषेक के १८ वें वर्ष में एक जैन मन्दिर के उद्देश से भट्टारक सर्वनन्दि के लिए १२ गाँव दान मे दिए थे। इतिहासज्ञ इस राजा को राचमल्ल द्वितीय मानते हैं जिसे राष्ट्रकूट नृप कृष्ण द्वितीय ने हराया था। इस लेख मे और इसके बाद के लेखों मे इस वंश की राजधानी का नाम कुवलालपुर ( वर्तमान कोलार ) और किले का नाम उच्च नन्दगिरि नाम दिया गया है। लेख नं० १३८ से विदित होता है कि सत्यवाक्य ( राचमल्ल द्वितीय ) तथा उनके भतीजे एरेयप्परस ( चतुर्थ ) ने कुमारसेन भट्टारक को दान दिया था। ले० नं० १३६ के अनुसार एरेयप्परस के पुत्र नीतिमार्ग अर्थात् राचमल्ल तृतीय का राज्य उत्तरोत्तर बढ़ रहा था। उसने कनकगिरि तीर्थवसदि को दुगुना कर भट्टारक कनकसेन को दान दिया।

सूडी से प्राप्त सन् ६३८ का एक लेख ( १४२ ) इस वंश के इतिहास की दृष्टि से बड़े महत्त्व का है। इसमें गंगवंश की आदि से लेकर बूतुग द्वितीय तक सारे राजाओं की वंशावली दी गई है तथा कहीं कहीं उनके राजनीतिक महत्त्व के कार्यों का भी उल्लेख किया गया है। इस लेख में लिखा है कि बूतुग द्वितीय ने अपनी पत्नी द्वारा निर्मापित एक जैन मन्दिर के लिए कुछ भूमि दान में दी।

बूतुग, राचमल्ल तृतीय का भाई एवं उत्तराधिकारी था, तथा राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण तृतीय अकालवर्ष ( ९३८-९६६ ई० ) का बहनोई और सामन्त राजा था।

बूतुग द्वितीय का पुत्र मारसिंह तृतीय इस वंश का बड़ा प्रतापी राजा हुआ है। लेख नं० १४९ और १५२[1] में इसकी जो अनेक उपाधियाँ दी गई हैं और उसके लिए जो प्रशंसात्मक वाक्य प्रयुक्त हुए हैं उनसे इसके प्रतापी होने में कोई संदेह नही रह जाता। लेख नं० १४९ के अनुसार उसने पुलिगेरे नामक स्थान में एक जिन मन्दिर बनवाया जो कि इसके नाम पर 'गंगकंदर्प जिनेन्द्र मन्दिर' कहलाता था। लेख न० १५२ के उल्लेखानुसार इसने अनेक पुण्य कार्य किए थे, और जैन धर्म के उत्थान में बड़ा योग दिया था। इसी लेख मे उसकी अनेक सामारिक विजयों का उल्लेख है। उक्त लेख के अनुसार इस राजा ने अन्त मे राज्य का परित्याग कर अजितसेन भट्टारक के समीप तीन दिवस तक सल्लेखना व्रत का पालन कर बंकापुर मे देहोत्सर्ग किया था। यह राजा राष्ट्रकूट नरेशों का महासामन्त था और इसने कृष्ण तृतीय के लिए अनेक देश जीत कर दिये थे तथा इन्द्र चतुर्थ का राज्याभिषेक कराया था। इसका और इसके बेटे राचमल्ल चतुर्थ का मन्त्री और सेनापति प्रसिद्ध चामुण्डराय था।

राचमल्ल चतुर्थ के समय का केवल एक लेख (१५४) प्रस्तुत संग्रह मे है। उसने श्रवणबेल्गोल निवासी श्रीमत् अनन्तवीर्य के लिए पेर्गदूर नामक ग्राम तथा कुछ और दान दिये थे। इसके राज्यकाल में सेनापति चामुण्डराय ने श्रवणबेल्गोल स्थान में बाहुबलि की एक विशालमूर्ति का निर्माण कराया था।

गंग वंश के राजाओं मे अन्तिम उल्लेखनीय नाम है रक्कसगंग पेर्म्मानडि राचमल्ल पञ्चम का जो कि सन् ९८४ में सिंहासनारूढ हुआ था। उसका असली नाम अरुमुलि देव था। वह बूतुग द्वितीय की दूसरी पत्नी रेवकन्निम्मदि से उत्पन्न पुत्र बासव का पुत्र था। इसने अपनी कन्याओं के विवाह द्वारा पल्लवों

---

१. जैन शिलालेख संग्रह, प्रथम भाग, लेख नं० ३८.

और शान्तरवंश से संबन्ध स्थापित किया था। हुम्मच से प्राप्त लेख नं० २१३ से विदित होता है कि नन्नि आदि शान्तर राजकुमारों की अभिभाविका प्रसिद्ध जैन महिला चट्टल देवी इसी की पुत्री थी। इसके गुरु द्रविड संघ के विजय देव भट्टारक थे। इस राजा ने अपने वंश की गिरती हुई हालत को सुधारने का प्रयत्न किया पर सफल न हो सका।

यद्यपि इस वंश का अन्त सन् १००४ में राज राज चोल प्रथम की लड़ाई मे हो गया, तो भी यह यत्र तत्र शाखाओं के रूप में जीवित बना रहा।

ऊपर निर्दिष्ट इस वंश के लेखों के अतिरिक्त दूसरे वश के लेखो ( नं० १७२, २२२, २५१, २५३, २६७, २७७, २९९, ३१४, ४३१ ) मे गंगवंश के अनेकों महामण्डलेश्वरों एवं राजाओ का नाम आता है। ले० नं० २६७, २७७ एव २९९ मे तो इस वंश की प्रारम्भ से अन्त तक की वशावली दी गई है, पर पीछे के राजाओं के सम्बन्ध में बहुत ही कम बातें मालुम होती हैं जिनसे क्रमबद्ध इतिहास नहीं लिखा जा सकता।

प्रस्तुत शिलालेख संग्रह के देखने से इस बात में तनिक भी सन्देह नहीं रह जाता कि इस वंश के राजा प्रारम्भ से ही जैन धर्म और साहित्य के उपासक एवं संरक्षक साथ ही अपनी उदारनीति के कारण दूसरे सम्प्रदायो को भी दान आदि द्वारा संरक्षण प्रदान करते थे। इस वंश के संरक्षण मे जैन धर्म ने अपना स्वर्णयुग देखा है।

२. कदम्बवंशः—प्रस्तुत सग्रह मे कदम्ब वंश से सम्बन्धित १० लेख ( ९६, ९७, ९८, ९९, १००, १०१, १०२, १०३, १०४ और १०५ ) सग्रहीत हैं जिनमें कतिपय तो सस्कृत भाषा की सुन्दर काव्यात्मक शैली के नमूने हैं। यद्यपि इन लेखो मे कोई काल-निर्देश नहीं है पर जिन राजाओं के ये लेख हैं उनका समय अन्य प्रमाणों से ज्ञात होता है इसलिए हमे इन्हें लगभग सन् ३९९ से ५५० के भीतर के मानना चाहिए।

इन लेखो से कदम्ब नरेशो के गोत्रादि विदित होते हैं। तदनुसार वे मानव्य गोत्र एवं हारितीपुत्र अंगिरस के वंशज तथा काकुस्थान्वयी थे। यद्यपि यह वंश

ब्राह्मणधर्मानुयायी था पर इसके कतिपय नरेशों की धार्मिक नीति बड़ी ही उदार थी और कुछ तो जैनधर्म प्रतिपालक भी थे। इस वंश का आदि नरेश मयूर-शर्मा माना जाता है पर उपर्युक्त लेखों में उसका तथा उसके बाद के चार नरेशों का नाम नहीं दिया गया। प्रस्तुत लेखों में इस वंश के पांचवे नरेश काकुस्थवर्मा से ही वंश परम्परा का उल्लेख है।

काकुस्थवर्मा के समय का केवल एक लेख (९६) अबतक उपलब्ध हुआ है। इसमें काकुस्थ वर्मा को कदम्बयुवराज लिखा है तथा उल्लेख है कि उसने ८० वें वर्ष में अपने एक जैन सेनापति श्रुतकीर्ति के लिए अर्हन्तों के खेट ग्राम में, बदोवर क्षेत्र दान में दिया था। लेख के ८० वाँ वर्ष को इतिहासज्ञ गुप्त संवत् का मानते हैं। इस मान्यता का आधार यह है कि कदम्बों का अपना कोई संवत् नहीं चला था तथा काकुस्थवर्मा की कुछ कन्याओं में से एक का विवाह गुप्त नरेश चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य द्वितीय (सन् ३७५-४१५ ई०) के एक पुत्र से हुआ[1] था। गुप्त संवत् के लेखा के अनुसार युवराज काकुस्थवर्मा का समय ३१९ +८०=३९९ ई० होना चाहिए। इसके बाद काकुस्थवर्मा ने राजा के रूप में कुछ वर्ष अवश्य राज्य किया होगा। हम गंग अविनीत के सम्बन्ध मे लिख आये हैं कि उसे काकुस्थवर्मा की एक पुत्री विवाही गई थी। समय की दृष्टि से अविनीत (लग० सन् ४०० ई० के बाद) और काकुस्थवर्मा प्रायः समकालीन भी थे। काकुस्थ वर्मा पलासिका मे राज्य करता था, पर उसके पुत्र और प्रपौत्र वैजयन्ती से राज्य करते थे। सम्भव है पलासिका, कुछ समय के लिये उनसे छिन गई थी।

काकुस्थवर्मा का पुत्र शान्तिवर्मा था (९९) उसके सम्बन्ध का इस संग्रह में कोई लेख नहीं हैं। ले० नं० ९९ में इसके सम्बन्ध में लिखा है कि जैसे दुर्जन किसी स्त्री को बलात् खींचता है उसी तरह उसने शत्रु के गृह से लक्ष्मी को आकृष्ट किया था। यह उल्लेख उसके किसी संघर्ष का द्योतक है। उसका बेटा मृगेश

---

१. दि० च० सरकार, सक्सेसर आफ् सातवाहनाज, पृष्ठ २५६

वर्मा हुआ जिसके राज्य काल के तीन लेख (९७, ९८, ९९) प्रस्तुत संग्रह में हैं। ले० नं० ९७ से ज्ञात होता है कि उसने अपने राज्य के तीसरे वर्ष में अर्हन्तदेव के अभिषेक, उपलेपन एवं पूजनादि के लिए भूमिदान किया था। उसने अपने राज्य के चतुर्थ वर्ष में एक गाँव को तीन भागों में विभाजित कर एक भाग अर्हन्महाजिनेन्द्र के लिए, दूसरा भाग श्वेताम्बर श्रमण संघ तथा तीसरा भाग दिगम्बर श्रमण के उपभोग के लिए दान मे दिया था (९८)। आठवें वर्ष में उसने पलासिका नामक स्थान में एक जिनालय बनवाकर ३३ निवर्तन प्रमाण भूमि को यापनीयों के लिए तथा निर्ग्रन्थ सम्प्रदाय के कूर्चकों के उपभोग के लिए दान मे दे दिया (९९)। ले० नं० ९९ में उसे एक धर्मविजयी नृप लिखा है। यह लेख राजनीतिक इतिहास की दृष्टि से महत्त्व का है। इसमें उसे उन्नत गंग कुल को नष्ट करने वाला तथा पल्लव वंश के लिए प्रलयाग्नि लिखा है[1]। इस लेख से मालुम होता है मृगेशवर्मा पलाशिका से राज्य कर रहा था।

मृगेशवर्मा के तीन बेटे थे रविवर्मा, भानुवर्मा और शिवरथ। उनमें रविवर्मा उसका उत्तराधिकारी हुआ। उसके राज्यकाल के तीन लेख (१००, १०१, १०२) इस संग्रह मे हैं। ले० नं० १०० के अनुसार सेनापति श्रुतकीर्ति के पौत्र जयकीर्ति ने कदम्ब राजाओं द्वारा परम्परा से प्राप्त पुरुखेटक ग्राम को रविवर्मा की आज्ञा से अपने माता पिता के कल्याणार्थ यापनीय संघ के कुमारदत्त प्रमुख आचार्यों को दान में दे दिया। ले० नं० १०१ राजनीतिक इतिहास की दृष्टि से महत्त्व का है। इसमें लिखा है कि विष्णुवर्मा प्रभृति राजाओं को नष्ट कर तथा काचीपति चण्डदण्ड को पराजित कर रविवर्मा पलाशिका में समवस्थित था। इतिहासज्ञ इस लेख के विष्णुवर्मा को काकुस्थवर्मा के द्वितोय पुत्र कृष्णवर्मा (प्रथम) का इस नाम वाला ज्येष्ठ पुत्र मानते हैं, जिसने सम्भव है, मुख्य शाखा के विरुद्ध विद्रोह खड़ा किया

---

१. इस लेख में गंगकुल के जिस नरेश से मतलब है वह पेरूर शाखा का गंग नृप अय्यवर्म या माधव प्रथम होना चाहिये। पल्लव नृप को सिंहवर्म का पुत्र स्कन्दवर्मा होना चाहिये। (सक्सेसर आफ सातवाहनाज, पृष्ठ २६४)।

था; तथा काञ्चीपति चण्डदण्ड को नन्दिवर्मा पल्लव या उसका कोई एक उत्तराधिकारी मानते हैं[1]। इस ले० के अनुसार दामकीर्ति (श्रुतकीर्ति का पुत्र) के अनुज श्रीकीर्ति ने अपनी माता के कल्याणार्थ अपने स्वामी रविवर्मा से चार निवर्तन भूमि लेकर जिनेन्द्र के लिए दान में दी। ले० नं० १०२ से ज्ञात होता है कि रविवर्मा के ११ वे राज्य वर्ष में उसके अनुज भानुवर्मा से किसी पण्डर भोजक ने १५ निवर्तन भूमि प्राप्त कर जिनेन्द्र के लिए दान मे दे दी। रविवर्मा का राज्यकाल साधारणतः सन् ४७८ से ५१३ ई० के लगभग माना जाता है।

रविवर्मा का उत्तराधिकारी उसका पुत्र हरिवर्मा हुआ। इसके राज्य के दो लेख (१०३–१०४) इस संग्रह में हैं। ले० नं० १०३ से ज्ञात होता है कि उसने अपने राज्य के चतुर्थ वर्ष में अपने चाचा शिवरथ के उपदेश से पलाशिका में सिंह सेनापति के पुत्र मृगेश द्वारा निर्मापित जैन मन्दिर की अष्टाह्निका पूजा के लिए तथा सर्व संघ के भोजन के हेतु कूर्चकों के वारिषेणाचार्य संघ के हाथ में चन्द्रक्षान्त को प्रमुख बनाकर वसुन्तवाटक ग्राम दान मे दिया। इसी तरह ले० नं १०४ से ज्ञात होता है कि उक्त नरेश ने अपने राज्य के पाचवें संवत्सर में सेन्द्रक राजा भानुवर्मा की प्रार्थना पर अहिरिष्ट नामक दूसरे श्रमण संघ के लिए मरदे नामक ग्राम दान में दिया। हरिवर्मा का राज्य काल सन् ५१३ से ५३४ ई० में माना जाता है।

कदम्बों की एक शाखा और थी जिसके कुछ नरेशों ने मुख्य शाखा से विद्रोह किया था यह हमें ले० नं० १०१ से ज्ञात होती है। इस शाखा से सम्बन्धित इस संग्रह में केवल एक लेख (१०५) है। जो कि कृष्णवर्मा प्रथम के राज्यकाल का है। इतिहासज्ञों ने इस कृष्णवर्मा को शान्तिवर्मा का अनुज एवं काकुस्थवर्मा का पुत्र माना[2] है। ले० नं० १०५ में उसके अश्वमेधयाजिन्, समरार्जित विपुल ऐश्वर्य, एकातपत्र आदि विशेषण दिये हैं जो कि इसके प्रताप

१. सक्सेसर आफ सातवाहनाज, पृष्ठ २७२–२७३।

२. सक्सेसर आफ सातवाहनाज, पृष्ठ २८२।

के सूचक हैं। लेख में इसके प्रियतनय देवराज का उल्लेख है जो कि युवराज था। वह त्रिपर्वत का शासक था तथा जिनधर्म का भक्त था। उसने अर्हन्त भगवान् के चैत्यालय की पूजा मरम्मत आदि के लिए यापनीय संघों के लिए कुछ खेत दान में दिये थे।

गंग वंश के कई लेखों में अविनीत महाधिराज को कदम्ब कुल के कृष्णवर्मा का प्रिय भागिनेय माना जाता है। कदम्ब नरेशों में कृष्णवर्मा दो हो गये हैं। अविनीत का मामा कौन कृष्णवर्मा था इसमें इतिहासज्ञ एक मत नहीं है। फिर भी समकालीन राजवंशों के इतिहास पर दृष्टिपात करने से यह प्रतीत होता है उसे कृष्ण वर्मा प्रथम होना चाहिए[1]। कृष्णवर्मा प्रथम अविनीत का समकालीन भी था।

३. चालुक्य वंशः—प्रस्तुत संग्रह में इस वंश से सम्बन्धित अनेकों लेख संगृहीत हैं जिनसे मालुम होता है कि ये मानव्य गोत्र तथा हारीति के वंशज थे, वराह इनका लाञ्छन था। इस वंश के राजाओं की साधारणतः वल्लभ एवं सत्याश्रय उपाधियाँ थीं। इस वंश की एक शाखा जिसे पश्चिमी चालुक्य कहा जाता है वातापी (बादामी) नामक स्थान से ६ वीं ईस्वी से ८ वीं ईस्वी तक शासन करती रही और पीछे दो शताब्दी बाद १०वीं से १२वीं तक कल्याणी नामक स्थान से। इसी तरह दूसरी एक शाखा पूर्वी चालुक्य के नाम से विख्यात थी और आन्ध्र देश के वेंगी नामक स्थान से ७ वीं शताब्दी से ११-१२ वीं शताब्दी तक सत्तारूढ रही। इस तरह इस वंश ने दक्षिण भारत के बहु भाग पर शासन किया।

(क) पश्चिमी चालुक्यः—जैन लेखों में इस वंश का सबसे प्राचीन दानपत्र (१०६) शक सं० ४११ (ई० ४८९) का आड़ते से मिला है। यह ले० सत्याश्रय पुलकेशि का था। तदनुसार उस राजा ने चोल, चेर, केरल, सिंहल और कलिङ्ग के राजाओं को कर देने वाला बना दिया था एवं पाण्ड्य

---

१. प्रो० ज्योतिप्रसाद, 'गंग नरेश दुर्विनीत का समय', जैन एण्टीक्वेरी, भाग १२, अंक २, पृष्ठ १-११

आदि मण्डलीक राजाओं को दण्डित किया था। लेख का उद्देश्य है कि उक्त नरेश के शासनकाल मे सेन्द्रकवंशी सामन्त सामियार ने अलक्तक नगर में एक जैन मन्दिर बनवाया था और राजाज्ञा लेकर चन्द्र ग्रहण के समय कुछ जमीन और गॉव दान मे दिये। इस लेख के समय के सम्बन्ध मे इतिहासज्ञ एकमत नही है। डा० रा० गो० भण्डारकर प्रभृति विद्वानो की धारणा है कि पुलकेशि प्रथम के सिंहासनारूढ होने का समय ई० सन् ५५० से पहले नहीं हो सकता, पर यह लेख उस नरेश के राज्यकाल को ६२ वर्ष पहले ले जाता है। जो हो, इस लेख मे पुलकेशि प्रथम के वंश गोत्रादि के निर्देश के अतिरिक्त पितामह का नाम जयसिंह और पिता का नाम रणराग दिया गया है। ले० नं० १०६ से ज्ञात होता है कि रणराग के शासनकाल मे उसके एक सेन्द्रक सामन्त दुर्गशक्ति ने पुलिगेरे के प्रसिद्ध शंख जिनालय के लिए भूमिदान दिया था।

पुलकेशि प्रथम का उत्तराधिकारी उसका बेटा कीर्तिवर्मा प्रथम था। उसके शासन काल के एक लेख ( १०७ ) के कन्नड अंश से ज्ञात होता है कि कीर्तिवर्मा ने कुछ सरदारों के निवेदन पर जिनेन्द्र मन्दिर के पूजा विधान के लिए कुछ खेत प्रदान किये थे। इसी तरह उक्त लेख के संस्कृत अंश से ज्ञात होता हैं कि उसने अपने सरदारों द्वारा निर्मापित जिनालय एवं दानशाला आदि के लिए भी कुछ खेतों का दान दिया था।

कीर्तिवर्मा प्रथम का बेटा पुलकेशि द्वितीय हुआ जिसके काल का एक प्रसिद्ध लेख एहोले ( १०८ ) से प्राप्त हुआ है, जिसे कविता के क्षेत्र मे कालिदास एवं भारवि की कीर्ति पाने वाले जैन कवि रविकीर्ति ने रचा था। भारतवर्ष का तत्कालीन राजनीतिक इतिहास जानने के लिए यह लेख बड़े महत्त्व का है। इसमें पुलकेशि द्वितीय के पिता कीर्तिवर्मा और चाचा मंगलीश की सामरिक विजयों के उल्लेख के बाद पुलकेशि द्वारा राज्य प्राप्ति और उसकी विस्तृत दिग्विजय का वर्णन मिलता है। उक्त लेख के अनुसार पुलकेशि उत्तर भारत के सम्राट् हर्षवर्धन का समकालीन था और उसने दक्षिण की ओर बढ़ते हुए हर्ष का हर्ष ( उत्साह ) विगलित कर दिया था। लेख के अन्त मे लिखा है कि प्रतापी पुल-

केशि के आश्रित कवि रविकीर्ति ने पाषाण का एक जैन मन्दिर शक सं० ५५६ में बनवाया था।

इस वंश के अन्य ले० नं० १११, ११३, ११४ से ज्ञात होता है कि चालुक्य नरेश प्रारम्भ से लेकर जैन धर्म और उसके उपास्य स्थानों को संरक्षण देते आये हैं। ले० नं० १११ पुलकेशि द्वितीय के पौत्र विनयादित्य के राज्य-काल का है और नं० ११३ विजयादित्य तथा नं० ११४ विक्रमादित्य द्वितीय के राज्यकाल का है। इनसे विक्रमादित्य द्वितीय तक की वंशावली के अतिरिक्त हमें इन राजाओं के राजनीतिक इतिहास की कोई सूचना नहीं मिलती। ये लेख छोटे दान पत्र के रूप हैं। ले० न० ११३ से मालुम होता है कि विजयादित्य ने अपने पिता के पुरोहित उदय देव पण्डित अर्थात् निरवद्य पण्डित को एक गाँव दान मे दिया था। इसी तरह ११४ वें लेख से मालुम होता है कि विक्रमादित्य द्वितीय ने पुलिगेरे नगर मे धवल जिनालय की मरम्मत एवं सजावट करायी थी। तथा मूलसंघ देवगण के विजयदेव पण्डिताचार्य के लिए जिनपूजा प्रबन्ध के हेतु भूमिदान दिया था।

विक्रमादित्य द्वितीय के बाद चालुक्य कुल के बुरे दिन आते हैं। यह बात हमें ले० नं० १२२, १२३,१२४, एवं १२७ से सूचित होती है। गंग और राष्ट्रकूट राजाओं ने इस साम्राज्य को तहस नहस कर दिया और लगभग २०० वर्षों तक यह फिर न पनप सका। इस बीच काल मे इसका स्थान राष्ट्रकूट वंश को मिला।

इस राजवंश का इतिहास पढ़ने से मालुम होता है कि सन् ९७४ के आस पास तैलप द्वितीय ने इस वंश का पुनरुद्धार किया तथा कल्याणी नामक स्थान को राजधानी बनाया। नूतन शक्ति प्राप्त इस वंश के कतिपय राजाओं ने यद्यपि उतने उत्साह के साथ तो नहीं, फिर भी जैनधर्म की यथाशक्ति सेवा की। कवि-चरिते नामक ग्रन्थ से मालुम होता है कि तैलप द्वितीय महान् कन्नड जैन कवि रन्न का आश्रयदाता था। यह धारा नरेश मुंज और भोज का समकालीन था।

इसके हाथ ही मुंज की मृत्यु हुई थी[1]।

इसका पुत्र और उत्तराधिकारी सत्याश्रय इरिव वेडेग हुआ जिसने सन् ९९७ से १००९ ई० तक शासन किया। इस नरेश के जैन गुरु द्रविडसंघ कुन्दकुन्दान्वय के विमलचन्द्र पण्डित देव थे ( १६६ )।

सत्याश्रय के दो उत्तराधिकारियों के सम्बन्ध में जैन लेखों से हमें विशेष कुछ नहीं विदित होता, पर जयसिंह तृतीय के सम्बन्ध में कुछ विवाद है। इस नरेश का राज्य सन् १०१५ से १०४२ ई० तक रहा। यह तैलप द्वितीय का पौत्र एवं सत्याश्रय का भतीजा था। कुछ विद्वानों का विश्वास है कि इसने अपनी पत्नी के प्रभाव में धर्म परिवर्तन कर वीर शैवमत अपना लिया था और वसवपुराण के कथनानुसार[2] उसकी पत्नी ने जैन श्रावकों को अनेक प्रकार की क्षति पहुँचाई थी। कुछ इतिहासज्ञों का यह अनुमान है कि यह नरेश अनेक जैन विद्वानों का आश्रयदाता था[3]। इसके राज्य में अनेक हिन्दू और जैन विद्वान् हुए हैं। उसके अनेक विरुदों में एक था मल्लिकामोद। श्रवणबेल्गोल के एक लेख[4] से ज्ञात होता है कि वलिपुर के मल्लिकामोद शान्तीश के चरण अर्चक थे मलधारि गुणचन्द्र। संभव है उक्त मन्दिर को इस राजा ने बनवाया हो या इसके नाम पर किसी दूसरे ने। जयसिंह तृतीय के उत्तराधिकारी सोमेश्वर प्रथम के राज्य में भी उक्त मन्दिर की प्रसिद्धि का उल्लेख ले० नं० २०४ में है।

इस राजा के समय के प्रमुख विद्वान् थे द्रविडसंघ के वादिराज, दयापाल एवं पुष्पषेण सिद्धान्त देव। लेख नं० २१३, २१६ एवं २४८ से ज्ञात होता है कि वादिराज की उपाधि षट्तर्कषण्मुख थी। इनकी एक उपाधि जगदेकमल्लवादि भी थी जिसके सम्बन्ध में कतिपय लेखों से ज्ञात होता है कि यह उपाधि जयसिंह

---

१. इण्डियन एण्टीक्वेरी, भाग २१, पृष्ठ १६७-६८.

२. शर्मा, जैनिज्म एण्ड कर्नाटक कल्चर, पृष्ठ २५.

३. सालेतोरे, मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ४३.

४. जैन शिलालेख संग्रह, प्रथम भाग, लेख नं० ५५, श्लोक न० २०.

तृतीय जगदेकमल्ल ने अपने दरबार मे किसी वादविजय के प्रसंग मे उन्हें दी थी[1]।

उक्त नरेश का पुत्र एवं उत्तराधिकारी सोमेश्वर प्रथम हुआ जिसकी उपाधियाँ आहवमल्ल एवं त्रैलोक्यमल्ल थीं। इसने सन् १०४२ से १०६८ ई० तक राज्य किया। इसके राज्यकाल के ६ लेख (१८१, १८६, १८७, १६८, २०३, २०४) प्रस्तुत संग्रह में है, जो कि इसके अधीन नरेशों के हैं तथा जिनमें इसे अधिराजा के रूप मे स्मरण किया गया है। लेख नं० १८६ से ज्ञात होता है कि इसकी रानी केतलदेवी के अधीन कर्मचारी चाकिराज ने त्रिभुवनतिलक जिनालय में तीन वेदियाँ बनवाईं और उक्त राजा और रानी की आज्ञा से अनेक प्रकार के दान दिए। ले० नं० २६०[2] से ज्ञात होता है कि इस आहवमल्ल विरुदधारी नृप ने अजितसेन भट्टारक को 'शब्दचतुर्मुख' की उपाधि दी थी। ले० नं० २१३ और ३२६ में अजितसेन भट्टारक की अन्य उपाधियों—वादीभसिंह और तार्किकचक्रवर्ती-के साथ उक्त उपाधि का भी उल्लेख है। ले० नं० २०४ सोमेश्वर प्रथम के राज्य के अन्तिम वर्ष का है इसमें उक्त राजा के राजनीतिक प्रभाव का अच्छी तरह परिचय दिया गया है तथा लिखा है कि इसने शक स० ६६० मे प्रधान योग का उत्सव कर तुंगभद्रा मे जलसमाधि ले ली थी। इसी लेख मे इस नरेश के ज्येष्ठ पुत्र सोमेश्वर (द्वितीय) भुवनैकमल्ल का उल्लेख है, जिसका कि राज्य उसी वर्ष से प्रारम्भ होता है।

सोमेश्वर द्वितीय ने भी जैन धर्म का संरक्षण किया था। ले० नं० २०५ मे यह नरेश रट्ट राजाओं के अधिपति राजा के रूप मे स्मरण किया गया है। ले० नं० २०७ से ज्ञात होता है कि इस नरेश ने सन् १०७४ ई० मे शान्तिनाथ मन्दिर के लिए मूलसंघान्वय तथा क्राणूर गण के कुलचन्द्र देव को नागरखण्ड मे भूमिदान दिया था। ले० नं० २१० मे प्रसगवश भुवनैकमल्ल शान्तिनाथदेव मन्दिर

१. लेख नं० २१३ तथा ले० नं० २६० (प्रथम भाग का ५४ वा लेख)

२. जैन शिल लेख सग्रह, प्रथम भाग, ले० ५४

का उल्लेख है। सभव है भुवनैकमल्ल विरुदधारी उक्त नृप ने वह मन्दिर बनवाया था या उसमें शान्तिनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठित करायी थी।

सोमेश्वर द्वितीय के वाद उसके भाई विक्रमादित्य षष्ठ का राज्य सन् १०७६ से ११२६ तक आता है। यह एक बड़ा प्रतापी राजा था। इसके चरित्र को चित्रित करते हुए प्रसिद्ध कवि विल्हण ने विक्रमाङ्कदेवचरित काव्य लिखा है। इस संग्रह से इस राजा के राज्यकाल के २२ लेख संगृहीत हैं[1]। ये भी इस नरेश के अधीन सामन्त राजाओं द्वारा दानपत्र के रूप में हैं जो प्रायः सामन्त राजाओं के वंशों पर प्रकाश डालते हैं। इन लेखों मे कुछ तो गंग वंश से, कुछ शान्तरों से कुछ रट्ट वंशसे, तथा कुछ होयसल वंश से और कुछ सेना पतियों से संबंधित है। ये सब सामन्त घराने जैन धर्म प्रतिपालक थे और अपने लेखों तथा दानपत्रों में त्रिभुवनमल्ल विक्रमादित्य षष्ठ को सम्राट् के रूप में स्मरण करते हैं। ये लेख इस नरेश के द्वितीय वर्ष से ४८ वे वर्ष तक के हैं। ले० नं० २१७ से ज्ञात होता है कि उक्त नरेश ने अपने द्वितीय वर्ष में धारानाथ (परमार), सौराष्ट्र, अंग, कलिङ्ग, मगध, आन्ध्र, अवन्ति एवं पाञ्चाल को वश में किया था। उसकी एक उपाधि गगपेर्मा-नडि थी क्योंकि उसकी माँ गंग वंश की राजकुमारी थी। उसने चालुक्य गंग-पेर्म्मानडि चैत्यालय बनवाया था और एक समय अपने दण्डनाथ के अनुरोध पर उस मन्दिर के प्रबन्धादि के लिए एक गाव मूलसंघ, सेनगण और पोगरिगच्छ के रामसेन मुनि को दान मे दिया था। हमें कुछ ऐसे लेखों से मालुम होता है, जो कि इस संग्रह में नहीं आये, कि इस राजा ने बेल्गोल प्रदेश में कई जिनालय बनवाये थे जिन्हें राजाधिराज चोल ने जला दिया था[2]। श्रवणबेलगोल की कत्तले

---

१. ले० नं० २१३, २१४, २१६, २१७, २१८, २१६, २२१, २२७, २३७, २४३, २४७, २४८, २५१, २५३, २६७, २७३ २७६, २७७, २८०, २८८, २६६, ३०८.

२. सालेतोरेः मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ १६४.

वसदि से प्राप्त एक लेख[1] से ज्ञात होता है कि इस नरेश ने जैन मुनि वासवचन्द्र को बालसरस्वती की उपाधि दी थी।

ले० नं० २२७ में इसके एक प्रिय पुत्र का नाम जयकर्ण दिया गया है जो कि ज्ञात होता है उसके राज्यकाल में ही दिवंगत हो गया था। ले० नं० २६६ में इसके राज्य का शक सं० १०५४ दिया गया है जो कि ठीक न होने से १०३४ अर्थात् सन् ११११२ ई० किया गया है।

विक्रमादित्य षष्ठ का उत्तराधिकारी उसका दूसरा बेटा सोमेश्वर तृतीय भूलोकमल्ल हुआ। इसका राज्यकाल सन् ११२६ से लेकर ११३८ तक है। ले० नं० २१८ ( शक सं० १००० = १०७८ ई० ) में जो कि विक्रमादित्य षष्ठ के द्वितीय वर्ष का है, भूलोकमल्ल सोमेश्वर का नाम एवं उसकी महाराजाधिराज उपाधि दी गई है। पर इतने पहले अपने पिता के राज्यकाल में उसका इस रूप में होना शंका का विषय है। यह लेख जाली सा मालुम होता है। ले० नं० २९२ इस नरेश के छठवें वर्ष का है जिसमें उल्लेख है कि इसके सामन्त नरेश मारसिंह ने कोडनपूर्व्वदवल्लि गाव के पार्श्वनाथदेव की पूजा के लिए बहुत से क्षेत्र दान में दिये थे।

सोमेश्वर तृतीय का उत्तराधिकारी उसका ज्येष्ठ पुत्र पेर्म्म जगदेकमल्ल हुआ। इसका शासन सन् ११३८–११५१ तक था। इसके शासनकाल के ६ लेख प्रस्तुत संग्रह में हैं जो कि उसके दण्डनायकों एवं सामन्तों से सम्बन्धित है। ये सभी दानपत्र के रूप में हैं।

जगदेकमल्ल के बाद इस वंश के राजाओं के ५ और लेख हैं। ३४९ वें लेख ( सन् ११५९ ) में त्रिभुवनमल्ल नाम चालुक्य का उल्लेख या उक्त वर्ष में इस नाम के राजा का अस्तित्व अब तक अन्य स्रोतों से ज्ञात नहीं हुआ। ३५६ वे लेख ( सन् ११६१ ) में भूवल्लभराय पेम्मडि का नाम आता है। संभव है यह

---

१. जैन शिलालेख सग्रह, प्रथम भाग, ले० नं० ५५, प्रस्तुत सग्रह का ५६ वां लेख।

भूलोकमल्ल का दूसरा नाम हो जो कि तैल तृतीय का पुत्र था। यह नरेश कलचूरि राजा त्रिज्जल के अधीन सन् ११६०–६१ मे शासन करता था। ले० नं० ४०८ (सन् ११८२) इस वंश की पश्चात्कालीन वशावली की दृष्टि से बड़े महत्त्व का है। इसमें ले० नं० ३१३ के समान ही चालुक्य वश की वंशावली तैल द्वितीय से दी गई है और जगदेकमल्ल के अनुज नूर्म्मडि तैल का उल्लेख है, तथा लिखा है कि चालुक्य राज्य की लक्ष्मी कलचूरि-तिलक त्रिज्जल के हाथ आ गई थी। यह नूर्म्मडि तैल, तैलप तृतीय ही था जिसने सन् ११५१–११५६ में राज्य किया था और जिसे त्रिज्जल कलचूरि ने राज्य से हटा दिया था। ले० नं० ४३५ मे इस वश के अन्तिम नरेश सोमेश्वर चतुर्थ का उल्लेख है जो कि तैलप तृतीय का तोसरा पुत्र था। ये लेख विशेषतः शान्तर, कलचूरि और होय्सल राजाओं से सम्बन्धित हैं। इनके विषय का वर्णन उन राजाओं के साथ किया जायगा।

(ख) पूर्वीय चालुक्यः—इस वंश की एक और शाखा पूर्वीय या वेंगी के चालुक्य नाम से प्रसिद्ध थी। इस शाखा की परम्परा पुलकेशि द्वितीय के भाई कुब्ज विष्णुवर्धन से चलती है। इसने सन् ६१५ से ६२३ ई० तक राज्य किया था। इस वंश के केवल तीन लेख हमारे सग्रह मे हैं। ले० नं० १४३ (सन् ६४५) मे कुब्ज विष्णुवर्धन से लेकर उस वंश के २३वे राजा अम्म द्वितीय (विजयादित्य षष्ठ) तक की वंशावली दी गई है। यह लेख वड़े महत्त्व का है। इसमें प्रत्येक राजाओं का शासनकाल तथा उत्तराधिकारक्रम अच्छी तरह दिया गया है। इस वंश के कतिपय नरेशों ने जैन धर्म का अच्छी तरह संरक्षण किया था। लेख का विषय है कि कटकाभरण जिनालय की पूजादि के हेतु अम्मराज विजयादित्य ने यापनीय संघ, नन्दि गच्छ के धीरदेव (श्रीमान्दिरदेव) मुनि को मलियपूण्डि नामक ग्राम दान में दिया। इसी तरह ले० न० १४४ में, जो कि पूर्व लेख के समान ही वंशावली के परिचय की दृष्टि से महत्त्व का है तथा सुन्दर संस्कृत काव्य के रूप में है, उल्लेख है कि अम्मराज ने सर्वलोकाश्रय जिनभवन की मरम्मत आदि के लिए वलहारि गण, अड्डकलि गच्छ के अर्हनन्दि मुनि को

कलुचुम्बरु नामक ग्राम दान मे दिया। उक्त लेख मे लिखा है कि यह दान पट्टवर्धिक कुल की तिलकभूता गणिकाजन में प्रमुख चामेकाम्बा[1] नामकी दानदयाशीलयुत श्राविकी की प्रेरणा से दिया गया था। ले० नं० २१० ( सन् १०७६ ) मे चालुक्य चक्रवर्ती विजयादित्यवल्लभ और उसकी बहिन कुकुमदेवी का उल्लेख है। इस लेख के काल निर्देश को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि उसे इस वंश का विजयादित्य सप्तम होना चाहिये जो कि अपने भतीजे चालुक्य राजेन्द्र द्वितीय ( पीछे कुलोत्तुंग चोल नाम से प्रसिद्ध ) के अधीन वेगी का शासक था। उक्त लेख मे लिखा है पुरिगेरी मे कुंकुमदेवी ने एक जैनमन्दिर बनवाया था और श्रीनन्दि पण्डित ने कतिपय खेतों का दान दिया था।

इस वंश की कुछ और स्वतन्त्र शाखाये थीं। उनमे से एक ले० नं० १२४ से मालुम होती है। उक्त लेख मे राष्ट्रकूट गोविन्द तृतीय के राज्यकाल ( सन् ८१२ ) में चालुक्य वंशी किसी विमलादित्य नृप का नाम आता है जो कि यशोवर्मा का पुत्र और बलवर्मा का प्रपौत्र था। उसने शनि की बाधा हटाने के लिए अपने जैनधर्मावलम्बी मामा गंगवशी चाकिराज के कहने से एक जैन मन्दिर के लिए एक गाँव दान मे दिया था। इस राजा का नाम चालुक्यो को किसी वंशावली मे नहीं मिलता। डा० भण्डारकर की मान्यता है कि पीछे ऐसे राजवंशो की कई शाखाएं स्वतन्त्र रूप से राज्य करती थी।

४. चोलवंश—दक्षिण भारत के सबसे प्राचीन वशो में से चोल वंश एक था। समय समय पर इससे अनेक शाखाये निकली थीं। कोङ्गाल्व और निडुगल वंश ऐसे ही शाखाओ मे से हैं जिनका परिचय इस भूमिका मे दिया गया है। चोलवंश की प्रमुख शाखा के राजाओ का उल्लेख अन्य राजाओ के प्रसंग मे जैन लेखो मे कई बार आया है जो कि अनुक्रमणिका एवं लेखों से जाना जा सकता है। प्रस्तुत संग्रह मे १० वे और ११ वे चोल नरेशो के राज्यकाल

---

१. श्रीराजचालुक्यान्वयपरिवारित पट्टवर्धिकान्वयतिलका। गणिकाजनमुखकमलद्युमणिद्युतिरिह चामेकाम्बाभूत्।

के ३ लेख हैं जिनसे विदित होता है कि उक्त साम्राज्य में जैनधर्म सुरक्षित था। चोल परिवार के लोग जैन धर्म में रुचि रखते थे।

ले० नं० १६७ दशवे चोल नरेश राजराज प्रथम के राज्य के ८ वें वर्ष का है। इस लेख से ज्ञात होता है कि उसके अधीनस्थ लाटराज वीर चोल ने अपनी जैन पत्नी की प्रार्थना पर तिरुप्पानमलै देवता के पल्लिच्चन्दम् (जैन चैत्यालय) को एक गाँव की आमदनो बाँध दी थी। यह ले० नं० ९९२ ई० का है। इसी तरह ले० नं० १७१ उक्त राजा के २१ वे वर्ष का है। इस लेख में उल्लेख है कि तिरुमलै नामक पवित्र पर्वत पर किसी गुणवीर मामुनिवन् ने अपने उपाध्याय के नाम एक नहर या मोरी वनवायी थी। ले० नं० १७४ राजराज चोल के उत्तराधिकारी राजेन्द्र चोल प्रथम का है। लेख की महत्ता उसके हिन्दी सार में दे दी गई है। लेख में तिरुमलै पर्वत का वर्णन है तथा उसके ऊपर निर्मित कुन्दव्वे जिनालय के लिए दिये दान का उल्लेख है। उक्त जिनालय कुन्दव्वे नामक जैन महिला ने वनवाया था। कुन्दव्वे राजराज चोल की पुत्री एवं राजेन्द्र चोल की वहिन थी। यह पूर्वीय चालुक्य वंश के नरेश विमलादित्य को विवाही गई थी। इतिहासज्ञ मानते हैं कि विमलादित्य (सन् १०११-१०१४ ई०) अपने अन्तिम वर्षों में जैन हो गया[१] था।

५. राष्ट्रकूट वंशः—राष्ट्र कूट वंश के हमारे संग्रह में वहुत गिने चुने लेख संगृहीत हैं, जिनसे इस वंश को उत्पत्ति के सम्बंध में कुछ भी पता नहीं चलता। कुछ लोग राष्ट्रकूट शब्द की व्युत्पत्ति रट्ट शब्द से मानते हैं और राष्ट्रकूटों को लट्टलूरपुरवराधीश्वर अर्थात् 'श्रेष्ठ नगर लट्टलूर के स्वामी' मानते हैं। पर रट्ट वंश को स्वतन्त्र माना जाता है और इस संग्रह में उनके अनेकों लेख संगृहीत हैं जिनमें उन्हें भी लट्टलूरपुरवराधीश्वर लिखा है।

राष्ट्रकूटों का राज्य आठवीं शताब्दी के मध्य भाग प्रारम्भ से होता है। इस वंश के ६ वें राजा दन्तिदुर्ग ने चालुक्य कीर्तिवर्मा द्वितीय से राज्य छीन कर राष्ट्र-

---

१—वेंकटरमनय्य ईस्टर्न चालुक्याज आफ वेंगी, पृष्ठ २८८.

कूट साम्राज्य की नींव डाली थी। इस राजा के सम्बंध में कहा जाता है कि इसने महान् आचार्य अकलङ्क का अपने दरबार में सम्मान किया था। श्रवणबेल्गोल से प्राप्त एक लेख ( २६० ) में उल्लेख है कि अकलंक ने साहसतुंग के समक्ष उसकी प्रशंसा कर उसे अपनी विद्वत्ता से परिचित कराया था। इतिहासज्ञों के मत से साहसतुंग, दन्तिदुर्ग ( द्वितीय ) का ही विरुद था।

उसके उत्तराधिकारी कृष्ण प्रथम ( सन् ७६८-७७२ ) ने चालुक्यों के सारे प्रदेशों को अपने अधीन कर लिया। कृष्ण के पश्चात् गोविन्द द्वितीय और उसके पुत्र ध्रुव ने राज्य किया। इस संग्रह के ले० नं० १२३ में कृष्ण प्रथम से ही वंशावली प्रारम्भ होती है। लेख में कृष्ण का दूसरा नाम वल्लभ दिया गया है और लिखा है कि उसने चालुक्य कुल से लक्ष्मी छीन ली थी। इस लेख के अनुसार उसका पुत्र घोर हुआ जिसने अपने ज्येष्ठ भाई से लक्ष्मी छीन ली थी। उस की सामरिक विजयों के सम्बन्ध मे लिखा है कि उसने गंग, पल्लव, गौड एवं वत्सराज को पराजित किया था। घोर ध्रुव का द्वितीय नाम था। उसी लेख में उसकी निरुपम और कलिवल्लभ, दो उपाधियाँ दी गई हैं।

उक्त लेख मे आगे लिखा है कि इसके पुत्र एवं उत्तराधिकारी गोविन्द तृतीय के राज्य भार सम्हालते ही राष्ट्रकूट वंश दूसरों से अलंघनीय हो गया उसने अकेले ही तत्कालीन विख्यात बारह नरेशों की शक्ति को नष्ट कर दिया था, तथा गुर्जर, मालव, विन्ध्याद्रि, पल्लव एवं वेंगी के चालुक्य राजाओं को जीत लिया था, गंगवंशी शिवमार द्वितीय को अपने अधीन कर लिया था। इसका दूसरा नाम प्रभूतवर्ष और निरुपम भी था। इसी लेख में लिखा है कि रणावलोक शौचकम्भ देव, गोविन्दराज का बड़ा भाई था। इस कम्भदेव ने अपने भाई राजाधिराज प्रभूतवर्ष की आज्ञा से पेर्बडियूर नामक ग्राम को सर्व करों से मुक्त कर महासामन्त श्रीविजय द्वारा निर्मापित मन्दिर के लिए दान में दे दिया। लेख

१. जैन शिला ले० प्रथम भाग ले० न० ५४ ( ६७ ). पद्य २१.
२. डा० अ० स० अल्तेकर : राष्ट्रकूट और उनका समय, पृष्ठ ४०६.

नं० २६०[1] में लिखा है कि आचार्य परवादिमल्ल ने अपने नाम की सार्थकता कृष्णराज को समझाई थी। उक्त लेख में साहसतुंग और कृष्ण के बीच एक शत्रुभयंकर विरुद वाले राजा का उल्लेख है। विद्वानों का अनुमान है कि उक्त लेख में तिथिक्रम का व्यतिक्रम किया गया है और उक्त लेख के शत्रु भयंकर को गोविन्द तृतीय होना चाहिए जिसने अपने पराक्रमसे राष्ट्रकूट वंशके गौरवको बढाया था। कृष्ण को कृष्ण द्वितीय होने का अनुमान किया गया है जो कि गोविन्द तृतीय का पूर्ववर्ती नरेश था[2]। लेख नं० १२४ में प्रभूतवर्ष गोविन्द तृतीय के पूर्वज राजाओं की वंशावली उत्तम संस्कृत काव्य में गोविन्द प्रथम से लेकर उस तक दी गई है। इस गोविन्दराज ने अपने गंगवंशीय सामन्त चाकिराज की प्रार्थना पर शक सं० ७३५ में जालमंगल नामक ग्राम को यापनीय सघ के अन्तर्गत नन्दिसंघ के पुन्नागवृक्षमूलगण के अर्ककीर्ति मुनि को दान में दिया था।

प्रस्तुत संग्रह में इस वंश के तीसरे लेख ( नं० १२७ ) में, जो गोविन्द तृतीय के पुत्र अमोघवर्ष प्रथम का है, राष्ट्रकूट वंश की एक वंशावली दी गई है जो कि दूसरो वंशावलियों से कुछ भिन्न है। लेख के हिन्दो सार मे यह अन्तर दे दिया गया है। डा० दे० रा० भण्डारकर इस अन्तर को विशेष महत्त्व नहीं देते और इस लेख मे वर्णित कुछ महत्त्वपूर्ण घटनाओं की ओर संकेत करते हैं इसके पद्य १७–२४ से ज्ञात होता है कि अमोघ वर्ष के समय मे अनेक आन्तरिक विद्रोह हुए थे। और सन् ८६० के पहले शाही ताकत को चुनोती देने के लिए कम से कम तीन ऐसे विद्रोह अवश्य हुए थे। पहला उस समय हुआ था जब कि अमोघवर्ष बालक था, दूसरा जब कि वह गुजरात के अपने चचेरे भाइयो से लड़ रहा था और तोसरा इसके कुछ बाद हुआ था। यद्यपि इन विद्रोहों का वहा विस्तृत विवरण नहीं दिया गया पर मालुम होता है कि तीसरा विद्रोह बड़ा उग्र

---

१. जैन शिलालेख प्रथम भाग, ले० नं० ५४.
२. सालेतोरे, मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ३६.

था और बनवासी के शासक बङ्केय ने समय पर पहुँच कर उस परिस्थिति का सामना किया। जान पड़ता है कि अमोघवर्ष के उत्तराधिकारी कृष्ण द्वितीय ने भी विद्रोहियों का साथ दिया था, पर जब उसने उनका साथ छोड़ दिया तो उस अकेले ने उन्हें नष्ट कर दिया। लेख का उद्देश्य है कि शक सं० ७२० में चन्द्रग्रहण के समय राजा अमोघवर्ष ने बंकेय को महत्त्वपूर्ण सेवा के उपलक्ष्य में, कोलनूर में उसके द्वारा स्थापित जैन मन्दिर के लिए तलेयूर नामक ग्राम तथा कुछ ग्रामों की भूमियाँ दान में दीं। यह बंकेय वह है जिसके नाम से बंकापुर राजधानी बनाई गई थी। इसी बंकेय के पुत्र सामन्त लोकादित्य के समय में जब कि अमोघवर्ष का पुत्र कृष्ण द्वितीय ( अकालवर्ष ) सार्वभौम था, गुणभद्र कृत उत्तरपुराण की पूजा हुई थी। उत्तरपुराण से हमें मालुम होता है कि अमोघवर्ष परम जैन भक्त था। उसके गुरु महापुराण, जयधवलादि ग्रन्थों के प्रणेता जिनसेनाचार्य थे[1]।

कृष्ण द्वितीय (अकालवर्ष) के राज्य काल का निर्देश करने वाले प्रस्तुत संग्रह में तीन लेख ( १३०, १३७, १४० ) हैं। १३० वें लेख के अनुसार रट्टवंशीय पृथ्वीराम को प्रमुख अधिपति होने का पद राष्ट्रकूट राजा कृष्ण की अधीनता में मिला था। ऐसा जान पड़ता है कि लेख कृष्णराज के समय में उत्कीर्ण न होकर परवर्ती समय में उत्कीर्ण किया गया है क्योंकि उसमें पृथ्वीराम की ५–६ पीढी बाद के वंशज राजा कन्न के दान का उल्लेख किया गया है। दूसरा लेख ( १३७ ) मूलगुन्द से सन् ६०३ का मिला है। यह लेख अधूरा है इसमें कृष्ण द्वितीय के राज्यकाल में एक जैन मन्दिर के निर्माण एवं भूमिदान का उल्लेख है। ले० नं० १४० से ज्ञात होता है कि सन् ६१२ ई० में भी इस नरेश का राज्य था। इसके नागार्जुन नामक एक सामन्त की पत्नी सामन्त की मृत्यु के बाद राजा की आज्ञा से शासन करती थी और सन् ६१८ में एक बीमारी के कारण उसने समाधिमरण से देहोत्सर्ग किया था।

---

१. जैन साहित्य और इतिहास द्वितीय संस्करण ( १६५६ ), पृष्ठ १५०

ले० नं० १८२ में अमोघवर्ष के उल्लेख के बाद गंगनरेश शिवमार सैगोट्ट का नाम दिया गया है जिससे मालुम होता है कि यह अमोघवर्ष प्रथम ( सन् ८१४-८७७ ई० ) के समय का है। पर लेख में गलत रूप से शक सं० २६१ दिया गया है और किसी कन्नरस सैगोट्ट गग का उल्लेख है जिससे लेख जाली मालुम होता है। फ्लीट महोदय इसके उत्तरार्ध भाग को सच्चा मानते हैं।

कृष्ण तृतीय ( अकालवर्ष ) के पौत्र इन्द्र चतुर्थ के सम्बन्ध में ले० नं०१६३ ( सन् ९८२ ) से ज्ञात होता है कि वह पोलो के खेल में बड़ा निपुण था। उसने श्रवणबेलगोल मे सल्लेखनापूर्वक मरण किया था। इस लेख मे इन्द्र के अनेक विशे-ण दिये गये हैं और कहा गया है कि वह गंग गगेय ( बुतुग द्वितीय ) का कन्यापुत्र एवं राजचूड़ामणि का दामाद था। ले० न० १५२[1] से ज्ञात होता है कि राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण तृतीय के लिए गंग नरेश मारसिंह तृतीय ने गुर्जरप्रदेश को जीता था एवं और कृष्ण तृतीय के पौत्र इन्द्र चतुर्थ का राज्याभिषेक किया था। इन लेखों से ज्ञात होता है कि उस काल में इन दोनों राजवशों मे घनिष्ठता थी।

६. कलचूरि वंश:—ले० नं० ४०८ से हमें ज्ञात होता है कि चालुक्य नूर्म्मडि तैल ( तैल तृतीय ) के बाद चालुक्य राज्य की लक्ष्मी कलचूरितिलक बिज्जल के हाथ चली आई। कलचूरि वंश बहुत प्राचीन है इसका उल्लेख हम एहोले के लेख ( १०८ ) में पाते हैं जहाँ चालुक्य मंगलीश द्वारा उनके परास्त होने का उल्लेख है। कलचूरि वंश के अन्य लेखों से तथा इस संग्रह के लेख नं० ४०८, ४३५ से ज्ञात होता है कि ये अपनी उत्पत्ति उत्तर भारत के कालञ्जर नामक स्थान से मानते थे। लेख नं० ४०८ में बिज्जल की शूर वीरता का वर्णन है। उसका भाई मैलुगिदेव था। लेख से बिज्जल के तीन पुत्रों—सोयिदेव ( राय-मुरारि ), शंकम ( निःशंकमल्ल ), आहवमल्ल ( रायनारायण )—और पौत्र कन्दार का नाम एवं परिचय मिलता है। उक्त लेख में लिखा है कि राजा बिज्जल को सप्ताङ्ग सम्पत्ति दिलाने वाला उसका एक जैन सेनापति रेचि था जो

१. जैन शिलालेख, सं० भाग १, ले० नं० ३८।

'वसुधैकवान्धव' कहलाता था। लेख का विषय है कि आहवमल्ल (रायनारायण) कलचूरि के शासनकाल में उक्त सेनापति ने मागुडि गाँव के रत्नत्रय चैत्यालय के लिए भानुकीर्ति सिद्धान्त देव को तलवे गाव दान में दिया था।

लेख नं ४३५ से मालुम होता है कि बिज्जल के शासनकाल में वीरशैव मत का बोलवाला था। उक्त मत का आचार्य एकान्तदरामय्य जैनों पर अत्याचार कर रहा था (४३५, ४३६)। यद्यपि कलचूरि जैन धर्मानुयायी थे, उनके शासन पत्रों पर तीर्थंकर की पद्मासन मूर्ति, इन्द्रादि सेवकों के साथ बनायी जाती थी, पर विज्जल समय की गति देखते हुए वीर शैवों की ओर झुका, और कहा जाता है है कि उन्हीं के द्वारा उसकी मृत्यु भी हुई। लेख नं० ४६५ से ज्ञात होता है कि उसके सेनापति रेचि ने उसे छोड़ कर जैन धर्मावलम्बी होय्सल नरेश वीर वल्लाल द्वितीय का आश्रय लिया था। लेख न० ४४८ मे उल्लेख है कि कुन्तल देश से विज्जल के शासन को हटाकर वल्लाल होय्सल ने उसे अपने अधीन कर लिया था। इस तरह दक्षिण भारत में इस वंश का शीघ्र ही अन्त हो गया।

७. होय्सल वशः—चालुक्यों के पतन के बाद दक्षिण भारत में दो नई शक्तियों का जन्म होता है। ये दोनों अपने को यादव वंश से उत्पन्न मानते हैं। उनमे चालुक्य साम्राज्य के दक्षिण भाग पर अधिकार करने वाले होय्सल थे और उत्तर भाग पर यादव (सेऊण)।

गङ्ग वंश के समान होय्सल वंश के अभ्युदय में जैन प्रतिभा का बड़ा भारी हाथ रहा। जैन गुरुओं ने इस वंश के उत्थान में योग देकर अहिंसा और अनेकान्त की दुन्दुभि को फिर एक बार दक्षिण प्रान्त में बजाया। इस वंश का उत्पत्ति स्थान सोसेवूर (सं० शशकपुर) था जिसे राइस सा० ने वर्तमान अङ्गडि (मुडगेरे तालुका, कडूर जिला, मैसूर राज्य) माना है। अंगडि से इस वंश से सम्बन्धित अनेकों लेख भी प्राप्त हुए हैं। यहीं इस वंश की कुलदेवता वासन्तिका देवी का मन्दिर अब भी विद्यमान है। संभव हैं यहीं इस वंश की उत्पत्ति से संबधित एक महत्त्वपूर्ण घटना हुई थी जिसका उल्लेख कतिपय जैन

लेखों में मिलता है। श्रवणबेल्गोल से प्राप्त सन् ११२३ के एक लेख[1] से ज्ञात होता है कि एक समय इस वंश के प्रवर्तक प्रथम पुरुष सल से एक जैन मुनि ने एक कराल व्याघ्र को देखकर कहा कि–पोय्सल–हे सल! इसे मारो। लेख नं० ४५७ के अनुसार यह घटना इस प्रकार हैः— कुन्तल आदि देशों का अधिपति, यदुकुल के सल को बनवास देश का मुख्य क्षेत्र दान में देना चाहता था। उस समय सुदत्त मुनिप ने पद्मावती को एक चीते के रूप में प्रकट करवाया। पद्मावती को चीते के रूप में देखते ही उन्होंने सल से कहा— पोय्सल ( सल, मारो )। जिस पर उसने चीते को सल ( डण्डे ) से मारा और देवी पद्मावती के समक्ष उसके साहस का प्रदर्शन कराया। इससे राजा का नाम पोय्सल पड़ा।

इस घटना के उल्लेख से इतना तो मालुम होता है कि सल उस समय एक होनहार। सरदार था जैन प्रतिभा को राज्याश्रय से वञ्चित होते समय यह आवश्यक प्रतीत हुआ कि वह किसी उदीयमान सरदार को आगे बढाये जो जिनधर्म को पुनः संरक्षण प्रदान करे। इतिहास हमें बताता है कि सचमुच ही इस वंश ने अपने अन्तिम दिनों तक जैन धर्म को आश्रय प्रदान किया था।

इस वंश के उद्गम होने के पहले अंगडि एक जैन केन्द्र था यह बात हमें लेख नं० १६६ से ज्ञात होती है। लेख नं० २०१ तथा अन्य लेखों से ज्ञात होता होता है कि इस वंश के शासक अपने को मले परोल गण्ड ( पहाड़ी सामन्तों में मुख्य ) मानते थे, जिससे मालुम होता है कि वे लोग पहाड़ी जाति के थे। यद्यपि प्रस्तुत संग्रह के लेखों से वंश के प्रारम्भ के तीन नरेश—सल, विनयादित्य प्रथम एवं नृपकाम–के सम्बन्ध में विशेष नहीं मालूम होता है पर अन्यत्र उल्लेखों से अनुमान किया जाता है कि ये तीनों नरेश सुदत्त मुनि के प्रभाव में थे[2]। नृपकाम के सम्बन्ध में ले० नं० ३४७ से ज्ञात होता है कि वह विनयादित्य

---

१. जै० शि० सं० प्रथम भाग, ५६; प्रस्तुत संग्रह का २८२ या २८३ वां लेख।

२. सालेतोरे, मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ६४–७३

द्वितीय का पिता था। लेख नं० २७८[1] में नृपकाम होयसल का जैन सेनापति गंग-राज के पिता एचि के संरक्षक के रूप में उल्लेख है। लेख नं० १७८ के आधार पर कुछ इतिहासज्ञ इस नरेश का समय सन् १०२२ या १०४० (?) के लगभग निर्धारित करते हैं, तदनुसार इसका दूसरा नाम राचमल्ल पेर्म्मानडि था जो कि गंगवाडो के मुनियों में प्रसिद्ध था[2]। इसके गुरु द्रविड़संघ के वज्रपाणि ने सोसवूर (अङ्गडि) में अपना जीवन व्यतीत कर अन्त में सन्यासपूर्वक देह त्यागा था। नृपकाम का पुत्र विनयादित्य द्वितीय हुआ जिसने सन् १०४०—११०० के लगभग शासन किया। लेख न० २६०[3] से ज्ञात होता है कि इसके गुरु शान्तिदेव थे, जिन की चरणसेवा से उसे राज्यलक्ष्मी प्राप्त हुई थी। लेख नं० २८६[4] में उल्लेख है कि उसने अनेक तालाब एवं जैन मन्दिर बनवाये थे। लेख नं० १२५ से ज्ञात होता है कि विनयादित्य के राज्यकाल में अङ्गडि में मकर जिनालय नाम से एक प्रसिद्ध चैत्यालय था। ले० नं० २०० के अनुसार उक्त नरेश के गुरु शान्तिदेव सन् १०६२ ई० में दिवंगत हुए थे। उक्त अवसर पर उस नरेश ने और सभी नगरवासियों ने मिलकर उनकी स्मृति में एक स्मारक बनवाया था। यह नरेश चालुक्य नृप विक्रमादित्य षष्ठ का सामन्त था। उसका बेटा एरेयङ्ग (त्रिभुवनमल्ल) सोमेश्वर तृतीय भूलोकमल्ल चालुक्य का सामन्त था (२१८)। ले० नं० ४०३[5] और ३६३[6] में उसे चालुक्य नरेश का बलद (दक्षिण) भुजादण्ड कहा गया है। ले० नं० ३४८ में कई पद्यों द्वारा इसकी सामरिक वीरता की प्रशंसा

---

१. जै० शि० सं० प्रथम भाग लेख नं० ४४

२. राबर्ट सेवल, हिस्टोरिकल इन्स्क्रिप्सन्स आफ सदर्न इण्डिया, पृष्ठ ३५१

३. जै० शि० सं० प्रथम भाग, ले० नं० ५४.

४. वही—ले० नं० ५३.

५. वही—ले० नं० १२४.

६. वही—ले० नं० १३७ (?)

की गई है और अनेको उपाधियाँ दी गई हैं। लेख नं० २३३[1] से, जो कि एरेयंग के राज्यकाल का ही है, ज्ञात होता है कि वह गंग मण्डल पर राज्य करता था। उसने अपने गुरु जैनतार्किक गोपनन्दि को श्रवणवेल्गोल की वसदियों के जीर्णोद्धार के हेतु कुछ ग्राम दान मे दिये थे।

इतिहासज्ञों का अन्य लेखों के आधार पर विश्वास है कि एरेयंग अपने अन्तिम दिनों तक युवराज बना रहा और उसका वृद्ध पिता विनयादित्य गद्दी पर बैठा रहा। होय्सल वंश मे एरेयंग प्रथम व्यक्ति था जिसने वीर गङ्ग उपाधि धारण की। पीछे इसके उत्तराधिकारियों मे यह उपाधि बड़ी प्रिय समझी गई।

लेख नं० २६५ से ज्ञात होता है कि एरेयङ्ग की रानी एचलदेवी से बल्लाल, विष्णुवर्धन (विट्टिग) एवं उदयादित्य नामक तीन पुत्र हुए। लेख नं० २६६ में इसके एक दामाद का उल्लेख है जिसका नाम हेम्माडिदेव था, यह गंगवंशोत्पन्न एवं जैन धर्मानुयायी था। लेख नं० २१८ के अनुसार मालुम होता है कि उसके ज्येष्ठ पुत्र बल्लाल ने कुछ समय के लिए शासन किया था यद्यपि उक्त लेख का शक संवत् १००० सन्देहास्पद है। इस लेख मे बल्लाल के शौर्य की प्रशंसा भी है। लेख नं० ५६६ तथा ६२५ [2] से ज्ञात होता है कि उसके जैन गुरु चारुकीर्ति मुनि थे जिन्होंने इसे असाध्य बीमारी से बचाया था। बल्लाल का शासन काल सन् ११०० से ११०६ ईस्वी तक माना जाता है।

बल्लाल का उत्तराधिकारी उसका भाई विष्णुवर्धन हुआ। यह इस वंश का सबसे बड़ा प्रतापी राजा था। इस राजा ने कर्नाटक देश को चोल आधिपत्य से मुक्त किया था। इस संग्रह में उसके राज्य के अनेकों लेख संग्रहीत हैं। लेख

---

१. वही—ले० नं० ४६२।

२. वही—ले० नं० १०५, १०८

नं० २६३, २६४, २८३, २८७, २८६, ३०४, ३४८, ३६३ एवं ४०३[1] में विष्णुवर्धन के अनेकों विरुदों तथा प्रतापादि का उल्लेख है। उसके आठ जैन सेनापतियों—गङ्गराज, बोप्प, पुणिस, बलदेव, मरियाने, भरत, ऐच एवं विष्णु ने अनेकों महत्व के युद्धों में उसे विजय प्रदान कर उसके राज्य को मजबूत बनाया था। लु० राइस महोदय की मान्यता है कि सन् १११६ ई० के पहले विष्णुवर्धन ने जैन धर्म को छोड़कर रामानुजाचार्य के प्रभाव में आकर वैष्णव धर्म ग्रहण कर लिया था। सत्य जो हो पर उसके मन पर जैन प्रभाव और कृतज्ञता इतनी अधिक थी कि जैनत्व के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति में उसने कमी नहीं की थी। लेख नं० २८७ और ३०१ से ज्ञात होता है कि सन् ११२५ और ११३३ ई० में भी जैन धर्म के प्रति श्रद्धालु था। २८७ वें लेख के अनुसार उसने चोल सामन्त अदियम, पल्लव नरसिंह वर्म, कोङ्ग, कलपाल तथा अङ्गरन के राजाओं को पराजित किया था तथा पीछे वसदियों के जीर्णोद्धार के हेतु तथा ऋषियों को आहार दान देने के लिए अपने जैन गुरु द्रविड़ संघ के श्रीपाल त्रैविद्य देव को चल्य (शल्य) नामक ग्राम दान में दिया था। लेख नं० ३०१ (सन् ११३३) से विदित होता है कि उसके एक सेनापति बोप्पदेव द्वारा हनसोगेवलि के द्रोहघरट्ट जिनालय की स्थापना के बाद जिस समय पुरोहित लोग चढ़ाये हुए भोजन (शेषा) को विष्णुवर्धन के पास बङ्कापुर ले गये उसी समय वह एक शत्रु पर विजय प्राप्त कर आया था, तथा उसकी रानी लक्ष्मी महादेवी से पुत्ररत्न उत्पन्न हुआ था। उसने उनका स्वागत कर प्रणाम किया और यह समझकर कि इन्हीं पार्श्वनाथ भग०की स्थापना से उसे युद्ध में विजय, पुत्रोत्पत्ति एवं सुख समृद्धि मिली है, उसने देवता का नाम विजयपार्श्व तथा पुत्र का नाम विजय नरसिंह देव रखा था। ले० नं० २८३[2] से ज्ञात होता है कि उसकी एक पत्नी शान्तलदेवी जैन धर्म परायणा थी। उसकी एक उपाधि थी उद्वृत्तसवतिगन्धवारणे अर्थात् उच्छृङ्खल सौतों के लिए मत्त हाथी। उसने श्रवणबेल्गोल में 'सवति गन्धवारण' वसदि भी बनवायी थी। उसके अनेक

१. वही—(२८३ से क्रमशः) ले० नं० ५६, ४६३, ५३, १४४, १३८, १२४, १३७।
२. वही—ले० नं० ५६

दानादि कार्यों का वर्णन जैन महिलाओं के प्रकरण में दिया गया है। विष्णु-वर्धन से सम्बन्धित प्रायः सभी लेखों में उसके जैन सेनापतियो मन्त्रियों एवं अफसरों की शूर वीरता, दानादि कार्यों का वर्णन है जो कि प्रसगानुसार पृथक् किया गया है ।

यद्यपि विष्णुवर्धन ने होय्सल वंश को दक्षिण भारत की राजनीति में समुन्नत बनाया था और अपने वंश के पूर्व अधिपति चालुक्य वंश से बहुत कुछ स्वतंत्र कर लिया था, पर वह सम्राट् का पद धारण न कर सका। लेख नं० २६५ से सिद्ध होता है कि वह चालुक्याभरण त्रिभुवनमल्ल ( विक्रमादित्य षष्ठ ) का आधिपत्य स्वीकार किया था। उसके अन्तिम वर्षों के लेखों ( ३१८ आदि ) में भी उसे महामण्डलेश्वर कहा गया है ।

इतिहासज्ञों की मान्यता है कि विष्णुवर्धन सन् ११४० ई० में दिवंगत हुआ और उसका बेटा नरसिंह ( प्रथम ) गद्दी पर आरूढ हुआ। यद्यपि विष्णु-वर्धन के राज्यकाल का उल्लेख करने वाले लेख सन् ११४९ ई० तक के मिलते हैं पर या तो वे पुराने लेखों की पुनरावृत्ति हैं या जाली हैं। जैन लेखों में ऐसा ही एक लेख ( ३१८ ) उसकी मृत्यु के दो वर्ष बाद का है। विष्णुवर्धन को नरसिंह के अतिरिक्त एक और पुत्र था। ले० नं० २९३ ( सन् ११३० ई० ) से ज्ञात होता है कि उसका ज्येष्ठ पुत्र श्रीमन् त्रिभुवनकुमार बल्लालदेव राज्य कर रहा था। उसकी बहिनों में सबसे बड़ी हरियब्बरसि थी जो जैन धर्मपरायण थी। उक्त राजकुमार के संबंध में इससे अधिक और कुछ ज्ञात नहीं।

नरसिंह प्रथम के राज्यकाल के भी अनेकों लेख इस संग्रह मे दिये गये हैं ( ३२४, ३२८, ३३३, ३३९, ३४७, ३४८, ३५१, ३५२, ३५६, ३६३, ३६७ )। ये सामन्तों, सेनापतियों एवं अफसरों से सम्बन्धित हैं। लेख नं० ३४८[1] से ज्ञात होता है कि उक्त नरेश के भाण्डागारिक एवं मंत्री हुल्ल ने

---

१. वही-ले० नं० १३८.

श्रवणवेल्गोल में चतुर्विशति जिन मन्दिर निर्माण कराया। यह मन्दिर आजकल भी भण्डारिवस्ति कहलाता है। उक्त लेख में लिखा है कि एक समय नरसिंह अपनी दिग्विजय के समय श्रवणवेल्गोल आये और उक्त जिनालय को देख प्रसन्न हो उसका नाम भव्य चूड़ामणि रखा। नरसिंह ने उस समय मन्दिर के पूजनादि प्रवन्ध के लिए 'सवणेरु' नामक ग्राम दान में दिया। यही बात ले० नं० ३४८ में भी लिखी है। अन्य लेखों से प्राप्त इसके सेनापतियों एवं महाप्रधानों का वर्णन दूसरे प्रकरण में दिया गया है। इन लेखों से ज्ञात होता है कि उक्त नरेश ने अपने शासनकाल में होय्सल वंश की समृद्धि के लिए कोई विशेष प्रयत्न नहीं किये। केवल अपने पिता द्वारा अर्जित राज्य वैभव और उसके यश का ही उपयोग करता रहा। लेख नं० ३३६ में इसकी एक उपाधि 'जगदेकमल्ल' दी गई है जो सूचित करती है कि यह चालुक्यों का आधिपत्य स्वीकार करता था।

नरसिंह का उत्तराधिकारी उसका प्रतापी वेटा वल्लाल द्वितीय हुआ जिसे लेखों मे वीर वल्लाल कहा गया है। यह वड़ा वहादुर राजा था। इसने होय्सल वंश को स्वतन्त्र वनाया और राज्य मे शान्ति एवं सुख समृद्धि स्थापित की। इसका राज्य सन् ११७३ से १२२० ई० तक अर्थात् ४८ वर्ष के लगभग रहा। इस नरेश के राज्यकाल के भी अनेकों लेख इस संग्रह में दिये गये हैं। लेख नं० ३७३ ( सन् ११६८ ) इसकी युवराज अवस्था का है जिससे ज्ञात होता है कि यह अपने पिता के शासनकाल में सक्रिय सहयोग देता था। इसके जैन गुरु का नाम वासुपूज्य सिद्धान्त देव था। लेख नं० ३७६ और ३८१[1] इसके राज्य के प्रथम वर्ष के हैं। ले० नं० ३७६ से विदित होता है कि अपने पट्टवन्धोत्सव मे महादान दिये थे। शक सं० १०६५ की श्रावण शुक्ला एकादशी ( दशमी ) रविवार को उसका राज्याभिषेक हुआ था। उस दिन उक्त लेखा-

---

१. वही—ले० नं० ४६१.

नुसार उसके महासांधिविग्रहिक मंत्री बूचिमय्य ने त्रिकूट जिनालय बनवा कर, उसकी पूजादि के लिए द्रविड संघ के वासुपूज्य सिद्धान्तदेव को मरिकली गाँव भेंट किया। इसी तरह लेख नं० ३८१ से विदित होता है कि उसका दण्डाधिप हुल्ल था। यह हुल्ल उसके पितामह विष्णुवर्धन के समय से ही उक्त वंश की सेवा में था। बल्लाल देव ने उस वर्ष भानुकीर्ति व्रतीन्द्र को पार्श्व और चतुर्विंशति तीर्थंकर की पूजा हेतु मारुहल्लि ग्राम दान में दिया तथा हुल्ल के अनुरोध से बेक्क गाँव भी भेंट में दिया। ले० नं० ३९९[1] में लिखा है कि बल्लाल ने अपने पिता द्वारा दिये गये तीन गाँवों के दान को हुल्ल मंत्री द्वारा पूरा कराया।

इस राजा के इस संगह के अनेक लेख उसके सेनापतियों, मंत्रियों एवं सेठों से सबंधित है जिनका वर्णन पीछे प्रकरणों में दिया गया है। उसकी सामूहिक विजयों के सम्बन्ध में ले० न० ३९४ मे लिखा है कि इसने उच्चगि के किले को जीता था, तथा ले० नं० ४३१ से विदित होता है कि उसते सेबुण राजा को हराया और ले० नं० ४४८ से ज्ञात होता है कि उसने कुन्तल देश पर कलचूरि विज्जल के शासन को हटाकर अपने अधीन किया था। ले० नं० ४६५ से मालुम होता है कि इसका एक जैन दण्डनायक रेचि था जो कि ४०८ वे ले० में कलचूरि वंश का दण्डाधिनाथ बतलाया गया है। दोनों लेखो का अध्ययन करने से मालुम होता है कलचूरि नरेश के धर्म परिवर्तन के कारण तथा बल्लाल द्वारा अपने स्वामी के परास्त होने पर संभव है वह उसका सेनापति हो गया हो।

बल्लाल द्वितीय के पुत्र नरसिंह द्वितीय के राज्य का केवल एक लेख (४७५)[2] हमारे संग्रह में हैं जिसमें उसकी पृथ्वीवल्लभ, महाराजाधिराज, सर्वज्ञचूड़ामणि आदि उपाधियाँ दी गई हैं। लेख में उक्त नरेश के राज्य में एक सेठ द्वारा गोम्मटेश्वर की पूजा के हेतु किये गए दान का उल्लेख है।

---

१ वही—ले० नं० ९०.

२. वही—ले० नं० ८१.

हमें नरसिंह द्वितीय के पुत्र सोमेश्वर के समय के दो लेख (४६५[1] एवं ४६६) मिलते हैं। ले० नं० ४६५ में सोमेश्वर की विजय एवं कीर्ति का परिचय उनकी उपाधियों से ज्ञात होता है। उक्त नरेश के सेनापति शान्त और उसके पुत्र सातण्ण ने मनलकेरे मे जैनमन्दिर का जीर्णोद्धार कराया था। द्वितीय लेख में वीर बल्लाल तक तो ठीक रूप से वंशावली दी गई पर पीछे की वंशावली नहीं। लेख में काल निर्देशको देखते हुए कहा जा सकता है कि यह उसके समय का है।

सोमेश्वर के राज्य के उत्तराधिकारी उसकी दो रानियों के दो पुत्र, नरसिंह तृतीय एवं रामनाथ हुए। नरसिंह तृतीय के चार लेख प्रस्तुत संग्रह में दिए गये हैं। ले० नं० ४६६ के अन्तर्गत दो लेखों से ज्ञात होता है कि सोमेश के पुत्र नरसिंह ने अपने जीजा द्वारा बनवायी गई चहार दीवारी एवं मकान की मरम्मत कराकर विजयपार्श्वदेव की सेवा में अर्पण किया था तथा कुछ महीने बाद अपने उपनयन संस्कार के समय उक्त देव की पूजादि के निमित्त दान दिया था। ले० नं० ५१२[2] में उक्त नरेश द्वारा तथा होन्नचगेरे के सम्मुदेव द्वारा भूमिदान का उल्लेख है। ले० नं० ५२८[3] में होय्यसलराय शब्द से इस नरेश का निर्देश इसके गुरु महामण्डलाचार्य माघनन्दि का उल्लेख तथा बेल्गोल के जौहरियो द्वारा भूमिदान का कथन है। चूँकि लेख का समय उक्त नरेश के राज्यकाल मे पड़ता है इसलिए होय्सलराय से नरसिंह तृतीय ही समझना चाहिये।

अन्यत्र उल्लेखों से ज्ञात होता है कि रामनाथ तथा नरसिंह के उत्तराधिकारी बल्लाल तृतीय ने भी जैन धर्म को संरक्षण प्रदान किया था[4]।

इस तरह हम देखते हैं कि इस वंश के आदि पुरुष से लेकर अन्तिम राजा तक सभी जैन धर्म के प्रति श्रद्धालु, भक्त एव उसे संरक्षण प्रदान करने वाले थे।

---

१. वही–ले० न० ४६६.
२. ,, ले० नं० ६६.
३. ,, ले० नं० १२६.
४. सालेतोरे, मेडीवल जैनिज्म, पृष्ठ ८५–८६

८. विजय नगर राज्य:—होय्यसल साम्राज्य १३ वीं शताब्दी तक दक्षिण भारत में विद्यमान रहा पर मुसलमानों के दो तीन हमलों से वह ध्वस्त हो गया। उसका अन्तिम राजा वल्लाल तृतीय, मदुरा के सुल्तान गियासुद्दीन द्वारा मार डाला गया। दक्षिण के अन्य हिन्दू साम्राज्य भी खतरे में थे। वे सब सचेत हो विजय नगर के नायकों के झण्डे के नीचे आये।

विजय नगर साम्राज्य के संस्थापक अपने को यादव वंश का मानते हैं (५८५ श्लो० १५)। इस वंश का संस्थापक था संगमेश्वर या सगम (५६१) जिसके संबंध में हमें विशेष कुछ मालुम नहीं। इसके दो वेटों ने मिलकर हिन्दू शक्ति को नेतृत्व प्रदान किया। हरिहर प्रथम जिसके सम्बन्ध में कहा जाता है कि वह सन् १३३६ में गद्दी पर वैठा था सन् १३५५ तक जीवित रहा। प्रस्तुत संग्रह में उसके समय के दो ले० नं० ५५८, ५५६ हैं जिनमें उसे महामण्डलेश्वर, हिन्दुवराय, सुरताल श्री वीर कहा गया है। उसका उत्तराधिकारी उसका भाई बुक्कराय हुआ जिसने सन् १३५५ से १३७७ ई० तक राज्य किया। इसके राज्य के ६–७ ले० प्रस्तुत संग्रह में दिए गये हैं, जिनमें उसे महामण्डलेश्वर कहा गया है। ले० नं ५६६ में उसे पूर्व दक्षिण पश्चिम समुद्राधीश्वर तथा ले० न० ५६२ मे अभिनव बुक्कराय कहा गया है। ले० नं० ५६१ में उसके एक पुत्र विरुपण्ण वोडेयर का उल्लेख है। ले० नं० ५६१, ५६५[1] एवं ५६६ में उक्त नरेश की धार्मिक नीति का निरूपण है। तदनुसार वह अपने राज्य में जैन और वैष्णवों मे कोई भेद नहीं देखता था और जब कभी विवाद के प्रश्न उठते थे तो दोनों के पारस्परिक मेल मिलाप कराने में उद्यत रहता था। उसके राज्य के शेष लेख प्रायः समाधिमरण के स्मारक हैं।

बुक्कराय का उत्तराधिकारी उसका पुत्र वीर हरिहरराय द्वितीय हुआ जिसने सन् १३७७ से १४०४ ई० तक शासन किया। इसके राज्यकाल के करीब १२

---

१. जैन शि० सं०, प्रथम भाग, ले० नं० १३६.

लेख इस संग्रह मे हैं जो कि प्रायः साधारण जनता, सरदारों एवं सेनापतियों से सम्बंधित हैं। ले० नं० ५७९ मे उसके एक जैन सेनापति वैचप्प का उल्लेख है जो कि उसके पिता के समय से उक्त पद पर था। उक्त लेख में उसकी कोंकण देश से लड़ाई का वर्णन है जिसमें वैचप्प की जीत हुई थी। ले० न० ५८१ मे हरिहर द्वितीय के पुत्र बुक्कराय द्वितीय तथा वैचप्प सेनापति के पुत्र इरुगप्प महामंत्री का उल्लेख है। ले० नं० ५८५ में चैच (वैचप) और इरुगप्प की प्रशंसा के साथ बुक्क और हरिहर की प्रशंसा है। सन् १३८६ मे इरुगप्प ने विजयनगर में एक मन्दिर बनवाया और उसमे कुन्थु जिननाथ की स्थापना की थी। ले० नं० ५८९ मे और उसके बाद के लेखों मे महामण्डलेश्वर के स्थान में उक्त राजा की अश्वपति, गजपति आदि तथा महाराजाधिराज उपाधिया मिलती हैं। ले० नं० ६०२[1] मे हरिहरराय की मृत्यु का उल्लेख है। उक्त लेखानुसार वह सन् १४०४ (शक सं० १३२६ भाद्रपद कृष्ण १० सोमवार) में दिवंगत हुआ था।

हरिहर द्वितीय का उत्तराधिकारी उसका बेटा बुक्क द्वितीय हुआ जिसने १४०४ से १४०६ ई० के बीच राज्य किया था पर उसके राज्य का एक भी जैन लेख प्रस्तुत संग्रह में नहीं है। उसका उत्तराधिकारी देवराय हुआ जो कि उसका भ्राता था। इसने १४०६ से १४२२ ई० तक राज्य किया। इसके राज्य के ९ लेख प्रस्तुत संग्रह में हैं। ले० नं० ६०४ में उसकी अधिराट् जैसी उपाधियाँ दी गई हैं तथा ६०५ मे इसकी प्रशंसा की गई है। ले० नं० ६०९ मे उसकी अनेक उपाधियों के साथ उसके जैन सेनापति गोप का उल्लेख है। लेख नं० ६१५ के अन्तर्गत दो लेखों से विदित होता है कि उसका एक बेटा हरिहरराय था जो कि जैन धर्मानुयायी था। उसने कनकगिरि के विजयनाथ देव की उपासना आदि के लिए मलेयूर ग्राम दान में दिया था।

ले० नं० ६१९ एवं ६२० मे इस वंश की वंशावली दी गई है जिससे

१. वही—ले० नं० १२६

विदित होता है कि देवराय का उत्तराधिकारी विजय अर्थात् बुक्क तृतीय था जिसने कुछ ही महीने राज्य किया था। ले० नं० ६१८ में विजय बुक्कराय के सम्बंध में लिखा है कि उसने स्वर्ग प्राप्ति के लिए गुम्मटनाथ स्वामी की पूजा एवं सजावट के लिए तोटहल्लि गाँव भेंट में दिया था। वह भगवद् अर्हत् परमेश्वर का आराधक था। उसका उत्तराधिकारी उसका पुत्र देवराय द्वितीय हुआ। ले० नं० ६१६ और ६२० में इस वंश की देवराय द्वितीय तक वंशावली दी गई है। ले० नं० ६१६ के अनुसार उक्त ताम्रपत्रों का दाता यही देवराय था। ६२० में इस वंश के प्रत्येक राजा की प्रशंसा में एक एक शार्दूलविक्रीडित छन्द दिया गया है। देवराय द्वितीय की प्रशंसा में अनेक छन्द हैं और कहा गया है कि उसने अपने पान सुपारी बगीचे में एक चैत्यालय बनवाया था और मन्दिर में श्री पार्श्वनाथ स्वामी की प्रतिमा विराजमान की थी। इस नरेश ने सन् १४२२ से १४४६ तक राज्य किया। ले० नं० ६३५[1] ( सन् १४४६ ई०) में इसकी मृत्यु का संवत् दिया गया है।

देवराय द्वितीय का उत्तराधिकारी उसका बेटा मल्लिकार्जुन हुआ पर उसका एक भी लेख प्रस्तुत संग्रह में नहीं है। इसकी मृत्यु के बाद सन् १४६५ में उसका भाई विरूपाक्ष तृतीय गद्दी पर बैठा। उसका राज्य सन् १४८५ तक था। उसके समय का एक लेख नं० ६४६ (सन् १४७२ ) है जिसमें उसकी अनेक उपाधियाँ—पृथ्वीमनोवल्लभ, महाराजाधिराज, राजपरमेश्वर आदि-दी गई हैं। यह संगम वंश का अन्तिम राजा था। इसके मंत्री सालुव नरसिंह ने इसे मार कर राज्य छीन लिया और इस तरह सन् १४८५ में इस वंश का अन्त हो गया। इस वंश के बाद विजयनगर पर शासन करने वाले अन्य वंश भी हुए हैं। उनमें तुलुव और आरवीडु वंश ख्यात हैं। तुलुव वंश के तृतीय नृप कृष्णदेव राय का नाम इतिहास में विशेष प्रसिद्ध है। अन्य उल्लेखों से ज्ञात होता है कि इसने

---

१. वही—ले० नं० १२५

जैन धर्म को अच्छी तरह संरक्षण प्रदान किया था [१]। उसका उत्तराधिकारी उसका भाई अच्युत राय हुआ था। लेख नं० ६६७ में लिखा है कि वादि विद्यानन्द ने नरसिंह के कुमार कृष्णराय के दरबार में परमतवादियों को अपने वाग्बल से परास्त किया था तथा उनके चरण कमलों को कृष्णराय के भाई अच्युतराय अपने मुकुट से पूजते थे।

विजय नगर राज्य पर शासन करने वाले आरवीडु वंश के दो नरेशों के राज्य काल के दो लेख नं० ६६१ (सन् १६०८) और ७१० (सन् १६३७) भी इस संग्रह में उपलब्ध है। प्रथम लेख वेङ्कटाद्रि प्रथम के समय का है। जिसमें उसे राजाधिराज आदि उपाधिया दी गई हैं और उल्लेख है कि मेलिगे नामक स्थान मे बोम्मण श्रेष्ठी ने जिन मन्दिर बनवाकर अनन्त जिन की प्रतिष्ठा की थी। इसी तरह दूसरे लेख मे वेङ्कटाद्रि द्वितीय का अनेक उपाधियों के साथ उल्लेख है। उसे कलिकाल अष्टम चक्रवर्ती कहा गया है। इस लेख में लिंगायत और जैनों के बीच उठे धार्मिक विवाद पर आपसी समझौता होने का उल्लेख है।

विजय नगर राज्य के लेखों को देखने से हमें भली भाति ज्ञात होता है कि जनता के बीच विशेषतः नायकों और गौडों के बीच जैन धर्म प्रिय था। वे उसका विधिवत् पालन करते, दान देते तथा अन्त में समाधि विधि पूर्वक देहत्याग करते थे। हिरियावलि एव नव निधि आदि ऐसे स्थान थे कि जहाँ समाधि विधि साधक आचार्य रहते थे। स्त्रियां अपने पति के मरने के बाद या तो सहगमन [१] (सती होकर) या समाधि विधि से मरण करती थीं। सती प्रथा के दो तीन दृष्टान्तों से ज्ञात होता है कि जैन समाज हिन्दू संस्कारों से प्रभावित होने लगा था। उनके धार्मिक मामलों में वैष्णवों की ओर से भी समय समय पर बाधाएं आने लगी थीं।

९. मैसूर राज्यवंशः—मैसूर राज्य के सम्बंध के इस संग्रह में प्रायः वे ही लेख हैं जो कि जैनशिलालेख सग्रह प्रथम भाग में वर्णित हैं। केवल दो लेख नं० ७५८

---

१. देखो, लेख नं० ५५६, ५७४, ६०५,

( सन् १८२८ केलसुरु से प्राप्त ) एवं नं० ७६४ ( सन् १८२६ ) नरसीपुर से प्राप्त नये हैं, जो कि मुम्मुडि कृष्णराज चतुर्थ के राज्यकाल के हैं। इसका राज्य सन् १७६६ से १८३१ ई० तक था। पहले भाग के लेख नं० ४३३, ६८ एवं ४३४ इस संग्रह में लेख नं० ७५२, ७५७ एवं ७६६ के रूप में संगृहीत हैं, जो कि इसी नरेश के समय के समझने चाहिये, कृष्ण राज तृतीय ( राज्य काल ई० १७३४–१७६१ ) के नहीं।

## ई. दक्षिण भारत के छोटे राजवंश एवं सामन्त गण।

१. सेन्द्रक कुल –इस कुल की उत्पत्ति नागवंश से कही जाती है। लेख नं० १०६ में इन्हें भुजगेन्द्रान्वय का कहा गया है। इनका देश नागरखण्ड था जो कि बनवासि प्रान्त का एक भाग था। पहले ये कदम्बों के सामन्त थे पर पीछे कदम्बों के पतन के बाद बादामी के चालुक्यों के सामन्त हो गये। प्रस्तुत संग्रह के लेख नं० १०४, १०६ एवं १०६ से ज्ञात होता है कि ये जैन धर्मानुयायी थे। इस वंश के सामन्त भानुशक्ति राजा ने कदम्ब हरिवर्मा से जैनमन्दिर की पूजा के लिए दान दिलाया था ( १०४ ) तथा चालुक्य जयसिंह ( प्रथम ) के राज्य में सामन्त सामियार ने एक जैन मन्दिर बनवाया था ( १०६ )। लेख नं० १०६ से ज्ञात होता है कि चालुक्य रणराग के शासन काल में विजयशक्ति के पौत्र एवं कुन्दशक्ति के पुत्र दुर्गशक्ति ने पुलिगेरे के प्रसिद्ध शंख जिनालय के लिए भूमिदान दिया था।

२. नीगुन्द वंशः—इस वंश का उल्लेख गंगवंश के एक लेख नं० १२१ में मिलता है। वहा लिखा है कि बाणकुल को भयभीत करने वाला दुण्डु नाम का एक नीगुन्द नामक युवराज हुआ। उसका बेटा परगूल पृथवी नीगुन्द राज हुआ उसकी पत्नी कुन्दाच्चि थी जिसकी माता पल्लव नरेश की पुत्री थी तथा उसका पिता सगर कुल का मरुवर्मा था। परगूल और उसका पिता दुण्डु दोनों जैन थे। उसकी पत्नी कुन्दाच्चि ने लोक तिलक नामक जैन मन्दिर बनवाया। जिसके लिए

परगूल ने अपने अधिपति नरेश से एक ग्राम दान में दिलाया था। उक्त लेख में दुण्डु के जैन गुरु विमलचन्द्राचार्य का उल्लेख है।

३. शान्तर वंश—दक्षिण भारत मे जैन धर्म को शक्तिशाली बनाने में शान्तरवंशी राजाओं का बड़ा भारी हाथ था। प्रस्तुत संग्रह के अनेक जैन लेख इस बात के प्रमाण हैं।

शान्तर राजाओं के वंश का नाम उग्रवंश था और सातवीं शताब्दी के लगभग पश्चिमी चालुक्य नरेश विनयादित्य के शासनकाल में यह वंश हमारे सामने आता है। राज्य के रूप में इस वंश को स्थापित करने वाले प्रथम पुरुष का नाम जैन लेखों में, जिनदत्तराय मिलता है। लेख नं० १४६ के अनुसार यह जिनदत्तराय कलस राजाओं के खानदान कनककुल मे उत्पन्न हुआ था। उसने जिनाभिषेक के लिए कुम्बसेपुर नामक गांव दान में दिया था। जिनदत्तराय के प्रताप का वर्णन ले० नं० १९८ में दिया गया है जिससे विदित होता है कि उसने पद्मावती देवी के प्रसाद को प्राप्त कर एक राक्षस के पुत्र को अपने भुजबल से भयभीत कर दिया था। ले० नं० २१३ और २४८ से जिनदत्तराय और उसके वंश के सम्बन्ध की अनेक सूचनायें मिलती हैं। इनसे मालुम होता है कि इस वंश की उत्पत्ति उत्तर भारत के मथुरा नगर में हुई थी और जिनदत्तराय ने पद्मावती के प्रसाद से पट्टिपोम्बुच्चपुर (वर्तमान हुम्मच) में अपना शासन स्थापित किया था। इसके बाद शान्तर लोगों की राजधानी बहुत समय तक हुम्मच ही रही। इस वंश के अनेकों लेख भी हुम्मच से ही प्राप्त हुए हैं।

जिनदत्तराय के वंश मे कुछ समय बाद तोलापुरुष विक्रमशान्तर हुआ जिसने मौनिभट्टारक के लिए एक पाषाणबसदि (१३२) बनवाई थी। ले० नं० २१३ से विदित होता है कि विक्रम शान्तर ने एक महादान देकर सान्तलिगे हजार नाड् नाम का एक भिन्न राज्य स्थापित किया, इससे वह कन्दुकाचार्य, दानविनोद, विक्रमशान्तर इन तीन नामों से प्रसिद्ध हुआ। उसका पुत्र चागि शान्तर हुआ जिसने चागि समुद्र का निर्माण कराया था। उक्त लेख से ज्ञात होता है कि चागि के बाद क्रमशः बीर, कन्नर, कावदेव, त्यागि, नन्नि, राय, चिक्कबीर अम्मन

तथा तैल ( सन् ८५० ई० के लगभग से १०२५ ई० के लगभग तक ) इस वंश में उत्पन्न हुए। दुर्भाग्य से इन सबके सम्बन्ध में कोई लेख नही मिलते।

तैल ( प्रथम ) के तोन पुत्र थे उनमें वीर शान्तर ( द्वितीय ) ज्येष्ठ था। वही राज्य का अधिकारी हुआ। उसके राज्य के इस संग्रह में दो लेख हैं। ले० नं० १९७ में उसके अनेक विरुद दिये गये हैं। ले० नं० १९८ से ज्ञात होता है कि उसने समस्त विरोधियों को नष्ट कर अपने राज्य को निष्कण्टक कर दिया था। इस लेख में उसकी पत्नी चागलदेवी द्वारा निर्मापित तोरण एवं मन्दिर आदि कार्यों तथा दानों की प्रशसा है। वीरशान्तर का अधिराज़ा त्रैलोक्यमल्ल चालुक्य ( सोमेश्वर प्रथम-सन् १०४२–१०६८ ई० ) था इसके नाम पर ही वीर शान्तर का दूसरा नाम त्रैलोक्यमल्ल पड़ा ( १९७, १९८ )। ले० नं० २१३ से ज्ञात होता है कि इसका विवाह जिन भक्त कुल गंगवंश में हुआ था। उसका ससुर रक्कस गंग था। उसकी पत्नी कञ्चलदेवी ( वीर महादेवी ) से उसे चार पुत्र उत्पन्न हुए—तैल, गोग्गिग, ओड्डुग और बर्म्म। ये सब जैन धर्म के परम भक्त थे। इन भाइयो ने अपनी जैन धर्मपरायणा मौसी चट्टलदेवी के सहयोग से जैन धर्म की प्रभावना के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये थे। इस संग्रह में तैल-शान्तर के राज्यकाल के ७ लेख ( २०३, २१२, २१३, २१४, २१५, २१६, २२६ ) हैं जो सभी हुम्मच से प्राप्त हुए हैं। ले० नं० २०३ से ज्ञात होता है कि तैल द्वितीय ने सन् १०६६ मे अपनी राजधानी पोम्बुच्चपुर मे एक जिनालय बनवाया था, जिसका नाम भुजबल शान्तर जिनालय था। अन्य लेखों मे उसके भाइयों के धार्मिक कार्यों का उल्लेख है। तैल द्वितीय भी अपने पिता के समान चालुक्य त्रिभुवन मल्ल ( विक्रमादित्य षष्ठ ) के अधीन था। उसका विरुद भी था त्रिभुवन मल्ल। उसने अपनी माता वीरब्बरसि की स्मृति में, वादिघरट्ट अजित सेन पण्डितदेव का नाम लेकर एक बसदि की नींव रखी थी।

ले० न० २४८ और ३२६ से ज्ञात होता है कि तैल शान्तर के पम्पादेवी नाम की एक पुत्री तथा श्रीवल्लभ नाम का पुत्र था तथा ओड्डुग शान्तर के तैल

( तृतीय ) नामका पुत्र था। अन्यत्र उल्लेखों से ज्ञात होता है कि तैल तृतीय श्रीवल्लभ का उत्तराधिकारी हुआ[1]। ले० न० ३४६ में इस वंश के अन्तिम अंश का वर्णन है। यह लेख तैल चतुर्थ के वर्णन से प्रारम्भ होता है। तैल चतुर्थ, श्रीवल्लभ शान्तर का पुत्र था। इसकी पत्नी अक्कादेवी थी जिससे काम, सिंह और अम्मण ये तीन पुत्र हुए। काम से जगदेव और सिंगिदेव दो पुत्र तथा अलिया देव पुत्री हुई। काम, तैल चतुर्थ का उत्तराधिकारी हुआ और जगदेव कामदेव का। उक्त लेख में अलियादेवी के दान कार्यों का वर्णन है। यह देवी गगवंश के राजकुमार होन्नेयरस की पत्नी थी।

यद्यपि पीछे के शान्तर नरेश वीर शैवधर्म की ओर झुक गये थे तो भी जैन धर्म को कृतज्ञता के भाव उनके मन में बराबर थे। २-३ शताब्दी बाद भी इस वंश के नायकों को अपने पूर्वजों के धर्म की याद बनी रही। कारकल से प्राप्त दो लेखों ( ६२४ और ६२७ ) से हमें ज्ञात होता है कि जिनदत्तराय के वंशज भैरव के पुत्र वीर पाण्ड्य ने कारकल में बाहुबलि की प्रतिमा बनाकर प्रतिष्ठित कराई थी तथा वहीं जिनभक्त ब्रह्म ( क्षेत्रपाल ) की प्रतिमा भी प्रतिष्ठापित की थी।

४. कोङ्गाल्ववंश:—कोङ्गाल्ववंश राजाओं का शासन कोङ्गलनाड ८००० प्रान्तपर था जो कि वर्तमान कुर्गके उत्तरीभाग येलुसावीर प्रान्त और मैसूर के हसन जिले के दक्षिणीभाग अर्कुलगुद तालुका को शामिल किये था। यहाँ के पूर्व इतिहास का हम पता नहीं पर ११वीं शताब्दी इस्वी से कोङ्गाल्व नरेशों के शिलालेखों से ज्ञात होता है कि उस समय यह क्षेत्र महत्वपूर्ण था।

इस वंश के जो भी लेख प्रस्तुत संग्रह मे हैं उनसे उनके राजवंश का विशेष परिचय नहीं मिलता पर उनकी जैन धर्मपरायणता का परिचय अवश्य मिलता है। सन् १०५८ ई० के लेखों ( १८८, १८६, १६० ) से मालुम होता है कि राजेन्द्र कोङ्गाल्व ने अपने पिता द्वारा निर्मापित बसदि के लिए भूमिदान दिया था। उसकी मा ने भी एक बसदि बनवाई थी और उसमें अपने गुरु गुणसेन

---

१—राबर्ट सेवेल, हिस्टोरिकल इन्स्क्रिप्सन्स आफ़ सदर्न इण्डिया, पृष्ठ ३६०

पण्डित देव की प्रतिमा प्रतिष्ठित की थी। ले० नं० १६०' में राजेन्द्र का पूरा नाम राजेन्द्र चोल कोङ्गाल्व दिया गया है। सन् १०७० के एक त्रुटित लेख (२०६) में पृथुवि कोङ्गाल्व नाममात्र मिलता है उसके आगे का अंश नहीं पर ले० नं० २२०[1] में उसका पूरा नाम राजेन्द्र पृथ्वी कोङ्गाल्व अदटरादित्य दिया गया है। इसने अदटरादित्य नामक चैत्यालय निर्माण कराया था। पहले के उद्धृत लेखों और इस लेख से ज्ञात होता है कि उसका शासन काल कम से कम सन् १०५६ से १०७६ ई० तक अवश्य था। उक्त लेख में राजेन्द्र कोङ्गाल्व की महत्त्वपूर्ण अनेकों उपाधियाँ दी गई हैं जिनसे मालुम होता है कि वे सूर्यवंशी थे और चोलवंश से उनकी उत्पत्ति हुई थी। उन्हें ओरेयूर पुरवराधीश्वर कहा गया है। ओरेयूर व उरगपुर चोलराज्य की प्राचीन राजधानी थी। इस वंश के नरेश प्रारंभ से ही होय्सल राजाओं के अधीन सामन्त थे तथा पीछे विजय नगर राज्य के अधीन बने रहे।

प्रस्तुत संग्रह में इस वंश के और राजाओं के लेख नहीं आ सके। ले० नं० ५६० ( सन् १३६१ ) में कोङ्गाल्ववंशी किसी राजा की रानी सुगुण देवी द्वारा प्रतिमा स्थापना एवं दानादि कार्यों का उल्लेख है। इससे विदित होता कि इस वंशके नरेश चौदहवीं शताब्दी या उसके बाद तक जैन धर्म पालन करते रहे।

५. चङ्गाल्व वंशः—कोङ्गाल्वों के दक्षिण में चंगाल्व वंश का राज्य था। पहले वे चंगनाड् ( मैसूर रियासत का वर्तमान हुणसूर तालुका ) के अधिपति थे। पश्चात् इनका राज्य पश्चिम मैसूर और कुर्ग में फैला था। यद्यपि ये शैव सम्प्रदाय के थे पर प्रस्तुत संग्रह के कुछ लेख यह सिद्ध करते हैं कि ११ वीं शताब्दी के अन्तिम एवं १२वीं के प्रथम दशकों में वे जैन धर्मावलम्बी थे। ले० नं० १७५, १६५, १६६ एवं २२३ से ज्ञात होता है कि वीर राजेन्द्र चोल नन्नि चंगाल्व ने देशियगण, पुस्तक-गच्छ के लिए कुछ बसदियाँ बनवायी थीं। लेख न० २४० और २४१ में कथन है कि उसी राजेन्द्र चंगाल्व ने सन् ११०० में

---

१—जैन शिलालेख संग्रह, प्रथम भाग, ले० नं० ५००

चन्द्र-तीर्थ की वसदि को, जिसे पहले राम ने बनवाया था और जिसको गंगोंने दान में दिया था, फिर से बनवाया।

ले० नं० ३७७ में उल्लेख है कि कदम्बवंशी सोविदेव ने किसी चंगाल्व राजाको हरा दिया था और ४५२ में लिखा है कि होय्सल सेनापति ने चंगाल्व नृप को मार भगाया था। पर इन राजाओं का क्या नाम है, हमें मालुम नहीं। ले० नं० ६६१ में सूचना है कि सन् १५१० के लगभग इस वंश के एक नरेश के मंत्री पुत्र ने गोम्मटेश्वर की ऊपरी मञ्जिल का जीर्णोद्धार कराया था।

६. निडुगल वंशः—१३ वीं शताब्दी ईस्वी में इस वंश का राज्य उत्तर मैसूर प्रान्त के कुछ हिस्से पर था। ये अपने को चोल महाराज तथा ओरेयूर पुरवराधीश्वर कहते थे। इस वंश के दो लेख ( ४७८ और ५२१ ) हमारे संग्रह में हैं जिनसे मालुम होता है कि इस वंश के कुछ नरेश जिनधर्म भक्त थे। ले० नं० ४७८ में इस वंश की एक वंशावली दी गई है जो कि तीसरे वंशधर से प्रारंभ होती है, यथा-चोल राजाओं में हुआ मंगि, उससे वज्रि, उससे गोविन्द, उसका पुत्र हुआ इरुङ्गोल (प्रथम)। इरुङ्गोल का पुत्र हुआ भोगनृप जिससे बर्म्म ( ब्रह्म ) नृप हुआ। उस बर्म्म नृप की रानी बाचालदेवी से इरुंगोल द्वितीय हुआ। इस नरेश ने अपने आश्रित एक जैन व्यक्ति गगेयन मारेय के अनुरोध पर पार्श्व जिनवसदि के लिए कुछ भूमियों का दान दिया। उक्त वसदि का निर्माण उक्त जैन ने कराया था। उस वसदि की पूजा आदि के लिए कुछ किसानों ने चन्दा एवं तैलादि दान की व्यवस्था की थी। ले० नं० ५२१ में उसकी अनेक उपाधियाँ दी गई हैं तथा उक्त जिन वसदि का नाम ब्रह्म जिनालय दिया गया है जो कि सम्भव है उसके पिता के नाम पर रखा गया था। उक्त वसदि के लिए सन् १२७८ ई० मे मल्लि सेट्टि ने सुपारी के २००० पेड़ों के २ हिस्से दान में दिये थे। इरुंगोल द्वितीय के सम्बन्ध में इतिहासज्ञों की मान्यता है कि वह जैन धर्मावलम्बी था[१]।

---

१—राबर्ट सेवेल, हिस्टोरिकल इन्स्क्रिप्सन्स आफ सदर्न इण्डिया, पृष्ठ ३६६

इरुंगोल प्रथम के सम्बंध में श्रवण, बेल्गोल से प्राप्त दो लेखों ( ३४८, ३७८[२] ) से ज्ञात होता है वह भी जैन था। उसके गुरु नयकीर्ति सिद्धान्त देव थे तथा वह होय्सल विष्णुवर्धन द्वारा पराजित हुआ था।

७. चेर वंश—चेर वंश की एक शाखा अदिगैमान् का एक लेख ( ४३४ ) हमारे सग्रह मे है, जिससे उस वंश का थोड़ा परिचय मिलता है। उक्त लेख मे एलिनि उर्फ यवनिका नामक एक अदिगैमान् सरदार का उल्लेख है। दूसरा सरदार राजराज था। उसका पुत्र विडुकादलगिय पेरुमाल अर्थात् व्यामुक्त श्रवणोज्ज्वल था, जिसे लेख में तकटानाथ कहा गया है। अन्यत्र उल्लेखो से मालुम होता है कि वह सन् ११६८–१२०० ई० में जीवित था। उक्त लेख के अनुसार व्यामुक्त श्रवणोज्ज्वल ने अपने पूर्वज यवनिका द्वारा तूण्डीर मण्डल के अर्हसुगिरि पर प्रतिष्ठापित यक्ष-यक्षिणी की प्रतिमाओ का जीर्णोद्धार कराया तथा एक घण्टा दान मे दिया और एक नाली भी वनवायी थी। लेख से ज्ञात होता है कि इस शाखा के तीनो पुरुष जैन धर्म मे रुचि रखते थे।

८. शिलाहार वंश—शिलाहार अपने को जीमूतवाहन का वंशज मानते हैं। प्रस्तुत संग्रह में पश्चात्कालीन शिलाहारों के केवल तीन लेख संगृहीत हैं, जो कि कोल्हापुर और उसके आसपास प्रदेश में राज्य करते थे। ले० नं० ३२० और ३३४ में इस वंश की वंशावली दी गई है जिसमे जतिग से इस वंश का प्रारम्भ माना गया है। जतिग को नरेन्द्र, क्षितीश कहा गया है। जतिग के चार बेटे थे—गोङ्कल, गूवल, कीर्तिराज और चन्द्रादित्य। इसमें गोङ्कल का पुत्र मारसिह हुआ जिसके पाँच पुत्र थे:—गूवल, गंगदेव, बल्लाल, भोजदेव, गण्डरादित्य। उक्त दोनों लेख गण्डरादित्य के पुत्र विजयादित्य के राज्य के हैं जो कि भूमिदान संवंधी है। इन लेखों मे उसके जो विरुद दिये गये है उनसे ज्ञात होता है कि वह अपने समय का बड़ा प्रतापी मण्डलेश्वर था। बल्लालदेव और

२—जैन शिलालेख संग्रह, प्रथम भाग, ले० नं० १३८, ४२

गण्डरादित्य के सम्बन्ध में ले० नं० २५० में उल्लेख है कि उसने जैन मुनियो के लिए एक भवन दान में दिया था। उसकी महामण्डलेश्वर उपाधि थी। भोजदेव के सम्बन्ध में अन्यत्र उल्लेख से मालुम होता है कि उसके दरबार मे रहकर सोमदेव ने शब्दार्णव चन्द्रिका बनायी थी।

६. रट्ट वंश—इस वंश के अनेक लेख इस सग्रह मे दिखाई देते हैं। इस वंश के राजे जैन धर्म के सरक्षक राष्ट्रकूट एवं चालुक्य नरेशों के सामन्त थे। हुल्त्स महोदय की मान्यता है कि इस वंश का व्यवहारी नाम रट्ट था जब कि राष्ट्रकूट अलंकारिक एवं शाही रूप था। जो भी हो, रट्ट लोग राष्ट्रकूट कृष्ण तृतीय के समय से प्रभाव मे आये थे। सौदत्ति से प्राप्त एक लेख (१३०) से मालुम होता है कि रट्टों में प्रथम जिसने प्रमुख अधिकारी होने का पद पाया था वह था मेरड का पुत्र पृथ्वीराम। उसे यह पद राष्ट्रकूट कृष्ण तृतीय की अधीनता मे मिला था। उससे पहले वह मैलाप तीर्थ के कारेयगण के इन्द्रकीर्ति स्वामी का शिष्य था। ले० न० १६० मे पृथ्वीराम के पुत्र, प्रपौत्र एवं उनकी पत्नियों के नाम दिए गए हैं। संभव है ये सब सामन्त या महासामन्त थे। इसके बाद इस वंश की परम्परा का क्रम कुछ भंग हो गया है।

वंशावली का द्वितीय अंश २०५ और २३७ वे लेख मे वर्णित है, जिसमे नन्न से सेन द्वितीय तक वश परम्परा दी गई है। इन लेखों मे तथा पीछे के लेखो मे कार्तवीर्य को लत्तलूपुरवराधीश्वर तथा महामण्डलेश्वर आदि कहा गया है। ले० नं० ३६६, ४४८, ४४६, ४५३, ४५४ और ४७० इसी वंश से संबंधित है जिनमे सेन द्वितीय से ४-५ पीढ़ी तक अर्थात् कार्तवीर्य चतुर्थ, मल्लिकार्जुन और लक्ष्मीदेव द्वितीय तक की वंशावली दी गई है। ज्ञात होता है कि इस वश का अभ्युदय ई० सन् ६७८ के लगभग से १२२६ ई० तक रहा। इस वंश के प्रथम पुरुष पृथ्वीराम ने राष्ट्रकूट वश की अधीनता में वृद्धि की पर उसके उत्तराधिकारी शान्तिवर्मा से लेकर सेन द्वितीय तक कल्याणी के चालुक्यों की

अधीनता में रहे । सेन द्वितीय पीछे स्वतन्त्र हो जाता है और संभव है कि उसके बाद के सभी वंशधर स्वतन्त्र थे ।[१]

वंश के आदि पुरुष पृथ्वीराम के सम्बन्ध में ले० नं० १३० में कहा गया है वह एक जैन मुनि का विनीत छात्र था । उपर्युक्त लेखों से मालुम होता है कि कार्तवीर्य और मल्लिकार्जुन ने अपने दानों द्वारा जैन धर्म को अच्छी तरह संरक्षित किया था ।

१०. यादव वंशः—यह वंश अपनी उत्पत्ति विष्णु से मानता है (३१७) गर इसके प्रारम्भिक इतिहास के विषय मे हमें कुछ नहीं मालुम । इस संग्रह के जैन लेखों से ज्ञात होता है कि वे राष्ट्रकूटों के तथा पीछे कल्याणी के चालुक्यों के सामन्त थे । ईस्वी १२ वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में यह शक्ति कुछ स्वतन्त्र होती दिखती है । प्रारम्भिक यादवों को सेउण देश के यादव भी कहते हैं । पीछे इन्होंने देवगिरि में अपने राज्य को स्थापित किया था ।

प्रस्तुत संग्रह में इस वंश के राजा सेउणचन्द्र तृतीय से लेकर रामदेव या रामचन्द्र तक के शिला,लेख संग्रहीत हैं । ले० नं० ३१७ से ज्ञात होता है कि राजा सेउणचन्द्र तृतीय ने चन्द्रप्रभ भगवान् के मन्दिर के खर्च के लिए अंजनेरी में तीन दुकाने दान मे दी थीं पर उसकी राजनीतिक स्थिति का पता नहीं चलता । ४२१ वें लेख में उल्लेख है कि होय्सल नृप वीरवल्लाल द्वितीय ने, सन् ११९८ के लगभग सेऊणदेश के किसी राजा को जिसके पास अगणित हाथी घोड़े तथा वीर योद्धा थे, युद्ध में अकेले ही हराया । इतिहास को देखने से पता चलता है कि उस समय वहाँ भिल्लम पञ्चम का बेटा जैत्रपाल ( जैतुगि ) प्रथम शासन कर रहा था । उसके शौर्यसम्पन्न विशेषणों से ज्ञात होता है कि उस समय तक यादवों का प्रभाव एवं स्थिति अच्छी हो गई थी । जैत्रपाल प्रथम का बेटा सिंहण हुआ जिसका राज्य सन् ११९१ ई० से १२४७ ई० तक था ।

---

१. विशेष इतिहास के लिए देखो, दिनकर देसाई, महामण्डलेश्वराज अण्डर दि चालुक्याज आफ कल्याणी, बम्बई, १९५१

इसके ३७ वें वर्ष को द्योतन करने वाला एक समाधिमरण स्मारक लेख ( ४६० ) प्रस्तुत संग्रह में दिया गया है। इसी तरह सिंहण के पौत्र कन्हार देव या कन्धार देव के समय का वैसा ही एक लेख ( ५०२ ) इसी संग्रह में है। इस वंश से सम्बन्धित ले० नं० ५११ में वंशावली वाला भाग त्रुटित है, तो भी इससे इतना ज्ञात होता है कि कन्धार देव का सहोदर महदेव था तथा कन्धार-राय का पुत्र रामदेव ( रामचन्द्र ) था। उक्त लेख के अनुसार दण्डेश कूचिराज ने अपने स्वामी महदेव के करकमलों द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर निर्मापित लक्ष्मी जिनालय को कुछ दान दिलवाया था। रामचन्द्र या रामदेव के राज्य काल के ५ लेख ( ५१३, ५३५, ५३८, ५४०, ५४१ ) इस संग्रह में हैं जो कि दाताओं द्वारा दिये दान के स्मारक हैं। सन् १२६२-६५ के बीच के ले० नं० ५३८, ५४०, ५४१ में उक्त राजा की भुजबल प्रौढ प्रताप चक्रवर्ती आदि उपाधियाँ दी गयी हैं।

होय्सल वंश के समान ही इनका राज्य मुसलमानों ने नष्ट कर दिया।

**११. संगीतपुर के सालुव मण्डलेश्वरः**—१५ वीं ई० के उत्तरार्ध से लेकर १६ वीं के उत्तरार्ध तक संगीतपुर के शासक जैन धर्म के नेता के रूप में हमारे सामने आते हैं। तौलव देश ( उत्तर कनारा जिला ) में संगीतपुर, जिसे हाडुहल्लि भी कहते हैं, एक समृद्ध नगर था। उस नगर के शासक काश्यप गोत्र तथा सोमवंश के कहलाते थे। ले० नं० ६५४ में इस नगर का बड़ा सुन्दर वर्णन है। वहाँ का शासक महामण्डलेश्वर सालुवेन्द्र था जोकि चन्द्रप्रभ भगवान् का भक्त था। लेख में उक्त राजा के अनेक विशेषण दिये गये हैं जिससे विदित होता है कि वह राज्य और जैनधर्म दोनों को अच्छी तरह पालन कर रहा था। उसके मंत्री का नाम पद्म या पद्मण था जो कि शाही खान्दान का था। उसे सन् १४८८ में सालुवेन्द्र महाराज ने एक ग्राम भेट दिया जिसे उसने जिनधर्म की उन्नति के लिए दान में दे दिया ( ६५४ )। इसी मंत्री ने १० वर्ष बाद सन् १४६८ में पद्माकरपुर में एक चैत्यालय बनवाकर पार्श्व जिन की स्थापना की तथा अनेक दान दिये ( ६५८ )।

महामण्डलेश्वर सालुवेन्द्र के पिता का नाम संगिराय था तथा अनुज का नाम कुमार इन्द्रगरस वोडेयर था। इन्द्रगरस का दूसरा नाम इम्मडि सालुवेन्द्र था जो कि अपनी शूर वीरता के लिए प्रसिद्ध था (६५६)। वह जैनधर्म का भक्त था और उसने विदिरू में वर्धमान स्वामी की पूजा के निमित्त दान की व्यवस्था की थी।

आगे इस वंश के सालुव मल्लिराय, सालुव देवराय, सालुव कृष्णराय के नाम मिलते हैं जिन्होंने जैनधर्म को सरक्षण प्रदान किया था। सालुव कृष्णराय, सालुव देवराय की बहिन पद्माम्बा का पुत्र था। ले० नं० ६६७ से ज्ञात होता है कि ये तीनों शासक प्रसिद्ध जैन वादी विद्यानन्द मुनि के भक्त थे। सालुव मल्लिराय और देवराय के दरबारों में उक्त मुनि ने अनेकों प्रतिवादियो को परास्त किया था। ले० नं० ६७४ में तीनों राजाओं के पूर्वजो का परिचय तथा एक दूसरे के सम्बन्ध का परिचय दिया गया है। वहाँ उन्हें क्षेमपुर का शासक भी कहा गया है।

## ५. जैन सेनापति एवं मन्त्रिगण

इन लेखों पर दृष्टिपात करने से यह निश्चय रूप से मालुम होता है कि दक्षिण भारत में जैन धर्म ने अपना व्यावहारिक रूप अच्छी तरह पा लिया था। जैन सन्तों के उपदेश से न केवल व्रत नियमादि पालन कर अन्त मे समाधि से देहोत्सर्ग करने वाले व्यक्ति ही प्रभावित थे वल्कि विशाल सेनाओं के नायक दण्डाधिपति एवं राज्यसंचालक मंत्रिगण भी प्रभावित हुए थे। अहिंसा का सन्देश केवल उनकी श्रद्धा का विषय न था, वह तो देश की प्रगति में बाधक होने की जगह साधक था। उसके बिना चाहे धार्मिक क्षेत्र हो या राजनीतिक, स्वतन्त्रता संभव न थी।

इन लेखो मे अनेकों वीर सेनानियो की अमर कहानियाँ भरी पड़ी हैं। उनमें से प्रमुख कुछ का संक्षिप्त परिचय यहाँ प्रस्तुत किया जाता है।

१. श्रुतकीर्ति.—जैन धर्म के आश्रयदाता कदम्बों के सेनापति श्रुतकीर्ति और उसके वंशजों की भक्ति उल्लेखनीय है। ये लोग यापनीय संघ के आचार्यों के भक्त थे। पलाशिका ( हल्सी ) और देवगिरि से प्राप्त लेखों में इस वंश का चरित चित्रित है। ले० न० ९६ से विदित होता है कि श्रुतकीर्ति सेनापति ने अपने कल्याण के लिए बदोवर क्षेत्र को अर्हन्तों के लिए दे दिया था जो कि उसने अपने स्वामी कदम्ब काकुस्थ्यवर्मा से खेटक-ग्राम मे प्राप्त किया था। लेख नं० १०० में इसके गुणों की प्रशंसा है और इसे भोजवंश का या भोजक लिखा है। वह काकुस्थ्यवर्मा का विशेष कृपापात्र था। उक्त लेख के अनुसार काकुस्थ्य वर्मा के बेटे शान्तिवर्मा के पुत्र मृगेश ने श्रुतकीर्ति की पत्नी एवं दामकीर्ति की माँ को खेटग्राम धर्मार्थ दे दिया था। उसी लेख में लिखा है उस दामकीर्ति का ज्येष्ठ पुत्र जयकीर्ति था जिसके गुरु आचार्य बन्धुषेण थे। उसने अपने माता पिता के पुण्यार्थ खेटक ग्राम को यापनीय संघ के आचार्य कुमारदत्त को दे दिया था। ले० नं० १०१ में दामकीर्ति के छोटे भाई का नाम श्रीकीर्ति था जो कि अपने कुल के अनुरूप धर्मात्मा था। ले० नं० ९७ और ९९ में दामकीर्ति का उल्लेख है जिनसे ज्ञात होता है कि वह कदम्ब शान्तिवर्मा की धार्मिक प्रवृत्तियों का प्रेरक था। उन दिनों पलाशिका ( हल्सी ) यापनीय संघ का केन्द्र था और श्रुतकीर्ति के वंशज उक्त संघ के अनुयायी थे।

२. चामुण्डराय:—इसका प्रिय नाम 'राय' भी था। इतना शूरवीर, इतना दृढ भक्त एवं इतना स्वामिभक्त मंत्री कर्नाटक के इतिहास में दूसरा और कोई नहीं दिखाता। उसके समय के अनेकों लेखों और उसकी कन्नड भाषा में कृति चामुण्डराय पुराण से उसके जीवन का परिचय मिलता है। ले० नं० १६५ ( प्रथम भाग, न० १०९ ) से ज्ञात होता है कि वह ब्रह्मक्षत्र कुल में पैदा हुआ था। वहाँ उसे 'ब्रह्मक्षत्रकुलोदयाचलशिरोभूषामणि' कहा गया है। वह गंग नरेश राचमल्ल चतुर्थ का सेनापति था पर मालुम होता है कि वह उसके पिता मारसिंह तृतीय के समय भी सेनापति था। मारसिंह के विषय में लिखा जा चुका है कि वह उस वंश का बड़ा प्रतापी नरेश था। वह राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण तृतीय

का महासामन्त था। श्रवणबेल्गोला से प्राप्त ले० नं० १५२ ( प्रथम भाग, ३८ ) और १६५ ( प्रथम भाग, १०६ ) में इसकी अनेक विजयों का वर्णन किया गया है। ले० नं० १५५ (प्रथम भाग, ६१) में वर्णित अनेक विजयों का श्रेय राजा मारसिंह को दिया गया है पर उक्त लेख के कथन को ले० नं० १६५ और चामुण्डराय पुराण के सहारे पढ़ने से वास्तविकता समझ में आ जाती है। राचमल्ल की 'जगदेकवीर' उपाधि सूचित करती है कि ये सब विजयें उसके राज्य में सम्पन्न हो सकी थीं। मारसिंह और राचमल्ल ने ये सब युद्ध अपने अधिराट् राष्ट्रकूट कृष्ण तृतीय और इन्द्र चतुर्थ के लिए सेनापति चामुण्ड राय के द्वारा जीते थे।

उपर्युक्त लेखों में चामुण्डराय की शूरवीरता को सूचित करने वाली अनेक उपाधियाँ दी गई हैं। खेद है कि ले० नं० १६५ छः पद्यों के बाद अकस्मात् समाप्त हो जाता है जिससे हमें उसके सम्बन्ध की पूरी जानकारी नहीं हो पाती। उसके जीवन के अन्य पहलुओं को उसकी अमरकृति चामुण्डराय पुराण और उसके आचार्यों के ग्रन्थो से जाना जा सकता है।

उसकी अमर कीर्ति की प्रतीक श्रवणबेल्गोल में बाहुबलि की जगद्विख्यात एक विशाल मूर्ति ( ५७ फुट ऊँची ) प्रतिष्ठित है। इस मूर्ति के निर्माण का हेतु ले० नं० ३६५ में वर्णित है जिसका कि अन्यत्र उल्लेख किया गया[1] है। चामुण्डराय के दो गुरु थे एक का नाम था अजितसेन और दूसरे का नाम नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती। श्रवण बेलगोल के एक लेख ( प्रथम भाग, १२२ ) से ज्ञात होता है कि इस सेनापति ने चिक्क बेट्ट पर एक बसदि बनवाई थी तथा ले० न० १५७ ( प्रथम भाग, ६७ ) से ज्ञात होता है कि उसके पुत्र जिनदेवण्ण ने भी जो कि अजितसेन मुनि का शिष्य था, एक बसदि बनवाई थी।

चामुण्डराय की जैन धर्म के प्रति की गई सेवाओं की छाप दक्षिण भारत में

---

१. देखो, 'जैनधर्म के केन्द्र' प्रकरण।

शताब्दियों तक रही। ले० नं० ३६३ (प्रथम भाग, १३७) में एक प्रसंग में लिखा है कि जिन शासन के स्थिर उद्धार करने में प्रथम कौन है? तो उत्तर होगा राचमल्ल भूपति के वरमंत्री राय (चामुण्डराय) (पद्य २२)।

३. शान्तिनाथ—इसके सम्बन्ध में ले० नं० २०४ में लिखा है कि वह सहजकवि, चतुरकवि, निस्सहायकवि··· नुनमहाकवीन्द्र था। उसकी उपाधि सरस्वतीमुखमुखर थी। उसका यश अति विशद था और वह जिन शासन रूपी सत्सरोजिनी का कलहंस था। उसने अपने राजा लक्ष्मनृप से प्रार्थना कर वलि-नगर में लकड़ी के बने जैन मन्दिर को पाषाण का बनवाया। इस मन्दिर का नाम मल्लिकामोद शान्तिनाथ था।

१२ वीं शताब्दी में होय्सल वंश से सम्बन्धित हम अनेक जैन सेनापतियों को देखते हैं। इस वंश का प्रतापी नरेश विष्णुवर्धन था। उसकी अनेक विस्तृत विजयों का श्रेय उस नरेश के आठ जैन सेनापतियों को था। ये सेनापति थे—गंगराज, बोप्प, पुणिस, बलदेवण्ण, मरियाने, भरत, ऐच और विष्णु। इन सेना-पतियों के कारण ही होय्सल राज्य दक्षिण भारत की प्रधान शक्तियों में गिना जाने लगा।

४. गंगराज—इन सेनापतियों में प्रधान था गंगराज। इसके सम्बन्ध में जैन शिलालेखसंग्रह प्रथम भाग की भूमिका में पर्याप्त लिखा गया है। इसके जीवन वृत्त को जानने के लिए इस संग्रह में दो दर्जन से अधिक लेख हैं। प्रस्तुत द्वितीय तृतीय भाग में इस सेनापति से सम्बन्धित केवल ले० नं० २६३, २६६, २६९, ३०१ और ४११ के मूल पाठ हैं। शेष २८५ (४३) २७८ (४४) २५४ (४६) २५५ (४७) २६० (६५) २८१ (४४६) २८३ (४८९) ३९६ (९०) के मूल पाठ प्रथम भाग में दिए गये हैं, कोष्ठक में उन लेखों की संख्या दी गई है। प्रथम भाग के ले० नं० ७५, ७६, ४४७ और ४७८ इन भागों के लेखों की संख्या से नहीं पहिचाने जा सके। लेख २६३, २६६ और २६९ में उसकी अनेक सामरिक विजयों का उल्लेख तथा जैन मुनियों और

मन्दिरों को अनेक प्रकार के दानों का उल्लेख है। इन लेखों में उसके दो जैन गुरुओं—मेघचन्द्र सिद्धान्त देव एवं शुभचन्द्र सिद्धान्त देव—का नाम मिलता है। ले० नं० ३०१ में गंगराज की बड़ी प्रशंसा की गई है। उसकी मृत्यु के स्मारक स्वरूप उसके पुत्र वोप्प सेनापति ने दोर समुद्र में एक जिनालय वनवाकर पार्श्वनाथ की मूर्ति स्थापित की थी। उक्त लेख में लिखा है कि अनेक उपाधियों से विभूषित गंगराज ने अगणित ध्वस्त जैन मन्दिरों का पुनर्निर्माण कराया था। अपने अनवधि दानों से उसने गंगवाडि ९६००० को कोपण के समान चमकाया था। गंगराज के मत से ये ७ नरक थे—झूठ बोलना, युद्ध में भय दिखाना, परदारारत रहना, शरणार्थियों को शरण न देना, अधीनस्थों को अपरितृप्त रखना, जिनको पास में रखना चाहिए उन्हें छोड़ देना और स्वामी से द्रोह करना।

उक्त जिनालय का नाम गङ्गराज की एक विशिष्ट उपाधि पर से द्रोहघरट्ट जिनालय पड़ा था। इसी जिनालय की स्थापना को अपनी सुख समृद्धि के वर्धन में हेतु मानकर होय्सल विष्णुवर्धन ने इसे ग्रामादि दान दिये थे। (३०१)।

५. वोप्प—गंगराज का पुत्र दण्डेश वोप्प देव भी बड़ा ही शूरवीर एवं धर्मिष्ठ था। उसने उपर्युक्त द्रोहघरट्ट जिनालय के सिवाय दो और मन्दिर वनवाये थे, कम्वदहल्लि से शान्तीश्वर वसदि तथा सन् ११३८में त्रैलोक्यरञ्जन वसदि जिसका दूसरा नाम वोप्पण चैत्यालय था (३०३)। इसे ले० नं० ३०३ में बुधवन्धु, सता वन्धुः कहा गया है। इसी तरह ले० ३०१ और ४११ में उसके अनेक विशेषणों के साथ उसकी वीरता की प्रशंसा की गई है। ले० नं० ३०४ में उल्लेख है कि सन् ११३४ में उसने शत्रु पर आक्रमण किया और उनकी प्रवल सेना को खदेड़कर अपने भुजवल से कोङ्गों को परास्त किया था।

६. पुणिसः—गंगराज के वहादुर साथियों में पुणिस भी था। उसके पूर्वज अमात्य होते आये थे। उसका पितामह पुणिसम्म चमूप था जो कि सकल शासन वाचक चक्रवर्ति था। उसके ज्येष्ठ पुत्र चामण का पुत्र पुणिस था। यह होय्सल नरेश विष्णुवर्धन का सान्धिविग्रहिक था। ले० नं० २६४ में उसकी सामरिक शूर

वीरता के कार्यों का वर्णन है। उसने अनेको देश जीतकर होय्सल विष्णुवर्धन को दिये। पुणिस, गंगराज के समान ही विशाल हृदय का था। उसने धर्म और मानवता की समान दृष्टि से सेवा की। ले० नं० २६४ मे लिखा है कि युद्ध के कारण जो व्यापारी बिगड़ गये थे, जिन किसानों के पास बीज बोने को नहीं था, जो किरात सरदार हार जाने से अधिकार वंचित हो नौकर हो गए थे, उन्हें तथा उन सबको जिनका जो नष्ट हो गया था, वह सब पुणिस ने दिया और उनके पालन पोषण में मदद की। उक्त लेख मे यह भी उल्लेख है कि उसने एरणेनाड् के अरकोट्टार स्थान मे अपने द्वारा बनवाई गई त्रिकूट बसदि से सलग्न बसदियों के लिए भूदान दिया तथा निर्भय होकर गंगों की तरह गगवाडि की बसदियों को शोभा से सज्जित किया।

७. बलदेवण्णः—विष्णुवर्धन का चौथा सेनापति बलदेवण्ण था। ले० नं० २६५ मे इसके सम्बन्ध म थोड़ा परिचय मिलता है। वह राजा अरसादित्य और आचाम्बिके का तृतीय पुत्र था। उसके दो बड़े भाइयो का नाम पम्पराय और हरिदेव था। लेख मे उसके 'मंत्रियूथाग्रणि, गुणी, सकलसचिवनाथ एव जिनपादांघ्रि सेवक' आदि विशेषण दिये गए हैं।

८-९. मरियाने और भरतः—होय्सल विष्णुवर्धन के सेनानायको मे दो भाई-दण्डनायक मरियाने और भरत या भरतेश्वर भा थे। इनके वंश का परिचय ले० नं० ३०७, ३०८ और ४११ मे दिया गया है जिससे ज्ञात होता है कि इसके वंशज होय्सल राजवंश से सम्बन्ध रखते थे। इस कारण इन दोनों भाइयों का पद सर्वाधिकारो, माणिकभाण्डारी तथा प्राणाधिकारी था। विष्णुवर्धन ने मरियाने दण्डनायक को अपना पट्टदाने ( राज्य गजेन्द्र ) समझकर ही उसे सेनापति बनाया था। ये दोनो भाई जैसे शूर वीर थे वैसे ही धर्मिष्ठ थे। लेख में इन्हें 'निरवद्य-स्याद्वादलक्ष्मीरत्नकुण्डल, नित्याभिषेकनिरत, जिनपूजामहोत्साहजनितप्रमोद, चतुर्विधदानविनोद' आदि कहा गया है। ले० नं० ३०७ में भरत के अनेक गुणों की प्रशंसा की गई है। वहाँ लिखा है कि उसका धन जिनमन्दिरों के लिए था, दया सभी प्राणियों के लिए थी, उसका अच्छा मन जिनराज की पूजा

में था, औदार्य सज्जन वर्ग के लिए तथा दान सन्मुनीन्द्रों के लिए था। श्रवण-बेल्गोल से प्राप्त ले० नं० ३५४[1] और ३५५[2] से विदित होता है कि उसने श्रवणबेल्गोल में ८० नई वसदियाँ बनवायीं और गंगवाडि की २०० पुरानी वसदियों का जीर्णोद्धार कराया था। इन दोनों भाइयों के गुरु थे देशीगण, पुस्तक गच्छ के आचार्य माघनन्दि के शिष्य गण्डविमुक्त व्रती। ले० नं० ४११ से ज्ञात होता है कि ये दोनों भाई विष्णुवर्धन के बेटे नारसिंह के समय में भी विद्यमान थे। इन दोनों ने ५०० होन्नु देकर उक्त नरेश से सिन्दगेरी आदि तीन गाँवों का प्रभुत्व प्राप्त किया था।

१०. ऐचः—गंगराज का भतीजा एवं उसके बड़े भाई का पुत्र ऐच भी विष्णुवर्धन के सेनापतियों में था। उसकी शूरवीरता आदि के सम्बन्ध में विशेष तो नहीं मालुम पर ले० नं० ३०४ ( प्रथम भाग १४४ ) में लिखा है कि उसने कोपण, बेल्गुल आदि स्थानों में अनेक जिन मन्दिर बनवाये और सन् ११३५ में संन्यासविधि से प्राणोत्सर्ग किया। गंगराज के पुत्र बोप्प ने अपने चचेरे भाई की स्मृति में निषद्या बनवाई थी।

११. विष्णु दण्डाधिप—ले० नं० ३०५ से ज्ञात होता है कि विष्णुवर्धन होय्सल का एक और सेनापति था जिसका नाम विष्णु दण्डाधिप या इम्मडि दण्डनायक विट्टियण्ण था। इसने आधे महीने में ही दक्षिण प्रान्त की विजय कर ली थी। विष्णुवर्धन होय्सल का यह दाहिना हाथ था। यह बचपन से ही उक्त नरेश का प्यारा था। लेख में लिखा है कि किशोरावस्था प्राप्त होने पर नरेश ने इसका बड़े उत्सव के साथ स्वयं ही उपनयन संस्कार कराया, सात आठ वर्ष की आयु के बाद जब वह समस्त शास्त्र विज्ञान में पारंगत हुआ तब उसको अपने प्रधान मंत्री की सर्व लक्षण सम्पन्न पुत्री व्याह दी और १०-११ वर्ष की उम्र में महाप्रचण्ड दण्डनाथ तथा सर्वाधिकारी का पद दिया।

---

१. प्रथम भाग, ३६८.

२. वही, ११५,

यह सेनापति बड़ा ही धर्मिष्ठ एवं दानी था। इसने कई सार्वजनिक कार्य कराये थे तथा राजधानी दोरसमुद्र मे एक जिनालय बनवाया था। इसके गुरु का नाम श्रीपाल त्रैविद्यदेव था जिन्हें उक्त जिनालय के प्रबन्ध और ऋषियों के आहार दान के हेतु उसने एक ग्राम और भूमिया दान में दी थीं।

१२. मादिराज—विष्णु वर्धन का एक जैन मन्त्री महाप्रधान मादिराज था। ले० नं० ३१६ में उसके धार्मिक गुणोंकी बड़ी प्रशंसा की गई है। वह श्रीकरण का अधिपति था और अपनी वक्तृता से सभा भवन को प्रभावित किये था। वह कोष का लेखा रखता था। उसके भी गुरु श्रीपाल त्रैविद्यदेव थे। विष्णुवर्धन के उत्तराधिकारी नरसिंह के भी चार सेनापति जैन धर्मावलम्बी थे। वे थे देवराज, हुल्ल, शान्तियण्ण और ईश्वर चमूप।

१३. देवराज—ले० नं० ३२४ में देवराज का उल्लेख है। इसका गोत्र-कौशिक था। लेख में इसे 'श्रीजिनधर्मनिर्मलाम्बरहिमकर' एवं 'श्रीहोय्सल महीशराज्यभूभृन्निलय मणिप्रदीपकलश' कहा गया है। राजा नरसिंह ने उसकी धर्मबुद्धि और स्वामिभक्ति से प्रसन्न होकर उसे सूरनहल्लि गाँव दिया जहाँ उसने जिन चैत्यालय बनवाया जिसके लिए होय्सलदेव ने अष्टविधार्चन और आहार दान के निमित्त १० होन्नु दान में दिये और गाँव का नाम पार्श्वपुर रख दिया। उक्त ले० मे उसके गुरु मुनिचन्द्र का नाम दिया है। उन गुरु की पट्टावली भी उक्त ले० में दी गई है।

१४. हुल्ल—नरसिंह होय्सल का द्वितीय सेनापति हुल्ल या हुल्लप था। उस युग मे जैन धर्म के उद्धारकों में चामुण्डराय और गंगराज के बाद हुल्लप का ही नाम आता है। इसके सम्बन्ध में जैन शिलालेख संग्रह प्रथम भाग की भूमिका में पर्याप्त लिखा गया है। इस संग्रह में ये ले० नं० ३४८, ( १३८ ) ३६२ ( ४० ) ३६३ ( १३७ ) ३८१ ( ४९१ ) ३९६ ( ९० ) इस सेनापति से सम्बन्धित हैं। कोष्ठक में प्रथम भाग के लेखों की संख्या दी गई है। इस सेना-

पति ने होय्सल विष्णुवर्धन, नरसिंह और वल्लाल द्वितीय के राज्य में होय्सल वंश की सेवा की थी।

१५. शान्तियण्ण—ले० नं० ३४७ में उक्त नरेश के एक और जैन सेनापति शान्तियण्ण का नाम मिलता है। वह पारिसण्ण और बम्मलदेवी का पुत्र था। पारिसण्ण मरियाने दण्डनायक का दामाद था। लेख में उसे महा-प्रधान, पट्टिस भण्डारि ( भालों का अध्यक्ष) कहा गया है। उसने युद्ध मे शत्रुओं को परास्त कर अन्त में अपने प्राण दे दिये। उस पर नरसिंह ने उसके पुत्र शान्तियण्ण को करुगुण्ड का स्वामी तथा सेना का दण्डनायक बना दिया। उक्त स्थान में शान्तियण्ण ने अपने पिता की स्मृति में एक बसदि बनवायी और उसकी सुरक्षा के लिए दान दिया। उसके गुरु मल्लिषेण पण्डित थे।

१६. ईश्वर चमूपः—ले० नं० ३५२में उक्त नरेश के राज्य मे एक जैन सेना-पति का और उल्लेख है। वह है महाप्रधान, सर्वाधिकारी, दण्डनायक एरेयङ्ग का पादोपजीवी ईश्वर चमूप। ये दोनों श्वसुर दामाद थे। ईश्वर चमूपति ने जिना-लयों की मरम्मत करवायी और उसकी पत्नी माचियक्क ने मय्दवोलल नामक पवित्र तीर्थ में एक जिन मन्दिर एवं एक तालाब बनवाया। उसके गुरु का नाम गण्डविमुक्त मुनिप था।

नरसिह के उत्तराधिकारी वल्लाल द्वितीय के समय भी होय्सल राज्य का भाग्य निर्माण करने वाले कुछ जैन सेनापति थे।

१७. रेचरसः—ले० नं० ४६५मे उल्लेख हैकि वल्लालदेवकी रत्नत्रय और धर्म में दृढ़ता सुनकर कलचूर्य कुल के सचिवोत्तम रेचरस ने वल्लालदेव के चरणों में आश्रय पाकर अरसियकेरे में सहस्रकूट जिन की प्रतिमा स्थापित की और मन्दिर की व्यवस्था के लिए राजा वल्लाल से हन्दरहालु ग्राम प्राप्त कर अपने वंश के गुरु सागरनन्दि सिद्धान्त देव को सौंप दिया। उक्त जिनालय का नाम एल्कोटि जिना-लय था। इस रेचरस के सम्बन्ध में ले० नं० ४०८ में लिखा है कि वह ३६ वर्ष पहले सन् ११८२ में कलचूरिवंश के नरेश बिज्जल का दण्डाधिनाथ था। उक्त लेख में इसकी अनेक विध प्रशंसा एवं वंश का परिचय दिया गया है।

उस लेख में लिखा है कि रेचण को कलचुरि नरेशों से बहुत से देश मिले थे उनमे नागर खण्ड था। वहाँ मागुडि नामक स्थान में, शान्तिनाथ जिनालय के लिए उसने दानादि दिये थे। श्रवणवेल्गोल से प्राप्त एक लेख नं० ४२६ ( प्रथम भाग ४७१ ) से ज्ञात होता है कि उसने सन् १२०० के लगभग शान्तिनाथ भगवान् की प्रतिष्ठा करायी और बसदि को कोल्हापुर के सागरनन्दि को सौंप दिया। लेख मे उसे 'वसुधैकबान्धव' कहा गया है।

१८. बूचिराजः—होय्सल वल्लाल द्वितीय का दूसरा सेनापति बूचिराज था। ले० नं० ३७६ मे उसे मन्त्रीश्वर एवं साधिविग्रहिक कहा गया है। उसमें चतुर्विध पाण्डित्य था तथा वह संस्कृत और कन्नड दोनों भाषाओं मे कविता कर सकता था। इसके अतिरिक्त उसकी धर्मिष्ठता की अनेक विध प्रशसा की गई है। उसने सन् ११७३ मे राजा वल्लाल के पट्टबन्धोत्सव के समय सीगेनाड के मारिकलि स्थान में त्रिकूट जिनालय बनवाया और मन्दिर की पूजा, जीर्णोद्धार एवं आहार दान आदि के लिए अपने गुरु वासुपूज्य सिद्धान्त देव को मारिकलि ग्राम भेंट में दिया।

१६. चन्द्रमौलिः—उक्त वल्लाल नरेश के राज्य मे जैनधर्म के प्रति उदारता दिखलाने वाला एक शैव मंत्री चंद्रमौलि था। ले० नं० ४०६ ( प्रथम भाग ४६४ ) में वह भारत शास्त्र, आगम, तर्कव्याकरण, उपनिषद्, नाटक, काव्य आदि में विद्वन्मान्य था तथा वल्लालनृप के दाहिने हाथ का दण्डस्वरूप था। यद्यपि वह स्वयं कट्टर शैव था पर उसकी पत्नी आचलदेवी परम जैन धर्मावलम्बिनी थी। उस देवी ने श्रवणवेल्गोल तीर्थपर बड़ी भक्ति के साथ पार्श्वनाथ का मन्दिर निर्माण कराया और मंत्री चंद्रमौलि ने राजा वल्लाल से स्वयं प्रार्थना कर उक्त जिनालय की पूजादि के लिए बम्मेयनहल्लि नामक गाँव दान में दिलाया।

२०. नागदेवः—वल्लाल द्वितीय के मंत्रियों में एक जैन मंत्री नागदेव भी था। वह बोम्मदेव सचिव का पुत्र था। ले० नं० ४२८ ( प्रथम भाग १३० ) में लिखा है कि वह जैन मन्दिरों का प्रतिपालक था तथा राजा ने उसे पट्टन-

स्वामी बनाया था। उसके गुरु का नाम नयकीर्ति सिद्धान्तदेव था। उसने सन् ११९५ में श्रवणबेल्गोल तीर्थ पर पार्श्वदेव के आगे नृत्यरंगशाला एव शिला-कुट्टिम बनाकर अपने दिवंगत गुरु की स्मृति में एक निषिधि बनवायी थी। जिनधर्म के लिए नागदेव की स्थायी कृति थी श्रवणबेल्गोल में 'श्रीनिलय' नगर-जिनालय का निर्माण तथा उसके लिए भूमिदान। उसके प्रतिपालन के लिए उसने खण्डलि और मूलभद्र के वंशज श्रवणबेल्गोलवासी वणिजों को नियुक्त किया था।

२१. महादेव दण्डनाथः—जैन मंत्रियों में उस मत्री का नाम भी उल्लेख-नीय है। वह बल्लाल द्वितीय के महामण्डलेश्वर एक्कलरस का महाप्रधान था। उसके गुरु का नाम सकलचन्द्र भट्टारक था। लेख नं० ४३१ में लिखा है कि उसने सन् ११९८ में उद्धरे नामक स्थान में एक अनुपम जिनालय बनवाया और उसका नाम एरग जिनालय रखा और उक्त जिनालय की पूजा, जीर्णोद्धार के हेतु स्वयं बहुत प्रकार के दान दिये तथा एक्कलरस आदि से भी विविधदान दिलाये।

२२. कम्मट माचय्यः—सन् १२०० के लगभग के कुम्बेयनहल्लि ग्राम से प्राप्त एक ले० नं० ४३७ ( प्रथम भाग ४९५ ) में एक और जैन मंत्री का उल्लेख है। वह है महाप्रधान, सर्वाधिकारी, तन्त्राधिष्ठायक, कम्मट माचय्य। उसने उक्त सन् में अपने श्वसुर के साथ कुम्बेयनहल्लि नामक ग्राम मे परिवादि-मल्ल जिनालय के लिए दान दिया था। उक्त लेख मे यह भी लिखा है कि महा-प्रधान, सर्वाधिकारी हरियण्ण ने कुम्बेयनहल्लि के देव की प्रतिष्ठा की थी।

२३. अमृतः—ले० नं० ४५२ से विदित होता है कि बल्लाल द्वितीय के अमृत नाम का एक और दण्डनायक था जो कि महाप्रधान, सर्वाधिकारी, महाप-सायस ( आभूषणाध्यक्ष ) एवं भेरुदन मोत्तदिष्ठायक ( उपाधिधारियों का अध्यक्ष ) था। लेख में उसे कविकुलज और चतुर्थवर्ण ( शूद्र ) का कहा गया है। उसे धार्मिक, शुभमति, पुण्याधिक, मंत्रिचूडामणि, सौम्यरम्याकृति कहा गया है। उसने ओक्कुलगेरे में सन् १२०३ में एक्कोटि नामक जिनालय बनवाया और सभी

नायकों, नागरिकों और किसानों के समक्ष शान्तिनाथ भगवान् की अष्टविधपूजन और मुनियों को आहारदान देने के लिए भूमि प्रदान की। उसने अपने जन्म स्थान लोक्कुण्डी में अपने भाइयों के साथ एक मंदिर, एक बड़ा तालाब एक सत्र स्थापित किया, एक अग्रहार और एक प्याऊ बैठायी। वह अजैनों के प्रति भी बड़ा उदार था। उसने अपने जन्मस्थान में अमृतेश्वर का एक मन्दिर बनवाया।

२४. ईचणः—सन् १२०५ के एक ले० नं० ४५१ मे हम ईचण का नाम पाते हैं। इसने होय्सल बल्लाल द्वितीय के राज्यकाल में बेलगवत्तिनाड में एक ऐसा जिनालय बनवाया जैसा कि उस प्रदेश में न था और इस तरह उस स्थान को कोपण बना दिया।

२५. माधवः—ले० नं० ५४० मे माधव दण्डनायक का उल्लेख मिलता है। इसे वीरमहदेवण्ण के कुल का बतलाया गया है। उसके गुरु माधवचन्द्र भट्टारक थे। उसने समस्त कौटुम्बिक बन्धनों को छोड़कर, जिनमन्दिर बँधवाकर समाधिमरण पूर्वक स्वर्ग को प्रयाण किया। उक्त लेख में दूसरे दण्डनायक माचिगौड का भी उल्लेख है। उसके गुरु भी माधवचन्द्र भट्टारक थे। उसने भी समाधिविधि से स्वर्ग प्राप्त किया।

२६. कूचिराजः—ले० नं० ५११ देवगिरि के यादव नरेश महादेव के एक जैन मंत्री कूचिराज का उल्लेख है। वह महसेन मुनि के शिष्य पद्मसेन का शिष्य था। लेख मे उक्त मंत्री के वंश का परिचय दिया गया है। उसने अपनी पत्नी लक्ष्मीदेवी के स्वर्गस्थ होने पर उसके नाम पर एक जिनालय बनाकर सेनगण के पोगले गच्छ को दे दिया तथा अपने नरेश से उक्त जिनालय के प्रबन्ध आदि के लिए एक ग्राम दिलाया और स्थानीय गौड लोगों से मिलकर स्वयं दान दिया और दिलाया।

२७. इरुगप्पः—विजयनगर साम्राज्यके उन्नायकों को भी जैनमंत्रियों और सेनापतिओं ने अपनी सेवा से उपकृत किया था। उनमे इरुगप्पका नाम विशेष उल्लेखनीय है। इसके सम्बन्ध में प्रथम भाग की भूमिका में पर्याप्त लिखा गया है। इस संग्रह

में इससे सम्बन्धित तीन ले० नं० ५८१, ५८५ तथा ५८७ और द्रष्टव्य है। इन लेखों से विदित होता है कि वह महामंत्री और सेनापति दोनों था। ले० नं० ५८५ उसके पिता चैच (वैचप्प) दण्डेश और उसका परिचय है तथा उसके गुरु सिंहनन्दि की पट्टावली दी गई है। उक्त लेख में उसके द्वारा कुन्थुनाथ जिनालय की स्थापना का उल्लेख है। अन्यत्र उन लेखों से मालुम होता है कि इस मंत्रिवर ने नानार्थनाममाला की रचना की थी। काञ्जीवरम् के समीप तिरुप्परुत्तिक्कुण्रु से प्राप्त दो लेखों (५८१ और ५८७) में उसके दान एवं मण्डप निर्माण का उल्लेख है।

२८. गोप—देवराय प्रथम का एक जैन सेनापति गोप था (६०६)। ले० नं० ६१० में इसके वंश का परिचय तथा उसे नागरखण्ड का शासक लिखा है। उसके दो जैन गुरु थे पण्डिताचार्य और श्रुत मुनिप, इनमे से एक उसको अनीति के मार्ग से हटाता था तो दूसरा अच्छे मार्ग पर लगाता था। लेख मे लिखा है कि गोप ने समाधिविधि से शरीर त्याग किया और मुक्ति प्राप्त की।

इस तरह और भी कितने जैन धर्म भक्त सेनापतियों और मंत्रियों के चरित्र इन लेखों में छिपे पड़े हैं।

## ६. जनवर्ग एवं जैनधर्म

दक्षिण में जैन धर्म का जब से आगमन हुआ था तब से जैनाचार्यों ने जितना अपने धर्म के प्रसार के लिए प्रयत्न किया उतना ही देशहित के लिए भी। इस कार्य में उन्होंने बुद्धिमत्ता पूर्वक ऐसी नीति अपनायी कि जो जनता की प्रत्येक श्रेणी के लिए उपादेय एवं कल्याण कर थी। उन्होंने कई राज्यवंशों के उदय होने में सहायक बनकर राजाओं का उदार राजकीय संरक्षण प्राप्त किया था। सामन्तों और सेनापतियों को अपने धर्म से प्रभावित कर प्रान्तीय केन्द्रों में जैन धर्म की नींव दृढ़ कर ली थी। इसी तरह जन वर्ग को भी जैनधर्म की परिधि के भीतर लाकर जैनधर्म की आधार शिला मजबूत कर दी थी। मध्यमवर्गीय

वाणिज्य संघ-वीर वणिज, मुम्मुरिदण्डनायक, एवं उभय देशीय—तथा प्रकीर्णक वैश्य समाज की प्रचुर धन राशि ने अनेक विशाल जैन मन्दिरों, मठो एवं मूर्तियों के निर्माण मे सहायता दी, जहा से जैनधर्म की जयगाथाये चारो ओर प्रध्वनित हो सकीं। जैन मुनियों ने सर्व साधारण के हितार्थ शास्त्र, आहार, औषधि और अभय दानों की मांग की जिससे जनता पर बड़ा प्रभाव पड़ा।

उत्तर भारत मे यद्यपि जैनों को राज्याश्रय बहुत कम मिला है फिर भी जैनधर्म को जाग्रत करने मे जैनाचार्य प्रारम्भ से सचेष्ट थे यह बात मथुरा से प्राप्त अनेकों लेखों से तथा उत्तर एवं पश्चिम भारत से प्राप्त लेखों से भलीभाति विदित होती है। पर दक्षिण भारत मे ८वीं ६वीं शताब्दी से जैन धर्म का प्रचार कार्य द्रुतगति से चला था ऐसा प्रस्तुत संग्रह के अनेकों लेखों से ज्ञात होता है।

६ वीं शताब्दी के बाद ऐसे अनेक लेख हैं जिनमे जनवर्ग द्वारा जैनधर्म की सहायता के उदाहरण भरे पड़े हैं। पर इसके पहले भी जनवर्ग का सहयोग था, इसके २–४ उदाहरण लेखो से प्राप्त होते हैं। ले० नं० १०७ से विदित होता है कि दोण गामुण्ड और एल गामुण्ड ने एक जिनालय निर्मापित किया था और पूजा के लिये कुछ खेत आदि लगा दिये थे। ले० नं० ११५ और १२० में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं।

ई० सन् ६०३ के एक ले० नं० १३७ में वैश्यजाति के चन्दराय के पुत्र चीकार्य का उल्लेख है जिसने मन्दिर बनवाकर भूमिदान दिया था। ले०नं० १६३ से विदित होता है कि एक निरवद्य नामक गृहस्थ ने मेलस चट्टान पर निरवद्य जिनालय खड़ा किया और उसके संरक्षण के लिए, राजा की कृपा से प्राप्त एक गांव लगा दिया तथा एडेमले हजार प्रान्त के कुछ किसानों ने अपने प्रत्येक खेत की फसल से कुछ धान्य दान रूप में उक्त जिनालय को हमेशा के लिए दे दिया।

दक्षिण भारत में जैन धर्म की उच्च, स्थिति का वास्तविक रूप हमें वणिक् वर्ग की उक्त धर्म के प्रति उत्कंठा, आस्था एवं भक्ति में दिखता है। इस तरह हम देखते हैं कि वैश्यवर्ग के एक मुखिया पट्टनस्वामी नोक्कय्यसेट्टि ने सन् १०६२

( १९७ ) में हुम्मच नामक स्थान में एक जिनालय बनवाया और १०० गद्याण में राजा से एक गांव खरीद उक्त मन्दिर की सुरक्षा के लिये लगा दिया। उक्त ले० में तथा लेख नं० २१२ में नोक्कय्य द्वारा जैन धर्म की सेवाओं का अच्छी तरह वर्णन है।

वणिक् वर्ग का महत्त्व इस बात से भी मालुम होता है कि वे जैन मंदिरों के संरक्षक भी थे। श्रवणबेल्गोल का नगर जिनालय सन् ११९५ में मंत्री नाग देव ने बनवाकर खण्डलि और मूलभद्र के वंशज वीर वणिजों ( एक व्यापारी संघ ) के प्रतिपालन में दे दिया था ( ४२८ )। यह जिनालय एक सौ वर्षों से अधिक इन्हीं व्यापारियों के प्रतिपालन में बराबर रहा यह बात हमें ले० नं० ५२७, ५३३ से मालुम होती है।

ये सेठ लोग केवल व्यापारी ही न थे, उनमें से बहुत से अच्छे विद्वान् होते थे। कुछ ऐसे विद्वान् सेठों का उल्लेख ले० नं० २१८ में है। उक्त लेख का माचिसेट्टि तर्क व्याकरण में प्रवीण व्याख्या करने में चतुर, धर्म ग्रन्थों के मर्म को जानने वाला तथा धर्म कार्यों में व्यय करने वाला था। उसी तरह उसका छोटा भाई कालिसेट्टि था।

कुछ शिलालेखों में ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहाँ कि जैन लोग ब्राह्मणों को भी दान देते थे। ले० नं० २२१ में ऐसे ही एक विणेय बम्मि सेट्टि हैं जिन्होंने इसूर नामक स्थान में एक जिनालय बनवाकर उसे दान दिया और अग्रहार के हजारों ब्राह्मणों के लिए एक सत्र खोल दिया।

दान के ऐसे कार्यों में राज्यकी ओर से भी प्रोत्साहन मिलता था। ले० नं० ( सन् १०८५ ) में लिखा है कि एक दानी सेठ नोकय्य को त्रिभुवन मल्ल गंग पेर्म्मडि देव ने तट्टकेरे स्थान में आकर उस नगर का सम्पूर्ण शासन उसे सौंप दिया। वहाँ उक्त सेठ ने जैन मन्दिर, तालाब और सत्र बनवाये। उसने अन्य स्थानों में भी दो मन्दिर बनवाये थे। राजा ने उक्त सेठ के इन कार्यों से प्रसन्न होकर उसे राज्य सम्मान से सम्मानित किया और ८ गाँवों का मुखिया बना दिया। इससे उक्त सेठ का उत्साह और बढ़ा और उसने ४ मन्दिर और

बनवाये। राजा ने इस कार्य के लिए अपनी आय का कुछ हिस्सा उसे दे दिया।

दान के ऐसे कार्यों में राजघराने के व्यापारी और दूसरे पदाधिकारी भी उत्साहपूर्वक भाग लेते थे। ले० नं० २५१ से ज्ञात होता है कि सन् ११११ में शिमोगा के एक जिनालय के लिए बम्म गाबुण्ड तथा नालु प्रभु ने ६ मकान १ तेल की चक्की और कुछ दान दिया था। इसी तरह होय्सल नरेश के राज सेठ पोय्सलसेट्टि और नेमिसेट्टि ने भी अनेक दान दिये थे (२६८)। ले० नं० ३६४ में एक घाट अधिकारी द्वारा दान का उल्लेख है।

मध्यकालीन दक्षिण भारत में जैन गौडों की अपेक्षा वीर वणिजों की धार्मिकता बड़े महत्व की थी। ये लोग अपने संगठन के कारण सब के विश्वासपात्र होते थे और जनता के लिए दोनों के संरक्षक भी यह हमे ले० न० ४२८ (प्र० भा० १३० ) से विदित होती है। अपने व्यापार प्रसंग मे वे जहा जाते वहा दान देते थे। ले० नं०४०८ से विदित होता है कि चिक्कमागडि के एक मन्दिर के लिए सन् ११८२ में अनेक देशों मे व्यापार करने वाले वनञ्जु और मुम्मुरिदण्ड व्यापारियों ने अपने माल पर की चुंगी दान मे दे दी थी।

इस युग मे जैन धर्म का उपासक केवल वणिक् वर्ग ही न था बल्कि कृषक वर्ग भी भव्य श्रावक था। ले० नं० ४२६ मे लिखा है कि शान्तिनाथ बसदि के दान की रक्षा कोरडुकेरे के किसानों और गाँव के ६० कुटुम्बों ने की थी। इसी तरह ले०न० ४३८ मे उल्लेख है कि बसदि के दानादि को प्रबंधक १८ जातियाँ थीं। ले० नं० ३३८, ३६४ और ५२५ मे गौड किसानों द्वारा दानादि का उल्लेख है। ले० नं० ४७८ मे गाँव के किसानों द्वारा जिन पूजा के लिए सुपारी, पान एवं तेल के दान का उल्लेख है।

जन साधारण मे जैन धर्म के प्रति प्रेम एवं भक्ति के परिचायक अनेक लेख प्रस्तुत संग्रह में हैं। ले० नं० २०१ ( सन् १०६३ ) से ज्ञात होता है कि छेनी और बल्ली को पकड़ने वालों मे प्रधान अर्थात् पाषाण शिल्पियो मे प्रधान विद्वान् पोय्सलीचारि ने एक बसदि बनवायी थी। ले० नं० ३०१ में उल्लेख है कि

तेलीदास गौण्ड ने भगवान के लिए पुरोहित शान्तिदेव को भूमिदान दिया। इसी तरह ले० नं० ७२४ में एक जैन श्रावक तेली का उल्लेख है। ले०नं० ३३४ में गोलोज नामक एक सुनार को जैन श्रावक बतलाया गया है। ले० नं० १४४ मे चामेकाम्बा नामक गणिका को श्रावकी के रूप में लिखा है।

भूमियों को खरीदना तथा उन्हें सब प्रकार के दान से मुक्त कराके जैन संस्थाओं को दान रूप में दे देना, उस युग की विशेषता थी। श्रवणबेल्गोल से प्राप्त ले० नं० ५१२ ( प्रथम भाग ६६ ) में उल्लेख है कि किसी शम्भुदेव ने चन्द्रप्रभ मुनि से कर मुक्त जमीन खरीदकर गोम्मटदेव और चौबीस तीर्थंकरों की दुग्ध पूजा के लिए भेंट में दे दी। इस तरह ले० नं० ५२८ ( प्र० भाग १२६ ) से ज्ञात होता है कि बेल्गोल के समस्त जौहरियों ने नगर जिनालय के आदिदेव की पूजा के लिए सब करों से मुक्त कराकर जमीने दान में दी।

दान पूजन के अतिरिक्त जनता के जैन धर्म पर श्रद्धा के और दूसरे उदाहरण मिलते हैं। पुरुष वर्ग तथा स्त्री वर्ग दोनों अपने धार्मिक जीवन को उचित रीति से व्यतीत कर जीवन के अन्तिम क्षणों को जैनधर्म विहित समाधि विधि से समाप्त करते थे। इस विषय को प्रकट करने वाले अनेकों लेख इस संग्रह में हैं उनकी स्मृति मे स्मारकपाषाण पर वे लेख उत्कीर्ण पाये गये हैं। ऐसे निमित्तों पर भूमि आदि के दानों का उल्लेख भी इन लेखों मे रहता है।

## ९७. जैनधर्म प्रतिपालक महिलाएँ

जैन धर्म पर असीम एवं दृढ श्रद्धा और भक्ति रखने वाली दक्षिण भारत की अनेक जैन महिलाओ का इतिहास इन लेखों में सुरक्षित पड़ा है। ये महिलाएँ सामान्य वर्ग के सिवाय बड़े बड़े राजघरानों, सामन्त परिवारों, महामंत्रियों और सेनापतियों की गृहलक्ष्मियाँ थीं।

ये महिलाएँ जिनालय बनवाती थीं और उनके इस पुण्य कार्य में उनके पति आदि सहायता करते थे। ले० नं० १२१ से ज्ञात होता है कि निरगुण्ड

परिवार की एक महिला कुन्दाच्चि ने पुण्य वृद्धि के लिए लोक तिलक नाम का एक जिनालय बनवाया था और उसके लिए उसके पति ने दान दिया था। कुन्दाच्चि पल्लव नरेश की नातिन तथा सगर कुल के राजा मरुवर्मा की पुत्री थी।

इन महिलाओं द्वारा अनेक प्रकार के प्रभावनात्मक कार्यों का उल्लेख भी मिलता है। सन् १०७७ में कदम्ब वंश के राजा कीर्तिदेव की पट्टमहिषी मालल देवी ने कुप्पटूर में पार्श्वदेव चैत्यालय का पद्मनन्दि सिद्धान्त देव से सुसंस्कार कराकर तथा यम, नियम, ध्यान, धारणा, शील, गुण सम्पन्न ब्राह्मणों को बुलाकर उनकी पूजाकर उक्त चैत्यालय का नाम ब्रह्म जिनालय रखा। उक्त रानी ने न केवल उन्हीं से दान दिलवाया बल्कि कोटीश्वर मूल स्थान के पुरोहितों से और कुप्पटूर के पड़ोस के १८ मन्दिरों के पुरोहितों से उक्त चैत्यालय के लिए दान दिलवाया तथा रानी ने राजा कीर्ति देव से भी एक गांव दान मे दिलवाया (२०६)।

ऐसे प्रभावनात्मक कार्यों को करने में शान्तरकुल से सम्बन्धित चट्टल देवी का नाम विशेष उल्लेखनीय है। वह जैन नृप रक्कसगंग की बेटी तथा पल्लवराज काडुवेट्टि की पत्नी थी। लेखों से मालुम होता है कि उसके जीवन काल में उसके पति पुत्रादि मर चुके थे। उसने अपनी मृत छोटी बहिन के पुत्रों को, जो कि शान्तरकुल के राजकुमार थे, अपना स्नेह भाजन बनाया था। उन शान्तर कुमारों के साथ उसने पोम्बुच्चपुर (हुम्मच) मे अनेक जिनालय बनवाये, उनमें से एक पंचकूट बसदि था जिसका दूसरा प्रसिद्ध नाम 'उर्वीतिलक जिनालय' था। यह जिनालय उसने उन दिवंगत आत्माओं की स्मृति मे बनवाया था। चट्टल देवी के अनेक गुणों और बहुविध दानों की प्रशंसा ले० नं० २१३, २१४, २१५ और २१६ मे की गई है। ले० नं० २४८ में उल्लेख है कि सन् ११०३ में उक्त चट्टल देवी ने, जिसे लेख में 'जिन समय कामधेनु, जिनसमयनिदान-दीपवर्ति' कहा गया है, अपने तथाकथित पुत्रों के साथ पञ्चबसदि के लिए एक

गाँव दान में दिया तथा अपनी वहिन वीरब्बरसि की स्मृति में एक बसदि की नींव का पत्थर जमवाया।

ले० नं० ३२६ में शान्तर वंश से सम्बन्धित पम्पादेवी नामक एक महिला का उल्लेख है। उसने एक ही महीने के भीतर उर्वीतिलक जिनालय के समीप शासन देवता का मन्दिर बनवाकर तैयार कराया था। उसकी पुत्री का नाम बाचल देवी था जो दान देने में बहुत उदार थी। उक्त पम्पा देवी, उसके भाई श्रीवल्लभ एवं बाचल देवी ने पञ्च बसदि के उत्तरीय पट्टसाले का निर्माण कराया था।

गंग वंश की महिलाएँ भी जिन धर्म के लिए उदार दान देने में प्रसिद्ध थीं। उदाहरण के लिए सन् १११२ के लगभग गङ्ग महादेवी ने, जो कि महामण्डलेश्वर भुजबल गंग पेर्म्मडि देव की पट्टरानी थी, अपने छोटे भाई पट्टिगदेव के लिए गङ्गवाडि का मुकुट धारण किया। वह समस्त रानियों और राजाओं में अधिक प्रतिष्ठित थी। भुजबल गंग की दूसरी रानी का नाम बाचल देवी था। उसने बन्निकेरे नामक स्थान में एक सुन्दर जिनालय बनवाया, उसके लिए उक्त नरेश ने गङ्ग महादेवी, उनके पुत्रों तथा बाचल देवी ने समस्त मंत्रियों एवं नाड़ प्रभुओं की उपस्थिति में सब करों एवं चुङ्गियों से मुक्त कराकर अनेक प्रकार के दान दिये-( २५३ )। ले० नं० २६७ में गङ्गदेवी की प्रशसा है।

होय्सल वंश की राज महिलाएँ भी जैन धर्म की सेवा में किसी से कम न थीं। इन महिलाओं में शान्तलदेवी का नाम विशेष उल्लेखनीय है। यह होय्सल वंश के प्रतापी नरेश विष्णुवर्धन की रानी थी। श्रवण बेल्गोल से प्राप्त एक ले० नं० २८३ ( प्रथम भाग ५६ ) में और कई दूसरे लेखों में उसके सौन्दर्य, बुद्धि, धार्मिकता एवं भक्ति आदि गुणों की बड़ी प्रशंसा की गई है। उसका पिता कट्टर शैव सम्प्रदायी था पर उसकी माँ कट्टर जैन थी। शान्तलदेवी गीत, वाद्य, नृत्य में प्रवीण तथा अपनी सुन्दरता के लिए विख्यात थी ( २५७. प्रथम भाग ६२ )। उसके गुरु का नाम प्रभाचन्द्र मुनीन्द्र था। उसने सन् ११२३ में शान्ति जिनेन्द्र की प्रतिमा बनवाई और गन्धवारण बसदि का निर्माण कराकर, अभिषेकादि कर्या

के लिए एक तालाब बनवाया और अपने पति विष्णुवर्धन की आज्ञा से प्रभाचन्द्र मुनीन्द्र को एक गांव दान मे दिया। उसे लेख मे 'सम्यक्त्व चूडामणि एवं जिन-समयसमुदितप्राकार' कहा गया है। जैन व्रतों के प्रति दृढ़ श्रद्धालु उस देवी ने सन् ११३१ में शिव गंग नामक स्थान मे सल्लेखना विधि से देहत्याग किया। ले० नं० २८६ ( प्रथम भाग ५३ ) में लिखा है कि उसके माता पिता ने शान्तल देवी के पश्चात् शरीर त्यागा था। उसकी माँ के सम्बन्ध मे उक्त लेख से ज्ञात होता है कि उसने श्रवणबेल्गोल मे आकर कठोर संन्यसन विधि को धारण कर एक मास तक अनशन करके देहत्याग किया था।

शान्तलदेवी का अनुकरण करने वाली उसी घराने में हरियब्बरसि नामक राजकुमारी थी। वह विष्णु वर्धन की पुत्री और कुमार बल्लाल देव ( नरसिंह प्रथम ) की बहिनों में सबसे बड़ी थी। उसने सन् ११२९ मे ( २९३ ) हन्तियूर नामक स्थान मे नाना रत्नों से जटित शिखरों से समर्चित एक विशाल जैन मन्दिर बनवाया था, तथा मन्दिरों की मरम्मत, पूजा प्रबन्ध, ऋषि और वृद्ध स्त्रियों को आहार देने के लिए गुत्ति स्थान के चिन्न नामक व्यक्ति एव बंम्म नामक मल्लुग् से खास कीमत देकर जमीन खरीद ली और अपने पिता से सब करों से मुक्त कराकर अपने गुरु गण्डविमुक्त सिद्धान्तदेव को भेंट मे दे दी।

राजघरानों की ये महिलायें जैन धर्म की भक्ति में ऐसी ओतप्रोत रहती थी कि अपने जीवन के अन्तक्षणों को सुधारने के लिए जैन धर्म विहित कठोर संन्यास विधि से देह त्याग करने मे भी न हिचकती थीं। ले० न० १४० की जक्कियब्बे नामक ऐसी ही वीराङ्गना थी। वह राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण तृतीय के शासन काल में अपने पति सत्तरस नागार्जुन के स्वर्गवास होने पर नागर खण्ड की शासिका नियुक्त की गई। वह जैन शासन और प्रजाशासन में निपुण थी। एक बार वह अनिवार्य रोग से ग्रस्त हो गई। उसने अपनी पुत्री पर शासन का भार सौंप संन्यास विधि से देह त्याग दिया। ले० नं० १५० मे उल्लेख है कि राजा पडियर् दोरपय्य की ज्येष्ठ रानी एवं बुतुग ( गंग नरेश I ) की बड़ी-बहिन

पाम्बब्बे ने, जो अभयनन्दि पण्डितदेव की शिष्या नाणब्बेकन्ति की शिष्या थी, केशलोंच करने के बाद तप के पूरे ३० वर्ष पूर्ण किए और पाच अणुव्रतों (?) को धारण कर दिवंगत हुई। लेख में उसके व्रत एव तपस्या की प्रशंसा है।

कोङ्गाल्व वंश की जैनधर्म के प्रति भक्ति सुविदित है। उक्त वंश के राजा राजेन्द्र कोङ्गाल्व की मा पोच्चब्बरसि ने सन् १०५० में एक वसदि बनवायी थी, और उसमें अपने गुरु गुणसेन पण्डितदेव की मूर्ति स्थापित की थी तथा सन् १०५८ में उसने उक्त वसदि को भूमिदान दिया था (१८८, १८६)। ले० नं० ५६० में कोङ्गाल्व वश की एक और महिला सुगुणिदेवी का नाम दिया गया है जिसने अपनी माता के पुण्यार्थ एक प्रतिमा की स्थापना की और भूमिदान दिया।

जैन सेनापतियों की पत्नियो का भी जैनधर्म की सेवा मे वडा हाथ था। इनमें सबसे उल्लेखनीय नाम है सेनापति गंगराज की पत्नी लक्कले या लक्ष्मी-मती का। वह लक्ष्मीमती दण्डनायकिति कहलाती थी। उसे लेख नं०२५८ (प्रथम भाग, ६३) में गंग सेनापति के 'कार्ये नीतिवधू' और 'रणे जयवधू' कहा गया है। उसने सन् १११८ में श्रवणबेल्गोल मे एक जिनालय बनवाया था। ले० नं० २६८ ( प्रथम भाग ५६ ) से ज्ञात होता है कि सेनापति गंगराज ने अपने राजा विष्णुवर्धन से एक गाव पारितोपिक रूप मे पाकर अपनी माता पोचल देवी एवं अपनी भार्या लक्ष्मी देवी द्वारा निर्मापित जैन मन्दिरो के रक्षार्थ अर्पण किया था। लक्ष्मीमति ने भी आहार, अभय, औषधि और शास्त्र इन चारों दानों को देकर 'सौभाग्यखानि' पद पाया था ( २५५, प्रथम भाग, ४७ )। ले० नं० २७६ ( प्रथम भाग, ४८ ) मे लक्ष्मीमति के रूप, गुण, शील आदि की प्रशंसा की गई है। इस धर्मपरायण महिला ने सन् ११२१ मे संन्यास विधि पूर्वक शरीर त्यागा था। सेनापति गङ्गराज ने अपनी साध्वी पत्नी की स्मृति में एक 'निषद्या बनवा दी थी।

गङ्गराज के बड़े भाई का नाम बम्मदेव चमूप था। इसकी पत्नी जक्कणब्बे थी जो कि दण्डनायकीति कहलाती थी। वह सेनापति बोप्प की माता थी तथा शुभचन्द्रदेव की शिष्या थी। प्रथम भाग के ले० नं० ४४६ और ४८६ से ज्ञात

होता है कि उसने मोक्षतिलक नामक व्रत किया था और पाषाण पर नयणदेव की मूर्ति खुदवायी थी। उसी वर्ष उसने श्रवणबेल्गोल में मूर्ति की प्रतिष्ठा करायी एवं वहाँ एक तालाब खुदवाया था। ले० नं० २८५ (प्रथम भाग, ४३) में इस महिला की बड़ी प्रशंसा है।

ले० नं० २८८ से एक और जैनधर्म भक्त महिला का नाम ज्ञात होता है। वह है कालियक्कब्बे, जो कि चालुक्य नरेश त्रिभुवनमल्ल के सामन्त पाण्ड्य भूपाल के सेनापति सूर्य की पत्नी थी। इसने सन् ११२८ मे साम्बनूरु मे एक सुन्दर जिनालय बनवाया और पूजा के हेतु तथा पुजारी की आजीविकार्थ मन्दिर के पुरोहित को कुछ भूमि दान में दे दी।

ले० नं० ३१३ मे हमें दानशील तीन महिलाओं के नाम मिलते हैं। गंग नरेश मारसिंह की छोटी बहिन सग्गियव्वरसि ने उद्धरे नामक स्थान में अनेक जैन मुनियों को दान दिलाया और पञ्चबसदि जिनालय को सजाया था, तथा बसदि के लिए सवणविलि नामक ग्राम दान में दिया था। उसी लेख मे कनकियब्बिरसि नामक एक महिला का उल्लेख है। उस महिला ने जहाँ जिन मन्दिर नहीं थे वहाँ जिन मन्दिर बनवाये और जहां जैन यतियों को आमदनी के क्षेत्र नही थे वहां उसने दान दिये। तीसरी महिला शान्तियक्क ने, जो कि बोप्प दण्डेश की भतीजी एवं केतिसेट्टि की पत्नी थी, उद्धरे में एक बसदि बनवायी।

ले० नं० ३३६ में जैन धर्म परायणा दो बहिनों का नाम आता है। वे हैं लक्कव्वे और पद्मियक्क। लक्कव्वे के विषय में लिखा है कि वह होय्सल नरेश नरसिंह के पुराने सेनापति चाविमय्य की पत्नी थी। उसने हेरगू में एक जिनालय बनवाकर पार्श्वनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठित करायी तथा पूजनादि प्रबन्ध के लिए नरसिंह से भूमि का दान भी ले लिया था। इसी तरह ले०नं० ३५२ में ईश्वर चमूप की पत्नी माचियक्क द्वारा जिन मन्दिर निर्माण एवं भूमिदान का उल्लेख है। ले० नं० मालियक्क को अन्तनून गुणरत्नमण्डन एव चातुर्वर्ण्यसमुदयैकशरण्य कहा गया है।

जैन धर्म पर अचल श्रद्धा रखने वाली एक विशिष्ट महिला आचल देवी का उल्लेख करना यहाँ आवश्यक है। वह शैव धर्म को मानने वाले सेनापति चन्द्र-मौलि की पत्नी थी। वह अपने चार प्रकार के दान के लिए विख्यात थी। उसके इस कार्यों में उसके पति ने कभी बाधा नहीं दी बल्कि धार्मिक उदारता के कारण उसने सहायता ही की है। आचल देवी ने श्रवणबेल्गोल में एक जिनालय बनवाया और उसके पति ने अपने नरेश होय्सल बल्लाल से बम्मेयन हल्लि नामक गाव दान मे दिलाया ( ले० नं० ४०३, प्रथमभाग १२४ )। ले० नं० ४०४ ( प्रथम भाग १०७ ) से ज्ञात होता है कि वीर बल्लाल ने उक्त महिला की प्रार्थना पर बेक्क नामक ग्राम भी गोम्मटेश्वर की पूजा के हेतु दिया था।

मंत्री एचण की पत्नी सोमल देवी भी जैन महिलाओं में उल्लेखनीय है। ले० नं० ४५१, ४५५ और ३५६ मे उसकी प्रशंसा है। उसने बेलवत्त नाड् में एक जैन बसदि का निर्माण कराया और उसके पूजन के हेतु दान भी दिया था।

यह नहीं समझना चाहिए कि राजघराने, सामन्तों एव सेनापतियों की पत्नियों मे ही जिन धर्म के प्रति विशेष अनुराग था बल्कि वैसा ही अनुराग नागरिकों की पत्नियों में भी देखने को मिलता है। ले० नं० ३५३ में लिखा है कि हेगडि जक्कय्य और उसकी पत्नी जक्कब्बे ने दीडगुरु मे एक चैत्यालय बनवाया और पार्श्वनाथ भगवान् की स्थापना करके देवपूजा और ऋषियों के आहार के लिए भूमिदान दिया।

ले० नं० ३८३ में जैनधर्म पर दृढ़ श्रद्धा रखनेवाली हय्यंले महासती का उल्लेख है-। उक्त लेख में लिखा है कि उक्त सती ने मृत्यु के समय अपने पुत्र भूवय नायक को बुलाकर कहा कि स्वप्न में भी मेरा ख्याल न करना, केवल धर्म का विचार करना। यदि मुझे और तुम्हें पुण्योपार्जन करना है तो जिन मन्दिर बनवाओ ...आदि। इसके बाद जिनेन्द्र के चरणों में पंच नमस्कार मंत्र को जपते हुए उसने समाधि से देह त्याग दिया। ले० नं० ३८४ से मालुम होता है कि

इसी तरह चन्द्रायण देव की गृहस्थ शिष्या हरिहर देवी भी समाधिमरण से दिवंगत हुई थी। ११वीं शताब्दी के मध्य के नल्लूर से प्राप्त एक लेख (१८३) में जक्कियव्वे नामक श्राविका भी संन्यसन विधि से स्वर्गगत हुई थी।

१२वीं शताब्दी के उत्तरार्ध और १३वीं के पूर्वार्ध के ऐसे अनेकों लेख इस संग्रह में हैं जिनमें समाधिभावना से देहोत्सर्ग करनेवाली अनेकों महिलाओं का उल्लेख है। ले० नं० ४२३ में शान्तियक्क या शान्तले, ले० नं० ४३६ मे मालव्वे तथा ले०,नं० ४२७ में जक्कव्वे का नाम, यहाँ उदाहरण के रूप से समझना चाहिये।

## ८. धार्मिक उदारता एवं स हिष्णुता

इन लेखों में सहिष्णुता के अनेक उदाहरण मिलते हैं। जैनाचार्यों और जैन नेताओं, नरेशों, सामन्तों और सेठों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप यह विशेष गुण था और इस भावना का उन्होंने निष्पक्षभाव से प्रदर्शन भी किया।

इन लेखों से जैनाचार्यों की विद्वत्ता एवं इतिहासप्रियता के साथ साथ उनकी विस्तीर्ण हृदयता का परिचय मिलता है। उन्होंने शिलालेखों की रचना ही अपने स्थानों और धर्म और सम्प्रदाय के लेखों के उपयोग के लिए नहीं की प्रत्युत अन्य धर्म और सम्प्रदाय के उपयोग के लिए भी की। उदाहरण स्वरूप दिगम्बराचार्य रामकीर्ति ने चित्तौड़गढ से प्राप्त प्रशस्ति ( ३३२ ) वहाँ के तोकलजी के मन्दिर के लिए लिखी थी। वृहद्गच्छ के जयमंगल सूरि ने सुन्ध पहाड़ी से प्राप्त एक लेख ( ५०७ ) लिखा जो कि वहां चामुण्डा देवी के मन्दिर से प्राप्त हुआ है। इसी तरह यशोदेव दिगम्बर ने ग्वालियर के कच्छवाहों की प्रशस्ति तथा रत्नप्रभसूरि ने गुहिलोत वंश के घाघसा एवं चिर्वा से प्राप्त लेख लिखे। पीछे के ये लेख इस संग्रह मे नहीं है। यहाँ यह न समझना चाहिये कि वे लेख उन स्थानों में जैनों से छीन कर ले जाये गये हैं, प्रत्युत इसके विपरीत, वे लेख विशेषतः उन स्थानों के लिए ही जैनाचार्यों ने लिखे थे, क्योंकि उन लेखों के अन्त में जैनाचार्यों के नाम, गुरु परम्परा, गण, गच्छ के सिवाय हमें ऐसा कुछ नहीं मिलता जो जैनों से सम्बन्धित हो। यहा

तक कि मङ्गलाचरण के पद्य भी अजैन देवी देवताओं के मंगलाचरण से प्रारम्भ होते हैं। हाँ, कुछेक में ॐ सर्वज्ञाय नमः, पद्मनाथाय नमः आदि से उनका प्रारम्भ हुआ है। ये लेख निश्चय रूप से जैनाचार्यों की विशाल हृदयता को सूचित करते हैं।

जैनाचार्यों की इस नीति का अनुसरण जैन नेताओं ने भी किया। ले० नं० १८१ ( सन् १०४८ ) से विदित होता है कि एक जैन महामण्डलेश्वर चामुण्ड-राय ने वनवसेनाड़ में जिननिवास, विष्णुनिवास, ईश्वरनिवास, और जैन मुनियों के लिए निवास बनवाये थे। इसके समान ही और दूसरे सामन्त थे जो जैन और ब्राह्मणों में भेद नहीं मानते थे। ले० नं० २४६ से विदित होता है कि नोलम्बवाड़ी के शासक बम्मरस ने सन् ११०६ में एक जैन मन्दिर तथा सर्पेश्वर देव के लिए चुंगी से प्राप्त आय को तथा कई प्रकार के और दानों को दिया था। सामन्तों की ऐसी रुचि को सूचित करने वाले और भी लेख हैं। ले० नं० ३५६ से मालुम होता है कि सामन्त गोव, महेश्वर, बौद्ध, वैष्णव एवं अर्हन् इन चार समयों का प्रतिपालक था।

ब्राह्मण और जैनों के बीच असाधारण हार्दिक सम्बन्ध था। ले० नं० ४४८ से ज्ञात होता है कि सन १२०४ में नागर खण्ड के पाँच अग्रहारों के ब्राह्मणों ने स्थानीय अधिकारियों, सेठों, नागरिकों और किसानों के साथ मिलकर बन्दिलिके के शान्तिनाथ की पूजा के लिए भूमिदान किया।

धार्मिक उदारता के विषय में अदलकुल के सामन्तों का नाम विशेष उल्लेख-नीय है। इस वंश के सामन्त विष्णुवर्धन ने सन् ११४० में अपने ही क्षेत्र में एक शिवमन्दिर तथा अदल जिनालय बनवाया था ( ३१५ )। इसी वंश के एक ले० नं ३३३ का मंगलाचरण सर्वधर्म समन्वय की भावना से ओतप्रोत है ( शिवाय धात्रे सुगताय विष्णवे जिनाय तस्मै सकलात्मने नमः )। इस लेख में उदारचेता सामन्त बूचि की विस्तार पूर्वक प्रशंसा की गई है। उक्त सामन्त ने कैदाल नामक स्थान में न केवल जैन मन्दिर ही बनवाया था बल्कि गंगेश्वर, नारायण, चलवरिवरेश्वर तथा रामेश्वर के मन्दिर भी बनवाये थे। उसने अपनी

पत्नी भीमले के नाम पर भीम जिनालय तथा भीम समुद्र नामक विशाल तालाब बनवाकर पार्श्वदेव के नाम पर कर दिया था। उक्त लेख में बाचिराज को चतुः समय-धर्मोद्धार-धौरेय कहा गया है।

हमें अन्य जैन लेखों से मालुम होता है कि १३ वीं शताब्दी के मध्य तक धार्मिक उदारता की भावना का अच्छा प्रचार था पर तेरहवीं के अन्तिम पाद के बाद १०० वर्षों तक दक्षिण भारत के ऊपर मुस्लिम आक्रमणों के कारण उनसे रक्षा के महत्त्वपूर्ण प्रश्न के आगे धार्मिकता का प्रश्न फीका पड़ गया।

किसी तरह मुस्लिम आतङ्कों का जोर कम करने के लिए विजय नगर साम्राज्य की स्थापना हुई। इस वंश के राजाओं में धार्मिक निष्पक्षता का एक बड़ा महत्त्वपूर्ण गुण था। सन् १३६३ के एक लेख (५६१) से विदित होता है कि बुक्कराय प्रथम के शासन काल में जैन मन्दिर की सीमाओं के विषय में जब हेद्दर नाड के लोगों और मन्दिर के आचार्यों में झगड़ा उठ खड़ा हुआ तो राज्य की ओर से उस मामले की जाँच पड़ताल हुई। राज्य के प्रधान मंत्री नागण्ण ने वृद्धजनों की एक सभा में फैसलाकर मन्दिर की ठीक सीमा बाँधकर शासन पत्र भी लिख दिया।

इसके पाँच वर्ष बाद सन् १३६८ में बुक्कराय के सामने जैनों और भक्तो (श्रीवैष्णवों) के बीच धार्मिक विवाद फिर खड़ा हुआ। ले० न० ५६५ (प्रथम भाग, १३६) और ले० न० ५६६ मे इन घटनाओं का चित्रण है। इन लेखों मे लिखा है कि जैनों ने अपने ऊपर वैष्णवों द्वारा हुए अन्याय की शिकायत लिखित रूप मे बुक्कराय से की तब बुक्कराय ने स्वयं इस बात की जाँच की और जैनों के हाथ को वैष्णवों और उनके आचार्य के हाथ में रखकर कहा कि जैन दर्शन एवं वैष्णव दर्शन मे कोई भेद नहीं है। जैन धर्म वाले भी पंच महावाद्य बजा सकते हैं। जैन धर्म की हानिवृद्धिको वैष्णवों को अपनी हानिवृद्धि समझना चाहिये। वैष्णवों को इस विषय के शासन पत्र समस्त बस-दियों मे लगाना चाहिये। जब तक सूर्य और चन्द्र हैं तब तक वैष्णव जैन धर्म की रक्षा करेंगे। जो इस नियम को तोड़ेगा वह राजा, संघ एवं समुदाय का द्रोही

होगा। ले० नं० ५६६ के अन्त में लिखा है कि जैनों और वैष्णवों ने मिलकर वसुवि सेट्टिकी संघ नायक की उपाधि दी।

उपर्युक्त तीन लेखों से ज्ञात होता है कि विजयनगर नवोदित हिन्दू समाज के अधिनायकों में देश की सुरक्षा और शान्ति के साथ धार्मिक निष्पक्षता का बड़ा ध्यान था। इस बात के प्रमाण अन्य लेखों में भी मिलते हैं जो कि इस संग्रह में नहीं है।

धर्म समभाव की इस भावना का प्रभाव हम कतिपय शिलालेखों के प्रारंभिक मंगल पद्यों में भी पाते हैं। ले० नं० ६४६ पार्श्वनाथ जिनेश्वर के नमस्कार से प्रारम्भ होता है। तत्पश्चात् जिनशासन की प्रशंसा व पञ्चपरमेष्ठियों के नमस्कार के बाद नमस्तुंगशिरः आदि पदों से शम्भु की स्तुति है। उसके बाद वराह और शम्भु की स्तुति की गई है। ले० नं० ६८८ मे भी जिनशासन की स्तुति तथा शम्भु की स्तुति साथ साथ की गई है।

जैन और शैवों के परस्पर मेल मिलाप को प्रदर्शन करने वाले एक महत्वपूर्ण लेख की ओर भी हम ध्यान दें। ले० नं० ७१० के प्रारम्भ में जिनशासन और शम्भु की स्तुति के वाद एक घटना का उल्लेख है। विजयनगर के आरवीडु वंश के नरेश वेंकटाद्रि द्वितीय के राज्य में एक वीर शिव हुच्चप्प देव ने हलेवीड की विजय पार्श्व वसदि के खम्भे पर लिंग मुद्रा लगा दी थी जिसे विजयप्प नामक जैन ने साफ कर दी। तब पद्मएण सेट्टि आदि जैनों ने यह समझा कि इससे दूसरे धर्म वालों की भावना को क्षति पहुँचेगी, वीर शैवों के मुखियों से निवेदन किया। इस पर दोनों सम्प्रदाय के लोग इकट्ठे हुए और उचित जांच के वाद उन्होंने आज्ञा निकाली की कि विभूति और विल्वपत्र प्रदान करने के बाद जैन लोग आचन्द्रसूर्य अपनी सब धर्म विधि कर सकते है। इसके वाद इस शासन पत्र पर राज्य की स्वीकृति ली गई और वह वीर शैवों की ओर से जैनों को समर्पण किया गया। लेख के अन्त मे वीर शैव सम्प्रदाय ने अपने उदार भाव दिखलाये हैं कि जो व्यक्ति जैन धर्म का विरोध करेगा वह महामहत्तु के चरणों से निकाल दिया जायगा, वह शिव, जंगम तथा काशी, रामेश्वर के लिंग का द्रोही समझा जायगा।

अन्त में महामहत्तु की स्वीकृति के बाद वर्धतां जिनशासनम् लिखा है।

## ९. जैनधर्म पर संकट

१२ वीं शताब्दी के बाद दक्षिण भारत में जैन धर्म के पतन के एवं विशृंखलित होने के चार प्रधान कारण थे।

प्रथम तो वह राज्याश्रय से वंचित हो गया था, गंग, राष्ट्रकूट, होय्सल जैसे साम्राज्य नष्ट हो चुके थे।

द्वितीय, पश्चात्कालीन जैन नेता गण ब्राह्मण धर्म के नवोदित रूप वैष्णव और वीर शैव सम्प्रदाय से जैन धर्म की रक्षा करने में उदासीन हो रहे थे। जैनाचार्यों मे ऐसे कोई प्रभावक आचार्य न थे जो कि धार्मिक क्षेत्र में प्रतिद्वन्द्वियों को परास्त करते।

तृतीय, जैन मन्दिरों को आश्रय देने वाले व्यापारी संघ, वीर वणिज आदि वीर शैव धर्म के प्रभाव में आकर जैन धर्म को छोड़ चुके थे। शेष सामान्य जन वर्ग में ऐसी शक्ति न थी कि वे संगठित हो विधर्मियों का प्रतिरोध कर सकते।

चतुर्थ, वीर शैव धर्म के आचार्यों ने जैन धर्म के केन्द्रो पर हमला करना प्रारम्भ किया और स्थानीय सामन्तों को अपने धर्म मे परिवर्तित कर उनसे ही जैनों का तिरस्कार कराया।

उपर्युक्त बातें जैन लेखों पर दृष्टिपात करने से भलीभाँति सिद्ध होती हैं। इस संग्रह के लेख नं० ४३५ और ४३६ से वीर शैव धर्म के एक आचार्य एकान्तद रामय्य के सम्बन्ध में ज्ञात होता है कि उसने कलचूरि नरेश बिज्जल को अपने प्रभाव में लाकर जैनों पर भयंकर उत्पात किए थे। उसने अब्लूर में जैन-मूर्ति को फेंककर वेदी को ध्वस्त कर दिया और शिवलिंग की स्थापना की। इस पर जैनों ने कलचूरि नरेश बिज्जल से शिकायत की पर वह तो उक्त आचार्य के प्रभाव मे था। इसने उनका उपहास किया और एकान्तद रामय्य को प्रोत्साहन देते हुए जय पत्र प्रदान किया (४३५)। उसी लेख से ज्ञात होता है कि चालुक्य वंश का अन्तिम नरेश सोमेश्वर चतुर्थ भी उस मत का अनुयायी हो गया था।

विजय नगर राज्य के ले० नं० ५६१,५६५,५६६ और ७१० से विदित होता है कि दूसरे सम्प्रदाय के लोग जैनों पर ज्यादती करते थे पर तत्कालीन राजाओं की उदार एवं निष्पक्ष नीति के कारण उनकी सुरक्षा बनी रही। ले० नं० ७१० से ज्ञात होता है कि जैनों को अपमानजनक शर्तें मानने को भी बाध्य होना पड़ा, पर उन्होंने अपने पड़ोसियों की भावना की रक्षा के लिए वह शर्त भी मान ली। उक्त लेख में लिखा है जैन लोग पहले विभूति और बिल्व पत्र बांधकर अपनी सब धर्म विधि कर सकते हैं। जैनियों ने जब यह शर्त मान ली तो उसका प्रभाव दूसरे धर्म वालों पर तत्काल हुआ और उन्होंने भी प्रतिज्ञा की कि जैन मन्दिरों आदि को कोई क्षति पहुँचावेगा तो वह उनके धर्म से बाहर कर दिया जायगा। जैनियों में उनकी अहिंसा नीति का ही प्रभाव था कि वे परमत सहिष्णु थे और इससे वे आजतक भारत में रह सके।

## १०. जैन धर्म के केन्द्र

प्रस्तुत लेख संग्रह को ध्यान से पढ़ने से मालुम होता है कि भारत में उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम सभी ओर अनेक प्रभावक जैन केन्द्र थे। इन केन्द्रों का इतिहास देखने पर विदित होता है कि जैनाचार्यों ने जैन धर्म को राजाओं और सामन्तों के दरबारों तक ही सीमित न रखा था बल्कि साधारण जनता के बीच भी उसे जनप्रिय बनाने के प्रयत्न किये थे। इसीलिए राजाओं और सामन्तों के सतत परिवर्तित होते रहने पर एवं उनके प्रभुत्व का लोप होने पर भी जैन धर्म की नींव भारतवर्ष मे अक्षुण्ण बनी रही।

( अ ) उत्तर भारत के जैन केन्द्रों में मथुरा एक समय प्रमुख स्थान था। इस सम्बन्ध में हम पर्याप्त लिख चुके हैं। इसके अतिरिक्त, उदयगिरि-खण्डगिरि ( उड़ीसा ) पभोसा, राजगृह, रामनगर ( अहिच्छत्र ), उदयगिरि ( साची ), देवगढ़, दूबकुण्ड, ग्वालियर, बबागंज, बड़नगर, खजुराहो, और महोबा के नाम उल्लेखनीय हैं।

उदयगिरि-खण्डगिरि—उड़ीसा प्रान्त में भुवनेश्वर के पास की उक्त

दो पहाड़ियां जैन तीर्थों के इतिहास की दृष्टि से बड़े महत्व की हैं। यहाँ से भारतीय लेखों में महत्वपूर्ण एक लेख ( २ ) हाथी गुम्फा से प्राप्त हुआ है जो जैन सम्राट् खारवेल के इतिहास पर प्रकाश डालता है। उक्त लेख में लिखा है कि यहाँ आदिनाथ भगवान् की एक प्रतिमा थी जिसे मगध का राजा नन्द उठा ले गया था। इसका अर्थ यह हुआ कि नन्दकाल से ही यह स्थान एक जैन केन्द्र था। इस संग्रह में दो और लेख ( ३ और २४५ ) इस स्थान के दिये गये हैं। अन्तिम लेख सूचित करता है कि ११वीं शताब्दी में भी यह जैन तीर्थ था। इसका प्राचीन नाम कुमारी पर्वत था। यहाँ से और भी अनेक लेख मिले हैं। जिनकी प्रतिलिपि स्व० वेणीमाधव वरुआ ने ओल्ड ब्राह्मी इन्स्क्रिप्सन्स् नामक ग्रन्थ में दी है।

प्रभोसा:—इलाहावाद के पास कौशाम्बी जैन और बौद्धों का एक प्राचीन तीर्थस्थान है। कौशाम्बी के पास ही प्रभास पर्वत नाम की एक पहाड़ी है जो प्राचीन काल से ही जैन तीर्थ रही है। इस स्थान के तीन लेख ( ६, ७ और ७५६ ) इस संग्रह में दिये गये हैं। प्रथम दो लेख वहाँ की प्राचीन दो गुफाओं से,प्राप्त हुए हैं। इन लेखों की लिपि शुंगकालीन है। उनसे मालुम होता है कि अहिच्छत्र के अषाढ़सेन ने जो कि वहसतिमित्र ( मगध नरेश ) का मामा था, काश्यपीय अर्न्हतों के उपयोग के लिए ये गुफाएँ वनवायीं। काश्यप, भग० महावीर का गोत्र था। संभव है ये गुफाएं भग० महावीर के अनुयायी भिक्षुओं के लिए वनवायी गईं थीं। तीसरा लेख १६ वीं शताब्दी का है। ये तीनों लेख इस बात को सिद्ध करते हैं कि यह स्थान प्राचीन काल से अब तक वरावर जैनों का मान्य तीर्थ है।

राजगृह:—यह स्थान जैन, बौद्ध और हिन्दुओं का पवित्र तीर्थ है। इस स्थान की तीन जैन लेख (८७,८३६ और ७४३) इस संग्रह में दिये गये हैं। ले० नं० ८७ पाँचवें पर्वत वैभार की तलहटी में एक गुफा से प्राप्त हुआ है जिसे सोन भण्डार कहते हैं। यह लेख बड़े महत्त्व का है और इस प्रकार पढ़ा गया है:—

१. निर्वाण लाभाय तपस्वियोग्ये शुभे गुहेऽर्हत्प्रतिमा प्रतिष्ठे

२. आचार्यरत्नं मुनि वैरदेवः विमुक्तयेऽकारयद्दीर्घतेजाः ॥

जिसका भाव है कि किसी मुनि वैरदेव ने निर्वाण प्राप्ति के हेतु दो गुफाएं बनवायी।

जन० कनिंघम ने आर्क्या० स० रिपो० के प्रथम भाग में इसकी प्रतिलिपि छापी थी और टी० ब्लॉख महोदय ने इसे पढ़कर एपि० इण्डिका के ८ वे भाग में प्रकाशित कराया। ब्लॉख महोदय इसे लिपि विद्या की दृष्टि से तीसरी या चौथी शताब्दी का कहते हैं। इस लेख के आ० वैरदेव कौन थे यह ठीक तरह से नहीं कहा जा सकता। कुछ विद्वान् इसे श्वेताम्बर पट्टावलियों के वज्रस्वामी मानते हैं जिनका समय सन् ५७ ई० है[१]। हमारा अनुमान है कि ये वैरदेव ले० नं० ९० (सन् ३९० के लगभग) के वीरदेव होना चाहिये जो कि मूलसंघ के आचार्य थे और जिनके सम्बंध में लेख में 'श्रीमद् वीरदेवशासनाम्बरावभासनसहस्रकर' अर्थात् भग० महावीर के शासन रूपी आकाश को प्रकाशित करने वाला सूर्य, विशेषण दिया गया है। लेख की लिपिका समय ३ री ४ थी शताब्दी, हमें वैरदेव से वीरदेव का साम्य स्थापन करने को वाध्य करता था। यदि यह अनुमान ठीक है तो मानना होगा वीरदेव का प्रभाव उत्तर भारत में राजगृह की ओर और दक्षिण भारत में कन्नड प्रान्त में बराबर था।

इस स्थान के दो अन्य लेख १८ वीं शताब्दी के हैं जिनसे सिद्ध होता है कि यह स्थान जैनों का अविच्छिन्न रूप से तीर्थ रहा है।

**राम नगरः**—(अहिच्छत्र) से प्राप्त अनेकों लेखों में से केवल दो लेख (५३,८४३) इस संग्रह में दिये गये हैं। ले० नं० ८४३ के कोत्तरि शब्द से ज्ञात होता है कि यहाँ अनेकों जैन मन्दिरों के ढेर थे। अब भी वहाँ कोत्तरि के

---

१—जर० बिहार० रि० सो०, भाग ४६, अंक ४, पृष्ठ ४००–४१२; उमाकान्त प्रेमचंद शाह—राजगिर की जैन गुफा सोन भण्डार के मुनि वैरदेव।

अपभ्रंश रूप में कतारि खेरा नामक छोटी पहाड़ी है। यह स्थान एक समय दिग० सम्प्रदाय का केन्द्र था[१]।

उदयगिरिः—( साँची ) यहाँ की एक अकृत्रिम गुफा से एक लेख ( ६१ ) मिला है जो इस स्थान को जैन केन्द्र होने की सूचना देता है।

देवगढ़ से प्राप्त ले० नं० १२८ से ज्ञात होता है कि गुर्जर प्रतिहार नरेश मिहिर भोज के समय इसका एक नाम लुअच्छगिरि था वहाँ शान्तिनाथ भगवान् का एक मन्दिर था। दो अन्य लेखों (६१७, ६१८) से जो कि १५ वीं शताब्दी के हैं, विदित होता है कि यहाँ मूलसंघान्तर्गत नन्दिसंघ मदसारद गच्छ, बलात्कार गण का अच्छा प्रभाव था।

११ वीं शताब्दी मे दुबकुण्ड, काष्ठासंघ के लाटवागट गण का प्रमुख स्थान था। यह स्थान ग्वालियर से ७६ मील दक्षिण पश्चिम दिशा मे है। इस क्षेत्र के आसपास कच्छवाहों ( कच्छप घाट वंश ) का राज्य था। सन् १०८८ ई० में महाराजाधिराज विक्रमसिंह कच्छवाहा ने यहाँ के एक जैन मन्दिर को दान दिया था। उस मन्दिर की स्थापना एक जैन व्यापारी साधु लाहड़ ने की थी जो जायसवाल वंश का था। उसे विक्रमसिंह ने श्रेष्ठि की पदवी दी थी। यहाँ काष्ठासंघ लाटवागट गण के प्रमुख गुरु देवसेन की पादुकाओं की स्थापना सन् १०६५ ई० में की गयी थी ( २२८, २३५ )।

ग्वालियर से प्राप्त दो लेखों ( ६३३, ६४० ) से विदित होता है कि १५ वीं शताब्दी में तोमर वंशी राजाओ के काल मे यह स्थान काष्ठीसंघ ( काष्ठासघ का दूसरा नाम ) माथुरान्वय, पुष्करगण के भट्टारकों का प्रमुख केन्द्र था। इन लेखो में उक्त संघ के कतिपय भट्टारकों के नाम दिये गये हैं।

बवागंज ( मालवा ) से प्राप्त १२ वीं शताब्दी से १५ वीं तक के तीन लेखों से विदित होता है कि यह प्रमुख जैन केन्द्रों में एक था। सन् ११६६ में

---

१—यहाँ से प्राप्त अनेकों लेख, अनेकान्त, वर्ष १० किरण ३–४ में प्रकाशित हुए में।

यहाँ एक प्रभावक जैन मुनि रामचन्द्र थे, जो राज्यमान्य मुनि (भूपतिवृन्दवन्दित-पदः) थे। ये सर्वसंघतिलक देवनन्दि मुनि के शिष्य थे जो कि राज्यमान्य लोक नन्दि मुनि के शिष्य थे (३७०, ३७१)। १५ वीं शताब्दी में यह स्थान ग्वालियर के भट्टारकों के अधीन था (६४३)।

खजुराहो के जैन और हिन्दू मन्दिर भारतीय शिल्पकला के विशिष्ट नमूने हैं। यहाँ से प्राप्त अनेक लेखों मे से केवल १२ मूर्तिलेख इस संग्रह में है इनमें कुछ लेखों से विदित होता है कि यह स्थान ग्रहपति वंश (गहोई वैश्यों) का प्रमुख केन्द्र था। यहाँ के सन् ६५५ के एक लेख से मालुम होता है कि यहाँ जिननाथ का एक प्रसिद्ध मन्दिर था जिसे चन्देल नरेश धंग के राज्य में पाहिल्ल नामक सेठ ने अनेक वाटिकायें बगीचे दान में दिए थे (१४७)।

इसी तरह महोबा भी चन्देल नरेशों के समय में एक जैन केन्द्र था। इस संग्रह में इस स्थान से प्राप्त सं० ११६६ से सं० १२२१ अर्थात् ५२ वर्ष के ८ मूर्ति लेखों से विदित होता है कि यहाँ जैन लोग निर्विघ्न रीति से सोत्साह प्रतिष्ठा आदि कराते थे। ले० नं० ३३७, ३४२ पर चन्देल नरेश मदन वर्म्म का नाम और ले० नं० ३६५ में परमर्दि का नाम एवं राज्य संवत्सर दिया हुआ है।

(आ) इस संग्रह में पश्चिम भारत के संगृहीत लेखों को देखने से विदित होता है कि इस क्षेत्र मे श्वेताम्बर सम्प्रदाय के अनेक जैन केन्द्र थे जैसे आबू, सिरोही, अजमेर, अनहिलवाड़, खम्भात, दोहद, दिलमाल, नड-लाई, नडोले, जैसलमेर, पालनपुर, बयाना आदि। गिरनार से प्राप्त २-३ लेख दिग० सम्प्रदाय के हैं, शेष बहुसंख्य लेख श्वेताम्बर सम्प्रदाय के हैं। शत्रुञ्जय से ११८ संग्रहीत लेखों मे दिगम्बर-सम्प्रदाय का केवल एक लेख (७०२) है जिसमें मूलसंघ, सरस्वतीगच्छ बलात्कारगण कुन्दकुन्द अन्वय के भट्टारकों की पट्टावली दी हुई है। यहां सं० १६८६ में अहमदाबाद के संघपति हुंवड़ जातीय श्री रत्नसी के वंशजों ने, जब कि शाहजहाँ का राज्य प्रवर्तमान था, श्री शान्तिनाथ की प्रतिमा स्थापित की थी।

( इ ) दक्षिण प्रान्त के प्रमुख जैन तीर्थों और केन्द्रों में श्रवणवेल्गोल, पोदनपुर, पलासिका, पुलिगेरे, कोपण, हनसोगे, हुम्मुच, वल्लिगाम्वे, कुप्पटूर, हलेवीड़, मलेयूर, मुल्लूर, मुगलूर, अंगड़ी, वन्दालिके, आवलि, उद्रि, कारकल, गेरसोप्पे आदि प्रसिद्ध थे।

श्रवण वेल्गोल—यहाँ के सम्बन्ध मे विशेष कुछ नहीं कहना है क्योंकि उसके माहात्म्य को प्रकट करने के लिए जैन शिला लेख के ५०० शिलालेख प्रथम भाग के रूप में प्रकाशित हो चुके हैं। इस स्थान की परम्परा का सम्बन्ध अनेक विद्वानों के मत से श्रुतकेवली भद्रवाहु और सम्राट् चन्द्रगुप्त से है। कुछ विद्वानों के मत से उज्जयिनी के द्वितीय भद्रवाहु और उनके शिष्य गुप्तिगुप्त से है। जो भी हो पर जै० शि० सं० प्रथम भाग के प्रथम लेख का साधारणतः अर्थ करने से यहां की परम्परा का सम्बन्ध भद्रवाहु द्वितीय से ही मालुम होता है।[१]

---

१. 'जैन परम्परानो इतिहास' के लेखक विद्वान् मुनि श्री दर्शन विजय जी आदि (त्रिपुटी महाराज) ने आर्य सिंहगिरि के उत्तराधिकारी आर्य वज्रस्वामी और भद्रवाहु द्वितीय के जीवन चरित में अनेक प्रकार का साम्य दिखलाया है और संभावना प्रकट की है कि यदि दोनों आचार्यों को एक मान लिया जाय तो श्वेताम्बर दिगम्बर इतिहास संबंधी अनेक गूथिया सरल रीति से उत्कल जा सकती हैं। इन वज्रस्वामी का जन्म वीर संवत् ४६६ में, दीक्षा काल वीर सं० ५०४ में युगप्रधान पद ५४८ में और सं० ५८४ में स्वर्गगमन हुआ था। वे लिखते हैं:—दिगम्बर ग्रन्थों मे इस अरसे में द्वितीय भद्रबाहु होने का उल्लेख है जिनके दूसरे नाम वज्रयशा ( तिलोयपण्णत्ति ) महायशा ( महापुराण ), यशोबाहु ( उत्तर पुराण, हरिवंश पुराण ), जयबाहु ( श्रुतावतार ), वज्रर्षि ( हरिवंश पुराण स० १ श्लोक ३३ ), महायशा ( आवश्यक निर्युक्ति ) मिलते हैं। श्रवणवेल्गोल के चन्द्रगिरि स्थित एक लेख में उल्लेख है कि श्रुतकेवली भद्रवाहु की परम्परा में महानिमित्तज्ञ भद्रवाहु ने उज्जयिनी मे रहते हुए १२ वर्षीय दुष्काल को आते देख

दक्षिण कर्नाटक की ओर विहार किया और ७०० शिष्यों के साथ इस पहाड़ी पर आये। उन्होंने यहाँ अपने समाधिमरण की आराधना के लिए केवल एक शिष्य को साथ रख शेष को विसर्जित कर दिया इत्यादि ( पृष्ठ २८४–२९२ )।

आगे मुनिश्री लिखते हैं कि आर्य वज्रस्वामी ने वि० सं० १७४ में अपने शिष्य संघ के साथ बारह वर्ष के दुष्काल में दक्षिण जाकर एक पहाड़ी के ऊपर अनशन किया और समाधि पूर्वक स्वर्गगमन किया। इस भूमि की इन्द्र ने रथ के द्वारा तीन प्रदक्षिणा की इससे इस पहाड़ का नाम 'रथावर्तगिरि' पड़ा।

इस रथावर्तगिरि का असली नाम क्या था और वर्तमान में उसका नाम क्या है, इस बात का कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता। किन्तु हमें लगता है कि आज जो इन्द्रगिरि ( विन्ध्यगिरि ) के रूप में पहाड़ी बोली जाती है वही वास्तव में रथावर्त गिरि है, और उसके ऊपर जो विशालकाय मूर्ति है वह आर्य द्वितीय भद्रबाहु स्वामी याने वज्रस्वामी की मूर्ति है।

आ० वज्रस्वामी ने अनशन के लिए प्रथम एक पहाड़ी पसन्द किया था अपने एक बालमुनि को भी छोड़ने के लिए उन मुनि को वहीं रख उस पहाड़ी का त्याग कर सामने की दूसरी पहाड़ी पर अनशन किया और बालमुनि ने पहली पहाड़ी पर अनशन किया।

इसके पश्चात् उनके प्रशिष्य आचार्य चन्द्रसूरि यहीं पधारे थे और उनके उपदेश से उसी पहाड़ी की विशाल शिला पर आ० वज्रस्वामी की विशाल काय प्रतिमा बनी। ये दोनों पहाड़ियाँ आज इन्द्रगिरि और चन्द्रगिरि नाम से प्रसिद्ध हैं, इत्यादि।

( देखो, जैन परम्परानो इतिहास, भा० १, लेखक त्रिपुटी महाराज, प्रकाशक–श्री चारित्र स्मारक ग्रन्थ माला, अहमदाबाद, १९५२, पृष्ठ ३३७-३३९ )

जो भी हो पर 'अनेकग्रामशतसंख्यं मुदित जन धन कनक सस्य गोमहिषाजावि कुल समाकीर्ण जनपद प्राप्तवान्" उल्लेख जिस स्थान के लिए किया गया है वह पुन्नाट देश के उत्तरी भाग के सिवाय और कोई दूसरी जगह नहीं है।

पोदनपुर—तीर्थ के सम्बन्ध में हमें ले० नं० ३६५[1] (सन् ११८०) से विदित होता है कि भरत चक्रवर्ती ने पोदनपुर के समीप ५२५ धनुप प्रमाण बाहुबलि की मूर्ति प्रतिष्ठित करायी थी। कुछ काल बीतने पर मूर्ति के आसपास की भूमि कुक्कुट सर्पों से व्याप्त और बीहड़ वन से आच्छादित होकर दुर्गम्य हो गयी थी। राच-मल्ल नृप के मंत्री चामुण्ड राय को बाहुबलि के दर्शन की अभिलाषा हुई पर यात्रा के हेतु जब वे तैयार हुए तब उनके गुरु ने उनसे कहा कि वह स्थान बहुत दूर और अगम्य है। इस पर चामुण्ड राय ने वैसी मूर्ति की प्रतिष्ठा कराने का विचार किया और उन्होंने वैसा कर डाला।

कहा जाता है कि यह पोदनपुर निजाम हैदराबाद प्रान्त के निजामाबाद जिले का 'बोधन' नामक गाँव है जो कि १० शताब्दी के पूर्वार्ध में राष्ट्रकूट नरेश इन्द्र चतुर्थ की राजधानी था और वहां वैष्णवों का बोलबाला था तथा वहाँ एक विशाल वैष्णव मन्दिर भी बनवाया गया था। यहाँ अब भी जैन एव ब्राह्मण पुरातत्त्व की सामग्री मिलती[2] है।

पलासिका:—हलसी या हलसिगे (जिला बेलगाव) से प्राप्त ६ लेखों से ज्ञात होता है कि पाचवी शताब्दी ईस्वी मे कदम्बों के राज्यकाल में पलासिका एक प्रमुख जैन केन्द्र था। यहा यापनीय, निर्ग्रन्थ एवं कूर्चक ये तीनों सम्प्रदाय समान भाव से आद्दत थे। ले० नं० ६६ मे लिखा है कि कदम्ब नरेश काकुस्थवर्मा ने अपने जैन सेनापति श्रुतकीर्ति को धार्मिक कार्य के लिए एक क्षेत्र दान में दिया था। ले० नं० ६६ के अनुसार कदम्ब मृगेशवर्मा ने अपने पिता की स्मृति में

---

१. जैन शि० ले० संग्रह, नं० ८५

२. सालेतोरे, मेडीवल, जैनिज्म, पृष्ठ १८६.

यहाँ एक जैन मन्दिर बनाकर यापनीय, निर्ग्रन्थ और कूर्चकों को दान में दिया था। इसी तरह ले० नं० १०० उल्लेख करता है कि अष्टाह्निका पर्व मनाने के लिए कदम्ब नरेश रविवर्मा और अन्य लोगों ने पुरुखेटक गाव यापनीय संघ को दिया था। ले० नं० १०१-१०२ के अनुसार यहाँ कदम्ब रविवर्मा और उसके छोटे भाई भानुवर्मा द्वारा जिन भगवान् की पूजा के लिए दान दिये गये थे। ले० नं० १०३ से विदित होता है कि कदम्ब नरेश हरिवर्मा ने पलासिका में सिंह सेनापति के पुत्र मृगेश द्वारा निर्मापित जैन मन्दिर में अष्टान्हिका पूजा के लिए और सर्व संघ के भोजन के लिए कूर्चकों के वारिषेणाचार्य संघ के लिए चन्द्रक्षान्त को प्रमुख बनाकर दान दिया था। इसी तरह ले० नं० १०४ के अनुसार अहिरिष्ट नामक श्रमण संघ के लिए सेन्द्रक राजा भानुवर्मा की प्रार्थना पर हरिवर्मा ने दान दिया था। इस तरह कदम्ब राजाओं की ४—५ पीढ़ी तथा पलासिका यापनीय, निर्ग्रन्थ और कूर्चक सम्प्रदाय का प्रमुख केन्द्र रहा है।

पुलिगेरे ( लक्ष्मेश्वर ):—इस स्थान के सातवीं से दशवीं शताब्दि ईस्वी के संगृहीत पाँच लेखों से मालुम होता है यह एक जैन तीर्थ था। यहाँ शंखवसदि नामक विशाल जैन मन्दिर था जिसकी छत ३६ खम्भों पर थमी थी। इस बसदि के नाम से इस स्थान का नाम शंखतीर्थ पड़ा था। ले० नं० १०६ से विदित होता है कि सेन्द्रक राजा दुर्गशक्ति ने शंखजिनेन्द्र की नित्य पूजा के लिये कुछ भूमि दान में दी थी। ले० नं० १११ के अनुसार चालुक्य विनयादित्य सत्याश्रय ने इस मन्दिर को अपने राज्य के ५ वे या ७ वें वर्ष में माघ पूर्णिमा के दिन दान दिया था। ले० नं० ११३ में उल्लेख है कि चालुक्य वंशी विजयादित्य सत्याश्रय ने अपने राज्य के ३४ वें वर्ष में इस मन्दिर के लिए दान दिया था और ले० नं० ११४ से ज्ञात होता है कि सन् ७३४ ई० में विक्रमादित्य ने शंखतीर्थ वसदि का जीर्णोद्धार कराया था। यहाँ शंख वसदि के अतिरिक्त एक और जिनालय था, जिसका नाम धवल जिनालय था। ले० नं० १४६ इस तीर्थ के इतिहास की दृष्टि से बड़े महत्त्व का है। उक्त लेख के अनुसार सन् ६६८ में इस तीर्थ का विशाल रूप हो गया था। यहाँ गंगराजा मारसिंह गङ्ग-

कन्दर्प ने एक जिनालय बनवाया जो कि शंख वसदि तीर्थ वसदि मण्डल के लिए मण्डन स्वरूप था। उसका नाम उक्त राजा के नाम पर गङ्गकन्दर्प भूपाल जिनेन्द्र मन्दिर रखा गया और उसके लिए दान देते समय सीमा के रूप में अनेक जैन एवं अजैन वसदियों का उल्लेख है।

कोपणः—यह स्थान श्रवण वेल्गोल के बाद बड़े महत्त्व का जैन तीर्थ रहा है। शिलालेखों के पर्यवेक्षण से प्रतीत होता है कि यह ७ वीं से लेकर १६ वीं शताब्दी तक जैनों का महातीर्थ रहा है। प्रस्तुत संग्रह मे कोपण के सम्बन्ध के ११ वीं शताब्दी के पहले के लेख संग्रहीत नहीं पर उसके बाद के जो भी लेख हैं उनमें उसकी प्रसिद्धि का ही उल्लेख है। ले० नं० १६८ से विदित होता है कि सन् १००० के लगभग कोपण तीर्थ के कुछ यात्री श्रवण वेल्गोल आये थे। ले० नं० २९९ मे लिखा है कि जैनों के सहस्रों तीर्थों मे प्रमुख तीर्थ कोपण था। ले० नं० २५५ मे उल्लेख है कि जैन सेनापति गंगराज ने अपनी अनवधिक दानशीलता से गङ्गवाडि ९६००० को कोपण के समान चमका दिया था। यही बात ले० नं० ३०१ और ४११ से पुष्ट होती है। ले० नं० ३०४ के अनुसार गंगराज के ज्येष्ठ भ्राता बम्मदेव के पुत्र ऐच दण्ड-नायक ने कोपण वेल्गोल आदि स्थानों में अनेक जिन मन्दिर निर्माण कराये थे। उसी लेख में कोपण को 'कोपण आदि तीर्थदलु' अर्थात् एक प्रमुख या आदि तीर्थ के रूप में माना गया है। सन् ११५९ (३५४) मे सेनापति हुल्ल ने कोपण महातीर्थ में २४ जैन साधुओं के संघ के लिए अक्षयदान दिया था। ले० नं० ४५१ मे उल्लेख है कि ऐचण ने वेलगवत्तिनाड् में एक ऐसा जिनालय बनवाया था जैसा उस प्रदेश मे और कहीं नहीं था और इस तरह उसने वेलगवत्तिनाड को कोपण के समान बना दिया।

१६ वीं शताब्दी में भी कोपण का महत्त्व कुछ कम न हुआ था। इस शताब्दी के महान् विद्वान् वादि विद्यानन्द के विषय में ले० नं० ६६७ में उल्लेख है कि इन्होंने कोपण तथा अन्य दूसरे तीर्थों में महोत्सव करके विद्यानन्द नाम से प्रसिद्धि प्राप्त की।

लु० राइस महोदय कोपण को निजाम हैदराबाद के दक्षिण-पश्चिम में स्थित वर्तमान कोप्पल को माना है। इस विषय में अब सन्देह नहीं है।

चिक्क हनसोगे:—जैन तीर्थों में चिक्क हनसोगे का नाम भी प्रमुख था। इस संग्रह के लेखों से प्रतीत होता है कि उक्त स्थान ११ वीं शताब्दी के पहले से भी जैन धर्म का केन्द्र था। ले० नं० २४० से ज्ञात होता है कि वहां एक समय ६४ बसदियां थीं जो कि अब सब ध्वस्त हालत में हैं पर उन्हें देखने से मालुम होता है कि वे चालुक्य शिल्प की शैली में सुन्दर ढंग से निर्मित हुई थीं। ले० नं० २२३ (लगभग सन् १०८० ई० ) से विदित होता है कि दामनन्दि भट्टारक के अधिकार क्षेत्र मे पनसोगे के चङ्गाल्व तीर्थ को सारी बसदियाँ थीं, अब्बेय बसदि तथा तोरेनाड् की बसदि भी उनके प्रधान शिष्यगण के अधिकार में थी। ले० नं० १६६, २४० और २४१ से उन बसदियों का एक विचित्र इतिहास मालुम होता है कि इन बसदियों के आदि प्रतिष्ठापक मूलसंघ, देशीगण, होत्तगे गच्छ के रामस्वामी थे जो कि दशरथ के पुत्र, लक्ष्मण के भाई सीता के पति और इक्ष्वाकु कुल मे उत्पन्न हुए थे। पीछे इन्ही बसदियों को दान देने वाले क्रमशः शक, नल, विक्रमादित्य, गंग और चङ्गाल्व थे। सन् १०६० के लगभग यहां चंगाल्व नरेश राजेन्द्र चोल नन्नि चंगाल्व ने कुछ बसदियों का निर्माण कराया था।

हनसोगे के जैन गुरुओं का बड़ा प्रभाव था। इनकी एक शाखा हनसोगे बलि नाम से प्रसिद्ध थी। सन् १३०३ में हनसोगे के बाहुबलि मलधारि देव के शिष्य पद्मनन्दि भट्टारक ने होन्नेयन हल्लि में गंध कुटी निर्माण करायी थी तथा १५ गद्याण का दान भी दिया था (५५१)। पन्द्रहवीं शताब्दी के लगभग कारकल के शासकों को जैन धर्म के प्रभाव में लाने वाले इसी स्थान के गुरु थे। हनसोगे के ललितकीर्ति मुनीन्द्र के उपदेश से शक सं० १३५३ फाल्गुन शुक्ल १२ के दिन सोमवंश के भैरवेन्द्र के पुत्र पाण्ड्य राय ने कारकल मे बाहुबलि की प्रतिमा बनाकर प्रतिष्ठित करायी थी ( ६२४ )।

हुम्मच:—शान्तर कुल के संस्थापक जिनदत्तराय के समय ( ६ वीं शता० ) से यह बराबर महत्व पूर्ण जैन तीर्थ रहा है। इस संग्रह के लगभग २२ लेखों से यह बात भली भाँति सिद्ध होती है। यहां की प्राचीन बसदि का नाम पालियक्क बसदि था जो कि सन् ८७८ के लगभग निर्मापित हुई थी। ले० नं० १४५ से से ज्ञात होता है कि तोलापुरुष शान्तर की पत्नी पालियक्क ने अपनी माता की मृत्यु पर उसे पाषाण बसदि के रूप में खड़ा किया था और इसके लिए बहुत से दान दिऐ थे। सन् ८९७ के ले० नं० १३२ में उल्लेख है कि तोलापुरुष विक्रमादित्य ने मौनिसिद्धान्त भट्टारक के लिए एक पाषाण बसदि बनवायी। सन् १०६२ के दो ले० नं० १९७ और १९८ क्रमशः सूले बसदि और पार्श्वनाथ बसदि से प्राप्त हुए हैं। प्रथम लेख में पट्टणस्वामि नोक्कय्य सेट्टि के दानों का उल्लेख है और दूसरे में वीर शान्तर की पत्नी चागलदेवी के दान कार्यों की प्रशंसा है। सन् १०६५ के एक लेख ( २०३ ) में उल्लेख है कि त्रैलोक्यमल्ल शान्तर ने अपने गुरु कनकनन्दि देव को यहां दान दिया था। सन् १०७७ के ५ लेख उसी तीर्थ से प्राप्त हुए हैं जिनमें से ले० नं० २१२ में तैलह शान्तर के दानों और पट्टणस्वामि नोकय्य सेट्टि की प्रशंसा है। ले० नं० २१३ बहुत ही विशाल लेख है जो कि पञ्चकूट बसदि के प्राङ्गण में एक बड़े पाषाण पर उत्कीर्ण है। पञ्चकूट बसदि प्रसिद्ध उर्वीतिलक जिनालय का ही नाम है। इस लेख के अनुसार चट्टलदेवी ने अपने पति एवं पुत्रादि की याद में तालाब कुआं, बसदि, मन्दिर, नाली, पवित्र स्नानागार, सत्र, कुंज आदि प्रसिद्ध धर्म एव पुण्य के कार्यों को सम्पन्न कराया था। चट्टलदेवी शान्तरकुल और गंगवंश से सम्बन्धित कांची की रानी थी। लेख में शान्तर वंश और गंग वंश की वंशावली तथा द्रविड़ संघ, अरुङ्गलान्वय नन्दिगण की पट्टावली भी दी हुई है। इस लेख के अनुसार पंचकूट जिनालय का स्थापना काल शक सं० ९९९ था। ले० नं० २१४ में पंचकूटबसदि के निर्माण कार्य का विशेष इतिहास दिया गया है और मन्दिर के प्रतिष्ठाचार्य श्रेयास देव की ( ले० नं० २१३ के समान ही ) परम्परा दी गई है। ले० नं० २१५ में नन्नि शान्तर, राजा ओड्डुग और चट्टलदेवी आदि

ानियों की तथा हेमसेन ( कनकसेन ) दयापाल, पुष्पसेन, वादिराज, अजितसेन आदि आचार्यों की प्रशंसा की गई है। ले० नं० २२६ में शान्तर राजाओं के दान का उल्लेख है। ले० नं० ३२६ में उल्लेख है कि सन् ११४७ में विक्रम शान्तर की बड़ी बहिन पम्पादेवी ने उर्वीतिलक जिनालय के समान ही शासन देवता की मूर्ति निर्माण करायी थी, तथा उसने उसके भाई और पुत्री ने पञ्च-बसदि के उत्तरीय पट्टसाले को बनवाया था। ले० नं० २३८, ४६७, ४६४, ४६७, ५००, ५०३, ५४२, तथा ५६७ समाधिमरण के स्मारक लेख हैं। ले० नं० ६६७ बहुत विशाल है और विजयनगर साम्राज्य के प्रसिद्ध विद्वान् वादि विद्यानन्द तथा तत्कालीन राजाओं पर उनके प्रभाव का सुन्दर वर्णन करता है।

बल्लिगाम्बे :—के भी जैन तीर्थ होने के अनेक लेख प्रमाण हैं। यहाँ सन् १०४८ में जबाहुति शान्तिनाथ से सम्बद्ध बलगारगण के मेघनन्दि भट्टारक के शिष्य केशवनन्दि अष्टोपवासि भट्टारक की बसदि थी। इस बसदि के लिए उक्त सन् में महामण्डलेश्वर चामुण्डराय ने कुछ भूमि का दान दिया था ( १८१ )। यहाँ सन् १०६८ में जैन सेनापति शान्तिनाथ ने काष्ठ से बनी हुई प्राचीन मल्लिकामोद शान्तिनाथ तीर्थंकर की बसदि को पाषाण की बनवाया था तथा इस मन्दिर के निमित्त वहाँ माघनन्दि भट्टारक को कुछ जमीन दान में दी थी ( २०४ )। इस लेख में तथा इससे पहले के ले० नं० १८१ में उल्लेख है कि यहाँ सभी धर्मों के—जिन, विष्णु, ईश्वर आदि के मन्दिर थे। ले० नं० २०४ की अन्तिम पंक्तियों से यह भी विदित होता है जगदेकमल्ल ( जयसिंह तृतीय जगदेकमल्ल ) तथा चालुक्य गंग पेर्म्मानडि विक्रमादित्य ने उक्त बसदि को पहले कुछ जमीनें दान में दी थीं। ले० नं० २१७ ( सन् १०७७ ) से मालुम होता है कि यहाँ के चालुक्य गंग पेर्म्मानडि जिनालय को विक्रमादित्य चतुर्थ ने सेन गण के आचार्य रामसेन को एक गाँव दान में दिया था। सन् ११८६ ई० करीब का एक लेख ( ४२० ) समाधि मरण का स्मारक है। ले० नं० ४५३ और ४५४ ( सन् १२०५ ई० ) में एक जैन बसदि के लिए एक जैन राजा ( सम्भव है रट्ट वंश के राजा )—द्वारा दान का उल्लेख है। इन दोनों लेखों में रट्टवंश के पिछले

राजाओं की वंशावली दी गई है। इस सबसे यही मालुम होता है कि बल्लिगाम्बे ११-१२ वीं शताब्दी के प्रमुख जैन केन्द्रों में एक था।

कुप्पटूरः—के सम्बन्ध में संग्रहीत कतिपय लेखों से ज्ञात होता है कि यह स्थान ११ वीं से १५ वीं शताब्दी तक एक महत्त्वपूर्ण जैन केन्द्र था। ले० नं० २०६ से विदित होता है कि कदम्ब राज्ञी मलाल देवी ने सन् १०७७ में पार्श्वदेव चैत्यालय की स्थापना की थी और पद्मनन्दि भट्टारक ने उसकी प्रतिष्ठा करा के उसका नाम वहां के ब्राह्मणों के नाम पर 'ब्रह्म जिनालय' रखा था। यहीं देशी गण के आचार्य देवचन्द्र के शिष्य श्रुत मुनि थे जिन्होंने एक मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया था, और सन् १३६७ में समाधिगत हुए थे (५६३)। ले० नं० ५५५ से विदित होता है कि सन् १४०२ में कुप्पटूर एक प्रसिद्ध स्थान था। विजय नगर के सम्राट् हरिहर के समय यहा एक जैन मन्दिर था, जिसमें कदम्बों का एक शासन पत्र मिला था। सन् १४०८ के ले० नं० ६०५ से विदित होता है कि कुप्पटूर नागर खण्ड का तिलक स्वरूप था वहां अनेक जैन रहते थे, तथा अनेक जैन चैत्यालय थे। वहां का शासक जैन धर्मावलम्बी गोपमहाप्रभु था।

अङ्गडिः—यह होय्सल वंश का उत्पत्ति स्थान था। इसका दूसरा नाम सोसेवूर था। १० वीं शताब्दी के मध्य से इसके जैन केन्द्र होने के अनेक प्रमाण मिलते हैं। ले० नं० १६६ से ज्ञात होता है कि यहा द्रविड़ संघ के प्रसिद्ध मुनि विमलचन्द्र पण्डित देव थे जिन्होंने सन् ६६० में लगभग संन्यास विधि से मरण किया था और उनकी शिष्याओं ने इस उपलक्ष्य में स्मारक खड़ा किया था। इसी तरह ले० नं० १७८ वज्रपाणि मुनि के समाधिमरण का स्मारक है। ये वज्रपाणि होय्सल नरेश नृपकाय राच मल्ल के गुरु थे। ले० नं० १६४, २०० २४२ भी समाधिमरण के स्मारक हैं। ले० नं० १८५ से मालुम होता है कि ये वज्रपाणि मुनि सूरस्थ गण के थे। उनकी शिष्या जाकियब्बे ने कुछ जमीनें वहां के मकर जिनालय के लिए छोड़ दी थीं। इस लेख के समय विनयादित्य होय्सल का राज्य प्रवर्तमान था। ले० नं० २०१ में पाषाणशिल्पियों के प्रधान, माणिक होय्सलाचारि द्वारा निर्मित एक वसदि का उल्लेख है। यह वसदि मुल्लूर के गुणसेन

पण्डितदेव को सौंप दी गई थी। इसी तरह ले० नं० ३६७ (सन् ११६४) में उल्लेख है कि यहाँ एक वसदि पट्टणसामि नागसेट्टि के पुत्र ने बनवायी थी जिसके लिए सन् ११६४ में वीर विजय नरसिंह देव ने दान दिया था। सन् ११-७२ के एक लेख (३७८) में एक होन्नंगिय वसदि के लिए किसी कम्बरस नामक व्यक्ति द्वारा दान का उल्लेख है।

बन्दालिके:—इस स्थान की तीर्थ रूप में प्राचीनता यहाँ से प्राप्त सन् ६१८ (ठीक ६११) के एक लेख (१४०) से विदित होती है जहाँ इसे बन्दनिके तीर्थ रूप में लिखा है। उक्त सन् में नागर खण्ड सत्तर की शासिका जक्कियब्बे ने सल्लेखना पूर्वक देहत्याग किया था। सन् १०७५ के एक लेख (२०७) में भी इसका तीर्थ के रूप में उल्लेख है। वहाँ शान्तिनाथ वसदि के लिए चालुक्य नृप सोमेश्वर ने कुछ भूमि दान में दी थी। ले० नं० ४०८ से ज्ञात होता है कि कदम्ब वंश की एक शाखा की अधीनता में इस स्थान की कीर्ति एवं यहां के शान्तिनाथ जिनालय की प्रसिद्धि जगह जगह फैल रही थी। इसी लेख के अनुसार एक बार यहां के जिनालय को देखने होय्सल सेनापति रेचण आया था। उसने इस मन्दिर के दर्शन से प्रसन्न होकर पूजा के खर्च के लिए एक गाँव दान में दिया था। इसी शान्तिनाथ जिनालय में सन् १२०० के लगभग सोमलदेवी नामक महिला ने समाधि मरण किया था (४३३)। ले० नं० ४३८ के अनुसार उक्त वसदि के लिए तीन गाँव दान मे दिये गये थे। ले० नं० ४४८ में बन्दालिके (बान्धव नगर) की समृद्धि एवं सौन्दर्य का अच्छा वर्णन है। यहाँ एक सेट्टि ने शान्तिनाथ देव के लिए एक मण्डप खड़ा किया था। ललितकीर्ति सिद्धान्त के शिष्य शुभचन्द्र पण्डित ने इस तीर्थ का प्रबन्ध (पारुपत्य) अपने हाथ लेकर उसे समुन्नत किया था एव नागर खण्ड सत्तर के सभी प्रमुख व्यक्तियों ने, प्रजा ने, और किसानों ने अनेक दान दिये थे और होय्सल सेनापति मल्ल ने उक्त क्षेत्र की रक्षा की थी। उक्त जिनालय के प्रबन्धक शुभचन्द्र देव ने सन् १२१३ में सन्यासपूर्वक देहत्याग किया था (४५६)।

उद्धरे ( उद्रि ):—इस तीर्थ के १२ वीं से १४ वीं शताब्दी के ही लेख इस संग्रह में हैं जिनसे मालुम होता है कि यहाँ प्रसिद्ध तीन वसदियाँ थीं— पञ्च वसदि, कनक जिनालय एवं एरग जिनालय। सन् ११२९ में यहाँ का शासक गंगनरेश मारसिंह का पुत्र महामण्डलेश्वर एक्कलरस था उसके सेनापति सिंगण का विरुद जैनचूडामणि था ( २९१ )। यह एक्कलरस नाना देशों के विद्वानों और कवियों के लिए कर्ण के समान दानी था। वह वहाँ की सारी प्रवृत्तियों का संचालक था। उसकी फुआ सुग्गियब्बिरसि ने यहाँ पञ्चवसदि में रहने वाले साधुओं के लिए दान दिया था ( ३१३ )। एक दूसरी महिला कनकब्बिरसि ने वहाँ बहुत से दान दिये ( ३१३ )। इसका अनुकरण कर दूसरी महिलाओं ने भी दान दिये थे। राजा एक्कल ने कनक जिनालय को भूमि दान दिया था। ( ३१३ )। सन् ११९८ के एक लेख ( ४३१ ) में उल्लेख है कि होय्सल सेनापति महादेव दण्डनाथ ने वहाँ एरग जिनालय नाम का एक विशाल जिनालय बनवाया था। उसने उक्त मन्दिर के लिए अनेक दान भी दिये थे। इसी लेख में लिखा है कि उद्धरे वनवासी देश के शासकों के रक्षण और कोप भवन के रूप मे अद्वितीय स्थान था। सन् ३८० के एक लेख ( ५७९ ) से विदित होता है कि इस स्थान में विजयनगर नरेश हरिहर राय द्वितीय के समय मे वैचप नामक एक जैन वीर रहता था। उसने अपने देश को अतातायियो से बचाने के लिए उनसे युद्ध किया और उन्हें परास्त करने में अपने जीवन की बलि दे दी। ले० नं० ५९९ में वैचप के पुत्र सिरियण्ण की जिनधर्म भक्ति का और उद्धरे की महिमा का वर्णन है। सन् १४०० में सिरियण्ण ने समाधि विधि से देह त्याग किया था। चौदहवीं शताब्दी मे उद्धरे अति समुन्नत एवं प्रख्यात स्थान था, यहाँ तक कि इस स्थान के आचार्य ने अपने वंश का नाम उद्धरे वंश रख लिया था। यहाँ के आचार्यों मुनिभद्र देव ने हिसुगल वसदि बनवायी थी तथा मुलगुन्द के जिनेन्द्र मन्दिर का विस्तार कराया था। ले० नं० ५८८ उनके समाधिमरण का स्मारक है।

हलेबीड:—जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण केन्द्र होय्सलों की राजधानी हलेबीड

था। जिसका कि दूसरा नाम उक्त वंश के लेखों में दोरसमुद्र या द्वारावती मिलता है। प्रस्तुत संग्रह में इस स्थान का पुराना लेख सन् १११७ के लगभग का (२६३) है जो कि विष्णुवर्धन नृप के समय का है। इसमें जैन मंत्री गंगराज के कार्यों की बड़ी प्रशंसा है। सन् ११३३ के ले० नं० ३०१ में विष्णुवर्धन की दिग्विजय का, तथा साथ में सेनापति गंगराज द्वारा अगणित जैन मन्दिरों के जीर्णोद्धार कार्यों का उल्लेख है। गंगराज के पुत्र वोप्प ने दोर समुद्र में पार्श्वनाथ वसदि का निर्माण कराया था और अपने पिता की स्मृति मे पार्श्वनाथ की मूर्ति स्थापित की थी। राजा विष्णुवर्धन को दैवयोग से इसी अवसर पर युद्ध विजय, पुत्रोत्पत्ति और सुख समृद्धि मिली थी। उसने इस मागलिक स्थापन को ही उक्त बातों में निमित्त मान बड़ी प्रसन्नता से देवता का नाम विजयपार्श्व एवं पुत्र का नाम विजय नारसिंह देव रखा और जावगल नामक गाँव तथा अन्य प्रकार के दान दिये। उक्त लेख से यह भी मालुम होता है कि मन्दिर के पुरोहित नयकीर्ति सिद्धान्तदेव को तेली दास गौंड ने भूमिदान दिया तथा उसने और राम गौण्ड ने उत्तरायण संक्रमण में वहुत से दान दिए। सन् ११९६ के एक लेख (४२६) में यहाँ की शान्तिनाथ वसदि के लिए कुछ किसानों द्वारा गाँव एवं तालावों के दान का तथा वसदि के आचार्य, स्थानीय किसान वर्ग, एवं गाँव के ६० कुटुम्बों द्वारा दान की रक्षा का उल्लेख है। ले० नं० ४९९ के अन्तर्गत दो लेखों का संकलन हुआ है। पहले लेख में होय्सल नरसिंह तृतीय द्वारा जीर्णोद्धार कार्य का तथा दूसरे मे उक्त राजा द्वारा अपने उपनयन संस्कार के समय दान का उल्लेख है। सन् १२७४ के एक लेख (५१४) में बालचन्द्र पण्डित देव के चमत्कार पूर्ण समाधि मरण का वर्णन है। उनके स्मारक रूप में भव्य लोगों ने उनको तथा पंच परमेश्वर की प्रतिमायें बनाकर प्रतिष्ठित की थीं। इसी तरह ले० नं० ५२४ (सन् १२७९) में उक्त बालचन्द्र पण्डितदेव के श्रुतगुरु अभयचन्द्र महासैद्धान्तिक के समाधिमरण का उल्लेख है। ये अभयचन्द्र अनेक शास्त्रों के प्रकाण्ड पण्डित थे। इसी तरह इस लेख के २० वर्ष वाद बालचन्द्र पण्डित देव के प्रधान शिष्य रामचन्द्र मलधारि देव के समाधिमरण

का अनोखा वर्णन है (५४८)। ले० नं० ५४६ में एक अद्भुत सूचना है। उसमें उल्लेख है कि वहाँ से ईशान दिशा की ओर १५ विलस्त के अन्तर पर शान्तिनाथ देव जिनकी ऊँचाई ६ विलस्त है, जमीन के अन्दर गड़े हैं, कोई भव्य पुरुष उनको बाहर निकालकर उनकी प्रतिष्ठा कर पुण्य लाभ ले। सन् १६३८ के महत्वपूर्ण एक लेख (७१०) में जैन और शैवों की एकता तथा परधर्म सहिष्णुता का वर्णन है।

मलेयूरः—चामराजनगर तालुके में जैन धर्म का एक मजबूत गढ़ मलेयूर था। यहाँ के कनकाचल पर्वत पर अनेक वसदियाँ थीं। सन् ११८१ में यहाँ की पार्श्वनाथ वसदि के लिए अच्युत वीरेन्द्र शिक्यप वैद्य की पत्नी चिक्कतायी ने पूजा प्रवन्ध के लिए, मुनियों के नित्यदान के लिए और हमेशा शास्त्रदान के लिए किन्नरीपुर ग्राम को दान में दिया था (४०१)। यहाँ के १४ वीं से लेकर १६ वीं शताब्दी तक के १० लेखों से विदित होता है कि यहाँ अनेक वसदियाँ थीं।

आवलि नाडः—सोराव तालुके के अनेकों जैन केन्द्रों में प्रसिद्ध केन्द्र आवलिनाड् (हिरिय आवलि) था। मध्य युग में इस स्थान के अनेकों सामन्तो ने, उनकी पत्नियों ने तथा नगरवासियों ने अपने उत्साहपूर्ण धर्मसेवन से इस स्थान को अमर बना दिया था। जैनधर्म की दृष्टि से उस स्थान का महत्त्व यद्यपि १२ वीं शताब्दी में भी था (२८६, ३२२) पर विशेषकर यहाँ १४ वीं शताब्दी के मध्य से लेकर पन्द्रहवीं शताब्दी के प्रथम दशकों के अनेक लेखों से, जो कि इस संग्रह में दिये गये हैं, विदित होता है कि यहाँ जैन धर्म की धारा अच्छी तरह प्रवाहित थी। इन लेखों में अधिक संख्या समाधिमरण के स्मारक लेखों की है। इन लेखों से ज्ञात होता है कि यहाँ के सामन्त आवलि प्रभु या आवलि महाप्रभु कहलाते थे और अपने जीवन के अन्तिम क्षणों को सुधारने में कितने जागरूक रहते थे।

तवनिधि:—सोराब्र तालुके का यह स्थान भी एक जैन तीर्थ था। यहाँ से अनेकों जैन लेख मिले हैं पर यहाँ केवल ६ ही लेख संग्रहीत हैं जो कि सब समाधिमरण के स्मारक हैं जिनसे ज्ञात होता है कि ऐसे स्थानों में समाधिविधि सम्पन्न कराने वाले आचार्य होते थे जहाँ कि श्रावक जन अपने जीवन के अन्तिम क्षणों में आकर संन्यासविधि से जीवन त्याग करते थे।

मुल्लुरु:—यह स्थान कुर्ग तालुके में है। यहाँ के ११ वीं से १४ वीं शताब्दी तक के ८ लेख संग्रहीत हैं जिनसे विदित होता है कि यहाँ शान्तीश्वर बसदि, पार्श्वनाथ बसदि एवं चन्द्रनाथ बसदि नाम के तीन जिनालय थे। ले० नं० १७७, १८८, १६१, २०२, २०६ से विदित होता है कि यह स्थान कोङ्गाल्व नरेशों की श्रद्धा एवं विनय का क्षेत्र था। यहां राजेन्द्र चोल कोंगाल्व के समय मे एक प्रसिद्ध आचार्य गुणसेन पण्डित थे, जिनके भक्त, उक्त परिवार के सभी लोग थे। उक्त सभी लेख दान या समाधि के स्मारक हैं। ले० नं० ५६० (सन् १३६१) से सिद्ध होता है कि यहाँ चौदहवीं शताब्दी के अन्तिम दशकों तक कोङ्गाल्व राज्य का अस्तित्व था, और वे लोग जैन धर्म के बराबर भक्त थे। इस लेख में चन्द्रनाथ बसदि की पुनः स्थापना का उल्लेख है।

मुगल्लूर (मुगुलि):—हसन तालुके का यह स्थान होय्सल राज्य में एक समय जैन धर्म का केन्द्र था। प्रस्तुत संग्रह में यहां के चार लेख संग्रहीत हैं जिन से ज्ञात होता हैं कि यहाँ १२ वी शताब्दी में द्रविड़ सघान्तर्गत नन्दिसंघ अरुङ्गलान्वय की गद्दी थी। उस गद्दी के अधिकारी श्रीपाल त्रैविद्य के शिष्य वासुपूज्य देव थे। ले० नं० ३२७ से मालुम होता होता है कि यहाँ होय्सल विष्णुवर्धन के राज्य में एल्कोटि जिनालय नामक एक प्रसिद्ध मन्दिर था। यहीं महाप्रभु पेर्म्मानडि के पुत्र गोविन्द ने बड़ी बसदि बनवायी थी। उस मन्दिर के भट्टारक वासुपूज्य देव को उक्त जिनालय के लिए नारसिंह होय्सल देव ने कुछ भूमि का दान दिया था।

कारकल:—तुलु देश में यह महत्त्वपूर्ण जैन केन्द्र है। इस स्थान का इति-

हास हुम्मच के शान्तर वंश . के साथ जुड़ा हुआ है। जिनदत्तराय ने ६ वीं शताब्दी में शान्तर राज्य की नींव हुम्मच की राजधानी बनाकर डाली थी और उसी शताब्दी में वह उसे कलस नामक स्थान में ले गया था। ले० नं० ५२२ से विदित होता है कि सन् १२७७ में उक्त राजाओं की राजधानी कलस ही थी। कुछ लेखों से ज्ञात होता है कि चौदहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में शान्तर नरेश अपनी राजधानी कलस से कारकल ले आये थे। इसी शताब्दी में यहाँ के राजाओं पर लिंगायत मत का प्रभाव भी पड़ने लगा था। परन्तु १५ वीं १६ वीं शताब्दी के लेखो से मालुम होता है कि वे जैन धर्म के भी प्रतिपालक थे। सन् १४३२ के एक लेख ( ६२४ ) से मालुम होता है कि शक सं० १३५३ के फाल्गुन शुक्ल १२ बुधवार को भैरवेन्द्र के पुत्र वीर पाण्डेयशी या पाण्ड्यराय ने यहाँ बाहुबल की प्रतिमा बनाकर प्रतिष्ठित करायी थी। यह कार्य उन्होंने देशीगण की पनसोगे शाखा मे ललितकीर्ति मुनीन्द्र के उपदेश से किया था। ले० नं० ६२७ मे वीर पाण्ड्य की मनो कामना पूर्ण करने के लिए ब्रह्मदेव ( जिसकी मूर्ति वहीं थी ) से याचना की गई है। ले० नं० ६६४ से मालुम होता है कि सन् १५३० मे कारकल की गद्दी पर वीर भैररस वोरेयड थे। उसकी बहिन कालल देवी ने कल्लबस्ति के पार्श्वनाथ के लिए अनेक प्रकार के दान दिये थे। ले० नं० ६८० से ज्ञात होता है कि सन् १५८६ में ललित कीर्ति मुनीन्द्र के उपदेश से भैरव द्वितीय ने चतुर्मुख वसदि बनवायी, जिसके दूसरे नाम त्रिभुवनतिलक जिनालय या सर्वतोभद्र भी थे। इस लेख मे भैरव द्वितीय द्वारा अन्य अनेकों मूर्तियों की स्थापना का उल्लेख है।

वेणूर:—कारकल तालुके में इस छोटे से गाँव मे गोम्मटस्वामी की एक विशाल मूर्ति मिली है जिसकी स्थापना सन् १६०४ में तिम्मराज ने की थी, जो कि प्रसिद्ध चामुण्डराय के वंशज थे। इस मूर्ति की स्थापना श्रवणबेलगोल के भट्टारक चारुकीर्ति पण्डितदेव की सलाह से की गई थी ( ६८६, ६६० )।

गेरसोप्पेः—१५-१६ वीं शताब्दी के जैन केन्द्रों में गेरसोप्पे का नाम प्रमुख था। अब तक यहाँ की स्थिति को प्रकट करने वाले अनेकों लेख प्रकाशित हो चुके हैं। प्रस्तुत संग्रह के कतिपय लेखों से उसकी महत्ता पहचानी जा सकती है। गेरसोप्पे के राजवंश का वैवाहिक सम्बन्ध संगीतपुर और कारकल के राजाओं से था। गेरसोप्पे का नाम बढ़ाने का श्रेय वहाँ के राजाओं और जैन नागरिकों को विशेष था। ले० नं० ६७४ में इस नगर का सुन्दर वर्णन है जिससे मालुम होता है कि यहाँ अनेक भव्य जिनालय थे, योगियों के निवास तथा विद्वानों की मण्डली थी। इस लेख से विदित होता है कि सन् १५६० में यहाँ अनन्तनाथ और नेमीश्वर नामक दो विशाल चैत्यालय थे। उक्त लेख में यहाँ के वणिक् वर्ग के धार्मिक कार्यों का उल्लेख है। यहाँ के उदारचेता कतिपय सेट्टियों के दान कार्य का उल्लेख हमें श्रवणबेल्गोल से प्राप्त कुछ लेखों में भी मिलता है। ले० नं० ६६६[1] से विदित होता है कि सन् १४१२ में गेरसोप्पे के गुम्मटण्ण सेट्टि ने यहाँ आकर पाँच बसदियों का जीर्णोद्धार कराया था। इसी तरह ले० नं० ६७१[2] से ज्ञात होता है कि सन् १४१६ के लगभग गेरसोप्पे की श्रीमती अब्बे और समस्त गोष्ठी ने चार गद्याण का दान दिया था। ले० नं० ६७०[3] ( सन् १५३६ ) में चार बातों का उल्लेख है जिनमें गेरसोप्पे के सेट्टियों से लेन देन सम्बन्धी कुछ आपसी समझौतों के उपलक्ष्य में आहार के लिए दान देने की प्रतिज्ञाएँ करायी गई हैं।

मैसूर राज्य से पन्द्रहवीं शताब्दी के अनेक जैन लेखों से ज्ञात होता है कि यहाँ और भी अनेक जैन केन्द्र थे जैसे सरगूरु (६१८) मोरसुनाड् (६२१), निडगल्लु पर्वत (४७८, ६३७) यिडुवणि (६४६) बोगेयकेरे ( ६५५ ) आदि।

---

१. प्रथम भाग, १३१

२. प्रथम भाग, १३५

३. „ ९९-१०२

कर्नाटक प्रान्त के अन्य कई जैन केन्द्रों का नाम इन शिला लेखों से विदित होता है जैसे नन्दिपर्वत (११४), तडताल (२३२), चामराज नगर (२६४), कैदाल (३३३), एलम्बल्लि (३४६), नित्तूर (४३६–४४१, ४६६), हिरियमहालिगे (४३८) कुन्तलापुर (४४६), सोरव (४५७), जोगमत्तिगे (५२१), कलस (५२२), होन्नेयनहल्लि (५५१), हरवे (६५२) आदि।

( ई ) तामिलदेश के अनेक जैन केन्द्रों में से केवल तीन स्थानों के लेख प्रस्तुत संग्रह में संगृहीत हो सके हैं।

वल्लीमल्लैः—यह स्थान उत्तरी अर्काट जिले के वन्दिवास तालुका में है। यह ९–१० वीं शताब्दी मे जैन धर्म का केन्द्र था। यहा गंगराजा शिवमार के प्रपौत्र, श्रीपुरुष के पौत्र तथा रणविक्रम के पुत्र राचमल्ल सत्यवाक्य ने इस स्थान को अपने अधिकार मे करके एक मन्दिर बनवाया था ( १३३ )। यहां किसी वाणवंशी राजा के गुरु देवसेन की प्रतिमा स्थापित की गई थी। ये देवसेन भट्टारक भवणन्दि के शिष्य थे ( १३६ )। इस प्रतिमा की स्थापना एक जैन मुनि श्री अज्जनन्दि भट्टार ने की थी ( १३५ )। यहां से प्राप्त एक दूसरी प्रतिमा के लेख से मालुम होता है कि ये अज्जनन्दि भट्टारक वालचन्द्र के शिष्य थे और इन्होंने गोवर्धन भट्टारक की प्रतिमा की स्थापना की थी ( १३४ )।

पञ्चपाण्डवमलैः—इस स्थान से प्राप्त दो लेखों में से एक (११५) से ज्ञात होता है कि पल्लव राज नन्दि पोत्तरसर ( नन्दि ) के ५० वें राज्य सवत्सर में पोन्नियक्कियार नामक यत्नी और नागनन्दि गुरु की एक पाषाण पर मूर्ति खुदवायी गई थी। ले० नं० १६७ से विदित होता है कि अपनी रानी की प्रार्थना पर वीर चोल ने तिरुप्पानमलै देवता के लिए एक गांव की आमदनी बाँध दी पर लेख पलिच्चन्दम् शब्द से मालुम होता है कि यहाँ एक प्रसिद्ध जैन वसदि थी। ये दोनों लेख ९ वीं, १० वीं शताब्दी के हैं।

तिरुमलै—उत्तरी अर्काट जिले में यह स्थान ११ वीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही जैन केन्द्र रहा है। इस नाम का अर्थ पवित्र पर्वत होता है। यहाँ सन्

१००५ ई० में चोलराजा राज प्रथम के २१ वें वर्ष में एक जैन मुनि गुणवीर ने अपने काव्यादि कला में विशारद गुरु गणिशेखर के नाम पर एक नहर या मोरी बनवायी थी ( १७१ )। दूसरे लेख नं० १७४ से ज्ञात होता है कि राजेन्द्र चोल प्रथम के १२ वें राज संवत्सर में मल्लियूर के एक व्यापारी की पत्नी ने तिरुमलै में एक जैन मन्दिर की पूजा और दीपक के लिए दान दिया था इस मन्दिर को राजराज चोल की पुत्री कुन्दवै ने बनवाया था इसलिए इसका नाम कुन्दवै जिनालय था। ले० नं० ४३४ से विदित होता है कि इस पर्वत को अर्हसुगिरि ( अर्हत् का पर्वत ) कहते थे जिसका तामिल नाम एणगुणविरै तिरुमलै ( अर्हत् का पवित्र पर्वत ) कहा गया है। यहाँ चेर वंशके राजा अतिगैमान् ने केरल नरेश द्वारा संस्थापित यक्ष यक्षिणी की प्रतिमाओं का जीर्णोद्धार कराकर प्रतिष्ठापित किया था और एक घण्टा दान मे दे यहाँ मोरी बनवायी थी। ले० नं० ५५७ में उल्लेख है कि राजनारायण शम्बुवराज के १२ वे वर्ष में पोन्नूर निवासी मण्णै पौन्नाण्डे की पुत्री नल्लाताल ने एक जैन प्रतिमा की प्रतिष्ठापना की थी। इसी तरह ८३१ वें लेख में उल्लेख है कि परवादिमल्ल के शिष्य अरिष्टनेमि आचार्य ने एक यक्षी की प्रतिमा बनवाकर स्थापित की थी।

( उ ) आन्ध्र देश में जैन धर्म का आगमन[1] संभवत: कलिंग देश से हुआ था वह भी ईशा की दो शताब्दी पूर्व जैन सम्राट् खारवेल के समय में। पर शिलालेखों से जैनधर्म के केन्द्रों के प्रमाण ७ वीं शताब्दी से ही मिलते हैं। इस शताब्दी में यहां जैन धर्म को प्रश्रय कतिपय पूर्वी चौलुक्य नरेशों ने दिया था। प्रस्तुत संग्रह में केवल दो केन्द्रों के लेख ही आ सके हैं।

ले० नं० १४३ से ज्ञात होता है कि नेल्लोर जिले के ओंगले तालुका में मल्लिय पूण्डि ग्राम में कटकाभरण नाम का एक प्रसिद्ध जैन मन्दिर था इसे कृष्णराज के पोत्र दुर्गराज ने बनवाया था। यह स्थान यापनीय संघ नन्दि गच्छ

---

१. संभव है वह राजा राज राज चोल तृतीय का समकालीन था।

का प्रमुख केन्द्र था मन्दिर के अधिष्ठाता धीरदेव मुनि थे जो कि जिननन्दि के शिष्य थे। उक्त जिनालय के लिए मल्लियपूण्डि ग्राम दान में दिया गया।

इसी तरह अत्तिलिनाड् मे कलुचुम्बरु नामक स्थान में एक सर्वलोकाश्रय जिनालय था। ले० नं० १४४ से ज्ञात होता है कि सन् ९४५ से ९७० के लगभग पूर्वी चालुक्य अम्म द्वितीय (विजयादित्य षष्ठ) ने उक्त जैन मन्दिर की भोजन शाला की मरम्मत के लिए दान दिया था। यह दान पट्टवर्धिक वंश की श्राविका चामेकाम्बा की ओर से उसके गुरु अर्हनन्दि को दिलाया गया था। थे मुनि वलिहारिगण अड्डकलि गच्छ के थे।

गुलाबचन्द्र चौधरी

———

## सहायक ग्रन्थ निर्देश


| | |
|---|---|
| १. पं० नाथू राम प्रेमी, | जैन साहित्य और इतिहास, प्रथम, द्वितीय संस्करण, बम्बई. |
| २. डा० हीरालाल जैन, | जैन शिलालेख संग्रह, प्रथम भाग, बम्बई १६२८ |
| ३. डा० अनन्त सदाशिव अल्तेकर, | राष्ट्रकूटाज् एण्ड देयर टाइम, पूना, १६३४. |
| ४. डा० भास्कर आनन्द सालेतोरे, | मेडीवल जैनिज्म, बम्बई, १६३४. |
| ५. डा० दिनेशचन्द्र सरकार, | सक्सेसर आफ सातवाहनाज्, कलकत्ता, १६३६. |
| ६. डा० वे० मा० वरुआ, | ओल्ड ब्राह्मी इन्स्क्रिप्सन्स्, कलकत्ता, १६२६. |
| ७. डा० मजूमदार और पुसलकर, | एज आफ इम्पीरियल यूनिटी, बम्बई १६५१. |
| ८. ,, ,, | क्लासिकल एज, बम्बई, १६५४ |
| ६. डा० गुलाबचन्द्र चौधरी, | पोलिटिकल हिस्ट्री आफ् नार्दर्न इण्डिया फ्राम जैन सोर्सेज (७-१२ वीं शताब्दी), बनारस (अप्रकाशित) |
| १०. राबर्ट सेवेल और कृष्णस्वामी आयंगर, | हिस्टोरिकल इन्स्क्रिप्सन्स आफ सदर्न इण्डिया मद्रास, १६३२. |
| ११. एम० आर० शर्मा, | जैनिज्म एण्ड कर्नाटक कल्चर, धारवाड, १०४० |
| १२. प्रो० नीलकण्ठ शास्त्री, | हिस्ट्री आफ साउथ इण्डिया, आक्सफोर्ड १६५४ |
| १३. विलियम कोल्हो, | होय्सल वंश, बम्बई, १६५० |
| १४. दिनकर देसाई, | मण्डलेश्वराज् अण्डर दि चालुक्याज् आफ कल्याणी, बम्बई, १६५१ |
| १५. वेंकट रमनय्य, | ईस्टर्न चालुक्याज आफ वेंगी, |
| १६. मुनि दर्शन विजय जी, | पट्टावली समुच्चय, प्रथम भाग, वीरमगाम, १६३३ |
| १७. त्रिपुटी महाराज, | जैन परम्परानो इतिहास, अहमदाबाद, १६५२ |
| १८. | प्रेमी अभिनन्दन ग्रन्थ, टीकमगढ़ १६४६ |
| १६. | जैन सिद्धान्त भास्कर, आरा, भाग १—२१ |
| २०. | अनेकान्त, देहली, १—१० |
| २१. | इण्डियन एण्टीक्वेरी |

## प्रस्तावना का शुद्धिपत्र

[ इसमें केवल उन्हीं अशुद्धियों का निर्देश किया गया है जो कुछ महत्त्व की है। इसके सिवाय जो अशुद्धियां बिन्दियों, मात्राओं और अक्षरों के टूट जाने से तथा यत्र तत्र विरामादि चिन्हों के आ जाने से हुई हैं उन्हें पाठक स्वयं सुधार लेने की कृपा करें। ]

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|---|
| ७ | ६ | उक्त तथा अन्य | उक्त तथा अन्य सामग्री |
| १४ | २३ | स्थावरावली | स्थविरावली |
| १५ | २६ | कावच्छलिय | का वच्छलिय |
| २१ | २३ | की मभावना कि | की सभावना है कि |
| २३ | १२ | कूर्चक तथा सम्प्रदायों | कूर्चक सम्प्रदायों |
| २६ | ११ | इन संघ | इस संघ |
| २८ | १ | वही नाग | वही नाम |
| ३० | १६-२० | रूप ( बलात्कार ) | रूप बलात्कार |
| ४५ | २५ | एन्टीम्वेरी | एण्टीक्वेरी |
| ४७ | २६ | भाग, पृष्ठ | भाग १, पृष्ठ |
| ६३ | ६ | लेख नहीं हैं | लेख नहीं मिलते |
| ७० | ६ | प्रनिविधि | प्रतिनिधि |
| ७० | १८ | यह नया पाठ | एक नया पाठ |
| ७४ | १६ | ३५७-५५८ | ३५७-३५८ |
| ८१ | १६ | संरक्षक | संरक्षक थे |
| ६१ | २१ | उल्लेख था | उल्लेख है |
| ६६ | २३ | बड़ा उम्र | बड़ा उग्र |
| १०३ | २३ | उच्छृङ्खल | उच्छृंखल |
| १०४ | ६ | स्वीकार किया था। | स्वीकार किये था। |

| पृष्ठ | पंक्ति | अशुद्धि | शुद्धि |
|---|---|---|---|
| १०७ | ६ | सोमेश | सोमेश्वर |
| ११५ | १७ | येलु सावीर | येलु सोवीर |
| १२६ | ६ | विष्णुवर्धन के | ( नया पैराग्राफ ) |
| १३४ | ५ | उन लेखों | उल्लेखों |
| १३६ | ११ | अच्छे विद्वान् | अच्छे विद्वान् भी |
| १३६ | २१ | नं० | नं० २१६ |
| १३७ | ११ | लिए दोनों के संरक्षक भी | दिये दानों के संरक्षक भी |
| १३८ | १ | तेलीदास | तेली दास |
| १३८ | १८ | ६७. | ७. |
| १५५ | ५ | यहाँ के | यहाँ इसके |
| १५५ | १८ | उत्कल | उकल |
| १५८ | ११ | पीढ़ी तथा | पीढ़ी तक |
| १६५ | २३ | आचार्यों | आचार्य |
| १६६ | २२ | उनको | उनकी |
| १६६ | १५ | वोरेयड | वोडेयर |
| १७२ | १ | राज प्रथम | राजराज प्रथम |
| १७२ | १२ | शम्बुवराज | शम्बुवराजे |
| १७३ | ६ | थे मुनि | ये मुनि |

# जैन-शिलालेख-संग्रह

## तृतीय भाग

३०३

श्रवणवेल्गोला—संस्कृत ।

[ कालनिर्देश रहित ]

[ जै० शि० सं०, प्र. भा. ]

३०४

श्रवणवेल्गोला—संस्कृत तथा कन्नड ।

[ कालनिर्देश रहित ]

[ जै० शि० सं०, प्र० भा० ]

३०५

वेलूर—कन्नड ।

[ शक १०५६ = ११३७ ई० ]

[ प्राङ्गणमें, सौम्यनायकी मन्दिरकी छतके पत्थरपर ]

( ऊपरका भाग नष्ट )

.. .. ..... .. ... .....प्रभाव ॥

संगरदोलान्त ''अरसियरं त्रिलुट्ट जगुले तगुलदवन राज्यमाने''।

वेङ्गिरिगला-धरणी-भागदोल् साये नरसिंगन वधू-निकरमं पडेदु''द् ।

अङ्गरत्ननिधि विडे सिङ्गलिकनं तुलिद् गङ्गेवरमत्त मगुलदुत्तर-धरित्री ।

रंगद नृपालरनसुङ्गोलेनेरेगङ्ग-नृप-नन्दननवार्यतर-सौर्य्यम् ॥
अन्तुत्तर-दिग्विजयमुत्तरोत्तरमागि सले ।
अतिदीर्घ-घ्राण-हस्तं निशित-दशन-दंष्ट्राङ्कुरं पत्न-रत्ना-।
यत-पत्नं तार्त्र्यनन्तोवगिसि तुळिये तन्नाने पाण्ड्यावनीभृत्-।
पृतना-विध्वंसनोपार्जित-जय-वधुवं विष्णु तुच्छाजि-लज्जा-।
स्मितनान्तं चोल-गौडासुर-समर-जय-श्री-समालिङ्गिताङ्गम् ॥
अन्तु पाण्डयनं बेङ्कोण्डु नोलम्बवाडियं कैकोण्डु ।
सेण्डिन तेरदिं निज-दोर्-दण्डदिनुच्चोटिसि पोलेयलुच्चाङ्गियना-।
खण्डल-विभवं क्षणदिं । कोण्डं श्री-कञ्चिगोण्ड-विक्रम-गङ्गं ॥
तदनन्तरं तेलुङ्ग-देशक्केति ।
गज-घटे वेरसिन्द्र··· । भुजित-यशो-धनमुमुर्ळ्ळ कुल-धनमुमना- ।
विजिगीषु कवदु कोण्ड । विजय-स्तम्भंगळं सेयलेण्-देसेळोलळम् ॥
तदनन्तरं राष्ट्र-कण्टकनाप मसणन निर्म्मूल-प्रळयक्के सलिसि
वनवसेपन्निर-च्छासिरमुमं कडितक्के वरिसे ।
तिरिकिल्लादुवु विष्णु-भूभुज-भुज-श्रीगावगापे म्पिनोल् ।
नेरेदा-सह्य-नगेन्द्र-नील ·· ··· गळ् ।
पेरतेना-भुज-लक्ष्मिगी-नेगल्द-पानुङ्गल् मुहूर्त्तार्द्धदिं ।
किरिदानुम्मिडिवट्टेनल् मिळिर्दु केसारीपुदांवद्भुतम् ॥

··· ··विजनपर··· ·····नाथ किसुकल्ल कोळवनाळोकन मान्रदोळ् कोण्डु जयकेसियं वेकोण्डु पलसिगे-पन्निर्-च्छासिर् गुमं······ ··नूरुम-निक्कु····डु ।

मगु-मगुळ्दु पोक्क दुर्गम-। नागळदगल्दा-वार्द्धि-वेरगमङ्गं तिरगदं ।
तगु-तगुल्दु कोण्डनोवदे । जग-त्रिरुदरनरसि विष्णुवर्द्धन-देवम् ॥
पेसर्गोण्डावाव-देशङ्गलनेणिसुवडावाव-दुर्गङ्गळं ब्रण्-।
णिसि पेळुत्तिप्पुडावावनिपतिगळं लेक्किसुत्तिप्पु देम्बोन्द् ।

ऐसेकं कैगण्मे नाल्कुं-कडल तडि-वरं दिग्जय-कीडेयोळ् साधिसिदं भू-लोकमं क्षत्रिय-कुल-तिलकं वीर-**विष्णु**-क्षितीशम् ॥

आ-महा-क्षत्रियं समधिगतपञ्चमहाशब्द महामण्डलेश्वरं **द्वारावतीपुरवरा**-धीश्वरं यादवकुलाम्बरद्युमणि मण्डलीकचूडामणि श्रीमदच्युतपदाराधनलब्धजिष्णु-प्रभावं दिक्पालकपराक्रमाक्रमणपटुपराक्रमैकस्वभाव शत्रुक्षत्रियकलत्रगर्भस्रावसम्पादक-गम्भीरविजयशङ्खनादं **वासन्तिकादेवि**लब्धवरप्रसादं समरमुखगृहीताहितमहीकान्त-कामनीजनमुखनिरीक्षणकृतसूर्यनिरीक्षण तपःजननसत्यनित्याशीर्व्वादसामर्थ्यसम्पादित-कल्याणारोग्याभिवृद्धियुक्तं दुर्द्धरसमरकेलिनंनक्त दोर्ब्बलावलेप दुश्शीलाश्वपति-गज-पति-प्रमुख-राज-लोक-निर्दयनिर्द्दलनोपार्जिताश्व-वस्त्रादि-नानाविध-रत्न-निकरकलित-राज्य-लक्ष्मी-विलासं समस्तीनिवासम् । **चोल-कुल-प्रलय**-भैरव । **चेरम**-स्तम्बेरम-राज-कण्ठीरवम । **पाण्डय**-कुल-पयोधि-वडवानलम् । **पल्लव**-यशो-वल्ली-पल्लव-दावानलम । **नरसिंहवर्म्म**-[illegible]-ममम् । निश्चल-प्रताप-दीप-पतित-**कलपा**-**लादि**-नृपाल-शलभम् । **वङ्गाङ्ग कलिङ्ग-सिंहल** नृपाल-कुरङ्ग-कुल-पलायन-कारण-कठोर-विजय-धनु-र्दण्ड-टङ्कारम् । मथल-रिपु-नृप-कुल-दलन-जनित-जयालङ्कारम् । निजाज्ञा-चण्ड-डिण्डिमाडम्बरालङ्कृत **काञ्चीपुर** स्वगृहचेष्टानियोगयोजितरिपुनृपान्त पुरम्भरनकोटीकृत **दक्षिणमधुरापुरम्** निजसेनानाथनिर्द्दलित-**जिननाथ**-**पुरम्** । जगद्-दारिद्र्य-विद्रावण-प्रवीण-कारुण्य-कटाक्ष-निरीक्षणम् । प्रत्यक्ष-पद्मे-क्षणम् । चतुस्समुद्र-मुद्रित-वसुमती-मनोहर-लक्ष्मी-वल्लभन । भय-लोभ-दुर्ल्लभ नामादि-समस्त-प्रशस्ति-सहितम् श्रीमतु कञ्चि-गोण्ड-विक्रम-गङ्ग-वीर-**विष्णुवर्द्धन**-देवरु **गङ्गवाडि**-तोम्भत्तरु-सासिरमु **नोणम्बवाडि**-मूवत्तिर्-च्छासिरमुम बनवसे-पन्निर्-च्छासिरमुमं दुष्ट-निग्रह-शिष्ट-प्रतिपालन-पूर्व्वक-मेक-च्छत्र-च्छायेयिं रक्षिसि सुखसंकथाविनोददिं राज्य गेय्युत्तमिरला-क्षत्र-कुल-कुलाचल-चक्रवर्त्तिय पादमूल-प्रभृतनु तन्मारण्यामृतरसप्रवाहपरिवर्द्धितनुमागि ।

पेमर वेत्तेत्तलुम्बेर्व्वरिदु वेलदु शाखानुशाखालि नीलुडेण् देसेग तल्तोप्पे सर्व्व-र्त्तक-सफल-फलैश्वर्य्यदिं लोकम रक्षिसुतिर्क्की-पूर्ण-चेतोरथ-युत-कमळा-कल्पवल्ली-विलासावसथं श्रीविष्णु-दण्डाधिप-द्विज-कुजातं विपश्चिद्विनुतम् ॥ सम-

सन्दत्तुण्ण-पुण्योदयमुदय-नगारुढ-भानु-प्रभा-विभ्रमदिन्दं निच्च-निच्चं पोसपिसे कमलानन्दमं विश्व-नेत्रोपमनेन्दु तेजदिन्दं बेलेगुगुमेलेयं विष्णु **विष्णु**-क्षितीश-क्रम-पङ्केजात-भृङ्गं चपल-रिपु-चमू-नाथ-मत्तेभ-सिङ्गम् ॥ अभिरामाकारदिन्दप्रतिम-भुज-बळाटोपदिन्दप्रमेय प्रभु-मन्त्रोत्ता ( त्सा ) ह-शक्ति-त्रितयदिनमर्दुत्साहदिं विष्णु-भू-वल्लभ-सताङ्कवाळम्बनवेने नेगल्दत्तुण्ण-पुण्याढयनेक प्रभुवा ' विष्णु-दण्डाधिपनखिल-बुध-प्राण-रक्षा-प्रवीणम् ॥ परिपूर्णेन्दु-प्रभा-विभ्रमदोलमर्दु गङ्गा-पगा-स्फार-रुग्-विस्तरम तल्कय्सि दुग्धार्णव-नव-रुचियं तालिद नीलदप्यु-दादम् । धरेयी-दिक्-चक्रदिं मन्दर-शिखरदिनत्तल् वियन्मण्डपाग्रं । वरेग श्री **विष्णु**-दण्डाधिप- विपुल-यश - कल्प-वल्ली- विलासं ॥ स्वस्ति समस्तभुवनभाग्योदयोत्पन्नं नयविनयवीरवितरणादिगुणसम्पन्न श्रीमदर्हत्परमेश्वरपदपयोजषट्चरण विपश्चिजनैक-शरणं **काश्यपगोत्र**शतपत्रवनमित्रं चमूप-चूडारत्न **चिण्णम**-प्रिय-पुत्र श्रीमत्ता-र्किकचक्रवर्ति- **वादीभसिंहा**-परनामधेय - **श्रीपाल-त्रै विद्य-देव**-पादाराधनालब्ध-सरस्वतीप्रभावसर्व्वस्वं चातुर्य्य चतुराननं समस्तशास्त्रविद्यापडानन सकलशुभलक्ष-णोपलक्षिताक्षय-सौभाग्य-भाग्याभिरामं रूपनिर्ज्जितकुसुमचापं विरोधि-वीर-भट-भय-ङ्करं । पर-दुराप दुर्द्धर-प्रताप पञ्चाङ्ग-मन्त्र-प्रपञ्चाञ्चित-साचिव्य स्वयम्बुद्ध चतु-रुपाधाविशुद्ध नाना-नयोपाय-प्रावीण्य प्रत्यक्ष-योगन्धरायण । **विष्णुवर्द्धन-देव**-प्राज्य-राज्य-भर- सन्धारण-परायण । स्वामि-भक्ति-युक्त-वैनतेय । स्वामि-हिताञ्जनेय श्रीमत्कञ्चि-गोण्ड-विक्रम-गंग-**विष्णुवर्द्धनदेव**- प्रसादासादित-द्विगुण-प्रतिपत्ति-प्रति-ष्ठित-महा-प्रचण्ड- दण्डनाथ-पदवी-पद-राजितललाट-पट्ट । निज-विजय-भुजा-दण्ड-निर्ल्लोठित-रथ-तुरग-करि-घटा-घटित-समर-सघट्ट । **मासार्द्ध-सिद्ध-दक्षिण-दिग्जय** दुर्द्धरावस्कन्द-केली-निर्म्मूलित--पारावार--तीर-वीर-राजसमाज- सर्व्वस्वापहरण-समायात-मातङ्ग-घटा-समर्पण-सम्पादित- स्वामि-सर्व्वाङ्गपुलक । दण्डनाथ-मण्डली- मण्डन-माणिक्य-तिलक निज-प्रताप-निर्द्दग्ध-**रायरायपुर**- शिखी-शिखा-कलाप- सन्तापित **चेर-चोल-पाण्डय-पल्लव**- नृपान्तरङ्ग । **कोङ्ग**-बल-मस्तक-मस्तिष्क- कुसुमोपहार राजिताजि-रङ्ग । **सह्याचल**-तिलकायमान-दक्षिण-दिग्जयोत्तम्भित-पति-जय-स्तंभ । सदा-समालिङ्गित-लक्ष्मी-कुच-कुम्भ । समस्तराज-कार्य्य-भर-सहिष्णुता-स्वभावसार

संग्रामधीर । यदु-कुल-क्षोणिन्द्र निट्टेलुव तुरिवं मनदि मुन्निरिव । **विष्णुवर्द्धन-देव** दक्षिण-भुजा-दण्डं मनदोलु मेच्चनिपर गण्ड । नामादि-समस्त-प्रशस्ति-सहितम् श्रीमन्महाप्रधान **निम्मडि-दण्डनायक-बिद्दियण्णं** सर्व्वाधिकारियुं समस्त-जनोपकारियुमागि सुखमिरे । विक्रदम्मगिवरार्व्वानिरे जगदोलगा- कोङ्गितोल् क्रमदिंतात्वरितं नीनेन्दु तन्न नृपति बेमसे पक्षार्द्धदोल् युद्धदोल् चेङ्-गिरियं बेरु एट्टु तावट्टणमनुगिहि तद्वानियं सरेगोण्डच्चरि काप गोण्डु तण्डं मद-गज-घटेय **विष्णु**-दण्डाधिनाथं ॥ मगवीत कोङ्गु गोळव गड गज-घटेयं तर्य्यनीतं गड पोन्-नगेयेन्दु गण्डरु नपिसे पर-नृपरं कादि बेङ्कोण्डु कोङ्गम् । जगमुत्कोन्द्धळल् मार्ग्गिन गज-घटेयं तन्न आहा-वळकैमिगे तण्डाळद्यति प्रीतिय-नोदविनिदं विष्णुदण्डाधिनाथं ॥ किर्व्वीशर्त्तन्न-नम्मिदेडेयोळ,गेदडङ्गिर्प्पिनं **चोल**-लाळादिगळार्गोण्डु दुर्गाश्रयदोलें मन्नवन् भय-गोण्डु गोलुगडे-गोलुत्तिर्प्पिन-मन्भोनिधि-निम्ड-मीहपालरं विष्णु-विक्रान्त-गुणं केगण्मे बेङ्कोण्डदटनवर सर्व्वस्वमं मरगोण्डन् ॥ अग्दिदु **रायरायपुरदा**-पुर-वह्नि-शिखा-कलापदा-। परिदुवे कंचि-यत्तलेनुतं नडे नोडुव **चोल-चेर-पाण्ड्यर** बोयोल् बिगिल्लेने चमूप-शिखा-मणि-वीर-विष्णु-दण्णर-दोर्प्रताप-शिखी नोल्दु पोटल्दुपडगुव्वुं पच्चिरल् ॥ अनुपम मचो. .ता-। ने नेगलतेयनान्त नक्षनेरड्डं-कुजमु । जननी-जनकर पोरदाल्-। दन पेम्पुं पेमदमं नेगलिदनात ॥ आतनन्वय-क्रममेन्तेदोडे । भगवदादि-ब्रह्म-निर्म्मित-नय युगावतारदोलु कश्यप-प्रजापतियिं पवित्रमाद **काश्यप**-गोत्रदोलु कृत-कृत्यरं सिद्ध-साध्यरुमप महात्मरनेकरिं चलिसवर पोगर्त्तेंगं नेगलतेग ताने नेलेयागि ।

> पदमल्तुङ्ग-गोत्राचल-शिखरदोलोप्पुत्तिरल् तन्न निल्ला-
> स्पुदयं भू-मण्डलोत्साहमनोदविसे सानन्द-स-स्मेर-लक्ष्मी-
> वदनाब्ज-श्रीगोलोप्पम्दडेये निज-विलासं जगद्भ्रमादत्त् ।
> **उदयादित्य**-प्रभावं प्रकटित-भुवनाभोग-तेजो-विलासम् ॥
> आतन कुल-वधु भुवन-ख्याते जगत्पूते भाग्य-सौभाग्य-गुणो-
> पेते मनोभव-विभव-स-मेतेयेनल् **शान्तियक्क**नोर्व्वले नोन्तल् ॥

आ-दम्पति-गल भाग्यदि । नादं सत्पुत्रनात्म-गोत्र-पवित्रम् ।
मेदिनिगे ताने सुर-तरु-। वादं श्री-**चिण्ण-राज-दण्डाधीशम्** ॥
परम ब्राह्मण्य-प्रभावं मनुज-परिवृढाकारमं तात्दि-तेम्बन् ।
तिरे धरोदात्त-सत्वोन्नति, योलमदु नाना-गुणानर्घ्य-रत्नो ॥
-त्करमं रत्नाकरं तानेने तलेदेरेयङ्गावनीनाथ-धात्री -।
भरमं तालिदर्द्दनेक-प्रभुवेने भुवनं **चिण्ण**-दण्डाधिनाथं ॥
आ-विभुविन मनोवल्लभे ।
कुलद पोगल्ते शीलद नेगल्ते मनोभव-राज्य-लक्ष्मिय ॥
निलिसिद गाडिलोकदोलगावगवी-मिगिलन्ददिन्दवग्-।
गलिसिद रूढि तन्नोलमदोप्पिरे **चिण्ण**-चमूप-कान्ते **चन्**-॥
**दले** नेरे तात्दिदल् धरेगगुण्डलेयप्प गुण-प्रभावमम् ।
फणि-पतिगं वचो-विषयमल्लवु भाविसे चण्डियक्कनोल-॥
गुणमवु निष्कलंक-निज-रूपदो-लोप्पिरेयु पोगलतेपोल् ।
तणिपदे धात्रि **लक्ष्मी रति भारति रेवति सत्य भामे रुग्**-
**मिणि** भुवन-प्रणूते धरणीस्तुते पेम्बुदु लोकमानेयम् ।
अवर्गे मगं महा-बल-पराक्रमनन्वय-भूषणं मनो ॥
भव-निभनन्य-सैन्य-विपिन-प्रलयानलनर्थि-कल्प-पार् ।
थिव-वनेने रूढि-**वेत्तुदयणं** नेगल्दं भुवन-प्रणूत-**था**- ॥
**द्व**-नृप-राज्य-वारिनिधि-वर्द्धन-पार्व्वण-शार्व्वरीकर [ म् ] ।

आ-पुण्य-भाजननिं बलियं पलवु स्त्री-रत्नंगलं पडेदु मत्तमोर्व्वं महाबल-पराक्रमनुं पुण्य-निधियुमप्प मगनं पडेयलु जिन-महा-महिमेगलं माडि बयसुतिर्प्प-पुण्यवतिगे ।

पुट्टिदनर्प्पु कूर्प्पु नेट्टने तन्नोडने पुट्टे रिपुगलगेभयं ।
पुट्टे निज-पतिगे चक्रं । पुट्टिदुदेने **चिण्णु** सु-भट चूड़ारत्नम् ॥
अन्तु पुट्टि ।

कुवलयमेय्दे तन्नुदयदिं परितोषमनेय्दे विश्व-वान्-।
धव-जन-लोल-लोचन-चकोर-चयं निज-देह-कान्तियि ।
तवदनुरागमं तलेये **काश्यप**-गोत्र-पवित्रनेलगे वा-।
ङिवडेल- दिद्गलन्तनुदिनं वलेदं पिरिदु[१]-विभूतियिम् ॥

अन्तु समस्त-गुणङ्गकुमोदवलेयि वलेवुदुमन्वयागत-प्रधानसन्ततियु तनगे धर्म्म-सन्ततियुमेम्ब बहुमानदिं श्रीनल्कखिगोण्ड विक्रम-गंग-**विष्णुवर्द्धन**-देवं पुत्र-समान-मागे कैकोण्डु नडपि महोत्सवदिनुपनपनोत्सवमं ताने माडे समाष्ट-संवत्सरान्तरदोल् समस्त-शस्त्र-शास्त्र-प्रवीणनागे सकल-शुभ-लक्षणोपेतेयुमभिजातेयुमप्प निज-प्रधान दण्डनाथ-पुत्रियं कन्या-रत्नमं तन्दा-**विष्णुवर्द्धनदेवं** ताने कनक-कलशवनेत्ति कै-नीरेरेदु कन्या-दान-फल-परितुष्टनागे विवाहकल्याणननचूण-मनोरथमं तलेदु दशै-कादश-वर्ष-प्रायदोले कुशाग्रीय-बुद्धि-समर्थनु नंतुरुपधा-विशुद्धनुमादुदं कोण्डु कोण्डाडि **विष्णुवर्द्धनदेवं** तन्न श्रीहस्तदिं द्विगुण-प्रतिपत्ति-पूर्व्वकं 'महा-प्रचण्ड दण्डनायक'-पट्टमं कट्टि समस्ताधिकारमुमं कुडे 'सर्व्वाधिकारियु' सकळ-जनोपकारियु-मागि ।

अनुसमनस दिग्विजयदि जयनोल् पडियागि बलिनिनि ।
तनगवर्गाजनन्नमलवृत्तिं तेजवलुक्केयिं जगन् ॥
जनमनुरागदिन्दनिन-तेजनेनल् क्रम-विक्रमाङ्गलिम् ।
नेनेयि [ नु ] व पुरातनमहात्मर**निम्मडि-दण्डनायकम्** ॥

आतनाल्ट-यौव्वननागि समस्त-नियोग-युक्त-सा...... दंमननुभविसुत्तु महा तीर्थ-स्थानङ्गलोळनून-धर्म्मम माडिसि श्रीमद्-यादव-राज्य-राजधानी-दोरसमुद्रदोल् ई-**विष्णुवर्द्धन-जिनालयवं** मा . ..महा-पुरुषन गुरु-कुलमेन्तेन्दडे श्रीवर्द्ध-मान-स्वामिगळ तीर्थदोलु केवलिगलु रिद्धि-प्राप्तर श्रुत-केवलिगलु पलरुं सिद्ध-साध्यरागे तन्..... ......र्थ्यमं सहस्र-गुणं माडि **समन्तभद्र-स्वामिगलु**

---

१ राजभक्ति, निस्पृहता, संयम (Contineous) और धैर्य ।

सन्दरवरिं बलिक तदीय-श्रीमद्-द्रमिल-सघाग्रेसररप्प **पात्रकेसरि-स्वामि**गलिं **वक्र-ग्रीवाभि**.. .. रिन्दनन्तरम् ।

यस्य दि .... .. ...न् कीर्त्तिस्त्रैलोक्यमप्यगात् ।

येव स भात्येको **वज्रनन्दी गणाग्रणी** ॥

अवरिं बलिक **सुमति-भट्टारक**रवरिं बलिक...**समय-दीपक**..... .. ...रं उन्मीलित-दोष-क..... ..रजनीचर-वलमुव्दोधित-भव्य कमलमाटतूर्ज्जित**मकलङ्क** प्रमाण-तपन स्फु......॥ अवरिं बलिक **चक्रवर्त्ति-भट्टारकरवरिं** बलिक **कर्म्म-प्रकृति** ..... ..वरिं बलिक पल्लवन गुरुगलु **विमलचन्द्राचार्य्य**रवरिं बलिक **परिवादिमल्ल**-देवरवरिं वलि **कनकसेन** श्री-**वादिराज-देव**रवरिं बलिक गंग कुल-कमल-मार्त्तण्डनप्प **बूतुग-पेर्म्मोडिय** गुरुगलु श्री-**विजय-भट्टारक**रवरिं बलिक् चक्रवर्त्ति-**जयसिंह**-देवन गुरुगलागि ।

गत-सर्व्वंशाभिमानं सुगतनपगतात-प्र.. दं **कणादं** ।

कृत-नीति-भ्रान्ति-नश्यन्-निज-नय-नयनालोकनं सन्द **लोका-**

**यत** निन्नी-मर्त्य-मात्रंगल नुदिगलोलवेम्बिनं मीरि लोकोन्-

नतमाप्तर्हन्मताम्भोनिधि...विभवं **वादिराजेन्द्र**-भाव ॥

अवरिं बलिक यादवान्वय-चूडामणियप्पेरेयङ्ग-देवङ्गे गुरुगलु जगद्गुरुगलु-मेनिसि ।

चरणानुस्मरणा . .. य-निकरक्लिष्टार्त्थ-संसिद्धिय ।

तर् वाचं ग्रहणं कुमार्ग-युत-वादि-व्रातमं तूले दुर्-।

द्धर-चारित्रद दुर्जयोर्जित-वच-श्रीयोलपु तम्मोल् मनो-

हरमागल् तलदर्स्समन्त**जितसेन-स्वामिगल्** कीर्त्तियं ॥ अवर सधर्म्मरु ।

कन्तुवनान्तु सेयू देगेवदोडिसि दुर्म्मद-कर्म्म-वैरि-वि-।

क्रान्तमनेटदे भञ्जिसि लसत्परमागम-वित्त्वदिन्दिदा- ।

नीन्तन-**तीर्त्थ-नाथरेने** रूढियनान्त **कुमारसेन-सै-**

**द्धान्तिक** रादसुज्जल...जिन-धर्म्म-यशो-विलासमम् ॥

अवरिं बलिक **श्रीमदजितसेन-स्वामि**गलग्र-पुत्ररुं जगत्पवित्ररुमागि ।

और गंगाकी ओर मुड़कर उत्तरदेशके राजाओंका सत्यानाश किया । उत्तर के आक्रमणमें सफलता प्राप्त कर उसके हाथीने **पाण्ड्य** राजाकी सेनाको कुचल दिया था, भयङ्कर महान् युद्धोंमें चोल और गौलोंको हराया । कञ्ची-गौण्ड-विक्रम-गंगने पाण्डयका पीछा करके नोलम्बवाडिको अधिकृत करके उच्चंगिपर दखल कर लिया। इसके बाद तेलुङ्ग ( तैलंग ) देशकी तरफ़ बढ़ा, और इन्द्र...को सारी सम्पत्ति सहित कैद कर लिया। इसके बाद भसणको, जो सारे राष्ट्रका कण्टक था, समूल नष्ट किया और बनवसे बारह हज़ारको अपने कडित ( हिसाबकी किताब ) में लिख लिया। क्षणार्धमें राजाविष्णुने ( एरे-गगके पुत्रने ) प्रसिद्ध पानुङ्गल् ले लिया, किसुकल्पर राज्य करने वाले...... नाथको अपनी नजरसे ही मार डाला। जयकेसीका पीछा करके पलसिगे १२००० का तथा......५०० पर अधिकार जमा लिया।

इस महाक्षत्रिय विष्णुवर्द्धन देवके अनेक पद ओर उपाधियोंमें से कुछेक ये हैं—चोलकुलप्रलय-भैरव, चेरलम्बेरमराजकण्ठीरव, पाण्डय कुलपयोधिवडवा-नल, पल्लवयशोवल्लीपल्लवदावानल, नरसिंहवर्म्म-सिंह-सरभ, निश्चलप्रतापद्वीप-पतित-कलपालादि-नृपाल-शलभ। कञ्चीपर अधिकार करनेवाला ( कञ्चि-गोण्ड ), विक्रम-गंग वीर-विष्णुवर्द्धनदेव जिस समय इस तरह गंगवाडि ९६०००, नोणम्ब-वाडि ३२००० तथा बनवसे १२००० पर सुख व शान्तिसे राज्य कर रहा था—

उसके पादमूलसे प्रभूत ( उत्पन्न ) तथा उसके कारुण्यरूपी अमृतप्रवाहसे परिवर्द्धित **विष्णु-दण्डाधिप** था। ( उसकी प्रशंसा ) विष्णु-दण्डाधिपका नाम **इम्मडि-दण्डनायक बिट्टियण्ण** था। इस दण्डनायकने आधे महीने ( १५ दिन ) में ही दक्षिण विजय कर ली थी। विष्णुवर्द्धन-देवका यह दाहिना हाथ था। बहुत-सी उपाधियों और पदोंसे युक्त यह महाप्रधान, इम्मडि-दण्डनायक बिट्टियण 'सर्व्वाधिकारी' और सर्वजनोपकारी होता हुआ शान्तिसे समय व्यतीत कर रहा था—

इसके बाद पद्यमें विष्णु-दण्डाधिनाथके उन्हीं पराक्रमोंका वर्णन आता है जिनका वर्णन पहिले गद्यमें हो चुका है।

विष्णु-दण्डाधिपकी भूत-कुल-परम्परा इस प्रकार थी—सबसे पूर्वमें (आदि ब्रह्माके युगमें) काश्यप प्रजापति थे, जिनसे बहुत-से महान् पुरुष उत्पन्न हुए; उनके बाद एक **उदयादित्य** हुए, जिनकी पत्नीका नाम शान्तियक्के था। उनका पुत्र **चिण्ण-राज-दण्डाधीश** था। उसकी पत्नी चन्दले थी, उनका पुत्र **उदयण** था। उदयणका छोटा भाई **विष्णु** हुआ, जो नये चन्द्रमाकी तरह आकार और यशमें बढ़ता ही गया।

इसके किशोरावस्था प्राप्त होने पर स्वयं काञ्चिगोण्ड विक्रमगंग विष्णुवर्द्धन देवने, उसको अपने पुत्रके समान मानकर, बड़े उत्सवसे स्वयं ही उसका उपनयन संस्कार किया। सात या आठ वर्षकी उमरके बाद जब वह समस्त शास्त्र-विज्ञानमें पारंगत हो गया तब उसको अपने प्रधान मन्त्रीकी पुत्री व्याह दी। और १० या ११ वर्षकी उम्रमें बुद्धिमें कुशाग्रकी तरह तीक्ष्ण होने और चार उपाधियों (राजभक्ति, निस्पृहता, संयम और धैर्य) में पूर्ण होने पर विष्णु-वर्द्धनदेवने दुगुने विश्वासके साथ उसे 'महा-प्रचण्ड-दण्डनाय' का पद दिया। और उसे सर्वाधिकार दे देनेसे वह सर्वाधिकारी तथा समस्त जनोंका उपकार करने की सामर्थ्य वाला हो गया।

पूर्ण यौवन प्राप्त होने पर समस्त सार्वजनिक कामोंके करनेसे अनुभवकी वृद्धि होनेपर महापवित्र स्थानोंमें दान देनेके बाद, उसने यादव राज्यकी राज-धानी दोरसमुद्रमें यह विष्णुवर्द्धन जिनालय बनवाया।

